भाद्रपद शुक्ल पक्ष सप्तमी 11:12 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 10 सितंबर 2024
वर्ष 3, अंक 21, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारत-यूएई में चार समझौते 16

स्त्री-2 ने तोड़ा गदर-2 का रिकॉर्ड 15

## एक नजर

### प्रधानमंत्री मोदी पर टिप्पणी: थरूर की याचिका पर विचार करेगा कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के एक फैसले के खिलाफ कांग्रेस सांसद शशि थरूर की याचिका को मंगलवार को सूचीबद्ध करने पर विचार किए जाने पर सहमति व्यक्त की है। दिल्ली हाईकोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाना बनाकर की गई 'शिवलिंग पर बिच्छू" संबंधी थरूर की टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ मानहानि की कार्यवाही रद करने से इनकार कर दिया था। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली शीर्ष अदालत की पीठ ने सोमवार को शाम 6 बजे तक सुनवाई की, जबकि सामान्यत: शाम 4 बजे तक ही सुनवाई की जाती है।

### दिल्ली में पटाखों के उत्पादन-बिक्री पर प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने आगामी सर्दी के मौसम में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में पटाखों के उत्पादन, बिक्री तथा उपयोग पर सोमवार को प्रतिबंध लगा दिया। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने एक बयान में कहा कि वायु प्रदूषण में मौसमी वृद्धि को कम करने के लिए प्रतिबंध आवश्यक है। प्रदूषण पटाखों के कारण और भी बदतर हो जाता है। उन्होंने कहा कि इस स्थिति को देखते हुए पिछले वर्ष की तरह हम सभी प्रकार के पटाखों के उत्पादन, भंडारण, बिक्री और उपयोग पर 1 जनवरी 2025 तक के लिए पूर्ण प्रतिबंध लगा रहे हैं, ताकि लोगों को प्रदूषण से बचाया जा सके।

### नौशेरा में घुसपैठ नाकाम दो आतंकी मार गिराए

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के नौशेरा के लाम सेक्टर में सेना ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास घुसपैठ की कोशिश को विफल कर दिया और दो आतंकवादियों को ढेर कर दिया। सेना ने कहा कि घुसपैठ की संभावित कोशिश के संबंध में खुफिया एजेंसियों और जम्मू-कश्मीर पुलिस से मिले इनपुट के आधार पर रविवार-सोमवार की मध्यरात्रि को सामान्य क्षेत्र लाम, नौशेरा में घुसपैठ विरोधी अभियान शुरू किया गया था। इस दौरान दो आतंकवादियों को मार गिराया गया और दो एके-47 और एक पिस्तौल सहित बड़ी मात्रा में युद्ध सामग्री बरामद की गई।

## दिल्ली में इंजीनियर के आवास से 2.39 करोड़ नकद बरामद

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● सीबीआई ने 91 हजार रिश्वत लेते किया था गिरफ्तार

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के पर्यावरण मामले के एक वरिष्ठ इंजीनियर के परिसर से 2.39 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की है। इंजीनियर को इसके पहले 91 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया था।

अधिकारियों ने बताया कि सीनियर इंजीनियर मोहम्मद आरिफ और रिश्वत देने वाले किशलय शरण सिंह की गिरफ्तारी की औपचारिकताएं चल रही हैं। सीबीआई ने आरिफ, किशलय, उसके पिता और बिचौलिए भगवत शरण सिंह और दो व्यापारियों राम इलेक्ट्रोप्लेटर्स के मालिक राज कुमार चुघ और एमवीएम के गोपाल नाथ कपूरिया के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एजेंसी ने आरोप लगाया है कि आरिफ भ्रष्ट आचरण में लिप्त रहा है और निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों से उनकी कंपनियों के लिए डीपीसीसी से पुनः मंजूरी दिलाने में सहयोग करने की एवज में रिश्वत ले रहा है।

# कालिंदी को पलटाने की साजिश में 28 को उठाया

**कार्यालय संवाददाता, शिवराजपुर/कानपुर**

### शिवराजपुर थानाक्षेत्र के मुडेरी क्रासिंग के पास ट्रैक पर रखा था भरा सिलेंडर

● एनआईए, आईबी और एटीएस की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की
● शहर और आस-पास के जिलों से 28 से अधिक लोगों को उठाया

> अभी हमारे सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने मौका मुआयना किया है। सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच की जा रही है। जो भी दोषी होंगे, उन्हें कतई नहीं बख्शा जाएगा। –**प्रशांत कुमार**, डीजीपी



जांच करते एटीएस के आईजी नीलाब्जा चौधरी व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** प्रयागराज से भिवानी जा रही कालिंदी एक्सप्रेस को ट्रैक पर सिलेंडर रखकर पलटाने की साजिश में रेलवे के जेई ने अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। सोमवार को एनआईए, आईबी, एटीएस की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शहर और आसपास के जिलों से अब तक 28 से अधिक लोगों को पूछताछ के लिए उठाया गया है। घटनास्थल के चारों तरफ 10-10 किमी क्षेत्र के सीसीटीवी पुलिस खंगाल रही है।

रविवार रात करीब 8 बजे कालिंदी एक्सप्रेस कानपुर से छूटी थी। रात 8.37 बजे ट्रेन फर्रुखाबाद रूट के बर्राजपुर-बिल्हौर स्टेशन के बीच स्थित मुडेरी गांव की क्रासिंग के पास पहुंची थी कि तभी ट्रैक पर रखे एलपीजी सिलेंडर से टकरा गई थी। तेज रफ्तार ट्रेन भरे सिलेंडर से टकराई तो तेज धमाका हुआ था। इसके बाद लोको पायलट ने ट्रेन रोककर गार्ड, गेटमैन और अफसरों को सूचना दी थी। इस मामले में रेलवे के जेई रमेश चंद्र ने एफआईआर दर्ज कराई है। उनके अनुसार वह घटनास्थल पर पहुंचे तो पाया कि ट्रैक के पास एक कांच की बोतल में पेट्रोल भरा था और बाती लगी थी। पोल 37/16-18 के पास एलपीजी सिलेंडर के घिसटने के निशान मिले और गैस सिलेंडर दाहिनी ओर झाड़ी में पड़ा मिला। इस संबंध में शिवराजपुर इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि जेई रमेश चंद्र की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

**इन धाराओं में दर्ज हुआ मामला:** बीएनएस की धारा 287 आग या दहनशील पदार्थ का इस्तेमाल करना, धारा 125 दूसरे के जीवन को खतरे में डालने का कार्य, धारा 4 9बी विस्फोटक अधिनियम, रेलवे एक्ट में 150 दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से ट्रेन को नष्ट करना, 151 संपत्ति को नुकसान पहुंचाना, 152 रेलवे से यात्रा करने वाले व्यक्तियों को चोट पहुंचाने में मामला दर्ज किया गया।

# 69 हजार शिक्षक भर्ती की नई चयन सूची तैयार करने पर रोक

## सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर लगाई रोक लगाई, सरकार से मांगा जवाब

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● अब 23 सितंबर को होगी इस मामले में अगली सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश पर सोमवार को रोक लगा दी, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार को राज्य में 69,000 सहायक शिक्षकों की नई चयन सूची तैयार करने को कहा गया था। शीर्ष अदालत ने जून 2020 और जनवरी 2022 में जारी शिक्षकों की चयन सूचियों को रद करने संबंधी हाईकोर्ट के आदेश पर भी रोक लगा दी, जिनमें 6,800 अभ्यर्थी शामिल थे।

इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाते हुए प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने रवि कुमार सक्सेना और 51 अन्य द्वारा दायर याचिका पर राज्य सरकार और उप्र बेसिक शिक्षा बोर्ड के सचिव सहित अन्य को नोटिस भी जारी किए। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह इस मामले में अंतिम सुनवाई करेगी। साथ ही, न्यायालय ने संबंधित पक्षों के वकीलों से कहा कि वे अधिकतम सात पृष्ठों के संक्षिप्त लिखित नोट दाखिल करें। पीठ ने कहा कि वह याचिका पर सुनवाई 23 सितंबर से शुरू होने वाले सप्ताह में तय करेगी।

यूपी सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी शीर्ष अदालत में पेश हुईं। हाईकोर्ट ने अगस्त में राज्य सरकार को प्रदेश में 69,000 सहायक शिक्षकों की नियुक्ति के लिए नयी चयन सूची तैयार करने का निर्देश दिया था। हाईकोर्ट की एक खंडपीठ ने महेंद्र पाल और अन्य द्वारा पिछले साल 13 मार्च को एकल न्यायाधीश के आदेश को चुनौती देने वाली 90 विशेष अपीलों का निस्तारण करते हुए यह आदेश जारी किया था।

### क्या था हाईकोर्ट का आदेश

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 1 जून 2020 और 5 जनवरी 2022 की चयन सूचियां को दरकिनार कर नियमों के तहत तीन माह में नई चयन सूची बनाने के निर्देश दिए थे। कोर्ट के इस फैसले से राज्य सरकार के लिए बड़ा झटका माना जा रहा था। वहीं पिछली सूची के आधार पर नौकरी कर रहे शिक्षकों की सेवा पर भी संकट खड़ा हो गया था। कोर्ट ने कहा था कि नई चयन सूची में 1981 के नियम के तहत आरक्षण अधिनियम 1994 के मुताबिक आरक्षण नीति का पालन किया जाए। अगर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी की मेरिट सामान्य श्रेणी के बराबर आए तो वह सामान्य श्रेणी में आ जाएगा। इन निर्देशों के तहत ऊपरी क्रम में आरक्षण दिया जाएगा।

### अखिलेश ने सरकार को घेरा

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि 69,000 शिक्षक भर्ती मामले में उप्र की सरकार दोहरा खेल न खेले। इस दोहरी सियासत से दोनों पक्ष के अभ्यर्थियों को ठगने और सामाजिक, आर्थिक व मानसिक रूप से ठेस पहुंचाने का काम भाजपा सरकार न करे। यूपी भाजपा सरकार की भ्रष्ट-प्रक्रिया का परिणाम अभ्यर्थी क्यों भुगतें। जो काम तीन दिन में हो सकता था, उसके लिए 3 महीने का इंतजार करना और ढिलाई बरतना बताता है कि भाजपा सरकार किस तरह से नई सूची को जान-बूझकर न्यायिक प्रक्रिया में उलझाना व सुप्रीम कोर्ट ले जाकर शिक्षक भर्ती को फिर से लंबे समय के लिए टालना चाह रही है।

## काम की कीमत पर प्रदर्शन नहीं किया जा सकता: कोर्ट

● सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल में प्रदर्शनकारी चिकित्सकों को तत्काल लौटने को कहा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता स्थित आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में प्रशिक्षु चिकित्सक से बलात्कार और उसकी हत्या के विरोध में प्रदर्शन कर रहे पश्चिम बंगाल के चिकित्सकों को काम पर तत्काल लौटने का निर्देश देते हुए कहा कि विरोध प्रदर्शन कर्तव्य की कीमत पर नहीं किया जा सकता।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने प्रदर्शनकारी चिकित्सकों को मंगलवार शाम 5 बजे तक काम पर लौटने का निर्देश दिया और उन्हें आश्वासन दिया कि अगर वे काम पर लौटते हैं, तो उनके खिलाफ कोई प्रतिकूल कार्रवाई नहीं की जाएगी।

**हड़ताल के कारण 23 लोगों की मौत:** पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से कोर्ट में पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि आरजी कर अस्पताल की घटना के खिलाफ चिकित्सकों की हड़ताल के कारण 23 लोगों की मौत हो चुकी है।

### जीएसटी परिषद की 54वीं बैठक

# कैंसर की दवाओं और नमकीन पर टैक्स घटा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● वित्त मंत्री सीतारमण बोलीं- ऑनलाइन गेमिंग से राजस्व 412 प्रतिशत बढ़ा

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की 54वीं बैठक के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कैंसर की दवाओं और नमकीन पर जीएसटी दर घटाने का ऐलान किया। वित्त मंत्री सीतारमण ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि सरकारी संबद्ध शैक्षणिक संस्थानों को जीएसटी से छूट देने का भी फैसला किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा कैंसर की दवाओं पर भी जीएसटी घटाया गया है।

सीतारमण ने कहा कि कैंसर की दवाओं पर जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने का उद्देश्य कैंसर के इलाज की कुल लागत को और कम करना है। परिषद ने चुनिंदा नमकीन पर कर को 18 प्रतिशत से घटाकर 12 प्रतिशत करने का फैसला किया है। वित्तमंत्री के मुताबिक, बीते छह महीने में ऑनलाइन गेमिंग रेवेन्यू 412 प्रतिशत बढ़कर 6,909 करोड़ रुपये हो गया है।

### जीवन-स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम घटाने पर फैसला टला

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जीएसटी परिषद ने जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर कर की दर कम करने के लिए मंत्री समूह गठित करने का निर्णय किया है। मंत्री समूह (जीओएम) की अगुवाई बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी करेंगे। सीतारमण ने कहा कि मंत्री समूह अक्टूबर के अंत तक अपनी रिपोर्ट देगा। बीमा प्रीमियम पर कराधान का मुद्दा संसद में उठ चुका है। विपक्षी सदस्यों ने मांग की थी कि स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम को जीएसटी से मुक्त रखा जाए। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भी इस मुद्दे पर सीतारमण को पत्र लिखा था।

## खेत की रखवाली कर रहे ग्रामीण को बाघ ने मार डाला

● ग्रामीणों ने शव सड़क पर रखकर लगाया जाम

**माधोटांडा (पीलीभीत), अमृत विचारः** मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने के दावों के बीच सोमवार सुबह फसल की रखवाली कर रहे एक ग्रामीण को बाघ ने मार डाला। गुस्साए ग्रामीणों ने शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। अफसरों के आश्वासन पर करीब दो घंटे बाद जाम खोला।

घटना पीलीभीत टाइगर रिजर्व की माला रेंज से सटे इलाके में हुई। कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव बांसखेड़ा निवासी केदारी (60) जंगल से सटे इलाके में धान की फसल की रखवाली कर रहे थे। करीब 10 बजे बाघ ने उन पर हमला कर दिया और जंगल में खींच ले गया। घटना की जानकारी लगते ही ग्रामीण और वन विभाग की टीम पहुंच गई। ग्रामीण जगंल में घुस गए। उन्हें केदारी का अधखाया शव मिला। वे शव को बाहर लाए और पीलीभीत-माधोटांडा मार्ग पर रखकर जाम लगा दिया। इस दौरान प्रशासनिक एवं वन अधिकारियों को ग्रामीणों के गुस्से का सामना करना पड़ा।

## सूरत: गणेश पंडाल पर पथराव के बाद हिंसा, 34 गिरफ्तार

**सूरत, एजेंसी**



● आरोपियों के अवैध निर्माणों पर चला बुलडोजर

गणेश उत्सव के दौरान कुछ नाबालिगों द्वारा एक पंडाल पर पर पथराव किए जाने के कारण वहां स्थापित गणेश मूर्ति खंडित हो गई, जिसके बाद क्षेत्र में हिंसा भड़क गई और कुछ पुलिसकर्मी सहित अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि रविवार देर रात सैयदपुरा में घटी इस घटना के सिलसिले में 28 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और छह नाबालिगों को हिरासत में लिया गया है।

सूरत के पुलिस आयुक्त अनुपम सिंह गहलोत ने कहा कि दो तरफ से पथराव हुआ, जिसमें पुलिसकर्मियों सहित कुछ लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि लोगों के एक समूह ने क्षेत्र में खड़े दो वाहनों को आग के हवाले कर दिया और दो अन्य में तोड़फोड़ की। इस बीच सूरत नगर निगम ने सोमवार सुबह सैयदपुरा पुलिस स्टेशन के पास आरोपियों के अवैध निर्माणों-अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया।

## नाले में नहाते समय चार बच्चे डूबे, दो की मौत

**हरपालपुर (हरदोई), अमृत विचारः** हरदेव राजा के देवस्थान पर बेलन पूजा के लिए महिलाओं के साथ गए चार बच्चे गंगा नदी के नाले में नहाते समय डूब गए थे। इनमें दो बच्चों की मौत हो गई है।

हरपालपुर कोतवाली क्षेत्र के अर्जुनपुर के मजरा ज्ञानपुर गांव में भाद्रपद मास के सोमवार को गांव से करीब 500 मीटर दूर हरदेव राजा के स्थान पर प्रतिवर्ष बेलन पूजा होती है, जिसमें गांव की सैकड़ों महिलाएं पूजा में शामिल होती हैं। इसी दौरान गांव के कई बच्चे भी गए थे। उसमें उमाकांत का बेटा कुशल (14) तथा अनुराग (9) एवं रामलखन का बेटा अंशू (11), लालता का बेटा विजय (10) गंगा नदी से निकली सेढा नाले में नहा रहे थे। अचानक गहरे पानी में चले जाने से कुशल तथा अंशू की मौत हो गई है, जबकि अनुराग तथा विजय को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। कुशल गांव में ही कक्षा 8 तथा अंशू कक्षा 6 का छात्र था। सूचना पर पहुंचे नायब तहसीलदार अनेक सिंह राजस्व लेखपाल श्यामवीर सिंह ने मृतक छात्रों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# किशोरी से चलती कार में गैंगरेप

**संवाददाता, गोंडा**

● आरोपी आरिफ और रिजवान को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अमृत विचारः** नगर कोतवाली क्षेत्र में दो युवकों ने एक दलित किशोरी से चलती कार में सामूहिक दुष्कर्म किया और उसे बाजार में छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। एएसपी पूर्वी ने बताया कि पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण कराया जा रहा है।

नगर कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता की मां ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह पति के साथ 7 सितंबर को मायके गई थी। घर पर उसकी 17 वर्षीय बेटी अकेली थी। बेटी को अकेला देख आरिफ व रिजवान नाम के दो युवक उसे मोबाइल दिलाने के बहाने कार में बिठा ले गए और उसके साथ चलती कार में बारी-बारी से दुष्कर्म किया। इसके बाद दोनों आरोपी उसे बाजार में छोड़कर फरार हो गए। दूसरे दिन जब महिला घर लौटी तो पीड़िता ने उन्हें घटना की जानकारी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दुष्कर्म समेत विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कर आरोपी मोहम्मद आरिफ निवासी पंतनगर फोरबिसगंज कोतवाली नगर व मोहम्मद रिजवान निवासी भगवतीगंज जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत ने बताया कि पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण कराया जा रहा है। आरोपियों के सैंपल भी लिए गए हैं। घटना में प्रयुक्त कार, जिसे मो. आरिफ चलाता था, उसे भी बरामद कर लिया गया है।

### पुलिस चौकी तक कार दौड़ाते रहे आरोपी

पीड़िता के मुताबिक दोनों आरोपी कार में उसे बैठाकर मुन्नन खां चौराहे से मनकापुर बस स्टॉप की तरफ ले गए और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद मनकापुर बस स्टॉप होते हुए महराजगंज पुलिस चौकी के पास पहुंचे और कार को चौकी के सामने रोककर उसे कार से नीचे उतार दिया और फरार हो गए।

## देश में मंकीपॉक्स के दो मामले सामने आए

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● स्वास्थ्य मंत्रालय ने की पुष्टि, पीड़ितों को आइसोलेट किया गया

देश में बहुचर्चित मंकीपॉक्स से पीड़ित दो रोगियों की पुष्टि हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सोमवार को यहां देश में मंकीपॉक्स के दो रोगियों की पुष्टि करते हुए बताया कि दो अलग-अलग व्यक्तियों में पश्चिम अफ्रीकी क्लेड-2 के विषाणु की मौजूदगी की पुष्टि है। फिलहाल उन्हें संक्रमण के लिए निर्धारित किए गए अस्पताल में आइसोलेट किया गया है।

मंकीपॉक्स के पहले संदिग्ध मामले की पुष्टि यात्रा के दौरान संबंधित संक्रमण के रूप में की गई है। प्रयोगशाला परीक्षण में रोगी में पश्चिम अफ्रीकी क्लेड-2 के मंकीपॉक्स विषाणु की मौजूदगी की पुष्टि की गई है। मंत्रालय ने कहा है कि सामने आए मामले जुलाई 2022 से भारत में रिपोर्ट किए गए पहले के 30 मामलों के समान हैं और वर्तमान सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल का हिस्सा नहीं हैं, जो मंकीपॉक्स के क्लेड-1 से संबंधित है।

### परंपरा

मेघालय में अपनी पुरुष ससुराल में रहकर संभालते हैं घर-गृहस्थी, महिलाएं कामकाज के लिए जाती हैं बाहर

# यहां शादी के बाद दुल्हन नहीं, दूल्हे की विदाई, दहेज का सवाल नहीं

**शैलेश अवस्थी, शिलांग**

● बच्चों के नाम पर मां का सरनेम, संपति पर अधिकार भी लड़कियों का, बराबरी का दर्जा

**अमत विचारः** महिलाओं का धमक, ठसक और जलवा देखना हो तो मेघालय आइए और सीखिए कैसे होता है नारी सशक्तिकरण। यहां दुल्हन नहीं, दूल्हा विदा होकर अपनी ससुराल जाता है और वहीं रहकर घर-गृहस्थी संभालता है।

मेघालय की खासी जनजाति में महिलाओं का वर्चस्व है। अब तो यहां की गारो और जयंतिया समुदाय ने भी यही रीति अपना ली है यानी महिलाओं को बराबरी का दर्जा। शादी में दहेज का सवाल ही नहीं है। यहां कोई इस शब्द को भी नहीं जानता। लड़की को अपना जीवनसाथी चुनने की पूरी आजादी है। लड़का और लड़की सगाई के पहले एक-दूसरे से मिलते हैं और सब अच्छी तरह से जानकारी कर लेते हैं। इसके बाद दोनों के परिवार मिलते हैं और फिर सहमति के बाद शादी तय हो जाती है। हां, एक ही गोत्र में तो शादी बिल्कुल नहीं हो सकती। दुल्हन के गहने और परंपरागत पोशाक लड़के वालों को ही भेंट करनी होती है। दुल्हन की पोशाक को धारा और दूल्हे की पोशाक को दिग्फिग कहते हैं।

लड़की और लड़का सगाई के दौरान एक-दूसरे को अंगूठी और सुपारी की थैली भेंट करते हैं। रस्म पूरी होने के बाद दूल्हे का परिवार उसे भारी मन से दुल्हन के घर के लिए विदा करता है। दूल्हा विदा होकर दुल्हन के घर यानी अपनी ससुराल आ जाता है। फिर आजीवन यहीं रहता है। हां, अपने सास-ससुर की अनुमति से अपने घर (मायके) आ-जा सकता है। यहां ज्यादातर महिलाएं नौकरी, खेती या व्यापार के लिए बाहर निकलती हैं। ससुराल में बसना यहां कोई शर्म की बात नहीं मानी जाती है।



### संपत्ति पर अधिकार बेटियों का ही

यहां वंश पिता नहीं, मां के नाम पर चलता है। बच्चों का सरनेम मां से जुड़ा होता है। चल-अचल संपत्ति पर सबसे छोटी बेटी का ही अधिकार ज्यादा होता है। वैसे मां सहमति से बड़ी बेटियों को भी हिस्सा दे सकती है। बहन चाहे तो भाई को भी अपनी मर्जी पर संपत्ति से हिस्सा दे सकती है। बड़ी बेटी विदा होकर पति के घर जा सकती है, लेकिन फिर उसकी पूरी जिम्मेदारी पति की होगी। इन सबके बीच वर्चस्व महिलाओं का ही होता है। कई बार देखा जाता है कि महिलाएं एक से अधिक शादी भी कर लेती हैं। तलाक में भी उनकी ही मर्जी चलती है।

### नारी सशक्तिकरण का अद्भुत उदाहरण

मेघालय के बाजारों, खेतों, सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों में जाकर देखा तो वहां भी महिलाओं की संख्या ज्यादा दिखी। वे कामकाज में पारंगत और बेहद मजबूत हैं। स्कूल-कॉलेज जाती हैं और अपने पैरों पर खड़ी होती हैं। हर वो काम कर लेती हैं, जिसमें पुरुष अपना वर्चस्व समझते हैं। यहां की सरकार भी उन्हें बहुत प्राथमिकता देती है। यहां महिलाओं की हैसियत देख सवाल उभरता है कि ऐसा पूरे देश में क्यूं नहीं हो सकता?

# बेखौफ चोरों का आतंक, एक ही रात में तीन घरों पर बोला धावा

## दुकान के ताले काटकर ले गए लाखों का माल, घर से भी बर्तन-नकदी चोरी

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज



छिबरामऊ में चोरी की घटना की जानकारी देता गृह स्वामी। अमृत विचार

- कस्बा सिकंदरपुर, ग्राम शाहजहांपुर और मोहल्ला विरतिया में हुईं घटनाएं

**अमृत विचार।** बेखौफ चोरों ने रविवार की रात कोतवाली क्षेत्र के कस्बा सिकंदरपुर, ग्राम शाहजहांपुर और नगर के मोहल्ला विरतिया के तीन घरों को निशाना बनाया। चोर लाखों रुपये की नकदी के अलावा सामान चोरी कर ले गए। पीड़ितों ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

पहले मामले में सिकंदरपुर नगर पंचायत के मोहल्ला भगत सिंह नगर निवासी पंकज गुप्ता ने बताया कि रविवार की सुबह जब वह अपनी दुकान खोलने पहुंचा तो दुकान के ताले कटे पड़े थे। अंदर जाकर देखा तो सामान इधर-उधर बिखरा और गोलक में रखी 20 हजार रुपये की नकदी सहित 35 से 40 हजार रुपए कीमत के सामान के साथ कोल्ड ड्रिंक की पेटियां चोरी हो चुकी थी। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। स्थानीय व्यापारियों और आम लोगों ने पुलिस पर लापरवाही तथा गस्त के नाम पर खानापूर्ति के आरोप लगाते हुए नाराजगी जताई। सैकड़ो की संख्या में स्थानीय लोग और व्यापारी पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीकांत दुबे के साथ सिकंदरपुर चौकी पहुंचे। वहां पर कोई भी सिपाही व कांस्टेबल को मौजूद न देख कोतवाली पुलिस को सूचना देने पर पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक सचिन कुमार ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और लोगों को कार्रवाई का भरोसा दिया।

इसी रात दूसरी घटना शाहजहांपुर में हुई जहां जीटी रोड हाईवे के किनारे सलीम मोहम्मद का मकान है। देर रात चोरों ने मकान की कुंडी काटकर दूसरा मकान बनवाने को रखे एक लाख रुपये व कीमती सामान, पीतल के बर्तन, कूलर व एक गैस सिलेंडर चुराकर फरार हो गए। सुबह जब परिवार के लोग पहुंचे तो देखा दरवाजे की कुंडी टूटी और घर के अंदर सामान बिखरा पड़ा हुआ है। सलीम के मकान का आधा हिस्सा हाईवे में अधिकृत हो गया है, जिसके कारण परिवार के लोग छिबरामऊ में नए मकान का निर्माण करा रहे हैं। उसी के लिए इस पुराने मकान में एक लाख रुपये रखे थे। बताया जा रहा है कि दिन में परिवार के लोग गांव में रहते हैं और रात में छिबरामऊ चले जाते हैं।

तीसरी घटना में नगर के मोहल्ला विरतिया अंबेडकर नगर निवासी राजकिशोर पुत्र स्वर्गीय दिवाली लाल जाटव ने बताया कि वह विकास नगर डिपो में बाबू के पद पर कार्यरत हैं। शनिवार की रात किन्हीं चोरों ने घर में घुसकर पीतल के बर्तन और अन्य सामान चोरी कर लिया। एक ही रात में तीन जगह हुई चोरी की घटनाओं से क्षेत्रीय लोगों व व्यापारियों में दहशत है।

## खड़े ट्रक में पीछे से घुसा ट्रक, चालक की मौत

**सौरिख,कन्नौज।** आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर खड़े ट्रक में तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक पीछे से घुस गया। चालक-क्लीनर घायल हो गए। यूपीडा सुरक्षा अधिकारी टीम के साथ पहुंचे और घायलों को सैफई मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। यहां चालक की मौत हो गई।

बिहार के बक्सर जिले के कृष्ण ब्रह्म निवासी चालक सुभाष पुत्र विजय यादव (35) साथ में गांव का निवासी क्लीनर मिथिलेश पुत्र लक्ष्मण पासवान (36) आगरा से ट्रक में हरे पौधे भरकर लखनऊ जा रहा था। किलोमीटर संख्या 153 पर अचानक चालक को नींद आ गई। इससे ट्रक आगे पीली पट्टी पर खड़े ट्रक में पीछे से घुस गया। दोनों घायल हो गए। आगे खड़ा ट्रक चालक लेकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंचे यूपीडा के सुरक्षा अधिकारी मनोहर सिंह ने टीम के साथ घायलों को निकालकर मामले की सूचना यूपी 112 व थाना पुलिस को दी। घायलों को यूपीडा की एम्बुलेंस से सैफई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान चालक सुभाष की मौत हो गई।

## नीलू व बुआ की रिमांड पर आज आएगा फैसला

**किशोरी से दुष्कर्म प्रकरण**

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सोमवार को करीब दो घंटे चली पॉक्सो कोर्ट में बहस
- किशोरी से दुष्कर्म में फंसे हैं पूर्व ब्लॉक प्रमुख व उनके भाई

**अमृत विचार।** किशोरी से दुष्कर्म के मामले में फंसे पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव व छोटे भाई वीरपाल सिंह उर्फ नीलू यादव और पीड़िता की बुआ को रिमांड पर लेने की अर्जी पर सोमवार को कोर्ट में करीब दो घंटे बहस चली। हालांकि शाम तक फैसला नहीं आ सका। बताया गया है कि इस पर अदालत आज यानि मंगलवार को निर्णय देगी।

पुलिस की ओर से दुष्कर्म के मामले में सह आरोपी बनाए गए पूर्व ब्लॉक प्रमुख व सदर कोतवाली इलाके के गांव अडंगापुर निवासी नीलू यादव व कोतवाली तिर्वा क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी की बुआ को रिमांड पर लेने की अर्जी दाखिल कर रखी है। सोमवार को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अलका यादव की अदालत में अभियोजन और बचाव पक्ष ने अपने-अपने तर्क प्रस्तुत किए। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता नवीन दुबे ने बताया कि दोपहर करीब 12 बजे सुनवाई शुरू हुई जो करीब दो घंटे तक चली। पुलिस ने आरोपी नीलू यादव व पीड़िता की बुआ को रिमांड पर लेने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। उसी पर बहस हुई है। पत्रावली बड़ी है उसे पढ़ने के लिए समय लगता है। इस वजह से मंगलवार को फैसला आएगा।

### जानलेवा हमले में 10 साल की सजा, एक लाख जुर्माना

**कन्नौज।** जानलेवा हमले के मुकदमे में दोषी को जिला जज ने 10 साल की सजा तथा एक लाख रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। थाना तिर्वा में जान से मारने की नीयत से षड्यंत्र करके वार करने के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत हुआ था। इसकी विवेचना के बाद आरोप पत्र दाखिल किया गया। मामले में दोषसिद्ध अभियुक्त संतोष राजपूत पुत्र सियाराम निवासी कल्लुआपुर थाना तिर्वा को जिला जज ने 10 वर्ष का सश्रम कारावास व 1 लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है।

## सीपीआरआई के वैज्ञानिक बताएंगे खेती के गुर

**कन्नौज।** इन दिनों आलू की अगैती यानि कच्ची फसल के लिए तैयारियां शुरू हो गईं हैं। किसान बेहतर ढंग से आलू की खेती करें इसकी जानकारी देने के लिए केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान (सीपीआरआई) मेरठ से वैज्ञानिक आएंगे।

डीएचओ सीपी अवस्थी ने बताया कि कलेक्ट्रेट परिसर में 18 व 19 सितंबर को आलू गोष्ठी का आयोजन होगा। इसमें मेरठ के अलावा चंद्रशेखर आजाद (सीएसए) कृषि विश्वविद्यालय कानपुर व कृषि विज्ञान केंद्र कन्नौज के भी वैज्ञानिक व एक्सपर्ट शामिल होंगे। कार्यक्रम में प्रतिदिन 500 किसानों के शामिल होने का लक्ष्य रखा गया है। डीएचओ ने बताया कि इसमें आलू बीज आदि की 20 कंपनियां भी आएंगी जो स्टॉल भी लगाएंगी। किसानों को आलू खेती के लिए अच्छी जानकारी मिलेगी। उन्होंने बताया कि आलू की फसल करने के लिए समय भी शुरू होने वाला है। पहले अगैती बाद में पक्की यानि पिछैती फसल होती है। इससे पहले होने वाली गोष्ठी का किसान भरपूर लाभ फसल के लिए उठा सकते हैं।

## स्वच्छता ही सेवा के तहत चमकाए जाएंगे गांव व कस्बे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 14 सितंबर से पहली अक्टूबर तक चलेगा अभियान, होंगे कई आयोजन

**अमृत विचार।** स्वच्छता ही सेवा के तहत जिलेभर के गांव व कस्बे चमकाए जाएंगे। इसके लिए शासन ने गाइड लाइन जारी कर दी है। स्वच्छ भारत मिशन की 10वीं वर्षगांठ पर स्वच्छ भारत दिवस समारोह मनेगा। यह अभियान 14 सितंबर से एक अक्टूबर तक चलेगा।

प्रमुख सचिव नरेंद्र भूषण ने कन्नौज समेत सभी डीएम को पांच पेज का पत्र जारी किया है। इसमें स्वच्छता ही सेवा (स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता) अभियान को लेकर विस्तृत गाइड लाइन है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, आवास एवं शहरी मंत्रालय के तहत कार्यक्रम एसबीएस ग्रामीण व नगरीय दोनों की ओर से कराया जाएगा।ॉ

इसके तहत स्वच्छता की भागीदारी, संपूर्ण स्वच्छता, नागरिक भागीदारी और साझेदारों के सहयोग से वृहद स्वच्छता अभियान, ब्लैक स्पॉट की पहचान, एसएचएस 2024 पोर्टल पर मैपिंग, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर, स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं व जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिंदुओं पर आयोजन होंगे। साथ ही स्वच्छता संवाद, स्वच्छता रैलियां, मानव श्रंखला, स्वच्छता चौपाल, विशेष वार्ड की बैठकें व ग्राम सभा की बैठकें व अन्य कार्यक्रम भी कराए जाएंगे।

## बिजली बिल माफी पर सरकार कर रही गुमराह

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज



जोनल अध्यक्ष का स्वागत करने के दौरान मौजूद जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी व अन्य।

- भाकियू टिकैत के जोनल अध्यक्ष ने बैठक कर की समीक्षा

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की समीक्षा बैठक में जोनल अध्यक्ष बैजनाथ अवस्थी ने सब्सिडी व बिजली बिल माफी पर किसानों को गुमराह करने का आरोप सरकार पर लगाया। उन्होंने बिंदु बार समीक्षा कर लापरवाह पदाधिकारियों की क्लास ली।

सोमवार को आयोजित समीक्षा बैठक में जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी के नेतृत्व में फूलमालाएं पहनाकर जोनल अध्यक्ष का स्वागत किया गया। इस मौके पर जोनल अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार किसानों को सब्सिडी, एमएसपी व बिजली बिल माफी को लेकर गुमराह कर रही है। राष्ट्रीय नेतृत्व बहुत जल्द ही केंद्र व प्रदेश सरकारों के विरुद्ध आंदोलन की रूपरेखा तय करेगा। बैठक को जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष रमेश सिंह यादव, जोनल उपाध्यक्ष प्रभा शंकर मिश्रा, मंडल महासचिव जगदीश यादव, मंडल सचिव अफरोज मंसूरी, फर्रुखाबाद जिला विधिक सलाहकार अजय कटियार ने भी संबोधित किया। इससे पूर्व जोनल अध्यक्ष ने ब्लॉक कन्नौज, छिबरामऊ, जलालाबाद, गुगरापुर, छिबरामऊ, हसेरन, तिर्वा तालग्राम, सौरिख, उमर्दा के अध्यक्षों से उनकी कार्यकारिणी, ब्लॉक में कुल ग्राम पंचायत, सेक्टर प्रमुखों के नाम, न्याय पंचायत की संख्या आदि सहित संगठन को मजबूत बनाने के लिए किए गए प्रयासों को लेकर पूछताछ की। कुछ ब्लॉक अध्यक्षों की लापरवाही पर उनकी जमकर क्लास ली और उन्हें संगठन की नीतियों की जानकारी देकर अनुशासन एवं निष्ठा का पाठ पढ़ाया। बैठक में महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष कुसुम चौहान, महेंद्र सिंह, इरशाद अली, सुरेश सिंह यादव,डॉ साजिद हुसैन, उपेंद्र सिंह राजपूत, अनिल अरुण, मुरारी यादव, अखिलेश कुमार यादव,सिद्धांत यादव,राहुल कुमार, मो. शहराज, डब्लू ठाकुर, सत्यनारायण कनौजिया, आलोक राजपूत, मुईन अहमद, सत्यम प्रजापति, बबलू ठाकुर, धर्मेंद्र सिंह राजपूत अजय शेर, सर्वेश पाल, लाला तोमर, रिजवान अहमद, शाहरुख खान, पिंटू यादव, अमन खान, रजाउल अली सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### बरखा है गजब, चींटी चली साइकिल पर...कहानी सुनेंगे बच्चे

**कन्नौज।** साक्षरता पखवाड़ा कार्यक्रम 14 सितंबर तक चलेगा। इसके तहत प्रतिदिन कम से कम दो गतिविधियां उन प्राथमिक व कंपोजिट स्कूलों में संचालित हों जहां आंगनबाड़ी केंद्र हैं। अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर बरखा है गजब, चींटी चली साइकिल पर, दो बंदर चले स्कूल, खेल खेल में, जादुई हाथ, सूरज किससे डरता है और कच्चा आम पक्का आम कहानियां भी सुनाई जाएंगी। बीएसए संदीप कुमार ने सभी बीईओ व नगर शिक्षा अधिकारी को पत्र भेजा है। इसमें कहा है कि अभिभावकों के साथ अलग-अलग प्रकार की गतिविधियां होंगी। कहानियों के लिंक आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के सहयोग को भेज दिए गए हैं। आयोजनों में आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चे, उनके अभिभावक, प्रधानाध्यापक, नोडल अधिकारी व को-लोकेटेड व सुपरवाइजर शामिल होंगे। प्रधानाध्यापक से कहा गया है कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सुपरवाइजर के साथ मिलकर कार्यक्रम की रूपरेखा बनाएंगे। 10 सितंबर को मातृभाषा में कहानी सुनाना, बच्चों के साथ कविता या लोकगीत का गायन होगा। 11 को किताब से कहानी सुनाना, सुनाई गई कहानी पर बच्चों के साथ चर्चा होगी। 12 को रोल प्ले या नाटक के जरिए से कहानी सुना, बच्चों के साथ तुकबंदी का खेल खेलना, 13 तारीख को कठपुतली के माध्यम से कहानी सुनाना, अलग-अलग प्रकार के सामानों जैसे चम्मच या किसी अन्य छड़ी से आवाज निकालना।

### बाजार में मिला नकली साबुन

**कन्नौज।** गुरसहायगंज के बाजार में कंपनी की टीम ने पुलिस के सहयोग से छापेमारी करके नकली साबुन बरामद किया है। सोमवार की दोपहर एक साबुन कंपनी के फील्ड मैनेजर विजय प्रताप सिंह ने टीम व पुलिस के साथ बाजार में छापेमारी की। तिर्वा रोड स्थित एक दुकान से पांच गत्ते साबुन के लिए। जांच में साबुन नकली पाया। इसके बाद रेलवे रोड स्थित एक दुकान पर भी 12 बट्टी साबुन की नकली बट्टी मिलीं। फील्ड मैनेजर ने बताया कि बाजार में नकली साबुन बिक्री की काफी लंबे समय से सूचना मिल रही थी। पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

### पारिवारिक विवाद में पीटा

**कन्नौज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव कुसुमखोर निवासी अरमान पुत्र एजाद ने परिवार के ही इरशाद, मसरुर, इरफान, राजा, के खिलाफ सदर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि पारिवारिक विवाद को लेकर उक्त लोगों ने उसे गालीगलौज की। मना किया तो उसकी पिटाई कर दी। इससे उसके चोटें आईं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

### विवाद में लाठी से पीटा

**कन्नौज।** शहर के मोहल्ला शेखाना निवासी फरीउद्दीन पुत्र सईउद्दीन ने मोहल्ले के ही निवासी हाफिज शाहिद उर्फ चंदू के खिलाफ सदर कोतवाली में दर्ज कराई है। आरोप लगाया कि वह अपने घर जा रहा था। जैसे ही उक्त के दरवाजे पर पहुंचा तभी उक्त लोग गालीगलौज करने लगे। गाली देने से मना किया तो पिटाई कर दी।

## युवती को रास्ते में रोक कर मारापीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** रंजिश को लेकर गांव के कुछ लोगों ने युवती को रास्ते में रोक लिया और गाल गलौज की। मना करने पर उसे मारापीटा। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ग्राम मझपुर्वा निवासी हिना पुत्री नसरूद्दीन ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह 02 सितंबर की सुबह लगभग नौ बजे बाजार करने गुरसहायगंज जा रही थी। तभी गांव के शाहनवाज उर्फ पप्पू व मंगली ने मुकदमे की रंजिश को लेकर उसे रास्ते मे जबरन रोक लिया और गाली गलौज की। लाठी-डंडों से मारपीट कर उसे घायल कर दिया और धमकी देकर समझौता करने का दबाब बनाया। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## झोला छिबरामऊ के सियाराम स्वीट्स का

संवाददाता कानपुर, छिबरामऊ

- पुलिस और एसटीएफ पहुंची मिठाई की दुकान पर



जानकारी देता दुकानदार।

**अमृत विचार।** डीसीपी पश्चिम राजेश कुमार सिंह ने बताया कि घटनास्थल पर मिले सियाराम स्वीट्स के झोले और माचिस की डिब्बी से जांच शुरू की गई है। मौके पर मिला झोला छिबरामऊ स्थित सियाराम स्वीट्स का है। इसी में विस्फोटक और पेट्रोल बम को रखकर लाया गया था। मौके पर मिले बोतल बम में पेट्रोल ही था। इसकी जांच में पुष्टि हुई है। मिले पाउडर की जांच के लिए फोरेंसिक ने सैंपल लिया है। इसके अलावा ऊधौनिवादा के दो युवकों को पूछताछ के लिए उठाया गया है, जो गैस रिफलिंग का काम करते हैं। दूसरी ओर छिबरामऊ प्रतिनिधि के अनुसार सियाराम स्वीट्स पर पूछताछ करने पहुंची एसटीएफ और पुलिस ने तीनों दुकानों के सीसीटीवी जांचे और डीवीआर कब्जे में लिया है। इस बारे में दुकान मालिक संजय सिंह राजपूत ने बताया कि सोमवार सुबह पुलिस आई थी और डीवीआर लेकर चली गई।

## क्षय रोग नियंत्रण को निकाले प्रचार वाहन

**कन्नौज।** जनता को क्षय रोग से जागरुक करने के लिये स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रचार वाहन निकले गये हैं। यह वाहन गांव-गांव जाकर लोगों को रोग से संबंधित जागरुक करेंगे साथ ही रोग से निपटने का उपाय भी बतायेंगे। सोमवार को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को रवाना किया।

जिले में 2025 तक क्षय रोग को पूरी तरह से समाप्त करना है। सोमवार को सीएमओ के निर्देशपर एसीएमओ डॉ. जितेंद्र नाग, अपर शोध अधिकारी वाईके मंजुल ने प्रचार वाहन को रवाना किया। उन्होंने बताया कि यह प्रचार वाहन पूरे जिले में क्षय रोग की जानकारी देगा। नौ से 20 सितंबर तक 10 दिन 142 टीमें घर घर जाकर टीबी रोगियों की खोज करेंगी।

## दहेज न मिलने पर महिला को घर से निकाला

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दहेज न मिलने पर ससुरालियों ने महिला से गाली गलौज की और मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ग्राम खाड़ेदेवर निवासी अनुष्का पुत्री महेश चन्द्र गिहार ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसका विवाह कानपुर के थाना रायपुरवा बांस मंडी कोपरगंज निवासी लकी पुत्र सुशील के साथ 20 जनवरी 2024 को हुआ था। शादी के बाद पति लकी, ससुर सुशील, सास मनीषा देवी, ननद रीसा ने दहेज में बुलेट मोटर साइकिल, सोने की जंजीर व अंगूठी की मांग शुरू कर दी और उसका शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करने लगे। विरोध करने पर 05 अगस्त को पति सहित ससुरालियों ने उसके साथ गाली गलौज की और मारपीट कर घर से निकाल दिया। जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### रक्तदान शिविर लगा

**बांदा।** सेवर्स आफ लाइफ के तत्वाधान में लाला जगत नारायण जी की 43 वीं पुण्यतिथि पर जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर लाग। शिविर में रक्तदाताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की और समाज की सेवा का संकल्प लिया।


**सूचना**

सूचित हो कि मै **सुरेन्द्र शर्मा पुत्र राधेश्याम शर्मा, निवासी- ए/6 श्रेयांस सोसाइटी नियर हैण्डलूम हाउस, तिलमिया वार्ड नानपुरा सूरत जिला सूरत गुजरात** 395001, मेरे बैंक खाता नम्बर 073010002902 मे मेरा नाम सुरेन्द शर्मा SURENDRA SHARMA अंकित है और आधार कार्ड गुजरात का बना हुआ है जिसमे कि मेरा नाम SHARMA SURENDRA RADHESHYAM के नाम से है। यह कि SURENDRA SHARMA व SHARMA SURENDRA RADHESHYAM यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति यानी कि मेरे है। जो कि सत्य एवं सही है।



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपना नाम ISRAIL से बदलकर MOHAMMAD ISRAIL रख लिया। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/o- MOHAMMAD MAZID Add: Vill Post-SATTHIN RANIGANJ AMETHI (UP)

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मेरे पुत्र विद्या निवास शुक्ला के विद्यालयी अभिलेखों में मेरा नाम LAXMI NARAYAN SHUKLA अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में मेरा वास्तविक नाम LAXMI NARAIN SHUKLA है। दोनों मेरे ही नाम हैं। **निवासी 34/1 पयागीपुर चौराहा, सुल्तानपुर**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्व ठाकुर मान सिंह के निवास मकान संख्या 33, सेक्टर जी, एलडीए कालोनी, कानपुर रोड, लखनऊ को हम सभी भाई बहिन की आम सहमति से बेचा जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति को मकान की बिक्री पर आपत्ति हो, वो 15 दिनों में आपत्ति दर्ज कराएं। – **कुंवर विक्रम सिंह, बलवंत सिंह, अनिल चंदेल, सुनील चंदेल, कपिल सिंह, विक्रांत सिंह एवम मधु सिंह**

**सूचना**

मैं **श्रीमती वंदना पाल पत्नी आर्मी नंबर** 15581443 **एन हवलदार राम जीवन पाल यूनिट** 201 CEDU, C/O 56 APO, **निवासी गांव: वजीराबाद, पोस्ट–मंझ गांव गडोरा, संडीला, हरदोई, उ0प्र0–241204** मेरे पति के सेवा दस्तावेजों में मेरा नाम और जन्म तिथि गलती से वन्दनाज पाल जन्म तिथि 12 मई 1993 दर्ज है। भविष्य में मुझे वन्दना पाल जन्म तिथि 08 जुलाई 1995 से जाना पहचाना जाये, शपथ पत्र संख्या 71AE 002461 दिनांक 06 सितंबर 2024 के माध्यम से कार्तिक कुमार सिंह, अधिवक्ता, लखनऊ के नोटरी के समक्ष।

**सूचना**

सर्वसाधन सूचित किया जाता है कि मेरे पैन कार्ड मैं मेरे पिता की नाम की इंग्लिश में तथा जन्मतिथि में परिवर्तन है जबकि सही नाम SHIVRAM SINGH और जन्मतिथि 20/07/1953 है जो की मेरे आधार कार्ड व पेंशन कार्ड में भी यही दर्ज है और इसे ही सभी कागजातों में माना जाएगा और जहां भी इसके अलावा कुछ भी लिखा है वह अमान्य होगा। **कृष्ण कुमार सिंह पुत्र श्री शिवराम सिंह एफ –608 राजाजीपुरम लखनऊ मोबाइल नंबर** 9473896886

**सूचना**

सूचित हो कि मैं जितेन्द्र बहादुर, मेरा वृन्दावन योजना सेक्टर–18 लखनऊ आसरा। जी +3 में फ्लैट सं आवंटन,A – 16/32 का मूल आवंटन पत्र खो गया है। ये फ्लैट मैं श्रीमती श्वेता वैश्य को विक्रय करना तथा क्रेता एस बी आई में फ्लैट पर ऋण लेना चाहती है यदि किसी को इस सम्पत्ति पर आपत्ति है तो 15 दिन के भीतर सम्पर्क करें। एस0बी0आई आरएसीपीसी गोमतीनगर, लखनऊ। Mob.- No-8545007971

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **श्रीमती किसमतुन पत्नी निसार वेग निवासिनी–537ख/25/9 यश नगर, फैजुल्लागंज लखनऊ** की हूँ। मैने अपने पुत्र सोहराब बेग व उसकी पत्नी हिना बेग को उनके गलत आचरण के कारण उन्हें अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया था। इस आश्य की सूचना हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 15–10–2022 को प्रकाशित करायी थी परन्तु अब मेरे पुत्र को अपनी गलतियों का एहसास हो गया है और वह लोग मेरे व परिवार के साथ अच्छी तरह से रह रहे है इसलिये मैं अपनी बेदखली की सूचना को निरस्त करती हूँ।


**भूमि विवाद** साठगांठ कर रातों-रात भूमि पर शुरू हो गया निर्माण

## राजस्व कर्मी पर घूस मांगने का आरोप

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज



ग्राम मझपुर्वा में जांच करते नायब तहसीलदार व राजस्व कर्मी। अमृत विचार

- दोनों पक्षों के 6 लोगों पर शांतिभंग की कार्रवाई

**अमृत विचार।** ग्राम मझपुरवा में दो पक्षों में चल रहे भूमि विवाद को लेकर सोमवार को नायब तहसीलदार की मौजूदगी में राजस्व टीम ने मौके पर पहुंच कर निरीक्षण किया और विवादित भूमि की पैमाइश की। जांच में निर्माणाधीन भूमि वैध पाई गई। दूसरे पक्ष ने राजस्व कर्मी पर रिश्वत मांगने सहित साठगांठ कर अवैध निर्माण करा कर भूमि पर जबरन कब्जे कराने का आरोप लगाया।

ग्राम मझपुर्वा निवासी अतीक व अफरोज के बीच मझपूर्वा-इंदिरा नगर संपर्क मार्ग पर स्थित भूमि को लेकर पिछले दिनों से विवाद चल रहा था। रविवार को एक पक्ष ने विवादित भूमि पर एक साथ कई मिस्त्री व लेवर लगाकर निर्माण कार्य शुरू करा दिया। दूसरे पक्ष ने विरोध किया। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर शांत कराया और निर्माण कार्य रुकवा दिया था। सोमवार को नायब तहसीलदार भरत कुमार मौर्य व कानूनगो कौशलेंद्र दुबे ने राजस्व टीम के साथ पहुंचकर भूमि की पैमाइश कराई।

इसमें पाया कि जो पक्ष निर्माण करवा रहा है उसी की भूमि है। दूसरे पक्ष की भूमि सड़क के दूसरी तरफ है और वह कुछ अंश बेच भी चुका है। उधर दूसरे पक्ष के अतीक व तारीक ने राजस्व कर्मी पर रिश्वत मांगने और उसकी भूमि पर जबरन कब्जा करवा देने का आरोप लगाया है। कोतवाल आलोक कुमार दुबे ने बताया कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दोनों पक्षों के 06 लोगों पर शांतिभंग की आशंका पर कार्रवाई की गई है।

## अफसर खुद की ठोक रहे पीठ फरियादी खोल रहे पोल

**कन्नौज।** हर महीने कुछ अधिकारी आईजीआरएस निस्तारण में खुद की पीठ थपथपाते हैं। रैंक में पहला नंबर बताते हुए विभाग की तारीफ में कसीदे पढ़े जाते हैं लेकिन फरियादी कुछ और ही कहानी बयां कर रहे हैं। असंतुष्ट होकर अधिकारियों की पोल खोलने में पीड़ित जुटे हैं।

कोतवाली तिर्वा क्षेत्र के बौद्धनगर निवासी 83 वर्षीय पातीराम ने बताया कि वह कमलेपुर्वा गांव का मूल निवासी है। बड़े पुत्र का रवैया ठीक नहीं है। आए दिन वह विवाद करता है। पुत्र व पुत्रवधू को चल-अचल संपत्ति से बेदखल करना चाहता है। इसको लेकर पांच अगस्त को शिकायत दर्ज कराई थी। मौके पर कोई भी अधिकारी या कर्मी जांच करने नहीं आया लेकिन शिकायत का 14 अगस्त को गलत तरीके से निस्तारण कर दिया। बुजुर्ग ने बताया कि उसके बाद 20 अगस्त को पोर्टल पर फीड बैक में असंतुष्ट होने की बात लिखकर भेजी। इसमें बताया कि जिस पुलिसकर्मी ने आख्या लगाई है उसमें लिखा है कि दरोगा उनसे मिला लेकिन दरोगा ने बिना मिले व बिना सुने ही प्रार्थना पत्र का निस्तारण कर दिया। पातीराम ने बताया कि इससे वह अपने को असहज महसूस कर रहा है।


**Form No.5**
**BEFORE DEBT RECOVERY TRIBUNAL-ALLAHABAD**
**9/2 Panna Lal Road Allahabad**
**SUMMONS FOR FILING REPLY & APPEARANCE BY PUBLICATION**

**Date:- 27.08.2024**

**(Summons to defendant under Section 19(3) of the Recovery of debts due to Banks and Financial Institutions Act 1993 read with rules 12 and 13 of the Debt Recovery Tribunal (Procedure Rules, 1993)**

**Original Application No. 250/2024**
**UCO BANK**
**....Applicant Bank**
**VERSUS**
**Gurusharan & Ors**
**....Respondants**

To,
1. **Gurusharan Singh,** (Applicant) S/o Late Rajendra Singh R/o 87 N-Block, Kidwai Nagar Kanpur Uttar Pradesh
**Also at:** Flat No. S-1, F-Block, 2nd Floor, Plot No. 329 Near Panki Ralway Station, Panki Kanpur Uttar Pradesh
2. Smt. Jagjeet Kaur (Co-Applicant) W/o Shri Gurusharan Singh R/o Flat No. 87, N-Block, Kidwai Nagar Kanpur, Uttar Pradesh
**Also at:-** Flat No. S-1, F-Block, 2nd Floor, Plot No. 329 Kanpur Uttar Pradesh

**....Defendant**

In the above noted application, you are required to file reply/ evidence in Paper Book form in Two sets along with documents and affidavits (if any) personally or through your duly authorized agent or legal practitioner in this Tribunal, after serving copy of the same on the applicant or his counsel/duly authorized agent after publication of the summons and thereafter to appear before the Tribunal on **22.10.2024** at 10.30 A.M. failing which the application shall be heard and decided in your absence.

**REGISTRAR**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL**
**ALLAHABAD**

**आज का मौसम**

मौसम विभाग ने तेज बारिश की संभावना जताई है।

| 33.0° | 27.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05:54 | सूर्यास्त 06:20 |

# झमाझम बारिश से सड़कें बनीं तालाब, कोतवाली जलमग्न

## बिजली विभाग को लगा झटका, कई पोल व लाइनें टूटीं, विभाग करा रहा ठीक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज/तिर्वा

**अमृत विचार।** दो घंटे की मूसलाधार बारिश से सभी जगह जलभराव हो गया। सड़कें पानी से लबालब हो गईं। खेत खलिहान जलमग्न हो गये। बारिश ने बिजली विभाग को खासा नुकसान किया। पोल व लाइन टूटने से आपूर्ति बाधित रही। विभाग दिन भर आपूर्ति दुरुस्त करने में कवायद करता रहा।

लंबे इंतजार व उमस भरी गर्मी के बाद सोमवार की दोपहर करीब दो घंटे जमकर बारिश हुई। खेतों में बारिश का पानी पूरी तरह से भर गया। इससे खेत में खड़ी उर्द, मूग की फसल को नुकसान हुआ। इसके अलावा जिन खेत में तोरई व लौकी की फसल खड़ी थी उसे भी नुकसान होने की संभावना बनी हुई है। तेज बारिश होने से पेड़ों का डाली टूटने से कई स्थानों पर बिजली के तार व पोल टूट कर गिर गये। इससे बिजली मिलने में दिक्कत हुई। बारिश समाप्त होने के बाद लाइनमैन फाल्ट खोजने निकले। शाम तक खोज करने के बाद टूटे पोल व तारों को ठीक किया जा सका। फिर भी कई दूर दराज गांव में बिजली व्यवस्था ठीक नहीं हो सकी।


सदर ब्लाक के नजरापुर गांव में प्राथमिक व जूनियर स्कूल के सामने सड़क पर भरे बारिश के पानी से निकलते बच्चे।

- **खेतों में पानी भरने से उर्द, मूंग की खड़ी फसलों को हुआ नुकसान, किसान हताश**

अधिशाषी अभियंता मगन सिंह का कहना है कि बारिश से मानपुर, वेहरिन, जसपुरापुर, तिर्वा, कढेरा, ठठिया, तिर्वा, इंदरगढ़ समेत अधिकतर उपकेंद्रों के क्षेत्रों में बिजली विभाग का नुकसान हुआ। सदर ब्लाक क्षेत्र के गांव नजरापुर में बारिश से प्राथमिक व जूनियर स्कूल के सामने निकले गांव जाने वाला रोड नीचा होने से पानी भर गया। पानी का निकास न होने से दो बजे स्कूल की छुट्टी होने पर नन्हें मुन्ने बच्चे पानी में गिरते पड़ते किसी तरह घर पहुंचे। यही नहीं जलभराव होने से निजी स्कूलों के वाहन भी नहीं निकल सके। इससे उनके बच्चे भी भीगते हुए उसी पानी से निकले।

तिर्वा संवाददाता के अनुसार सोमवार की दोपहर काले बादल के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश से जगह-जगह जल भराव हो गया। नालियों का निकास सही न से पानी का निकाल न हो सका। कस्बे के सीएचसी में जल भराव हो गया। यही हाल कस्बे के इलाहाबाद बैक के सामने रोड पर बारिस का पानी भर जाने से तालाब बन गया। इसी तरह बारिस में कोतवाली के सामने बने तालाब के पानी का निकास न होने से ओवर हो जाता है।।इससे रास्ता तालाब बनने के साथ कोतवाली परिसर में भी जलभराव हो जाता है। सोमवार को भी बारिश से कोतवाली ने तालाब का रुप से लिया। पुलिस कर्मी अपने-अपने वाहनो से बाहर निकलते रहे। फरियाद लेकर आये फरियादी कोतवाली नहीं पहुंच सके।

# उमस से राहत तो जलभराव से हुई आफत

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** सुबह से काले बादल छाए और दोपहर बाद हुई बरसात ने जहां लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत दी तो वही जगह-जगह हुए जलभराव ने आफत में डाल दिया। आवागमन कर रहे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

सोमवार की सुबह से ही आसमान में काले बादल छाए और दोपहर लगभग 01 बजे तक रुक-रुककर तो दोपहर बाद करीब दो बजे हुई मूसलाधार बरसात ने लोगों को जहां तहां रुकने पर मजबूर कर दिया। जबकि जलभराव व गंदगी से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्राम जसोदा, जलालाबाद, तेराजाकेट, सराय प्रयाग, मिरगांवा, नदसिया सहित नगर की चकोर गली, जीटी रोड, पूर्वी रेलवे क्रासिंग, किदबई नगर, आजाद नगर, अशोक नगर आदि स्थानों पर जलभराव हो गया। इसी प्रकार जलालाबाद में जीटी रोड पर हुए जलभराव से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जलालाबाद से गौरियापुर जाने वाला सम्पर्क मार्ग पर जलमग्न हो गया। बारिश से किसानों को राहत मिली।



जसोदा रेलवे स्टेशन के सामने बरसात के बाद हुआ जलभराव। अमृत विचार

### तीन दिन भारी वर्षा, वज्रपात का अलर्ट

- **कन्नौज।** कृषि मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक जिले में आंधी-तूफान, भारी वर्षा-वज्रपात की आशंका जताई है। जनपद कन्नौज भी यलो जोन में है। मौसम विभाग ने हिदायत दी है कि मौसम को देखते हुए यथासम्भव हो, घर के बाहर जाने से बचें। वर्षा के दौरान घर की छत पर नहाने, पार्क, खुले स्थान तथा खेतों में जाने से बचें। खुले में बंधे पशुओं सुरक्षित स्थान पर बांधें। कहा है कि तालाब, नदी तट आदि जैसे जल निकायों से दूर रहें।

### यह भी करें---

- स्थानीय प्रशासन को क्षति और मृत्यु की जानकारी दें।
- अगर कोई व्यक्ति वज्रपात की चपेट में आ गया है तो, तुरंत 108 पर कॉल करें और यथाशीघ्र पीड़ित को अस्पताल ले जाएं।
- आग लगने की स्थिति में 112 या 101 पर कॉल करें।
- दैवीय आपदा से सम्बन्धित शिकायत/सहायता के लिए जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के टोल फ्री नम्बर- 1077, 05692-235606, 9454415005 पर कॉल करें।

## एक नजर

### जमीन विवाद में दबंगों ने की मारपीट, तीन घायल

**तिर्वा, कन्नौज।** जमीन विवाद को लेकर दबंगों ने तीन लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। थाना ठठिया के हमीरपुर गांव निवासी सुरेंद्र सिंह पुत्र हरीबाबू ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि जमीन विवाद को लेकर गांव के निवासी संदीप, सत्यम, शिवपाल दरवाजे आए और गाली गलौज करने लगे। जब विरोध किया तो मारपीट शुरू कर दी। बचाने आए भतीजे मुनेंद्र, राम सिंह को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### रंगदारी मांगने पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** पीपल चौराहे के पास शनिवार की देर शाम युवक से रंगदारी मांगने तथा उसके विरोध करने पर मारपीट करने वाले पांच अज्ञात और चार लोगों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज कराया गया। नगर के मोहल्ला ग्रेसीगंज पंतनगर निवासी प्रदीप चौहान पुत्र शेर सिंह चौहान ने बताया कि शनिवार की देर शाम लगभग 8 बजे वह पीपल वाली गली के पास स्थित सुभाष पान वाले की दुकान के सामने से गुजर रहा था। तभी जीशान, मोहसिन, आमिर व आलम के अलावा पांच अज्ञात व्यक्तियों ने मिलकर रोक लिया और रंगदारी में 5 हजार रुपये की मांग करने लगे। मना करने पर इन लोगों ने उसके साथ मारपीट की। चीख पुकार सुनकर हिमांशू चौहान के साथ भीड़ को आता देख आरोपी भाग गए। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीकृत किया।

# तीन साल पहले सौरिख में आया था तूफान

**फॉलोअप**

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- **जलालाबाद ब्लाक क्षेत्र में दो दिन पहले आए तूफान ने मचाई थी तबाही**

**अमृत विचार।** दो दिन पहले जलालाबाद ब्लाक में कुछ गांवों में आए सीमित क्षेत्र के तूफान से लोग स्तब्ध हैं। बताया गया कि इस तरह का तूफान करीब तीन साल पहले सौरिख में आया था और तब भी एक दायरे में लोग प्रभावित हुए थे।

बता दें कि रविवार को अचानक मौसम में आए बदलाव के बाद दोपहर बाद तेज बारिश हुई थी। इस दौरान जगतपुर, फरिकापुर, मोतीपुरवा आदि करीब पांच गांवों में कुछ देर के लिए जबर्दस्त तूफान आया था जिससे तमाम किसानों की खेत में खड़ी फसल पलट गई थी। इस दौरान कुछ लोगों के कच्चे-पक्के मकान भी क्षतिग्रस्त हुए तो पेड़ जड़ से उखड़ गए। कई पेड़ बीच से फटकर गिर गए और बिजली पोल तो ट्रांसफार्मर के साथ ही गिर पड़े थे। कुछ ही देर में क्षेत्र में भारी तबाही हुई थी। कृषि मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र कुमार की मानें यह स्थित करीब तीन साल पहले भी सामने आई थी जब सौरिख में भी इसी तरह का तूफान आया था। उन्होंने बताया था कि आसपास के इलाकों में पूर्व में बारिश हुई थी जबकि प्रभावित क्षेत्र सूखा ही था। तेज धूप व गर्मी से स्थानीय स्तर पर हवाएं सक्रिय हो गईं जिससे कम दबाव का क्षेत्र बन गया। इसका नतीजा रहा की कुछ देर के लिए तूफान ने इलाके को चपेट में लेकर भारी तबाही मचा दी।

# तूफान से फसल को 20 फीसदी नुकसान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जलालाबाद ब्लाक क्षेत्र के राजस्व ग्राम फरिकापुर के मजरा जगतपुर, तहसील सदर के अंतर्गत दो दिन पहले आए तूफान में खेतों में खड़ी धान की फसल में करीब 20 फीसदी नुकसान हुआ है। वहीं करीब आधा दर्जन घर भी गिरे हैं तो कई बिजली के पोल भी धराशायी हुए थे। घटना के बाद क्षेत्रीय लेखपाल ने सर्वे के बाद अपनी रिपोर्ट एसडीएम को सौंपी है।

आपदा प्रबंधन का कार्य देख रहीं जयलक्ष्मी ने बताया कि जो घटना हुई है इसका न तो कोई पूर्वानुमान था, न भविष्यवाणी ही की गई थी। कलक्ट्रेट में लगे ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन से भी इस तरह के कोई संकेत नहीं मिले थे। वैसे भी यह स्टेशन अपना डाटा सीधे लखनऊ भेजता है जहां से इसे उनके विभाग को भेजा जाता है। इसे ही वे ग्रुप्स में भेजकर लोगों को अलर्ट करते हैं। बताया कि तूफान व तेज बारिश से अभिषेक कुमार, विनोद कुमार, अशोक व अजय सिंह, भान सिंह आदि व्यक्तियों के गैर आवासीय मकान क्षतिग्रस्त हुए। इसके अतिरिक्त कृषि फसलों में धान की फसल गिर जाने से लगभग 15-20 प्रतिशत क्षति हुई है। दो लोगों के आवासीय कच्चे मकान गिरे हैं। इन के पी-20 फार्म भरकर कार्यालय में जमा कर दिया गया है। शासन से दैवी आपदा के तहत प्रावधान के अनुसार ही प्रभावितों को मदद दी जाएगी।



कलक्ट्रेट में निर्वाचन कार्यालय के सामने लगा एडब्ल्यूएस।

- **कलेक्ट्रेट में ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन से स्थानीय स्तर पर अलर्ट नहीं**


सड़क का निर्माण न होने से जलभराव से होकर गुजरता बाइक सवार। अमृत विचार

# जलभराव से होकर गुजरने को मजबूर हैं गांव वाले

संवाददाता गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिम्मेदारों की लापरवाही और अनदेखी के चलते सड़क का निर्माण न होने से बरसात के मौसम में कच्चे मार्ग पर हुए गड्ढों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इससे ग्रामीणों व राहगीरों को जलभराव से होकर गुरजना पड़ रहा है। कई बाद शिकायत के बाद भी जिम्मेदार इसकी सुध नहीं ले रहे है।

ब्लाक तालग्राम के ग्राम रोहली में सड़क का निर्माण न होने से लोगों को जलभराव और गड्ढों का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग रोहली गांव से जाने वाला डामर मार्ग से मिलता है। सड़क का निर्माण न होने से जगह-जगह हुए गड्ढों में जलभराव हो गया है। राहगीरों व ग्रामीणों को जलभराव से होकर गुजरने पर मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों संदीप कुमार, अवनीश, अश्वनी, सहदेव सिंह, गोविन्द कुमार, आलोक कुमार, रामविलास आदि का कहना है कि इस मार्ग पर ग्राम प्रधान मनमोहन सिंह यादव के द्वारा कार्य नहीं कराया गया है। इस मार्ग से प्रतिदिन ग्रामीणों व राहगीरों का आवागमन रहता है। अनदेखी के कारण ग्रामीणों को जलभराव से गुजरना पड़ रहा है।

# पत्नी को कमरे में बंद कर बेरहमी से पीटा, गंभीर

**सौरिख,कन्नौज।** किसी बात को लेकर युवक ने पत्नी को कमरे में बंद कर बेरहमी से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जब पत्नी ने मायके फोन करने का प्रयास किया तो मोबाइल तोड़ दिया। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने उसे अस्पताल भर्ती कराते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

थाना क्षेत्र के लुहन्ना गांव निवासी संजू देवी पत्नी अंकुश यादव का रविवार को किसी बात को लेकर पति से झगड़ा हो गया था। मामला इतना बढ़ गया कि नाराज पति ने रविवार रात को पत्नी को कमरे में बंदकर लाठी डंडों एवं बेल्टों से जमकर पीटा। आरोप है कि जब महिला ने मायके फोन करने का प्रयास किया तो मोबाइल तोड़ दिया। दोबारा फिर पिटाई कर दी। सोमवार को संजू जब मायके जाने के लिए तैयार हुई तो पति ने फिर से मारपीट शुरू कर दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया।

# कुकर्म कर किया वीडियो वायरल, तीन पर रिपोर्ट

संवाददाता सौरिख,कन्नौज

**अमृत विचार।** क्षेत्र के एक गांव निवासी कक्षा 10 के छात्र से सहपाठियों ने रास्ते में स्थित बाग में ले जाकर जबरन किया। इसका वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर वसूली करने लगे। फिर बड़ी रकम की मांग कर दी। छात्र ने इंकार किया तो वीडियो वायरल कर दिया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने अलग-अलग गांव निवासी तीन किशोरों पर रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोर सरदापुर गांव में स्थित एक विद्यालय में कक्षा 10 का छात्र है। 25 जुलाई को वह गांव निवासी सहपाठी और राजापुर एवं सरदापुर गांव निवासी दोस्तों के साथ स्कूल गया था। छुट्टी के बाद सभी लौट रहे थे। इस दौरान रास्ते में स्थित अमरूद के बाग में दोस्त फुसलाकर ले गए। वहां तीनों ने उसके साथ कुकर्म किया और वीडियो भी बना लिया। परिजनों का आरोप है कि अभियुक्त पीड़ित से लगातार रुपयों की मांग करते रहे और कई बार में हजारों रुपये ले भी लिए। इसके बाद 50 हजार रुपये की मांग करते हुए वीडियो वायरल करने की धमकी दी। छात्र के मना करने पर अभियुक्तों ने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। अन्य लोगों से जानकारी होने पर पिता ने तीनों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह ने बताया कि जल्द ही अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

- **साथियों ने बनाया निशाना पैसों की मांग पूरी न होने पर वायरल किया वीडियो**




महादेवी घाट किनारे ग्रामीणों के साथ बैठक करते सीडीओ राम कृपाल चौधरी, एसडीएम सदर रामकेश व डीपीआरओ राजेंद्र।

# महादेवी घाट की सफाई को मुहिम शुरू

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** गंगा किनारे गंदगी न फैले इसको लेकर अफसरों ने मुहिम शुरू कर दी है। मुहिम में गंगा किनारे गांव में रहने वाले ग्रामीणों व दुकानदारों को जोड़ा गया है। सभी से कहा गया है कि पॉलीथिन का प्रयोग न किया जाए। साथ ही कूड़ा निर्धारित स्थानों व डस्टविन में भी डाला जाए।

सोमवार को सीडीओ राम कृपाल चौधरी व एसडीएम सदर रामकेश ब्लॉक सदर क्षेत्र के महादेवी घाट पहुंचे। यहां उन्होंने आसपास के ग्रामीणों व दुकानदारों के साथ बैठक की। सीडीओ ने कहा कि महादेवी घाट का साफ रखने में सभी लोग सहयोग करें। उन्होंने निरीक्षण कर आरआरसी को भी संचालित करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि पॉलीथिन का प्रयोग न किया जाए, यह काफी नुकसानदेह है। इस मौके पर डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश, बीडीओ अमित सिंह, प्रभारी एडीओ पंचायत केके यादव मौजूद रहे।

- **सीडीओ व एसडीएम ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर बनाई रणनीति**
- **पॉलीथिन का प्रयोग न करने व कूड़ा निर्धारित स्थानों पर ही डालने को कहा**

### पानी के बहाव से गिरी दीवार

- दो दिन पहले महादेवी घाट के अंत्येष्टि स्थल की दीवार भी गिर गई थी। सीडीओ ने इसको लेकर भी निरीक्षण किया। बताया कि पानी का बहाव तेज व जल का निकास न होने के चलते दीवार गिरी है। इसे सही कराया जाएगा।

**खबर का असर** — खबर प्रकाशित होने के बाद जिम्मेदारों ने सख्त रुख अपनाया

# एआरटीओ कार्यालय में न दलाल दिखे न ही निजी कर्मी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** एआरटीओ ने दलालों व निजी कर्मचारियों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। सोमवार को कार्यालय के आसपास दलाल व अंदर निजी कर्मचारी नहीं नजर आये। यह रोक कब तक रहेगी यह तो वक्त ही बतायेगा। रविवार को अमृत विचार में खबर प्रकाशित होने के बाद जिम्मेदारों ने फिर से सख्ती कर दी है।

एआरटीओ कार्यालय में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। इन पर एआरटीओ इज्या तिवारी पूरी तरह नजर रखती हैं। इसके बाद भी दलाल पूरे दिन फाइलें लेकर कार्यालय के पटल खिड़की और अंदर बाबुओं के पास सेटिंग में लगे रहते हैं। शनिवार को अमृत विचार के प्रतिनिधि जब दोपहर के समय एआरटीओ कार्यालय पहुंचे तो बाबू के पटलों पर दलालों की ही फाइलें ली जा जा रही थीं। यही नहीं बाबुओं के पटल पर दलाल बात करते दिखे।

यह सब सीसीटीवी कैमरे में एआरटीओ देख रहीं थी। इस के बाद भी उन्होंने न तो दलालों को रोकने का प्रयास किया न ही पुलिस को सूचना दी। इस संबंध में अमृत विचार ने रविवार के अंक में प्रमुखता से खबर प्रकाशित की। इसका असर रहा कि सोमवार को दफ्तर खुला तो एआरटीओ ने सभी बाबुओं को बुलाकर चेतावनी दी कि वह दलालों से तरह सावधान रहें। इस निर्देश के बाद पूरे दिन दलाल दफ्तर के आसपास नजर नहीं आये। यही नहीं सोमवार को निजी कर्मचारी भी दफ्तर के अंदर बैठकर काम करते नहीं दिखे।



एआरटीओ कार्यालय में पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

### दलालों की फाइलों के लिए समय व स्थान निर्धारित

- **कन्नौज।** एआरटीओ कार्यालय में दलालों की फाइले एक निजी कर्मचारी के पास रुपये समेत जमा की जाती हैं। यह कर्मचारी इन फाइलों को चोरी चुपके तय समय पर एआरटीओ कार्यालय में बाबुओं के पटल पर पहुंचा देता है। बाबू को फोन कर इस की जानकारी देदी जाती है कि संबंधित फाइलें उनके पटल पर रखी है। बाबू पहुंचते ही हस्ताक्षर कर फाइल को आगे बढ़ा देता है।

### जनरल स्टोर की दुकान पर जमा होतीं दलालों की फाइलें

- **कन्नौज।** एआरटीओ कार्यालय के निकट जनरल स्टोर की दुकान है। इस पर निजी कर्मचारी बैठा रहता है। दलाल अपनी फाइल उसे ही रुपयों के साथ सौंप देते हैं। इसके बाद फाइल बाबू को पहुंचा दी जाती है। यह निजी कर्मचारी पूरे दिन यहीं बैठा रहता है, जिससे मीडिया की इन पर नजर न रहे। जाहिर सी बात है अब दुकानों पर विभाग का काम हो रहा है।

### वाहनों की फाइलें निकलने आ रहे निजी कर्मचारी

- **कन्नौज।** वाहनों की स्टोर से फाइलें निकालने के लिये कई वर्षों से दो निजी कर्मचारी एआरटीओ कार्यालय में बिना पगार के काम कर रहे हैं। वह स्टोर से फाइल निकालने के नाम पर 100 से 200 रुपये लेते हैं। कार्यालय का समय निकलने के बाद वह पहुंचते और विधिवत काम करते हैं। यह काम सुबह व शाम निजी कर्मचारियों के हवाले रहता है।

# नियमों के उल्लंघन में निजी स्कूली वाहनों के चालान

**छिबरामऊ कन्नौज।** चेकिंग अभियान के दौरान सोमवार को ट्रैफिक उपनिरीक्षक अरशद अली ने नियमों का पालन न करने वाले प्राइवेट स्कूलों के कई वाहनों के चालान कटे।

उन्होंने बताया कि सोमवार को स्कूली बसों की फिटनेस, बीमा और ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) व अन्य कागज़ों की जांच की। कई स्कूलों के वाहनों के चालान किए गए। स्कूली बसों के सेफ्टी मेजर्स की भी जांच की। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य बच्चों की सुरक्षा को सुनिश्चित करना है। इस कार्रवाई से स्कूल प्रशासन और बस संचालकों को महत्वपूर्ण संदेश मिला है कि वे यातायात नियमों और सुरक्षा मानकों का पालन करें।

## सार-संक्षेप

### गणपति मूर्ति विसर्जन मार्ग का किया निरीक्षण

**कन्नौज।** शहर में गणेश महोत्सव प्रारंभ हो चुका है जो 17 सितंबर तक चलेगा। अंतिम दिवस निकलने वाली विसर्जन यात्रा मार्ग से सभी प्रकार की अड़चनों को दूर करने के लिए नगर पालिका ईओ श्यामेंद्र मोहन चौधरी ने सोमवार को निरीक्षण किया। इस दौरान यात्रा मार्ग देखा तथा गड्ढे इत्यादि भरने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अलियापुर स्थित विसर्जन स्थल पहुंचकर जायजा लिया। यहां बरसात के चलते तालाब में अधिक पानी भरा था जिस पर पंपिंग सेट लगाकर पानी की निकासी कराने के लिए निर्देशित किया। यहां पर मूर्तियों के विसर्जन के लिए गड्ढे आदि कराने की व्यवस्था भी देखी। सभी व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी अवर अभियंता तथा सफाई निरीक्षक को सौंपी है। इस दौरान उनके साथ एसआई संदीप कुमार मौजूद रहे।


मूर्ति विसर्जन को लेकर निरीक्षण करते ईओ श्यामेंद्र मोहन।

### समूह सखी के खिलाफ महिलाओं ने खोला मोर्चा

**कन्नौज।** समूह सखी के खिलाफ स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने मोर्चा खोल दिया है। नियम विरुद्ध कार्य करने व अनियमितताओं का आरोप लगाया है। सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को संबोधित शिकायती पत्र अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को दिया गया है। पत्र में कहा है कि अमोलर के गदनापुर की सभी महिलाएं हैं। गांव में आठ समूह चलते हैं। समूह सखी पूजा तिवारी हैं। महिलाओं ने ब्लॉक स्तर पर किसी भी सूचना व योजना की जानकारी न देने, न ही मीटिंग कराई जाती, राशन वितरण में हेरफेर व तीन की जगह एक बच्चे का ही राशन देने के आरोप लगाए हैं। प्रधान के भी इसमें शामिल होने की शिकायत हुई है। शिकायती पत्र में अध्यक्ष रानी, कोषाध्यक्ष मधु, सचिव पुष्पा, संध्या, लक्ष्मी, पुष्पा, रेशू, साक्षी, फातिमा, प्रेमदेवी व श्वेता के हस्ताक्षर हैं।

# लोहिया अस्पताल: ओपीडी में प्रशिक्षु फार्मासिस्ट लिख रहा बच्चों की दवाएं

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल की महिला यूनिट का हाल बदहाल है। अस्पताल में तैनात चिकित्सक अपने कार्य को लेकर कितने संजीदा हैं इसकी पोल कई बार खुल चुकी है। ताजा मामला महिला अस्पताल की ओपीडी से निकल कर सामने आया है। यहां सोमवार को प्रशिक्षु फार्मासिस्ट बच्चों का उपचार कर दवाएं लिख रहा था।

सोमवार को ओपीडी में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ सुनील अग्रवाल की ड्यूटी थी, लेकिन वह अपने कक्ष से नदारद थे। उनके स्थान पर एक प्रशिक्षु फार्मासिस्ट चिकित्सक की कुर्सी पर बैठकर मरीज देख रहा था। इसके साथ वह बीमार बच्चों को दवाएं भी लिख रहा था। पूछने पर प्रशिक्षु फार्मासिस्ट ने अपना नाम अतुल कुमार बताया। उसने बताया की डॉक्टर राउंड पर गए है, इसलिए वह मरीज देख रहा है। इससे जाहिर होता है कि महिला अस्पताल के चिकित्सक मरीजों के इलाज को लेकर कितना संजीदा है। जहां एक प्रशिक्षु फार्मासिस्ट धड़ल्ले से डॉक्टर के स्थान पर काम करता दिखा। मामले पर सीएमएस डॉ. कैलाश दुल्हानी ने बताया कि चिकित्सक के स्थान पर किसी अन्य के द्वारा दवाएं लिखना गलत है, वह जांच कराकर कार्रवाई करेंगे।


दवा लिख रहा प्रशिक्षु फार्मासिस्ट। अमृत विचार


पर्चा काउंटर पर लगी मरीजो की भीड़। अमृत विचार

**उमड़े मरीज, पर्चा काउंटर पर धक्का-मुक्की :** जिला अस्पताल लोहिया की ओपीडी में सोमवार को बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे। इसके चलते पर्चा काउंटर पर धक्का-मुक्की होती रही। डॉक्टर के कक्ष के बाहर भी बड़ी संख्या में मरीजों की कतार लगी रही। सबसे अधिक भीड़ फिजिशियन के कक्ष में रही। आवास विकास स्थित लोहिया अस्पताल की ओपीडी में सोमवार को 830 मरीजों के पर्चे बनाए गए। सुबह आठ बजे से ही मरीज पर्चा बनवाने के लिए काउंटर पर लाइन में लग गए। महिलाओं की लाइन में भी घुसकर कुछ लोगों ने पर्चे बनवाने का प्रयास किया।

वहां मौजूद सुरक्षा गार्डों ने जब उन्हें रोका तो उनसे तीखी बहस हो गई। जैसे तैसे मरीज पर्चा बनवाकर चिकित्सक के पास पहुंचे तो वहां पर भी लंबी लाइन से उन्हें जूझना पड़ा। इस दौरान मरीज पहले दिखाने को लेकर एक दूसरे को धक्का देने में भी पीछे नहीं रहे। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मनोज पांडे के राउंड पर रहने से मरीज परेशान दिखे।

## सार-संक्षेप


महोत्सव में भाग लेतीं महिलाएं। अमृत विचार

### गली-मोहल्लों में गणेश महोत्सव की धूम

**फर्रुखाबाद।** नगर के गली मोहल्लों में गणेश महोत्सव की धूम मची है। पांडेश्वर नाथ मंदिर, मिट्ठूकुंचा मंदिर, महाकाल मंदिर, वढ़पुर मंदिर, खतरना गणेश मंदिर, कटरा डमरू नाथ विघ्नहरण कमेटी सहित नगर में सैकड़ों स्थानों पर गणपति की स्थापना की गई है। इनमें भक्तों के द्वारा सुबह एवं शाम पूजन एवं आरती के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। नगर के प्राचीन पांडेश्वर नाथ मंदिर में सोमवार को सुंदरकांड पाठ के साथ हवन कर आहुतियां दी गईं। पंडित ओंकार नाथ शास्त्री, आशुतोष मिश्रा, प्रमोद मिश्रा आदि के द्वारा अनुष्ठान किए जा रहे हैं। जगह-जगह पर सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहे हैं। सोमवार को भगवान शिव-पार्वती एवं राधा कृष्ण के स्वरूपों का प्रदर्शन किया गया।

### छात्र को तमंचा दिखाकर नकदी व मोबाइल फोन लूटा

**फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र के गांव करनपुर निवासी सुरेन्द्र सिंह का पुत्र संजेश कुमार सोमवार सुबह लगभग 10 बजे घर से अपनी साइकिल से मोहम्मदाबाद स्थित विद्यार्थी कोचिंग सेंटर में पढ़ने जा रहा था। संजेश नवाबगंज मोहम्मदावाद मार्ग पर कोतवाली मोहम्मदावाद के गांव रोहिला के निकट स्थित रेलबे क्रासिंग के पास पहुंचा। उसी दौरान दो बाईकों पर सवार चार बदमाशों ने तमंचा दिखाकर संजेश कुमार को रोक लिया और उसकी जेब से मोबाइल फोन व 3 सौ रुपए लूट लिए। घटना के बाद वे फरार हो गए। घटना के बाद संजेश ने परिजनों को जानकारी दी। परिजनों ने थाने पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटना स्थल कोतवाली मोहम्मदाबाद का बताकर पीड़ित को वहीं भेज दिया।

### धान के खेत में पहुंचा मगरमच्छ, ग्रामीणों में हड़कंप

**फर्रुखाबाद।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव कुआँ खेड़ा में धान के खेत में अचानक मगरमच्छ पहुंच गया। इससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने मगरमच्छ का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। बता दें कि ग्रामीणों ने मगरमच्छ पकड़ने का प्रयास किया। लेकिन पकड़ने में असफल हुए। वन विभाग की टीम पहुंचने से पहले ही मगरमच्छ बाढ़ के पानी में पहुंच गया और वहाँ से गायब हो गया।


खेत में घुसा मगरमच्छ। अमृत विचार

### जीएसटी विभाग ने पकड़ी तंबाकू से लदी पिकअप

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** जीएसटी विभाग ने जनपद बदायूं जा रही तंबाकू से लदी पिकअप को टीपी चौराहे के पास पकड़ लिया। विभाग ने गाड़ी का भौतिक सत्यापन किया। जांच कर जुर्माना वसूले जाने की तैयारी है। सोमवार तड़के जीएसटी विभाग को सूचना मिली कि एक तंबाकू लदी पिकअप गाड़ी कायमगंज से बदायू जनपद क्षेत्र में जा रही है। इस पर विभाग हरकत में आया। जहां सहायक आयुक्त रामनरेश व अभिषेक मिश्रा टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ट्रांसपोर्ट के समीप पिकअप गाड़ी संख्या यूपी 83एटी 9901को रोक लिया। चालक से प्रपत्र मांगे तो वह मौके पर नहीं दिखा पाया। इस पर टीम वाहन को मंडी ले आई। जहां वाहन को खुलवा कर देखा गया तो उसमें 40 किलो बजन के 50 बोरे तंबाकू ओरछा मिला। सहायक आयुक्त ने बताया कि अभी तक उनके पास माल से संबंधित कोई भी प्रपत्र नहीं आए है। लालू तिवारी नाम का एक व्यक्ति सामने आया था जो माल का मालिक बता रहा है लेकिन अभी कोई कागज नहीं दिए है। उन्होंने बताया कि मंडी शुल्क भी नहीं दिखा पाए है। आंकलन किया जा रहा है। जुर्माना लगाया जाएगा।


मंडी में खड़ी पिकअप। अमृत विचार

### चंडीगढ़ जा रही डीसीएम मामले में जल्द लगेगा जुर्माना

**कायमगंज।** 5 सितंबर की रात जीएसटी विभाग ने पुलिस बल के साथ कायमगंज कटिया मार्ग पर तंबाकू से भरी डीसीएम संख्या यूपी 76 टी 7985 पकडी थी जिसमें आधार कार्ड पर माल चंड़ीगढ़ भेजा रहा था। टीम को 50 हजार के कम के बिल दिखाए गए थे ।सोमवार को टीम ने माल का भौतिक सत्यापन किया। सहायक आयुक्त ने बताया संबंधित फर्म ने ओरछा, नस दाना, नस लकड़ी के 135 बैग 1 लाख 48 हजार 8 सौ 97 की कीमत दिखाई है। सोमवार को माल का भौतिक सत्यापन किया गया। अभी तक फर्म के प्रोपराइटर सामने नहीं आए है। एसी ने बताया कि जांच की जा रही है। जुर्माना लगाया जाएगा।

### महिला अस्पताल की लैब में थैलेसीमिया की जांच शुरू

**फर्रुखाबाद।** थैलेसीमिया अनुवांशिक बीमारी से बचाव के लिए जिला अस्पताल महिला यूनिट की लैब में जांच शुरू हो गई। अपग्रेडेशन के बाद मशीन से जांच की जा रही है। अभी तक पांच मरीजों की जांच की जा चुकी है। थैलेसीमिया की जांच अभी तक जिले में किसी सरकारी अस्पताल में संभव नहीं थी। जब नवजात शिशु की थैलेसीमिया की जांच चिकित्सक कराने को कहते थे तो तीमारदारों को निजी लैब में मोटी रकम खर्च करनी पड़ती थी। इस समस्या का अब समाधान हो गया है। महिला अस्पताल की लैब में थैलेसीमिया की जांच शुरू हो गई है। लैब प्रभारी ने बताया कि अभी तक पांच सैंपल लगाये जा चुके हैं। यह जांच चिकित्सक की सलाह पर ही की जा रही है। बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अनुज दीक्षित ने बताया कि थैलेसीमिया एक अनुवांशिक बीमारी है। इससे सबसे बेहतर बचाव है कि शादी से पहले नव दंपति की थैलेसीमिया की जांच कराएं। अगर यह बीमारी किसी नवजात बच्चे में पाई जाती है तो उसे लगातार खून चढ़ाने की जरूरत पड़ती है और उसकी हालत लगातार खराब रहती है। इसका बचाव जागरूकता ही है।


अस्पताल में लगाई गई जांच मशीन।

### सांसद ने बीएसए के साथ विद्यालय का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गौतम प्रसाद के साथ सांसद मुकेश राजपूत ने बढ़पुर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ऑगनबाड़ी केंद्र, नगला कलार एवं ब्लॉक मोहम्मदाबाद के प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय पिपरगांव का निरीक्षण किया एवं शिक्षा संबंधी व्यवस्थाओं को परखा । बच्चों के साथ भोजन किया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत वीरपुर हरिहरपुर, तहसील अमृतपुर, जनपद फर्रूखाबाद**

आवासीय पट्टा आवंटन हेतु सूचना

सभी ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 06/09/2024 को आवासीय पट्टा आवंटन हेतु प्रस्तावित बैठक अब 15/09/2024 दिन रविवार को दोपहर 12 बजे आंगनवाड़ी केन्द्र हरिहरपुर मे आहूत की जाएगी। जिसमे सभी ग्रामवासी उपस्थित रहकर प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

रजनी देवी, ग्राम प्रधान
सतेंद्र सिंह, लेखपाल
ग्राम पंचायत वीरपुर हरिहरपुर, तहसील– अमृतपुर, जनपद– फर्रूखाबाद

## एक नजर

### खेत में चारा लेने गए अधेड़ को सांप ने डसा

**फर्रुखाबाद।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव पचरोली महादेवपुर निवासी मैकू लाल का 55 वर्षीय पुत्र सीताराम खेत पर जानवरों के लिए चारा लेने गया हुआ था। खेत में ही सीताराम को पैर में सांप ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज ले गए, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर भानु प्रताप सिंह ने बताया कि सीताराम को लाया गया है। भर्ती कर डॉक्टर की निगरानी में रखा गया है।

### पारिवारिक कलह में महिला ने खाया जहरीला पदार्थ

**फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र निवासी आलोक कुमार की 28 वर्षीय पत्नी गायत्री का घर में किसी बात को लेकर विवाद हो गया तभी गुस्से में आकर महिला गायत्री ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। घर वालों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज में भर्ती कराया गया जहां से उसे जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल लोहिया में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर वैभव यादव ने बताया कि गायत्री को लाया गया है। हालत गंभीर है । भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया है।

### फर्जी कर्मियों के नाम से वेतन भुगतान की जांच शुरू

**फर्रुखाबाद।** नलकूप खंड कार्यालय में तैनात रहे बरिष्ठ सहायक मनोज कुमार ने नवंबर 2021 से जून 2022 तक पांच फर्जी कर्मचारियों के नाम से 16 लाख से अधिक वेतन निकाल लिया था। मनोज कुमार के खिलाफ फतेहगढ़ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मनोज कुमार वर्तमान में निलंबित है और कन्नौज नलकूप खंड कार्यालय में संबद्ध है। उससे करीब 11 लाख रुपये जमा करा लिए गए है। फर्जी वेतन भुगतान की जांच को कमेटी बनाई थी । सोमवार को अधीक्षण अभियंता नलकूप ने टीम के साथ नलकूप खण्ड कार्यालय पहुंच कर जांच पड़ताल की ।

### एक को जहरीले कीड़े ने काटा, गंभीर

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** नगर से सटे गांव कटरा रहमत खा निवासी तज्जन खां को जहरीले कीड़े काट लिया। उसकी चीख सुनकर परिजन मौके पर दौड़े और उसे अस्पताल लेकर आए जहां उसका इलाज किया गया।

### महिला को सांप ने डसा हालत गंभीर

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कंपिल नगर के मोहल्ला चौधरियान निवासी अंजना यादव को जहरीले सांप ने डस लिया। उसकी चीख सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे अस्पताल लेकर आए। जहां उसका इलाज किया गया।

# पानी भरे खड्ड में गिरा टेंपो, नौ सवारियां डूबीं

## फायर कर्मचारियों ने रेस्क्यू ऑपरेशन चला कर सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** फर्रुखाबाद बदायूं स्टेट हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से टेंपों बाढ़ के पानी से भरे खड्ड में जा गिरा। हादसे में टेंपो में सवार नौ सवारियां पानी में डूब गईं जिससे मौके पर हड़कंप मच गया। पास ही स्थित अग्निशमन कार्यालय पर मौजूद कर्मचारियों ने जान पर खेल कर सभी नौ लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। पांच घायलों को सीएचसी राजेपुर में भर्ती कराया गया है।

थाना राजेपुर क्षेत्र में बदायूं मार्ग पर टेंपो सवारियो को लेकर शहर जा रहा था। आईटीआई कालेज के सामने तेज रफ्तार ट्रक ने टेंपो में टक्कर मार दी जिससे टेंपो उछलकर बाढ़ के पानी से भरे खड्ड में जा गिरा। चालक सहित नौ सवारियां डूबने लगीं। चीख पुकार सुनकर पास में बने अग्निशमन कार्यालय में मौजूद फायर कर्मचारी मौके पर आ गए।

रस्सी डालकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। चंद मिनट के अंदर सभी सवारियों को बाहर निकाल लिया गया। सूचना पर थाना पुलिस भी आ गई। पांच सवारियों को चोट आने की वजह से सीएचसी राजेपुर में भर्ती करवाया गया। एक महिला की हालत गंभीर होने पर उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। कई घंटे की मशक्कत के बाद जेसीबी से क्षतिग्रस्त टेंपो को बाहर निकाला जा सका।


सीएचसी में भर्ती लोग व मौजूद तीमारदार। अमृत विचार

- फर्रुखाबाद बदायूं हाईवे पर हुआ हादसा
- तेज रफ्तार ट्रक ने मारी थी टक्कर
- पांच लोग घायल, महिला गंभीर

### मार्ग दुर्घटना में पांच घायल, हालत गंभीर

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** जनपद शाहजहांपुर के थाना परौर निवासी रणबीर अपनी मां राममूर्ति व पुत्र अभि के साथ बाइक से कायमगंज आ रहा था। तभी अचानक काकर नगला के पास साइकिल सवार को बचाने में उसकी मोटरसाइकिल फिसल गई जिसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया जहां उनका इलाज किया गया। एक अन्य समाचार के अनुसार जनपद एटा के थाना राजा के रामपुर के गांव का गढ़वा निवासी वाजिद अली बाइक से कंपिल आ रहे थे तभी गांव समोदिया के पास बुजुर्ग अली हसन उसकी बाइक से टकरा गया। आसपास के लोगों ने दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां अली हसन को प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।


जाम में फंसी एंबुलेंस। अमृत विचार

## जाम में घंटों फंसी रहीं दो एंबुलेंस

संवाददाता, कायमगंज फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** तहसील रोड पर लगे जाम में तीन एंबुलेंस घंटों फंसी रहीं। एंबुलेस में लेटे मरीज तड़पते रहे। नगर में स्थित सीएचसी के बाहर आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है। जाम की वजह से मरीजों को लाने व ले जाने वाली एंबुलेस घंटों जाम में फंसी रहती हैं। इससे मरीजों व उनके साथ आए तीमारदारों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। इस सड़क पर सिविल कोर्ट, तहसील व अस्पताल है जिसकी वजह से यह मार्ग काफी व्यस्त रहता है। मार्ग संकरा भी है। सड़क के किनारे खड़े होने वाले आड़े तिरछे वाहन जाम का कारण बनते है। वहीं जल्दी निकलने की होड़ में लोग यातायात के नियम भूल जाते हैं। इससे दूसरी ओर से आ रहे वाहनों को निकलने की जगह नहीं रहती है। सोमवार को भी तहसील रोड पर कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला। जाम में तीन एंबुलेस घंटों फंसी रहीं जिससे मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जाम में फंसी दो एंबुलेंस सीएचसी से मरीज को लेकर लोहिया अस्पताल जा रही थीं, जबकि एक एंबुलेंस में मर्जी को सीएचसी लाया जा रहा था।

## आरबीएसके टीम में लगी गाड़ी में घुसे बंदर ने दवाएं नष्ट की

संवाददाता, कायमगंज फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** आरबीएसके टीम में लगी गाड़ी सीएचसी में खडी थी। गाड़ी की खिड़की खुली थी। बंदर गाडी के अन्दर घुस गए। बंदरो ने दवाएं नष्ट कर दी और प्रपत्र फाड़ दिए। अधीक्षक बोले, ड्राइवर गाडी का निजी प्रयोग कर रहा था।

सोमवार को आरबीएसके टीम में लगी एक गाड़ी सीएचसी में खड़ी थी। गाड़ी की खिड़की खुली थी। तभी गाड़ी के अन्दर बंदर घुस गए। बंदरों ने गाड़ी के अन्दर रखे प्रपत्रों को फाड़ दिया। गाड़ी के अन्दर रखी दवाओं व सीरप को भी बंदरों ने नष्ट कर दिया। बन्दर सीरप व दवाओं को खोलकर पीने लगे। सूचना अधीक्षक डॉ. शोभित की दी गई। अधीक्षक ने फौरन मौके पर फार्मासिस्ट व अन्य कर्मचारियों को भेजा। उन्होने मौके पर पहुंच कर जांच की तो देखा गाडी के शीशे खुले हुए थे। गाड़ी के अन्दर रखी हुई दवाएं व सीरप फैले हुए पडे थे। कुछ सीरप व दवाएं सड़क पर फैली थीं तो कुछ गाड़ी की छत व कुछ स्टोर की छत पर फैली हुई थीं। मौके पर पहुंचे ड्राइवर राकेश ने बताया कि वह घर के मरीज को सीएचसी लेकर आया था। किसी तरह गाड़ी का शीशा खुला रह गया।



गाड़ी में फैली पड़ीं दवाएं। अमृत विचार

## नहीं रहे डॉ.ब्रह्मदत्त अवस्थी

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- न केवल साहित्यकार थे, बल्कि समाजसेवी भी थे डॉ. ब्रह्मदत्त अवस्थी

**अमृत विचार।** राष्ट्रवादी विचारधारा के प्रखर प्रवक्ता विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़े वरिष्ठ साहित्यकार डा. ब्रम्हदत्त अवस्थी का सोमवार सुबह 10.30 पर लखनऊ के अपोलो अस्पताल में निधन हो गया । 91 वर्षीय डॉ. अवस्थी ने अपने जीवनकाल में विभिन्न आंदोलनों में सक्रिय भूमिका निभाई और समाज को अपने साहित्य और विचारों से निरंतर प्रेरित किया। उनके निधन से न केवल साहित्यिक जगत बल्कि राष्ट्रवादी आंदोलन से जुड़े सभी लोगों में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके पुत्र वरिष्ठ भाजपा नेता प्रभात अवस्थी ने यह जानकारी दी।


ब्रह्मदत्त अवस्थी।

श्री ब्रह्मदत्त अवस्थी ने संघ के कई महत्वपूर्ण आंदोलनों में अग्रणी भूमिका निभाई, जिसमें अयोध्या आन्दोलन प्रमुख रहा। राम जन्मभूमि मुक्ति के लिए किए गए संघर्षों में उनकी भागीदारी महत्वपूर्ण रही।

वे सदैव राम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने वाले व्यक्ति के रूप में पहचाने जाते रहे। डा. अवस्थी ने हिंदी साहित्य में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने राष्ट्रवादी और सामाजिक मुद्दों पर कई पुस्तकें लिखीं, जिनमें 'राम राज्य का संकल्प' और संघ का संघर्ष' आज भी संघ कार्यकर्ताओ को प्रेरित करती हैं। उनकी लेखनी में सदैव देशप्रेम, धर्मनिष्ठ, और सामाजिक चेतना की झलक देखने को मिलती थी। साहित्य जगत में उन्हें एक मनीषी के रूप में जाना जाता था।

डॉ. अवस्थी न केवल साहित्यकार थे, बल्कि समाजसेवी भी थे। वे कई वर्षों तक संघ की विभिन्न शाखाओं में कार्यरत रहे और समाज में युवाओं को प्रोत्साहित करते रहे। उनके निधन की सूचना मिलते ही संघ परिवार, साहित्य जगत और उनके अनुयायियों में गहरा शोक फैल गया है। संघ के वरिष्ठ नेताओं ने उनके निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। उनके करीबी मित्रों ने कहा, डॉ. अवस्थी सदैव एक सच्चे राम भक्त और देशभक्त के रूप में जाने जाते रहेंगे। उनका जाना व्यक्तिगत और सामाजिक दोनों स्तरों पर बड़ा नुकसान है।

**मुसीबत कम नहीं** — नरौरा बांध से 77233 क्यूसेक, बिजनौर बैराज से 58580 क्यूसेक, हरिद्वार बैराज 78035 क्यूसेक पानी गंगा में छोड़ा गया

# जलस्तर घटने के बाद भी गंगा चेतावनी रेखा के पार

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** गंगा का जलस्तर सोमवार को 5 सेंटीमीटर घटकर खतरे के निशान के करीब 136.85 मीटर पर पहुंच गया है। गंगा का खतरे का निशान 137.10 मीटर दर्ज है।

केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक नरौरा बांध से 77233 क्यूसेक, बिजनौर बैराज से 58580 क्यूसेक, हरिद्वार बैराज 78035 क्यूसेक पानी गंगा में छोड़ा गया है। इससे गंगा का जलस्तर और बढ़ने की आशंका है। उधर रामगंगा का जलस्तर 5 सेंटीमीटर घटकर समुद्र तल से 134.70 मीटर ऊंचाई पर स्थिर है जो चेतावनी बिंदु 136.60 से 190 सेंटीमीटर नीचे है। खोह, हरेली, रामनगर बैराज से 6610 क्यूसेक पानी रामगंगा में छोड़ा गया है इससे रामगंगा के जलस्तर पर कोई प्रभाव नहीं पड़ने की संभावना है। तहसील क्षेत्र के दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट मे हैं जिससे लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो गई है। गांवों मे चारों तरफ बाढ़ का पानी भरे होने से ग्रामीणों को सबसे अधिक डर सर्प आदि जहरीले कीटों का है। बाढ़ प्रभावित गांवों के लोगो के घरों मे अक्सर सर्प दिखाई पड़ रहे हैं। पानी का जलस्तर कम हो रहा है परंतु गंगा नदी का जलस्तर अभी भी चेतावनी बिंदु पर बह रहा है जिससे लोगों को अभी भी बाढ़ का डर सता रहा है।

वहीं राजाराम, विनोद, सल्लू, प्रदीप, हरिभान आदि किसानों का कहना है बाढ़ और वर्षा की वजह से आलू की अगैती फसल नहीं हो पाएगी जिसका असर लोगों की आर्थिक स्थिति पर पड़ेगा। तीसराम की मड़ैया, मंझा की मड़ैया, मड़ैया तौफीक, सैदा की मड़ैया, आशा की मड़ैया, उदयपुर, सबलपुर ,कंचनपुर, लाइकपुर, जगतपुर, अंबरपुर, चित्रकूट आदि गांवों मे बाढ़ का पानी भरा हुआ है।


कटे सम्पर्क मार्ग से गुजर रहे लोग। अमृत विचार

**137.10** मीटर पर है गंगा का खतरे का निशान

**136.85** मीटर पर है गंगा का जलस्तर

- पानी कम हुआ दुश्वारियां नहीं, जहरीले कीड़ों का खतरा बढ़ा

## धूमधाम से मनाया गया बलदाऊ भैया का जन्मोत्सव

**फर्रुखाबाद।** प्राचीन मंदिर श्री दाऊजी महाराज का परंपरागत उत्सव सोमवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रातःकाल मंगला दर्शन आरती प्रसाद वितरण किया गया। दोपहर 12:00 बजे विद्वान पंडित रमेश चंद्र त्रिवेदी, कृष्णकांत गुप्ता, शशि कांत गुप्ता पंकज राजदीप, नरेंद्र ने विधिवत दूध, दही, शहद, गंगाजल पंचामृत के साथ अभिषेक किया। पंडित शशांक मिश्रा, पंडित रमेश त्रिवेदी, पंडित सतीश चंद्र शुक्ला, गोपाल मिश्रा ने स्वस्ति वाचन किया। आनंद कुमारी गुप्ता, श्वेता गुप्ता, सोनी, पूजा ने मंगल गीत गाये। उत्तम वर्मा ,पप्पन वर्मा, सूर्यकांत, मणिकांत गुप्ता, निर्मल दीक्षित रहे।

# वंदे भारत का इंजन फेल होने से साढ़े 3 घंटे बाधित रहा ट्रैक

## कई ट्रेनें हुईं लेट, यात्रियों को परेशानियों का करना पड़ा सामना, यात्रियों को दूसरी गाड़ियों से उनके गंतव्य को भेजा गया

संवाददाता भरथना, इटावा

**अमृत विचार।** नई दिल्ली से वाराणसी जा रही हाईस्पीड वंदे भारत ट्रेन का इंजन फेल हो जाने से डाउन ट्रैक पर साढ़े 3 घंटे तक ट्रेनों का आवागमन पूरी तरह से ठप रहा। तकीनीकी टीम की कोशिशों के बाद भी इंजन में आई खराबी को ठीक नहीं किया जा सका।

बाद में वंदे भारत को मालगाड़ी के इंजन से खींचकर भरथना स्टेशन के लूप लाइन तक पहुंचाया गया। इसके चलते आनंद बिहार से अयोध्या जाने वाली वंदे भारत भी भरथना स्टेशन पर खड़ी रही। शताब्दी सहित अन्य गाड़ियों को इटावा जसवंतनगर आदि पीछे के स्टेशनों पर रोका गया। इससे सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजकर 28 मिनट तक लगभग साढ़े 3 घंटे तक डाउन ट्रैक पर ट्रेनों का संचालन पूरी तरह से ठप रहा। इंजन में लगे पेंटो में खराबी आने से वंदे भारत मेन डाउन ट्रैक पर खड़ी हो गई।



भरथना स्टेशन पर खड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस। अमृत विचार

### अतिरिक्त इंजन की मदद से ले जाई गई वंदे भारत

रेल प्रशासन ने कई घंटे के बाद एक इंजन मंगवाया। भरथना पूर्वी आउटर पर खड़ी दिल्ली वाराणसी वंदे भारत ट्रेन को टोचिंग कर खींचकर भरथना स्टेशन की लूप लाइन पर लाकर खड़ा करा दिया।

### यात्रियों ने किया हंगामा

डाउन मेन लाइन पर आगे इंजन फेल खड़ी वंदे भारत ट्रेन को खींचकर पीछे स्टेशन की डाउन लूप लाइन पर लाकर जैसे ही खड़ा किया गया। इसी बीच ट्रेन में सवार रेल यात्रियों ने स्टेशन अधीक्षक व स्टेशन मास्टर के कार्यालय पर पहुंचकर हंगामा शुरू कर दिया। वंदे भारत ट्रेन के यात्रियों का कहना था, कि समय से पहुंचने के उद्देश्य से व्यापारी और जरूरत मंद महंगा टिकट खरीद कर इस ट्रेन में सफर करता है, जिसकी यह दशा है और रेल प्रशासन मुक दर्शक बना हुआ है। रेल यात्रियों ने रेल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया।

### राज्यसभा सदस्य गीता शाक्य भी ट्रेन में फंसी

- राज्यसभा सदस्य गीता शाक्य सोमवार को दिल्ली से कानपुर पार्टी के एक कार्यक्रम में भाग लेने वंदे भारत से यात्रा कर रहीं थीं, लेकिन ट्रेन का इंजन फेल हो जाने के कारण राज्यसभा सांसद शाक्य भी ट्रेन में फंसी रह गई, जब काफी समय तक इंजन ठीक होता नहीं दिखा तो सांसद शाक्य ने भरथना निवासी अपने परिचित को फोन कर अवगत कराया तब उसने अपनी कार भेजकर राज्यसभा सांसद को कानपुर पार्टी के कार्यक्रम में पहुंचाया।

### वंदे भारत के यात्री घण्टों रहे परेशान

- भरथना के आउटर पर और स्टेशन पर घण्टों से खड़ी दोनो वंदे भारत ट्रेनों के कारण दिल्ली से कानपुर, लखनऊ और वाराणसी तक यात्रा कर रहे सैकड़ों रेल यात्री चाय, नाश्ता, जल पान और अन्य खाने पीने की वस्तुओं के लिए परेशान होते देखे गए, लेकिन भरथना छोटी स्टेशन होने के कारण यात्रियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार खाने पीने की वस्तु नहीं मिल सकी।

### भरथना रेलवे फाटक पांच दिन रहेगा बंद

- **भरथना, इटावा।** दिल्ली-हावड़ा रेलमार्ग स्थित भरथना रेलवे स्टेशन की पूर्वी केबिन रेलवे फाटक संख्या- 20बी ट्रैक मरम्मत के चलते 13 सितम्बर तक लगातार पांच दिन बंद रहेगा। सीनियर सेक्शन इंजीनियर (पीवे) उत्तर मध्य रेलवे इटावा द्वारा जारी पत्र के माध्यम से मिली जानकारी के अनुसार भरथना नगर स्थित मुहल्ला तिलक रोड व मोतीगंज को जोड़ने वाला भरथना रेलवे स्टेशन का रेलवे फाटक संख्या- 20बी ट्रैक मरम्मत (स्लीपर रिनुअल) कार्य के चलते 9 सितम्बर से 13 सितम्बर तक लगातार पांच दिन बन्द रहेगा।

### शताब्दी में शिफ्ट किए गये यात्री

- भरथना के पूर्वी आउटर पर और स्टेशन पर घण्टों से खड़ी दोनो वंदे भारत ट्रेनों के यात्रियों द्वारा हंगामा करने के बाद रेल प्रशासन ने कई घंटे बाद मेन डाउन लाइन पर खड़ी ट्रेन संख्या 22424 वंदे भारत में कुछ यात्रियों को शिफ्ट कर ट्रेन को रवाना किया गया, फिर इसके पीछे आ रही शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन में शेष बचे यात्रियों को गंतव्य के लिए रवाना किया। दोनो वंदे भारत ट्रेनों के यात्रियों के जोरदार हंगामा के बाद जैसे ही रेल प्रशासन ने रेलवे ट्रैक का यातायात दुरुस्त किया। यात्रियों को अन्य ट्रेनों में शिफ्ट करने की सूचना इंक्वारी से जारी हुई ट्रेनों में सवार और ट्रेनों के बाहर खड़े यात्रियों में अफरा तफरी मच गई। हालांकि प्रशासन ने पहले से मेन लाइन पर खड़ी वंदे भारत में कुछ यात्रियों को शिफ्ट किया बाद में पीछे से आई सुपरफास्ट शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन में शिफ्ट कर सभी यात्रियों को गंतव्य के लिए रवाना किया।

# ट्रैक्टर की टक्कर लगने से भट्ठा मजदूर की गई जान

संवाददाता बकेवर, इटावा

**अमृत विचार।** लवेदी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत लखना चकरनगर मार्ग पर ग्राम दाउदपुर के समीप तेजी से आ रहे ट्रैक्टर ने भट्ठा मजदूर को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर को भगा ले जाने में सफल रहा। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

आरआर ईंट उद्योग दाउदपुर पर काम करने वाले मजदूर छोटेलाल निवासी ओझाऊ जिला नालन्दा बिहार रविवार की शाम को लखना से बाजार कर अपने भट्टे पर जा रहा था। जैसे ही वह बम्बा से मुड़ा तो अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट में आने से उसे टक्कर लग गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। लखना चकरनगर मार्ग पर खोखा रखे दुकानदारों ने इस मामले की जानकारी लवेदी थाना पुलिस को दी। ईट भट्ठा मालिक हरिओम महेश्वरी ने बताया कि मजदूर ईट पाथने का काम करता था। बरसात होने के कारण काम बंद है। इसलिए मजदूर झोपड़ियों में रुके हुए हैं।

### ट्रक की चपेट में आने से दंपति व बेटा घायल

**इटावा।** बढ़पुरा थाना क्षेत्र के गांव नगला गौर के पास ट्रक की चपेट में आने बाइक सवार पति पत्नी व उनका दो वर्षीय पुत्र घायल हो गया। एंबुलेंस के द्वारा इलाज के लिए घायलों को सीएचसी उदी पर भिजवाया गया। जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने पर तीनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बढ़पुरा थाना क्षेत्र के ग्राम मदायन निवासी राजवीर पुत्र गजराज अपनी पत्नी आंचल और दो वर्षीय बेटे सूरज के साथ बाइक पर सवार होकर अपनी पत्नी के लिए दवाई लेने जा रहे थे। तभी रास्ते में उक्त थाना क्षेत्र के अंतर्गत इटावा ग्वालियर मार्ग पर स्थित ग्राम नगलागौर के पास बाईक आर्मी के ट्रक से टकरा गई, हादसे में तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने ऐंबुलेंस के द्वारा तीनों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी उदी भेज दिया। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## एक नजर

### सांसद जितेंद्र दोहरे ने इलाज के लिए दिलाई आर्थिक मदद

**इटावा।** सपा सांसद जितेंद्र दोहरे ने पूर्व सभासद मनोज कुमार वर्मा के इलाज के लिए प्रधानमंत्री सहायता कोष से दो लाख पच्चीस हजार की आर्थिक मदद प्रदान करवाई। पूर्व सभासद मनोज कुमार वर्मा पिछले काफी समय से कैंसर की गंभीर बीमारी से ग्रसित हैं। सांसद जितेंद्र दोहरे ने प्रधानमंत्री कार्यालय भारत सरकार को पत्र लिखकर इलाज के लिए आर्थिक मदद के लिए अनुरोध किया था। जिस पर प्रधानमंत्री कार्यालय भारत सरकार ने मनोज के इलाज के लिए मेदांता अस्पताल में रुपया जारी कर दिया है। पूर्व सभासद एवम सपा नेता आशीष पटेल ने सांसद इटावा जितेंद्र दोहरे का आभार व्यक्त किया।

### नहर पुल से मिले अज्ञात शव की हुई शिनाख्त

**जसवंतनगर, इटावा।** शनिवार देर शाम को सिरहौल नहर पुल से एक अज्ञात शव मिला था। अब शव की शिनाख्त हो गई है। यह शव कुरसेना गांव के 62 वर्षीय श्री लाल यादव का है। श्री लाल यादव के परिवार ने शव की शिनाख्त की। पुलिस ने शव को मोर्चरी भेज दिया था और अब परिवार को सौंप दिया जाएगा। श्री लाल यादव घर से कहीं चले गए थे और उनका शव नहर पुल से मिला था। परिवार ने शव की शिनाख्त कर ली है।

### तमंचा लोड करते रील बनाने में युवक गिरफ्तार

**इटावा।** तमंचा लोड करते रील बनाना युवक के लिए गिरफ्तारी का सबब बन गया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने उसे तमंचा व कारतूस सहित पकड़ लिया साथ ही अन्य असलहों की तलाश की जा रही है। अमृत विचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है लेकिन इसकी चर्चा व्यापक हो गई। एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि रविवार को सोशल मीडिया सेल प्रभारी यशोदा रानी, अभय शुक्ला ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर युवक को तमंचा लोड करते हुए देखा तो उसकी गहनता से छानबीन की गई। इसके तहत सटीक सूचना पर फ्रेंड्स कॉलोनी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बलराम मिश्र ने फोर्स के साथ घेराबंदी करके रात पौने नौ बजे जुगरामऊ चौराहा के पास थाना बकेवर क्षेत्र में गांव ढकाताल के शिवांशु राजपूत को अवैध तमंचा कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया गया। अन्य तमंचों कारतूसों की तलाश की जा रही है।

# कुंडेश्वर मेला हमारे पूर्वजों की धरोहर : विधायक

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** बढ़पुरा पारपट्टी क्षेत्र के अति प्राचीन कुंडेश्वर महादेव धाम पर प्रतिवर्ष भाद्र माह की मौर छठ से लगने वाले पंद्रह दिवसीय मेले का सोमवार को सदर विधायक सरिता भदौरिया ने हवन -पूजन के बाद फीता काटकर उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि कुंडेश्वर महादेव धाम अति प्राचीन धरोहर है। यहां लगने वाला मेला पूर्वजों की परंपरा है, जिसे संजोए रखना हम सभी का दायित्व है। इस प्राचीन धरोहर के सरंक्षण व विकास के लिए हम हमेशा प्रयासरत भी हैं। सदर विधायक ने कुंडेश्वर महादेव धाम को पर्यटन स्थल का दर्जा दिलाने के साथ यहां काफी विकास भी कराया है। पर्यटन विभाग के सौजन्य से विशाल पर्यटक भवन का निर्माण एवं विशाल परिसर का सौंदर्यीकरण भी कराया गया।



कुंडेश्वर मेला का उदघाटन करतीं विधायक सरिता भदौरिया। अमृत विचार

- **मौर छठ मेला का विधायक सरिता भदौरिया ने फीता काटकर किया उद्घाटन**

विधायक निधि के अलावा क्षेत्र पंचायत आदि के माध्यम से यहां स्थित विशाल तालाब को वृहद तरीके से सुंदरता प्रदान की गयी है। परंपरा के अनुसार आज मौर छठ के दिन नव दंपतियों द्वारा तालाब में मौर -मौरी का विसर्जन किया जाता है।

इस अवसर पर कुंडेश्वर महादेव धाम समिति के अध्यक्ष अजय भदौरिया, उपाध्यक्ष पूर्व प्रधान गोल्डी जादौन, महामंत्री हरपाल भदौरिया, कोषाध्यक्ष योगेंद्र जादौन, स्वामी प्रदीपानंद महाराज सहित तमाम पदाधिकारियों ने स्वागत किया। विधायक के साथ भाजपा नेता एम पी सिंह तोमर, अशोक चौहान, देवप्रताप भदौरिया, बबुआ ठाकुर, राजेश प्रजापति, राकेश भदौरिया, प्रधान जीतू भदैरिया, किशोर भदौरिया, मंजू भदौरिया, संजय प्रताप भदौरिया, रामकुमार भारद्वाज आदि नेता गण मौजूद रहे।

# महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**बसरेहर, इटावा।** थाना चौबिया के अंतर्गत ग्राम पंचायत बीना में पति-पत्नी के आपस में विवाद होने के बाद पत्नी ने फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली।

जानकारी के अनुसार आरती देवी उम्र 25 साल का अपने पति सुदेश कुमार निवासी बीना से कल रात्रि में झगड़ा हो गया था। झगड़े का कारण पति घर में मांसाहारी भोजन बनाना चाहता था इसी बात का पत्नी ने विरोध किया तो दोनों का आपस में झगड़ा हुआ। इसके बाद पति ने मांसाहारी भोजन बनाकर खाने के बाद घर से बाहर चला गया। पत्नी आरती देवी घर के अंदर बने कमरे में गई और पंखे के सहारे दुपट्टा द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रात्रि में पति घर पर लौटा तो यह सब देखकर दंग रह गया। आसपास के ग्रामीण एकत्रित हो गए। घटना की जानकारी थाना चौबिया पुलिस को दी गई।



सीबीए के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल तिवारी व महामंत्री अरूण गुप्ता। अमृत विचार

# अनिल तिवारी अध्यक्ष व अरुण गुप्ता बने महामंत्री

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** सिविल बार एसोसिएशन का चुनाव सोमवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन हुआ।

मतगणना में अनिल कुमार तिवारी अध्यक्ष तथा अरुण कुमार गुप्ता को महामंत्री के पद पर विजेता घोषित किया गया। मतगणना में अध्यक्ष पद पर अनिल कुमार तिवारी को कुल 67 वोट मिले जबकि उनके प्रतिद्वंदी संजय कुमार दुबे को 62 वोट मिले। अनिल तिवारी को पांच मतों से विजई घोषित किया गया। महामंत्री के पद पर अरुण कुमार गुप्ता 70 वोट पाकर चुनाव जीते जबकि उनके विपक्षी रामकुमार दुबे को 36 वोट मिले। कोषाध्यक्ष के पद पर ममता शाक्य निर्विरोध निर्वाचित हुई। एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह तथा सदस्य धर्मेंद्र कुमार, गोवर्धन सिंह वर्मा, आत्माराम मिश्रा, मनोज कुमार मिश्रा, ने शांतिपूर्ण मतदान कराए जाने पर देवेंद्र कुमार गुप्ता राजेश कुमार राजपूत, गोपाल जी अग्रवाल, सतीश चंद्र चतुर्वेदी, ज्ञान बाबू अग्रवाल एडवोकेट को बधाई दी है।

# भविष्य बनाने के लिए लक्ष्य निर्धारित करें

संवाददाता बकेवर, इटावा

**अमृत विचार।** जनता कॉलेज बकेवर में सेवायोजन प्रकोष्ठ और करियर काउंसिलिंग के तहत बीएससी (कृषि) अन्तिम वर्ष व उत्तीर्ण छात्र- छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य को बनाने के लिए क्रिस्टल क्रॉप प्रोडक्शन लिमिटेड कंपनी में प्लेसमेंट के लिए लिखित परीक्षा एवं पर्सनल इंटरव्यू का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो राजेश किशोर त्रिपाठी के नेतृत्व में गोष्ठी हुई। करियर काउंसिलिंग के संयोजक डॉ संजय कुमार विश्वकर्मा ने क्रिस्टल क्रॉप प्रोडक्शन लिमिटेड कंपनी के सभी अधिकारियों का स्वागत किया। क्रिस्टल क्रॉप प्रोडक्शन लिमिटेड कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक चंद्रशेखर यादव ने बताया कि बेहतर भविष्य के लिए काफी संभावनाएं है। प्रो धर्मेंद्र कुमार ने सभी कम्पनी के अधिकारी व कर्मचारियों का फूलों की माला से स्वागत किया। डॉ. मनोज यादव ने कम्पनी व छात्रों का परिचय कराया। कम्पनी ने पहले लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का साक्षात्कर किया गया। रोजगार कार्यक्रम में 86 छात्र - छात्रों ने भाग लिया। जिनमे से 09 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। कार्यक्रम में क्रिस्टल क्रॉप प्रोडक्शन लिमिटेड कम्पनी के शुभम कटियार, ईश कटियार, कॉलेज के शिक्षणेत्तर कर्मचारी संदीप कुमार, रुस्तम बाबू, मनोज दीक्षित और आकाश चौधरी तथा जिन छात्रों का अंतिम चयन हुए उनका नाम इस प्रकार है। हर्ष राजपूत, राघव सिंह चौहान, उज्जवल पोरवाल, अमन कुमार, विनय शाक्य, शिवम यादव, जीतू, विकाश यादव और रजत शर्मा है।



करियर काउंसिलिंग में भाग लेते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

- **जनता कालेज में करियर काउंसिलिंग का हुआ आयोजन**

## सार-संक्षेप

### अंशुल यादव ने व्यक्त किया शोक

**महेवा, इटावा।** जिला पंचायत अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के अनुज अभिषेक उर्फ अंशुल यादव ने क्षेत्रीय सपा नेताओं के साथ कई गावों में पहुंचकर लोगों के सुख दुख में भाग लिया। श्री यादव सोमवार को पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजीव चौधरी, विधायक प्रतिनिधि जीतू ठाकुर, पूर्व प्रधान राकेश यादव, क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि यतेंद्र दोहरे, पूर्व बीडीसी भारत सिंह राजपूत, युवा सपा नेता अश्वनी दोहरे आदि के साथ ब्लॉक महेवा के ग्राम उझियानी में पहुंचकर राजू तिवारी एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री नीलम चौबे के निधन पर शोक व्यक्त किया। मजरा रजपुरा में ग्राम प्रधान देवेंद्र दोहरे की चाची ओमवती के निधन पर तथा नगला चंदी में पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजाराम दोहरे के निधन पर शोक व्यक्त किया। इसके बाद ग्राम हनुमंतपुर एवम रामनगर में दीवार हादसे में मृतको के परिजनों से मिलकर शोक व्यक्त किया तथा हर संभव मदद का भरोसा दिया ढकाताल पर सपा नेता रमेश सविता के भाई के निधन पर शोक व्यक्त किया, इसके बाद इकनौर, लखना आदि जगहों पर पहुंचे।



शोकाकुल परिवार के सदस्यों के बीच जिला पंचायत अध्यक्ष अंशुल यादव।

### चलती बाइक में अचानक लगी आग

**इटावा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत मैनपुरी अंडर ब्रिज में सोमवार की शाम को एक बाइक में अचानक आग लग गई। आग लगने से बाइक सवार बाइक को छोड़कर भाग निकला। बाइक में आग लग जाने से आवागमन बाधित हो गया। लोगों की सूचना पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। लेकिन बाइक तब तक पूरी तरह से जल चुकी थी। सोमवार की शाम को एक बाइक सवार अपनी बाइक से जा रहा था जैसे ही वह मैनपुरी अंडर ब्रिज के नीचे पहुंचा तभी अचानक उसकी बाइक में आग लग गई। आग लगने पर बाइक सवार बाइक को छोड़कर भाग निकला। लोगों ने दमकल विभाग के अलावा थाने में दी। सूचना मिलने पर सिविल लाइन थाना पुलिस के अलावा दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक बाइक पूरी तरह से जल चुकी थी।

### विद्यालयों में अव्यवस्था देखकर भड़के जेडी

**इटावा।** माध्यमिक शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक राजकुमार यादव ने सोमवार को जिले में पहुंचकर विद्यालयों का निरीक्षण किया। शिक्षकों एवं प्रधानाचार्य के साथ बैठक भी की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालयों में अव्यवस्थाओं पर कड़ी नाराजगी जताई और छात्रों की उपस्थित तथा साफ सफाई पर सर्वाधिक जोर दिया। कुछ स्थानों पर छात्रों की कम संख्या होने पर उन्होंने नाराजगी जताई। एक विद्यालय में पांच शिक्षक होने और सिर्फ 29 छात्रों के पंजीकृत होने पर भी नाराजगी जताई। संयुक्त शिक्षा निदेशक ने सोमवार को धरबार, राजपुर, बाउथ, बीवामऊ तथा जीजीआईसी जसवंत नगर का निरीक्षण किया। इस दौरान धरबार में प्रधानाचार्य, शिक्षकों तथा छात्रों के देरी से स्कूल आने पर नाराजगी जताई। राजपुर में कम संख्या में छात्र पंजीकृत होने और पांच शिक्षक होने पर भी उन्होने कड़ी नाराजगी का जताई। कुछ स्थानों पर स्कूलों में गंदगी मिली पर उन्होंने सभी विद्यालयों में सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखने पर भी जोर दिया।

### सपा सैनिक प्रकोष्ठ की कमेटी का हुआ विस्तार

**इटावा।** सपा सैनिक प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक पार्टी कार्यालय में हुई। हर बूथ स्तर पर पूर्व सैनिकों को जिम्मेदारी देकर संगठन की मजबूती और पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने के लिए संकल्प लिया गया। बैठक की अध्यक्षता सैनिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष कमलेश चन्द्र ने की। सैनिक प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव विश्राम सिंह यादव ने बताया कि देश की सेवा और सैनिकों के लिए हमारे पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव के कार्यकाल ऐतिहासिक रहा है। जिलाध्यक्ष कमलेश चन्द्र ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए उपाध्यक्ष पद पर क्रमश: रामतेज सिंह, संग्राम सिंह, सुबोध कुमार, महासचिव पद पर संजीव कुमार, रघुराज सिंह, मुन्नालाल पाल, घनश्याम सिंह राजपूत, दिनेश यादव, अवधेश कुमार सक्सेना, भगवत सिंह, थान सिंह, नागेंद्र सिंह, अवधेश कुमार, बलबीर सिंह यादव, संगठन मंत्री पद पर कायम सिंह, कोषाध्यक्ष पद पर मेघ सिंह विधानसभा अध्यक्ष पद पर भरथना से मेहरबान सिंह, इटावा से महेश चन्द यादव, जशवंतनगर से मुकेश कुमार यादव ब्लॉक अध्यक्ष पद पर भरथना से अमित कुमार, महेवा से राकेश कुमार शाक्य, चकरनगर से ताहर सिंह, जशवंतनगर से चंद्रपाल सिंह, बढ़पुरा से सुखवीर सिंह, बसरेहर से रामवीर सिंह, को मनोनित करते हुए मनोनयन पत्र सौंपा गया।

प्रदर्शन

बाहर किराए पर रहने को मजबूर हैं नर्सिंग अफसर, दूर रहने पर देर रात आने-जाने में होती हैं तमाम परेशानियां

# नर्सिंग अफसरों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से की आवासों की मांग

संवाददाता सैफई, इटावा

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई में 650 नर्सिंग ऑफीसरों की नई भर्ती की गई है। जिन्होंने विश्वविद्यालय में आकर जॉइनिंग कर ली है। नर्सिंग ऑफीसरों के रहने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन के पास आवास की व्यवस्था नहीं है, जिस कारण नर्सिंग ऑफिसर बाहर किराए पर रहने को मजबूर हैं। उन्होंने प्रशासन से सरकारी आवासों को दिए जाने की मांग की है।

सोमवार को नर्सिंग ऑफिसर खुशी पवार, ललिता दास, हिमांशु कश्यप, अर्चिता पटेल, शिवानी सिंह ने आदि ने करीब एक सैकड़ा नर्सिंग ऑफीसरों ने एकत्रित होकर प्रशासनिक भवन में पहुंचकर कुलपति के नाम पत्र देकर आवास दिए जाने की मांग की है। महिला नर्सिंग ऑफीसरों ने कहा है कि पहले तो बाहर गांव में आवास मिल नहीं रहे हैं मिल भी रहे हैं तो वह कई गुना अधिक रुपये मांगते हैं। नर्सिंग ऑफिसर खुशी पवार, ललिता दास ने बताया वह ड्यूटी करके रूम पर जा रही थी इसी बीच रास्ते में एक कार खड़ी हुई थी। जैसे हम दोनों उस कार के पास से गुजर रहे थे तभी अचानक से कार की खिड़की खुलती है और हम वहां से भागने लगते हैं। कुछ लड़के हमारे पीछे भागते हैं, ऐसा काफी बार हुआ है।



आवासों की मांग करते सैफई विवि के नर्सिंग अफसर। अमृत विचार



कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते जिला कर अभिभावक संघ के पदाधिकारी।

**जिला कर अभिभावक संघ ने किया कार्य बहिष्कार : इटावा।** जिला कर अभिभावक संघ ने उप्र राज्यकर विभाग के अपीलीय विभाग की तानाशाही व हठधर्मिता के चलते सैकड़ों अपीलों का एक पक्षीय निस्तारण कर देने पर धरना प्रदर्शन किया। संघ का कहना है कि यह पूर्णता संविधान की मूल भावनाओं का हनन है। राज्यकर विभाग कार्यालय नुमाइश चौराहा पर जिला कर अभिभावक संघ के अध्यक्ष विवेक स्वरूप अग्रवाल के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन दर्ज कराते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन ग्रेड वन राज्यकर विभाग जोन इटावा को दिया गया। साथ ही अपीलीय विभाग के कार्यों का बहिष्कार किया। उन्होंने बताया कि यह बहिष्कार उत्तर प्रदेश टैक्स बार संघ द्वारा अग्रिम निर्देशों तक जारी रहेगा। विरोध प्रदर्शन में ज्ञानेंद्र नाथ चौधरी, रूपेन्द्र सिंह चौहान, सत्यवीर यादव, देवेंद्र मिश्रा, ज्ञानेन्द्र वर्मा, संदीप अग्रवाल, गोविन्द कुमार गुप्ता, अविरल मिश्रा, निशांत पोरवाल, सुबोध जैन, रोबिन भदौरिया, गौरवकांत मिश्रा, कमल भाटिया शिवेंद्र चौहान शिवम पोरवाल, गौरव आदि रहे।

कार्यालय नगर पंचायत
इकदिल (इटावा)
नोटिस
अन्तर्गत धारा 146 (2) नगर पालिका अधिनियम 1916 के अन्तर्गत द्वारा अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत इकदिल (इटावा)
सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि **श्रीमती अनीता देवी पत्नी कृष्ण कुमार, निवासीगण– 227गली नं0–7, घडोंली ईस्ट दिल्ली तह0 दिल्ली जनपद दिल्ली,** ने एक प्रार्थना पत्र के साथ बैनामा की छाया प्रति/नकल / हलफनामा वसीयत/वारिसान प्रस्तुत की है। उन्होने........ **पूर्व पश्चिम .... उत्तर दक्षिण .... है। जिसकी सीमा पूर्व में मकान गया प्रसाद पश्चिम** में **मकान आशा राम** उत्तर में **गली 5 फिट चौडी दक्षिण** में **मकान सीता राम मोहल्ला .....श्री गया प्रसाद पुत्र राम सनेही पो0 चमरैटी निवासी– चमरैटी इकदिल** से क्रय किया गया है। और प्रार्थना है कि उनका नाम मालिक की हैसियत से दर्ज किया जाय। अगर उपरोक्त सम्बन्ध में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस नोटिस पत्रासन के तीस (30) दिन के अन्दर अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा वाद–विवाद नोटिस नगर पंचायत किसी आपत्ति पर विचार न कर सकेगी और वांछित नाम अंकित कर दिया जायेगा।
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत इकदिल
इटावा

कार्यालय नगर पंचायत
इकदिल (इटावा)
नोटिस
अन्तर्गत धारा 146 (2) नगर पालिका अधिनियम 1916 के अन्तर्गत द्वारा अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत इकदिल (इटावा)
सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि **श्रीमती रमा देवी पत्नी दिलीप कुमार, निवासीगण– मो0सड़क बाजार इकदिल तह0 इटावा, जनपद–इटावा,** ने एक प्रार्थना पत्र के साथ बैनामा की छाया प्रति/नकल / हलफनामा वसीयत/वारिसान प्रस्तुत की है। उन्होने........ **पूर्व पश्चिम .... उत्तर दक्षिण .... है। जिसकी सीमा पूर्व में प्लाट दर्शन लाल पश्चिम** में **गली छ: फिट चौड़ी** उत्तर में **प्लाट केता दक्षिण** में **प्लाट गोविन्द मोहल्ला .....श्री सुन्दर लाल पुत्र लोचन लाल निवासी मोहल्ला ठेर इकदिल, स्थाई पता–मो0 सड़क बाजार इकदिल** से क्रय किया गया है। और प्रार्थना है कि उनका नाम मालिक की हैसियत से दर्ज किया जाय। अगर उपरोक्त सम्बन्ध में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस नोटिस पत्रासन के तीस (30) दिन के अन्दर अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा वाद–विवाद नोटिस नगर पंचायत किसी आपत्ति पर विचार न कर सकेगी और वांछित नाम अंकित कर दिया जायेगा।
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत इकदिल
इटावा

## एक नजर

### संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी की हुई मौत

अछल्दा, औरैया। थाना क्षेत्र के गांव बैशोली अड्डा में अचानक किशोरी की तबियत बिगड़ गई। आनन फानन में परिजन किशोरी को लेकर अस्पताल पहुंचे जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंचे सीओ ने पोस्टमार्टम की वीडियो ग्राफी करवाने के लिए कहा। रविवार रात्रि करीब 9 बजे योगेश कुमार अपनी पुत्री को लेकर सीएचसी पहुंचे जहां डॉक्टरों ने किशोरी की मौत की पुष्टि कर दी। किशोरी के पिता ने बताया एक माह पहले किरायेदार सोनू उसे नौकरी के लिए दिल्ली लेकर गया था। रविवार को सुबह 7 बजे सोनू दिल्ली से मेरी बेटी को गांव बिना बताए छोड़कर कर चला गया। बेटी ने तबीयत खराब होने की बात की जानकारी दी लेकिन तबियत बिगड़ते ही परिजन उसे सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टर गौरव ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### पिस्टल व जिंदा कारतूस समेत गिरफ्तार

अजीतमल औरैया। कोतवाली पुलिस द्वारा रात्रि गश्त एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान सुनील कुमार पुत्र बहादुर सिंह 45 वर्ष निवासी बल्लापुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 32 बोर की एक पिस्टल व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। बरामदी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध आर्म्स एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर, विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# 20 लाख के असली व नकली नोटों के साथ 4 गिरफ्तार

## एसओजी टीम व दिबियापुर पुलिस को मिली सफलता

कार्यालय संवाददाता औरैया


नकली नोट के साथ पकड़े गये आरोपी युवक। अमृत विचार

अमृत विचार। थाना दिबियापुर पुलिस, एसओजी व सर्विलांस टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए 4 नकली नोटों के तस्करों को गिरफ्तार किया है।

गत 8 सितंबर की रात को थाना दिबियापुर पुलिस, एसओजी, सर्विलांस टीम द्वारा संयुक्त रूप से रात्रि चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि ककोर बम्बा पुलिया की ओर से कनारपुर की तरफ रोड पर एक सफेद ईको गाड़ी खड़ी है जो कि संदिग्ध प्रतीत हो रही है। जिस पर संयुक्त पुलिस टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए सफेद रंग की ईको से 4 व्यक्तियों को हिरासत मे लेकर उनकी की जामातलाशी ली गई, जिससे उनके कब्जे से 500-500 के नकली व असली नोटों से बने 20 लाख रुपये के 4 बंडल बरामद हुए। वहीं पुलिस ने उन सभी को गिरफ्तार करके थाना दिबियापुर में मुकदमा दर्ज कराया। बरामद मारूति ईको कार जिसका नंबर UP78 GB 0239) को एम.वी. एक्ट धारा 207 के तहत सीज कर दिया गया।

पूछताछ पर पकड़े अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम लोग इसी गाड़ी से घूम फिर कर आस-पास के इलाकों व जिलों में छोटी रकम को दोगुना कर असली नोट देकर विश्वास मे लेते है। उसके बाद बड़ी डील होने पर नोटों की नकली गड्डी के ऊपरी व निचली सतह पर असली नोट लगाकर उसको सप्लाई करते हैं और प्राप्त मुनाफे को आपस में बांट लेते है। आज भी अपने एजेन्ट के पास आये थे और उसके बताये स्थान पर रुककर उसका इंतजार कर रहे थे तभी पुलिस ने हमें गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में प्रदीप यादव निवासी थाना कुठौन्द जनपद जालौन, योगेन्द्र शर्मा निवासी जालौन, विशाल सिंह सेंगर निवासी काशीराम कालोनी औरैया व जैनुल खान पुत्र वाशुल खान निवासी मुहल्ला सागर कुआ थाना कठौन्द जनपद जालौन हैं।

## चोरों ने नकदी समेत लाखों के जेवरात किए पार

बिधूना औरैया। रविवार की रात्रि को अज्ञात चोरों ने कोतवाली क्षेत्र के ग्राम असजना में एक व्यक्ति के घर में घुसकर लाखों रुपये के सोने चांदी के जेवरात, सोलह हजार रुपये नकदी पार कर दी। कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना का निरीक्षण किया। पीड़ित ने घटना की लिखित तहरीर कोतवाली पुलिस को दी है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम असजना निवासी सुधीर ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि रविवार की रात्रि को वह अपने परिजनों के साथ घर के आंगन में सो रहा था। रात्रि में उसके घर में चोरों ने नकब लगाकर घर पर रखी अलमारी से सोने चांदी के जेवरात और 16 हजार नकद पार कर दिए। कहा जब वह लोग जागे तो नकब लगी देख और आलमारी से सोने चांदी के जेवरात गायब देख होश उड़ गए। घटना की सूचना मिलने पर सीओ भरत पासवान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह आदि ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस ने पीड़ित को घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# सुबह साढ़े 9 की जगह दोपहर 2 बजे आयी टूंडला कानपुर मेमू

संवाददाता अछल्दा,औरैया


स्टेशन पर खड़ी देर से पहुंची ट्रेन। अमृत विचार

अमृत विचार। सोमवार सुबह टूंडला कानपुर मेमू 04188 का निर्धारित समय साढ़े 9 होने की वजह से यात्री समय से स्टेशन पर पहुंच गए। लेकिन सोमवार सुबह साढ़े 9 बजे नई दिल्ली से वाराणसी को जा रही वन्दे भारत एक्सप्रेस के इंजन में तकनीकी खराबी आ गई। आनन फानन में वन्दे भारत एक्सप्रेस के लोको पायलट ने भरथना स्टेशन के मेन लाइन पर ट्रेन को रोक दिया। सूचना पर पहुंचे रेलकर्मी ने काफी प्रयास किया लेकिन वन्दे भारत की खामी दूर न कर सके। वन्दे भारत एक्सप्रेस का इंजन में खराबी के कारण अछल्दा स्टेशन पर आने वाली 04188 मेमू समय से न आ सकी, जिससे यात्रियों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ा। काफी समय गुजर जाने के बाद यात्रियों ने स्टेशन मास्टर से जानकारी की। लगभग सवा 3 घण्टे बाद वन्दे भारत एक्सप्रेस में मालगाड़ी का इंजन लगाकर भरथना स्टेशन से रवाना किया गया।

इस दौरान 22426 अयोध्या वन्दे भारत एक्सप्रेस, 12004 लखनऊ शताब्दी एक्सप्रेस,22308 जोधपुर एक्सप्रेस,03258 दानपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस, व अन्य ट्रेनों को भरथना स्टेशन के पीछे रोका गया। टूंडला से कानपुर जाने वाली मेमू 04188 साढ़े 4 घण्टे की देरी से सोमवार दोपहर 2 बजे पहुंची। ट्रेन के लेट आने की वजह से यात्रियों को मुसीबतों का सामना करना पड़ा।

### फाटक न खुलने से लगा भीषण जाम

औरैया। अछल्दा रेलवे क्रॉसिंग पर सोमवार शाम रेलवे फाटक देर से खुलने कि चलते लंबा जाम लग गया। क्रॉसिंग के दोनों तरफ जाम लगने से वाहनों की कतार लग गईं। जिसके चलते लगभग 25 मिनट लोगों को जाम का झाम झेलना पड़ा।दिल्ली-हावड़ा रूट के अछल्दा रेलवे क्रॉसिंग पर सोमवार शाम लगभग 05 बजे गेट बंद हुआ। जिसके बाद लगातार ट्रेनों के आवागमन से देर तक गेट नहीं खोला गया। इसके चलते अछल्दा-फफूंद-बिधूना मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। लगभग 25 मिनट फाटक बंद रहने के बाद गेट शाम 05-25 बजे खोला गया। गेट खुलते ही बड़े वाहनों के आगे बाइकों का काफिला निकल पड़ा। जिससे बड़े वाहन अपनी जगह से हिल भी नहीं सके वहीं जाम के चलते पैदल निकल रहे राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।मौके पर मौजूद थाना पुलिस ने कड़ी मशक्कत से जाम खुलवाया।

# झगड़े के दौरान चली गोली,एक घायल

कार्यालय संवाददाता, औरैया


अस्पताल में जांच पड़ताल करते सीओ एमपी सिंह एवं थाना प्रभारी मुकेश बाबू। अमृत विचार

अमृत विचार। दिबियापुर थाना क्षेत्र के ग्राम किशनपुर में सोमवार की सुबह दो पक्षों में झगड़े के दौरान एक पक्ष द्वारा अवैध शस्त्र से गोली चलाने से भाजयुमो मंडल उपाध्यक्ष के चचेरे भाई के दाएं पैर की जांघ को छूते हुए गोली निकल गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी दिबियापुर में भर्ती कराया।

जानकारी के मुताबिक भाजयुमो मंडल उपाध्यक्ष अभिषेक राजपूत के चचेरे भाई व्यास मुनि 55 वर्ष ने बताया की सोमवार की सुबह बच्चों के झगड़े को लेकर मेरे गांव के प्रधान मुकेश राजपूत, उसके भाई मनोज व सुरेंद्र निवासी किशनपुर मेरे चचेरे भाई भागीरथ पुत्र रामकेश निवासी को गाली गलौज कर रहे थे। जब मैं मौके पर पहुंचा तो मैने प्रधान व उनके भाइयों को गाली गलौज करने से रोका तो प्रधान ने अवैध शस्त्र से मेरे दाहिने पैर की जांघ में गोली चला दी जो गोली मेरी जांघ से रगड़ते हुए निकली जिससे मैं गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने मामले की सूचना दिबियापुर पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायल को दिबियापुर सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिचौली अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सूचना पर सीएचसी पहुंचे सीओ सदर एम पी. सिंह ने घायल व्यक्ति ,डॉक्टर व परिजनों से पूछताछ की। वहीं पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए दबिश दे रही है जिसमे पुलिस ने ग्राम प्रधान को गिरफ्त में लेकर थाने में बैठाया है पुलिस पूछताछ कर रही है। को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।

## चोरी की पिकअप व भैसों सहित 1 गिरफ्तार, 3 भागे

फफूंद, औरैया।बीती रात्रि थानाध्यक्ष गंगा दास गौतम मुरादगंज रोड पर चेकिंग लगाए थे, तभी मुखबिर ने सूचना दी कि मुरादगंज की तरफ से एक पिकअप गाड़ी आर ही है जिसमें भैस लदी है। पुलिस ने घेरा बंदी कर पिकअप को रोकने को प्रयास किया तो पिकअप पुलिस चेकिंग प्वाइंट से आगे निकल गई। गाड़ी को आगे निकलते देखकर पुलिस ने गाड़ी का पीछा किया तो चोर 3 भैंस लदी पिकअप छोड़ कर भागने लगे पुलिस ने एक चोर को तमंचा सहित पकड़ लिया। पकड़े गए चोर ने अपना नाम रहीश निवासी जिला अलीगढ़ बताया। तथा उसने कहा कि उसके साथी मुन्ना व नबाउद्दीन जिला कासगंज और पिकअप चालक अज्ञात जो भागने में कामयाब रहे।

# शिक्षकों को सिखाये गये पढ़ाने के गुर

संवाददाता अछल्दा, औरैया

- नवीन पाठ्य-पुस्तक आधारित 4 दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण का द्वितीय चरण आरंभ

अमृत विचार। निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार के निर्देशन तथा बीईओ दाताराम के मार्गदर्शन में ब्लॉक संसाधन केन्द्र-अछल्दा पर विविध चरणों में गतिमान नवीन पाठ्य-पुस्तक आधारित 4 दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण के द्वितीय चरण की शुरुआत सोमवार को हुई।

राज्य परियोजना के निर्देशानुसार 50 शिक्षकों को प्रतिभाग हेतु आमंत्रित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को स्टेशनरी प्रदान की गई। प्रशिक्षण क्षमता को बढ़ाने हेतु बी.आर.सी. परिसर के द्वितीय कक्ष को भी शीघ्र ही तकनीकी संसाधनों से संतृप्त किया जा रहा है। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस पर परिचय सत्र में सभी प्रतिभागियों द्वारा विशिष्ट विधा के साथ आपस में अपना-अपना परिचय प्रस्तुत किया गया तथा सन्दर्भ दाता द्वारा प्रशिक्षण के आवश्यक दिशा-निर्देशों को प्रतिभागियों से साझा किया गया।

प्रशिक्षण के इन चार दिवसों में दैनिक सत्रानुसार एनसीईआरटी द्वारा विकसित भाषा, गणित एवं अंग्रेजी विषय की नवीन पाठ्य-पुस्तकें तथा इनके सादृश्य शिक्षक संन्दर्शिका, कार्यपुस्तिका, गणित किट आदि का शिक्षण में प्रयोग करने की विभिन्न विधाओं से शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जायेगा।

## सार-संक्षेप


अपनी कला को प्रदर्शित कर बनाए हुए बर्थ डे बैज को दिखाते छात्र। अमृत विचार

### गेल डीएवी स्कूल में बर्थडे बैज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

औरैया। दिबियापुर स्थित गेल डीएवी मॉडल स्कूल में सोमवार को एक अनूठी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिसमें छात्रों ने अपने रचनात्मक कौशल का प्रदर्शन करते हुए बर्थडे बैज तैयार किए। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने बड़े उत्साह और रचनात्मकता के साथ हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में कला और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना और उन्हें अपनी कलात्मक प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करना था। स्कूल के छात्रों ने अपनी कल्पनाशीलता का उपयोग करते हुए अपने हाथों से आकर्षक और रंग-बिरंगे बर्थ डे बैज बनाए। जिनमें उनकी कल्पनाशक्ति और कला का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। बच्चों की प्रतिभा को जजों और शिक्षकों द्वारा खूब सराहा गया। प्रतियोगिता में कक्षा एक से पांच तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्य सौभाग्य सिंह तोमर ने प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं। प्रतियोगिता के अंत में, सर्वश्रेष्ठ बैज बनाने वाले छात्रों को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।


शपथ लेते नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं सदस्य।

### सुरेंद्र प्रताप अध्यक्ष व उदय प्रताप चुने गये महामंत्री

औरैया। विवेकानंद ग्रामोद्योग महाविद्यालय दिबियापुर में राजनीति विज्ञान विभाग में राजनीति विज्ञान परिषद की कार्यकारणी का गठन किया गया। अध्यक्ष पद पर सुरेंद्र प्रताप सिंह तृतीय सेमेस्टर और उपाध्यक्ष पद पर मानवी पाल और प्रियंका यादव का चयन हुआ, महामंत्री पद पर एमए प्रथम वर्ष के छात्र उदय प्रताप का चयन हुआ, कोषाध्यक्ष पद पर बीए तृतीय वर्ष की छात्रा प्रिया शुक्ला का चयन हुआ। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में राहुल कुमार, तनिष्का, खुशी खान, रामा, शिवानी, पारुल राजपूत का चयन हुआ। राजनीति विज्ञान परिषद का प्रमुख कार्य छात्रों में लोकतांत्रिक मूल्य के अनुकूल राष्ट्रीय एकता की भावना पैदा करना है तथा छात्रों को राजनीति सामाजिक मुद्दों के प्रति संवेदनशील बनाकर उनको हल करने की क्षमता पैदा करना है। डॉ इकरार अहमद ने कहा कि पूर्व में भी राजनीति विज्ञान परिषद रचनात्मक एवं अकादमिक कार्य करती रही हैं और पूरी आशा है कि वर्तमान नवगठित परिषद नए कीर्तिमान स्थापित करेगी। डॉ. इफ्तिखार हसन ने बताया कि परिषद के पदाधिकारियों की देखरेख में संविधान ज्ञान प्रतियोगिता, निबंध प्रोतियोगिताएं होंगी।


दृष्ट बाधित बच्चों को स्मार्ट फोन बांटते जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी।

### दृष्टबाधित बच्चों को बांटे गए स्मार्ट फोन

औरैया। एक कदम और फाउंडेशन फॉर एजुकेशन एंड हेल्थ संस्था की ओर से जिले से चयनित तीस से अधिक दृष्टिबाधित बच्चों को स्मार्ट फोन वितरित किए। यह बच्चे ब्रेल लिपि और टॉक बैक के जरिए स्मार्ट फोन चलाकर ऑनलाइन पढ़ाई करेंगे। जिला मुख्यालय ककोर में आयोजित एक सादा समारोह में डीएम डॉ इंद्रमणि त्रिपाठी ने सभी बच्चों को स्मार्ट फोन वितरित किए। इसके साथ ही बच्चों से बातचीत कर उनका हौसला बढ़ाया। इस मौके पर संस्था की डायरेक्टर सौम्या त्रिपाठी ने कहा की हमारी संस्था महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल में दृष्टि बाधित बच्चों के साथ शिक्षा पर काम कर रही है। जिसमें करीब 250 दृष्टि बाधित बच्चों को विशेष शिक्षक द्वारा ब्रेल लिपि से शिक्षा और टॉक बैक के जरिए स्मार्ट फोन को चलाने की ट्रेनिंग दी जा रही है। औरैया जिले में करीब तीस बच्चों का चयन कर उन्हें शिक्षा दी जा रही है। इस मौके पर प्रोग्राम मैनेजर अनूप दुबे,सहयोगी मयंक दुबे, विवेक दुबे, कीर्ति सक्सेना, निशा, बाबू सिंह, अनन्या, विकास, राधिका, प्रयांशु, अल्फेज, मोहित श्याम आदि मौजूद रहे है।

# स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं का जरूरतमंदों को दिलाएं लाभ

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर बनाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं कराएं सुनिश्चित

अमृत विचार। जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में रोगी कल्याण समिति की बैठक में जननी सुरक्षा, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, जिला संयुक्त चिकित्सालय 50 शैय्या की भौतिक स्थिति, चिकित्सकों की स्थिति सहित अनटाइड फंड की उपलब्धता की विस्तार पूर्वक समीक्षा करते हुए निर्देशित किया।

चिकित्सालय में आने वाले मरीजों एवं उनके तामीरदारों को बेहतर सुविधाएं/स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण की जाएं। इसमें किसी प्रकार की कोई शिथिलता व लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी रोगी परेशान न हो और उनका समय से हर संभव इलाज देकर स्वस्थ बनाया जाए ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

बैठक में पुलिस अधीक्षक चारू निगम, मुख्य चिकित्साधिकारी सुनील कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक 100 शैय्या जिला चिकित्सालय, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक 50 शैय्या जिला चिकित्सालय सहित संबंधित अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# प्रभु श्रीराम की लीला का हुआ मंचन

संवाददाता ककोर, औरैया


रामलीला का उद्घाटन करते दिबियापुर थाना प्रभारी मुकेश बाबू चौहान व अन्य।

अमृत विचार। दिबियापुर नगर में थाने के समीप रविवार रात्रि को एकदिवसीय रामलीला का आयोजन किया गया। इस समारोह का उद्घाटन दिबियापुर थाना प्रभारी मुकेश बाबू चौहान और ग्राम ककराही के पूर्व प्रधान दिवाकर पांडे द्वारा किया गया। वहीं बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री अरुण त्रिवेदी भी उपस्थित रहे। रामलीला में प्रभू श्रीराम की कहानी को मंच पर जीवंत किया गया। मंच पर रंग-बिरंगे परिधानों में सजे कलाकार प्रभू राम, माता सीता, लक्ष्मण, और रावण,बाणासुर,कौमिक कलाकार के किरदारों में आकर दर्शकों को मंत्र मुक्त कर दिया।

रामायण के प्रसिद्ध दृश्यों को मंच पर जीवंत किया गया,दूर से आए कलाकारों के अभिनय, संगीत, और नृत्य के साथ मिलकर रामलीला का चित्रण एक अविस्मरणीय अनुभव रहा। रामलीला के मंचन में जनक की धनुष प्रतिज्ञा राजाओं द्वारा धनुष न तोड़ पाना। इसके बाद विश्वामित्र की आज्ञा पाकर श्रीराम ने धनुष को तोड़ दिया। भार्गव परशुराम ने धनुष टूटा हुआ देखकर क्रोध किया जिसके बाद राम लक्ष्मण परशुराम का विकट संवाद हुआ। श्रीराम को देखकर परशुराम का गुस्सा शांत हो गया और वह अपने धाम को चले गए इसके बाद पूरी रात दर्शक देखने के लिए डटे रहे। कॉमिक कलाकार में छुन्ना तिवारी का अभिनय ने दर्शकों को हंसते हंसते लोट पोट कर दिया।

### महिलाओं ने मां पीतांबरा चालीसा का किया पाठ

बिधूना औरैया। जनपद के कस्बा बिधूना के श्री वनखंडेश्वर शिव मंदिर पर होने वाले 108 कुंडीय मां पीतांबरा महायज्ञ के परिपेक्ष में रविवार की देर शाम मंदिर परिसर में आयोजित मां पीतांबरा चालीसा पाठ में महिलाओं की भारी संख्या में भीड़ उमड़ी। इस अवसर पर मां बहनों ने श्रद्धा भाव के साथ मां पीतांबरा के चालीसा का पाठ किया। ज्ञातव्य हो कि कस्बे में 108 कुंडीय मां पीतांबरा महायज्ञ को लेकर धार्मिक अनुयायियों एवं आस्थावान लोगों के द्वारा व्यापक रूप से तैयारी का दिन प्रतिदिन सिलसिला बढ़ता जा रहा है। इसी के चलते महायज्ञ के परिपेक्ष में मां पीतांबरा चालीसा पाठ का आयोजन मंदिर परिसर में किया गया। जिसमें महिलाओं ने पहुंचकर मां पीतांबरा के चालीसा का पाठ किया है।

**तैयारी** प्रकाश पाल ने औरैया क्षेत्र पंचायत कार्यालय में दो सौ लोगों को बीजेपी की सदस्यता दिलाई

# 11 से 17 सितंबर तक भाजपा की विशेष सदस्यता दिलायें : प्रकाश

कार्यालय संवाददाता, औरैया



भाजपा कार्यकर्ताओं को सदस्यता प्रमाण पत्र देते कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल। अमृत विचार

अमृत विचार। सोमवार को भाजपा पार्टी के जिला कार्यालय तुर्कीपुर में जिला पदाधिकारी, सदस्यता अभियान के संयोजक, सह संयोजक, मानिटरिंग, शक्ति केंद्र संयोजकों के साथ कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बैठक कर सदस्यता अभियान को जिले में तेजी से चलाने के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए।

क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में खड़ी है और देश का नाम रोशन कर रही है। यदि हमें अपने भारत को सशक्त रखना है तो हमें भाजपा को सशक्त बनाना होगा। दूसरे दल भारत को कमजोर करने में लगे हुए हैं। भाजपा सदस्यता अभियान का प्रथम चरण 25 सितंबर तक चलेगा, द्वितीय चरण एक से 15 अक्टूबर तक चलेगा। सक्रिय सदस्यता अभियान 16 से 31 अक्टूबर तक चलेगा। प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य है। एक मोबाइल नंबर पर एक ही सदस्य बन सकता है। इसके लिए सभी को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। आगामी 11 सितंबर से 17 सितंबर तक घर-घर अभियान संपर्क करके सदस्यता करवाने का काम करे।

इसी तरह सभी जनप्रतिनिधि, जिला , मंडल, सेक्टर,बूथ स्तर के लोगों को अलग अलग सदस्य बनाए जाने का लक्ष्य दिया गया। प्रकोष्ठ, विभाग भी सदस्यता अभियान चलाएं। इस मौके पर कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी आनंद सिंह, सदर विधायक गुड़िया कठेरिया, जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, पूर्व राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत, सदस्यता अभियान के जिला संयोजक अमर चंद्र राठौर,जिला महामंत्री एवं अभियान के सह संयोजक कुलदीप दुबे,शिव सिंह भारती, कौशल राजपूत,धीरेंद्र सिंह गौर,पूर्व जिलाध्यक्ष श्री कांत पाठक, सौरभ भूषण शर्मा, मोनू सेंगर,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजू चौहान, औरैया नगर पालिका अध्यक्ष अनूप गुप्ता, अखिलेश चक, स्वदेश,यशवीर सिकरवार,राहुल गुप्ता सोनू सोनी आदि रहे।

इसके पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने मुख्य अतिथि का स्मृति चिह्न देकर ,पट्टिका पहनाकर स्वागत किया। वहीं कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने औरैया क्षेत्र पंचायत कार्यालय में दो सौ लोगों को बीजेपीकी सदस्यता ग्रहण कराई।

### घर-घर जाकर लोगों को बताईं सरकार की उपलब्धियां

अजीतमल औरैया। कस्बा अटसू के विद्या नगर वार्ड में भाजपाइयों ने एक बैठक कर सदस्यता अभियान के तहत लोगों को सदस्यता दिलाई। साथ ही भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक कर भारतीय जनता पार्टी में जोड़ने एवं सदस्यता दिलाने पर जोर दिया गया, साथ ही एक टोली बना कर घर घर जाकर लोगों को भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्य भी गिनाए गए। पत्रकारों से मुलाकात के दौरान मण्डल अध्यक्ष शिवेन्द्र राजपूत ने कहा की भाजपा सरकार महिलाओं, व्यापारियों, किसानों, युवाओं, अगड़ों, पिछड़ों, दलितों सभी वर्गो को ध्यान में रख योजनाएं बनाती है। उन्होंने बताया उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ ने एंटी रोमियों का गठन करके महिलाओं को आश्वाशन दिलाया है कि भाजपा सरकार में महिलाएं पूरी तरह से सुरक्षित है। भाजपा सरकार गुंडों को जेल में भेजने का कार्य करती है। आज गुंडे खुद ही पुलिस को आत्म समर्पण कर रहे हैं।

## एक नजर

### करंट की चपेट में आने से किशोरी की मौत

**किशनपुर।** किशनपुर थाना क्षेत्र के मुजफ्फरपुर मजरे कछरा निवासी हरिश्चंद्र निषाद की पुत्री अनीता देवी (17) कुल्ली स्थित सदाशिव इंटर कॉलेज में 11वीं की छात्रा थी। परिजनों ने बताया कि रविवार शाम खेत से काम करने के बाद वह घर आई और फर्राटा पंखा को चलाने लगी तो पंखा अनीता के पैर में गिर गया। फर्राटा में करंट आ रहा था। करंट की चपेट में आकर अनीता गंभीर रूप से झुलस गई। परिजनों ने आनन-फानन में स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### शव गांव पहुंचा तो मचा कोहराम

**जाफरगंज।** थाना क्षेत्र के डिघरुवा गांव में रविवार की देर रात मजदूर का शव पहुंचा। जिससे कोहराम मच गया। डिघरुवा गांव निवासी चुन्नीलाल बाल्मीकि का पुत्र सुनील पडोसी जनपद कानपुर नगर के आनूपुर मोड़ के पास जल जीवन मिशन के तहत बन रही पानी टंकी में पाइप लाइन डालने का काम मजदूरी पर कर रहा था। शनिवार को घर आते समय सड़क हादसे में उसकी मौत हो गयी। मृतक के पिता ने बताया की सप्ताह भर पहले ही काम पर गया था। सोमवार को परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया।

### सिमरन चौधरी का एमबीबीएस में हुआ चयन

**किशनपुर।** क्षेत्र के खेमकरनपुर गांव निवासी सिमरन चौधरी पुत्री जयचंद्र चौधरी नीट की परीक्षा पास करने के बाद एमबीबीएस बनने का सपना साकार किया है। दोआबा की बेटी ने गांव सहित क्षेत्र का मान बढ़ाया है। इनका राजकीय मेडिकल कॉलेज अंबेडकर नगर में हुआ है। पिता जयचंद चौधरी सूबेदार मेजर के पद पर पुणे में कार्यरत हैं। सिमरन चौधरी ने हाई स्कूल आर्मी स्कूल जम्मू से किया। इंटर आर्मी स्कूल कानपुर कैंट से किया। उसके बाद कोटा में एक साल कोचिंग करने के बाद दूसरी बार में नीट परीक्षा पास करके अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। बड़ी बहन जूही चौधरी एमबीए करने के बाद प्राइवेट सेक्टर में डिप्टी मैनेजर के पद पर कार्यरत है। भाई आयुष चौधरी एसआरएम यूनिवर्सिटी आंध्र प्रदेश से बीटेक कंप्यूटर आईटी से कर रहा है।


सिमरन चौधरी

### तबादला होते ही बीमार पड़ गए दो खंड शिक्षाधिकारी

**फतेहपुर।** डीएम सी .इन्दुमती की अनुमति से बीएसए भारती त्रिपाठी ने बीती 12 अगस्त को जनप्रतिनिधियों एवं अन्य माध्यमों से शिकायतें प्राप्त होने के बाद ऐरायां के खंड शिक्षाधिकारी श्रवण कुमार पाल एवं अमौली के बीईओ कुंवर सिंह कमल का तबादला किया गया था। तबादला होते ही पहले अमौली बीईओ तथा उसके कुछ दिन बाद ऐरायां के बीईओ मेडिकल अवकाश पर चले गए। करीब एक माह बीतने को है लेकिन स्थानांतरित दोनों खंड शिक्षाधिकारियों की बीमारी ठीक नहीं हो सकी। इनके द्वारा कार्यभार नहीं ग्रहण करने से कामकाज प्रभावित हो रहा है। ऐरायां एवं अमौली ब्लॉक के बीईओ का परस्पर तबादला किया गया है। स्थानांतरण होने के बाद अचानक बीमार होकर मेडिकल अवकाश जाने को लेकर जहां विभाग का कामकाज प्रभावित हो रहा है वहीं लोगों में तरह तरह के कयास भी लगाए जा रहे हैं। सूत्र तो यहां तक बतातें हैं के दो शिक्षाधिकारी अपने मलाई वाले ब्लाक को नहीं छोड़ना चाहते हैं। दो ब्लॉकों में बीईओ द्वारा कार्यभार ग्रहण न किए जाने से दूसरे ब्लॉकों के बीईओ को चार्ज देकर किसी तरह काम चलाया जा रहा है।

# जिले के 10 स्कूल हुए प्रयोगशाला विद्यालय के रूप में चयनित

## सूची में नगर क्षेत्र समेत भिटौरा व तेलियानी ब्लाक के विद्यालय भी शामिल

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** नगर क्षेत्र समेत भिटौरा एवं तेलियानी ब्लाक के 10 परिषदीय स्कूलों का चयन प्रयोगशाला विद्यालय के रूप में किया गया है। जिनके प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों के उन्मुखीकरण के लिए सोमवार को डायट परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

डायट प्राचार्य संजय कुमार कुशवाहा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का शुभारम्भ वरिष्ठ प्रवक्ता और सह आयोजक आरती गुप्ता ने किया। उन्होंने प्रयोगशाला विद्यालयों की संकल्पना, मूल लक्ष्य और कार्य पद्धति के साथ-साथ इसके सम्भावित सकारात्मक प्रभाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रयोगशाला विद्यालयों को डीएलएड प्रशिक्षुओं की सहायता से निपुण लक्ष्यों की प्राप्ति में मदद मिलेगी। वहीं प्रयोगशाला विद्यालय के नोडल अमृत कुमार यादव ने महानिदेशक, स्कूल शिक्षा द्वारा प्रदत्त दिशा-निर्देशों के बारे में बताया।

उन्होंने शिक्षण योजना का निर्माण, टीएलएम का निर्माण, कक्षा शिक्षण, गतिविधियों तथा खेल-कूद का संचालन, माता पिता व समुदाय के सदस्यों के साथ नियमित संपर्क, पुस्तकालय का उपयोग, विद्यालय आधारित आंकलन के बारे में विस्तार चर्चा की। डायट प्राचार्य ने बताया कि 10 विद्यालयों को प्रयोगशाला विद्यालय के रूप में चयनित किया गया है।

जहां रोस्टर के अनुसार प्रति सप्ताह पांच प्रशिक्षुओं को व्यवहारिक अनुभव और नवाचार के लिए प्रयोगशाला विद्यालय भेजा जाएगा। साथ ही प्रत्येक प्रयोगशाला विद्यालय के लिए एक डायट प्रवक्ता को नोडल के रूप में नामित किया जाएगा। चयनित प्रयोगशाला विद्यालयों को 28 फरवरी 2025 तक निपुण विद्यालय के रूप में विकसित करना है। प्रवक्ता अतुल कुमार, वरिष्ठ प्रवक्ता आरती गुप्ता आदि मौजूद रहे।



उन्मुखीकरण कार्यक्रम में मौजूद प्रधानाध्यापक । अमृत विचार


गैंगस्टर के मकानों को जब्त करने की कार्रवाई करती पुलिस।

# गैंगस्टर एजाज बॉक्सर की पांच करोड़ की संपत्ति कुर्क

- प्रशासन ने एजाज के दो मकानों को किया कुर्क, पहले से दर्ज हैं 15 मुकदमे

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** गैंगस्टर के एक आरोपी के खिलाफ सोमवार को जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। प्रशासन ने भारी पुलिस बल के साथ करोड़ों के दो मकान कुर्क करने की कार्रवाई की है। बताया कि आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में 15 मुकदमे दर्ज हैं।

सदर कोतवाली क्षेत्र के पनी मोहल्ले में गैंगलीडर व हिस्ट्रीशीटर शेख एजाज अहमद सिद्दीकी उर्फ बॉक्सर पुत्र नसीर अहमद सिद्दीकी द्वारा निर्मित दो भवन जिनकी कीमत जमीन सहित करीब पांच करोड़ है, को गैंगस्टर एक्ट के तहत सोमवार को कुर्क कर लिया गया है। एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि माफिया गैंगलीडर शेख एजाज अहमद सिद्दीकी उर्फ बॉक्सर पुत्र नसीर अहमद सिद्दीकी गैंगस्टर व हिस्ट्रीशीटर है। आरोपी के खिलाफ गैंगस्टर अधिनियम की धारा 14(1) के तहत यह कार्रवाई की गई है। आरोपी एजाज अहमद सिद्दीकी उर्फ बॉक्सर के खिलाफ कुल 15 मुकदमे पंजीकृत हैं।

# श्रीराम सेना के जिलाध्यक्ष पर जानलेवा हमला

**फतेहपुर।** शान्तीनगर निवासी कृष्ण पाल सिंह का पुत्र शिव बहादुर सिंह उर्फ पिन्टू श्रीराम सेना का जिलाध्यक्ष है। बताते हैं कि रविवार शाम पांच बजे वह घर के पास स्थित हाथरस बिल्डिंग के पास किराने की दुकान में बैठा था। इसी बीच बाइकों में सवार तीन दर्जन से अधिक हमलावर आ गए और लाठी-डंडा वार कर घायल कर दिया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान घायल शिव बहादुर सिंह उर्फ पिन्टू ने बताया कि श्रीराम सेना के महिला प्रकोष्ठ की सपना के साथ गाली-गलौज कर रहे थे। उन्होने विरोध किया तो जानलेवा हमला कर दिया। उन्होने घटना में शशांक मिश्रा पुत्र राजकुमार मिश्रा निवासी हुसेनगंज व राहुल अग्निहोत्री निवासी उमरापुर का नाम बताते हुए कहा कि इन्हीं के कहने पर ही उन पर जानलेवा हमला हुआ है।

# मैकेनिक को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंदा, मौत

- देर रात ट्रक ठीक करते समय हुआ हादसा
- आरोपी चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** हुसेनगंज थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक सड़क हादसा हो गया। लोधीगंज हाइवे पर एक खराब ट्रक की मरम्मत कर रहे मैकेनिक को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया।

हुसेनगंज थाना क्षेत्र के चंदनपुर गांव के निवासी मुन्नीलाल का पुत्र राजेश शहर में रहकर ट्रक मैकेनिक का काम करता था। बताया जा रहा है कि रविवार देर रात जब वह एक खराब ट्रक को सही कर रहा था, तभी अचानक तेज रफ्तार से आ रहे दूसरे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के आधार कार्ड से पहचान कर परिजनों को सूचित किया गया। पुलिस ने बताया कि हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। कोतवाली प्रभारी तारकेश्वर राय ने कहा, मृतक के परिजनों की तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।


देर रात हादसे के बाद घटनास्थल पर मौजूद पुलिस। अमृत विचार

### बाइकों की भिड़ंत में तीन घायल

जाफरगंज। जाफरगंज थाना क्षेत्र के सराय रावतपुर निवासी मथुरा प्रसाद यादव का पुत्र हनुमान यादव बाइक लेकर किसी जरुरी काम से जोनिहा गया था। घर वापस आते समय देर शाम सागर पेट्रोल पम्प के पास सामने से आ रही बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। दूसरी बाइक में सवार राधानगर थाना क्षेत्र के मदनपुर गांव निवासी सोहन लोधी पुत्र ज्ञान सिंह, गुलाब पुत्र छोटे लाल अपने ननिहाल महाखेड़ा से वापस घर जा रहे थे। टक्कर इतनी तेज थी की दोनों बाइकें क्षतिग्रस्त हो गयी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिन्दकी ले गए जहां डाक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# धान खरीद की तैयारी तेज, रजिस्ट्रेशन शुरू

- एक से ज्वार-बाजरा की खरीद शुरू होने की सम्भावना
- जिले में एक नवम्बर से होगी धान की खरीद

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत जनपद में संचालित सरकारी क्रय केन्द्रों पर धान, बाजरा व ज्वार विक्रय के लिए ऑनलाइन किसान पंजीकरण शुरू हो गया है। सभी किसानों को सरकारी क्रय केन्द्रों पर धान, बाजरा व ज्वार विक्रय किए जाने से पूर्व ऑनलाइन आवेदन, पंजीकरण कराया जाना अनिवार्य है।

संजय कुमार श्रीवास्तव, जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि सभी किसान स्वयं अथवा किसी इण्टरनेट कैफे, जनसुविधा, लोकवाणी केन्द्र, कॉमन सर्विस सेन्टर (सीएससी) आदि विभिन्न माध्यमों से धान, बाजरा, ज्वार विक्रय के लिए खाद्य विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिले के केन्द्रों पर ज्वार तथा बाजरा की खरीद 01 अक्टूबर से तो धान खरीद 01 नवम्बर से शुरू होगी।

### धान का समर्थन मूल्य 23 सौ रुपये प्रति कुन्टल

संजय कुमार श्रीवास्तव, जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि धान खरीद एक नवम्बर से होगी। किसान अपना धान पूरी तरह साफ-सुथरा एवं सुखाकर मानक के अनुरुप क्रय केन्द्र पर विक्रय के लिए लाएं। समर्थन मूल्य रुपये 2300 प्रति कुन्टल की दर से सीधे बैंक खाते में धनराशि प्राप्त करें।

## सार-संक्षेप


कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेतीं छात्राएं। अमृत विचार

### कबड्डी एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**फतेहपुर।** शहर के वीआईपी रोड स्थित सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज में सोमवार को दो दिवसीय 35वीं क्षेत्रीय कबड्डी एवं बैडमिन्टन प्रतियोगिता का समापन किया गया। दूसरे दिन सोमवार को विभिन्न प्रान्तों से आई टीमों के छात्र-छात्राओं से क्षेत्रीय संगठन मंत्री ने परिचय लिया। क्षेत्रीय खेलकूद प्रमुख जगदीश सिंह, प्रदेश निरीक्षक अयोध्या प्रसाद मिश्र, सह संगठन मंत्री श्रीराम मनोहर, विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह आदि की मौजूदगी में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। गोरक्ष प्रान्त नगरीय से किशोर वर्ग एवं काशी प्रान्त नगरीय किशोर वर्ग ने जीत हासिल की। बैडमिन्टन में तरूण वर्ग में पहला स्थान काशी प्रान्त दूसरा स्थान तरूण वर्ग कानपुर प्रान्त तीसरा स्थान अवध प्रान्त ने प्राप्त किया। किशोर वर्ग में पहला स्थान कानपुर प्रान्त, दूसरा काशी प्रान्त तीसरा गोरक्ष प्रान्त, बाल वर्ग में पहला स्थान गोरक्ष प्रान्त दूसरे पर अवध प्रान्त तीसरे स्थान पर कानपुर प्रान्त रही।

### फर्जी आईडी कार्ड बनाकर धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

**फतेहपुर।** फर्जी आईडी कार्ड बनाकर लोगों को धोखाधड़ी का शिकार बनाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसने पुलिस अधिकारियों समेत अन्य सरकारी विभागों के अधिकारियों के नाम की फर्जी आईडी बनाकर रखी थी। महिला थाने में तैनात सिपाही संध्या मौर्या की जीवनसाथी डाट कॉम वेबसाइट पर वीके सिंह नामक युवक संपर्क में आया था। उसने खुद को पुलिस मुख्यालय में तैनात होना बताया था। उसका दूसरे जनपद में ट्रांसफर कराने का झांसा देकर 6500 रुपये की धोखाधड़ी की थी। इस दौरान उसने सिपाही के व्हाट्सएप पर खुद के पुलिसकर्मी होने का आईडी कार्ड भी भेजा था। साइबर क्राइम थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि 26 जुलाई को मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही थी। वह पहले भी इसी तरह से लोगों को ठगी का शिकार बना चुका था। जांच के दौरान पुलिस ने प्रताप पाल को गिरफ्तार किया है। वह लखनऊ के थाना मानकनगर अंतर्गत तालकटोरा रोड निवासी है। वह प्रताप इंटरप्राइजेज दुकान का संचालक है। आरोपी के पास पुलिस विभाग समेत अन्य विभागों की फर्जी आईडी, 159 आधार कार्ड, कंम्प्यूटर सीपीयू, एक रसीद बुक बरामद की गई है।

### चर्च पहुंची पुलिस ने पादरी समेत कई लोगों से की पूछताछ

**फतेहपुर।** बिन्दकी में चर्च पहुंची पुलिस ने पादरी सहित कई लोगों से पूछताछ की। सभा में आने वाले लोगों के बारे में पूछा। मौजूद लोगों के बारे में जानकारी दी। बिन्दकी के बाराती नगर मोहल्ला स्थित चर्च कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांडे, वरिष्ठ उप निरीक्षक सत्यदेव सिंह गौतम व कस्बा इंचार्ज नीरज कुमार कुशवाहा पुलिस बल के साथ पहुंचे। वहां पर मौजूद पादरी मुकुट सिंह राजपूत व अन्य लोगों से पूछताछ की। सभा के बारे में जानकारी ली और कौन-कौन आता जाता है। इस मौके पर मौजूद विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष राजेश सिंह गौतम ने कहा कि उन्हें जानकारी हुई कि यहां पर धर्म से संबंधित कुछ कार्यक्रम चल रहा है। इसलिए अपने साथियों के साथ यहां पर पहुंचे थे। बजरंग दल के विमलेश कुमार बाजपेई ने कहा कि यहां काफी लोग मिले हैं पुलिस आई जांच कर रही है। मामले में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांडे ने बताया कि बिना अनुमति के सभा करने की सूचना मिली थी। पादरी व अन्य मौजूद लोगों से पूछताछ की जा रही है। इस मौके पर बजरंग दल के नगर सहसंयोजक सजल शर्मा, हर्षित, धीरू पटवा, अनिल कुमार, अभय रहे।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**फतेहपुर।** चांदपुर थाना क्षेत्र के गौरी औरा गांव निवासी अब्दुल हमीद के पुत्र लईक ने सोमवार की सुबह घर के अंदर कमरे में पंखे में रस्सी का फंदा डाल फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजनों की जब नजर पड़ी तो घर में कोहराम मच गया।


जहानाबाद विधायक को ज्ञापन देते डिघरुवा के ग्रामीण। अमृत विचार

# ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने को विधायक से गुहार लगाई

संवाददाता, जाफरगंज

**अमृत विचार।** अमौली विकास खंड के डिघरूवा गांव निवासी लगभग एक सैकड़ा ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक को शिकायती पत्र सौंपा है जिसमें बताया गया है कि गांव में एक सैकड़ा से अधिक बिजली कनेक्शन धारक हैं। पच्चीस केवीए के ट्रांसफार्मर से सप्लाई दी जा रही है जो एक महीने में चार बार फुंक चुका है जिससे ग्रामीण खासे परेशान हैं।

गांव निवासी सोमचंद्र, आदित्य कुमार, रामदास वर्मा, छोटेलाल रामस्वरूप कोरी, जयपाल , सोनेलाल, रामदेवी, राजरानी, मुन्नीलाल, कैलाश, मैयादीन, शिवकुमार सहित अन्य लोगों ने सोमवार को जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल से मिलकर बताया कि जेई एवं एसडीओ को कई बार समस्या से अवगत कराया गया है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिससे ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। 63 केवीए का ट्रांसफार्मर रखवाए जाने की मांग की।

# चिटफंड कंपनियों को बंद करने की मांग

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** विभिन्न चिटफंड कंपनियों द्वारा लोगों से पैसे जमा कर ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ितों ने जिलाध्यक्ष अमृत लाल के नेतृत्व में नहर विभाग के परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया है, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हैं।

धरना स्थल पर स्थित नहर कालोनी में प्रदर्शनकारियों ने सोमवार को पटेल नगर चौराहा जाम करने की चेतावनी दी। इसके बाद एसडीएम नहर कालोनी ने धरना स्थल का दौरा किया और पीड़ितों से ज्ञापन प्राप्त किया। धरना में शामिल अमृत लाल ने बताया कि चिट्फंड कंपनियों ने लोगों को धन दोगुना करने का झांसा देकर करोड़ों रुपए जमा कराया और फिर भाग गए। उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में भारत सरकार ने अनियमित जमा पाबंदी योजना अधिनियम 2019 ( बुड्स एक्ट) बनाया है, जिसके तहत 180 दिनों के भीतर पीड़ितों की राशि लौटाने का प्रावधान है। ठगी के शिकार निवेशकों की जमा राशि दो से तीन गुना वापस की जाए। बेरोजगार निर्दोष एजेंटों को सुरक्षा, सम्मान और रोजगार दिया जाए। फर्जी चिटफंड कंपनियों को बंद किया जाए ताकि जनता को ठगने से रोका जा सके। ठगी के शिकार जमाकर्ता की मौत के बाद परिवार को मुआवजा दिलाया जाए । जिन कंपनियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज है, उनके आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए। जिलाध्यक्ष अमृत लाल ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की जातीं तो धरना अनिश्चितकालीन जारी रहेगा। ज्ञापन देने वालों में राकेश प्रजापति, मातादीन, जितेंद्र सिंह, दीपक कुमार सैनी, सुमन देवी, राकेश कुमार, विनोद कुमार मौर्य, जगमोहन, राजेंद्र, हरिओम प्रजापति, सतीश कुमार विश्वकर्मा सहित अन्य लोग शामिल रहे।


प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपते ठग पीड़ित। अमृत विचार

**तफ्तीश** | कालिंदी कांड को पलटाने की साजिश का मामला, घटनास्थल के पास सक्रिय मोबाइल नंबरों को देखा जा रहा

# पुलिस 10 किलोमीटर क्षेत्र के सीसीटीवी खंगाल रही

कार्यालय संवाददाता, शिवराजपुर/कानपुर

**अमृत विचार।** कालिंदी कांड को पलटाने की साजिश के बाद पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर शिवराजपुर टोल समेत 5 किमी बिल्हौर साइड और 5 किमी कानपुर साइड के भवनों, मिलों, कोल्डस्टोरेज और फैक्ट्रियों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। आसपास कई किमी के दायरे में जो भी पेट्रोल पंप कर्मी हैं, उनसे भी पूछताछ शुरू कर दी गई है।

उनके यहां लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। सर्विलांस टीम की मदद से घटनास्थल के आसपास जो भी मोबाइल नंबर एक्टिव थे, उनकी कई दिन की डिटेल निकलवाई जा रही है। उसमें देखा जाएगा कि किसकी कितने बार कहां पर बात हुई है। घटनास्थल के आसपास स्थित सानिवादा, उधौनिवादा, सेनानिवादा, धमनी निवादा, मुडेरी, बंशी निवादा, ढोकापुर, कंठीपुर, दरियानिवादा समेत 10 गांवों में पुलिस के साथ एलआईयू, विजिलेंस और सुरक्षा एजेंसियां डेरा डाले हुए हैं। **इंडियन गैस एजेंसी पहुंची पुलिस, मांगी सूची :** पुलिस की टीमें इंडियन गैस एजेंसी पहुंची। जहां पर संचालक से यह सूची मांगी गई कि पिछले तीन दिनों में किसको-किसको कहां पर सिलेंडर बांटा गया। पुलिस इसके बाद सूची में शामिल लोगों के घर जाकर पूछताछ कर इनपुट जुटाएगी। घटनास्थल पर मिले सिलेंडर पर अंकित नंबर के आधार पर भी जांच की जा रही है कि सिलेंडर कहां से आया।


मौके पर जांच करती टीम । अमृत विचार

### कालिंदी मामले में गठित होगी एसआईटी

**शिवराजपुर/कानपुर।** कालिंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश के मामले की जांच एसआईटी करेगी। मंगलवार को इसे गठित कर दिया जाएगा। इस मामले की जांच एनआईए, आईबी, एटीएस और खुफिया एजेंसी भी कर रही हैं। इससे पहले पनकी थानाक्षेत्र में साबरमती एक्सप्रेस को रेलवे ट्रैक पर पटरी का टुकड़ा रखकर पलटाने की साजिश रची गई थी। जिसमें 22 डिब्बे पटरी से उतर गए थे। इस मामले में भी एफआईआर दर्ज कराने के बाद एसआईटी गठित की गई। जांच अभी चल रही है।

### सहायक सुरक्षा आयुक्त ने ट्रैक पर कराई नापजोख

घटनास्थल पर रेलवे के आलाधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे बरेली के सहायक सुरक्षा आयुक्त पवन श्रीवास्तव ने जांच शुरू की। उन्होंने ड्यूटी पर मौजूद गैंगमैन के बयान दर्ज किए। साथ ही जिस पोल के पास एलीपीजी सिलेंडर रखा था वहां से जिस जगह गिरा वहां तक कर्मियों ने नापजोख कराई। यह भी चिन्हित किया गया कि ट्रेन के टकराने के बाद से किस-किस जगह पर रेलवे के स्लीपर में रगड़ लगी।

# एनआईए, आईबी, एटीएस जांच में जुटीं, 28 को उठाया

- कालिंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश का मामला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कालिंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश के बाद सोमवार सुबह एनआईए, आईबी की टीम, एटीएस के आईजी नीलाब्जा चौधरी टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे। इनके अलावा कई जांच एजेंसियां ने घटनास्थल से लेकर आसपास इलाके में जांच की। बरेली मंडल के सहायक सुरक्षा आयुक्त पवन श्रीवास्तव भी रेलवे के अधिकारियों के साथ पहुंचे और जांच शुरू की। शाम को पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार भी मौके पर पहुंचे।

सोमवार सुबह एनआईए, आईबी, एटीएस समेत कई जांच एजेंसियों ने जांच की और सुबूत जुटाए। ट्रैक से भरा सिलेंडर के अलावा बोतल में पेट्रोल, माचिस, एक मिठाई का डिब्बा और झोला मिला था। झोले में बारूद जैसा पदार्थ पाया गया। पुलिस अलग-अलग छह टीमों का गठन किया गया है। जिन्होंने लखनऊ से चार, बिल्हौर से चार और आसपास इलाकों से कुल दो हिस्ट्रीशीटरों समेत 28 लोग उठाए हैं। जिनसे अलग-अलग टीमें पूछताछ कर रही हैं। दोपहर में डॉग स्क्वॉड की टीम भी पहुंची। पुलिसकर्मी उसे घटनास्थल पर ले गए जहां पर ट्रेन से टकराने के बाद सिलेंडर गिर गया था। वहां पर उसने सूंघा और इसके बाद वह सीधा पास के टोल प्लाजा की बंद सर्विस रोड की तरफ 200 मीटर भागा। इसके बाद फिर से घूम कर आया और झाड़ियों के पास चला गया। जहां से पीछे कंठीनिवादा गांव बसा है। डॉग स्क्वॉड यहां से खेतों से होता हुआ टोल पर हाईवे पर स्थित एक भोजनालय पहुंचा।

# चार घंटे जीटी रोड जाम, पुलिस पर पथराव, लाठीचार्ज

**कानपुर।** श्याम नगर में कार की टक्कर से स्कूटी सवार बजरंग दल कार्यकर्ता की मौत के मामले में परिजन, क्षेत्रीय लोगों व कार्यकर्ताओं ने सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद जीटी रोड पर शव रखकर जाम लगा दिया। आक्रोशित परिजन आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज व 20 लाख मुआवजा की मांग पर अड़े रहे। करीब चार घंटे तक लगे जाम में स्कूली वाहन व एंबुलेंस भी फंस गईं। भीड़ ने पुलिस पर पथराव कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर लोगों को खदेड़ा और 6 लोगों को हिरासत में लिया। रविवार दोपहर श्याम नगर स्थित मोहिनी वाटिका के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार कार की टक्कर से शिवकटरा निवासी स्कूटी सवार बजरंग दल कार्यकर्ता अभय शुक्ला उर्फ शंकर की मौत हो गई थी।

यस्य नास्ति स्वयं प्रज्ञा, शास्त्रं तस्य करोति किं।
लोचनाभ्याम विहीनस्य, दर्पण : किं करिष्यति ॥

जिस व्यक्ति के पास स्वयं का विवेक नहीं है। शास्त्र उसका क्या करेगा? जैसे नेत्रहीन व्यक्ति के लिए दर्पण व्यर्थ है।

## संपादकीय

# रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता

अर्थव्यवस्था जैसे-जैसे मजबूत हो रही है, सरकार देश को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। भारत रक्षा क्षेत्र के लिए जरूरी सामानों के आयात को कम कर रहा है और 'मेक इन इंडिया' अभियान के तहत घरेलू बुनियादी ढांचे के निर्माण पर जोर दे रहा है। इस पहल के तहत रक्षा उपकरणों के स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देने व निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित किया जा रहा है। रक्षा खरीद प्रक्रिया को 2016 में संशोधित किया गया, जिसमें घरेलू रक्षा उद्योग के विकास को प्रोत्साहित करने के लिए विशिष्ट प्रावधान पेश किए गए। रक्षा खरीद नीति ने आयात पर निर्भरता की चिंताओं को देखते हुए स्वदेशी विनिर्माण, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और सहयोग के महत्व पर जोर दिया। रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए रक्षा मंत्रालय ने 26,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से सुखोई-30एमकेआई विमान के लिए 240 एएल-31 एफपी एयरो इंजन खरीदने हेतु हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ एक अनुबंध पर सोमवार को हस्ताक्षर किए। इंजनों का निर्माण एचएएल के कोरापुट डिवीजन में किया जाएगा। एचएएल, बीईएल, बीडीएल, आईओएल, एमडीएल, जीएसएल, जीआरएसई और हिंदुस्तान एचएसएल रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम हैं।

सरकार ने देश में आर्थिक विकास और रक्षा औद्योगिक आधार के विकास के इंजन के रूप में काम करने के लिए दो रक्षा औद्योगिक गलियारे स्थापित करने का निर्णय लिया है। ये गलियारे तमिलनाडु में चेन्नई, होसुर, कोयंबटूर, सलेम और तिरुचिरापल्ली तथा उत्तर प्रदेश में अलीगढ़, आगरा, झांसी, चित्रकूट, कानपुर और लखनऊ तक फैले हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' संकल्प के लिए विस्तृत पैमाने पर किए गए प्रयासों से रक्षा वस्तुओं के देश में ही निर्माण होने के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। देश में ही हथियार से लेकर लड़ाकू विमान तक बनाए जा रहे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का कहना है कि हम एक विकसित राष्ट्र बनाना चाहते हैं तो हमें आधुनिक हथियारों और उपकरणों के साथ मजबूत सशस्त्र बलों की आवश्यकता होगी। बीते एक दशक में रक्षा क्षेत्र में भारत का निर्यात 25 गुना बढ़ चुका है। कहा जा सकता है भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की सीढ़ी पर लगातार आगे बढ़ रहा है। उम्मीद है भारत का रक्षा क्षेत्र में पूंजीगत व्यय वित्त वर्ष 2025 तक 29 फीसदी और वित्त वर्ष 2030 तक 37 फीसदी बढ़ जाएगा। भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लिए आधुनिक उपकरणों के साथ मजबूत सशस्त्र बलों की आवश्यकता है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के भरोसे 2047 तक ग्लोबल पावर बनेगा।

# लद्दाख की दिल्ली दस्तक को समझना जरूरी



प्रदीप मिश्र
वरिष्ठ पत्रकार

एनएन वोहरा को 2003 में जब केंद्रीय गृह सचिव के तौर पर 'मिशन कश्मीर' में लगाया गया तो उन्होंने जम्मू को तो इसमें शामिल कर लिया, लद्दाख को नजरअंदाज कर दिया। वोहरा 2008 में जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल बनाए गए थे।

केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के बीच दूसरे केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में सियासी और सामाजिक गतिविधियों पर ज्यादा लोगों का ध्यान नहीं है। जम्मू-कश्मीर की अवाम को अगर चुनाव के बाद राज्य का दर्जा वापस होने की उम्मीद है तो लद्दाख के लोगों में भी इसकी ललक है। पांच अगस्त 2019 को अनुच्छेद-370 हटाने के साथ ही लद्दाख को जम्मू-कश्मीर से अलग कर केंद्र शासित प्रदेश तो बना दिया गया, लेकिन विधानसभा खत्म कर दी। उनके चार सदस्य विधानसभा के लिए चुने जाते थे। यही नहीं, सरकार में एक मंत्री पद भी मिल ही जाता था।

सामरिक महत्व वाले लद्दाख के लोग चार साल से बीच-बीच में आंदोलन करते रहे हैं। अब उन्होंने 1 सितंबर से दिल्ली के लिए यात्रा शुरू कर दी है। यात्रा 2 अक्तूबर को दिल्ली पहुंचेगी। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजे 8 अक्तूबर को आएंगे और इससे पता चल जाएगा कि अनुच्छेद-370 खत्म करने और पूर्ण राज्य के लिए केंद्र सरकार का आश्वासन जमीनी स्तर पर कितना कारगर रहा है। देश का मस्तक माने जाने वाले लद्दाख में फिलहाल लेह और कारगिल जिले हैं। लेह अपेक्स बॉडी (एलएबी) और कारगिल डेमोक्रेटिक एलायंस (केडीए) से जुड़े लोग नवंबर 2022 में अपनी मांगें मनवाने के लिए दिल्ली में धरना-प्रदर्शन कर चुके हैं। 2024 में लोकसभा चुनाव से पहले लद्दाख में 66 दिन धरना चला था। चुनाव परिणाम में इसका गुस्सा दिखा और निर्दलीय मोहम्मद हनीफा जीत गए। भाजपा प्रत्याशी तासी ग्यालसन तीसरे स्थान पर रहे। मैग्सेसे पुरस्कार विजेता शिक्षा-पर्यावरणविद सोनम वांगचुक आंदोलन के बड़े चेहरे हैं।

लद्दाख से भाजपा के पूर्व सांसद जामयांग त्सेरिंग नामग्याल और थुपस्तान शेवांग भी साथ हैं। लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा, संविधान की छठी अनुसूची लागू करने, लेह और कारगिल को अलग-अलग लोकसभा सीट बनाने और पृथक लोकसेवा आयोग बनाकर सभी नौकरियां स्थानीय लोगों को देने की उनकी प्रमुख मांगें हैं। पूर्ण राज्य का दर्जा मिलने पर विधानसभा खुद-ब-खुद मिल जाएगी, जो अपने नागरिकों के हित के कानून बनाने में सक्षम होगी। मांगें सियासी और चुनावी नहीं हैं। संस्कृति की




लद्दाख से भाजपा के पूर्व सांसद जामयांग त्सेरिंग नामग्याल और थुपस्तान शेवांग भी साथ हैं। लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा, संविधान की छठी अनुसूची लागू करने, लेह और कारगिल को अलग-अलग लोकसभा सीट बनाने और पृथक लोकसेवा आयोग बनाकर सभी नौकरियां स्थानीय लोगों को देने की उनकी प्रमुख मांगें हैं। पूर्ण राज्य का दर्जा मिलने पर विधानसभा खुद-ब-खुद मिल जाएगी, जो अपने नागरिकों के हित के कानून बनाने में सक्षम होगी। मांगें सियासी और चुनावी नहीं हैं। संस्कृति की रक्षा के साथ जमीन और रोजगार का हक पूर्ववत (अनुच्छेद-370 समाप्त होने से पहले) रहने की भावना इससे जुड़ी है।

रक्षा के साथ जमीन और रोजगार का हक पूर्ववत (अनुच्छेद-370 समाप्त होने से पहले) रहने की भावना इससे जुड़ी है। याद रखना होगा। लेह के बौद्ध लद्दाख को जम्मू-कश्मीर से अलग कर केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा दिलाने के लिए 30 साल तक आंदोलन कर चुके हैं।


तिब्बत, चीन और पाकिस्तान से घिरे लद्दाख के हर वर्ग के लोग शिद्दत से चाहते हैं कि पूर्ण राज्य का दर्जा मिले। मांग है कि जब तक संभव न हो, संविधान की छठी अनुसूची के तहत उनके हित सुरक्षित किए जाएं। जम्मू-कश्मीर से अलग कर केंद्र शासित प्रदेश बनाने से लद्दाख के लोग खुश थे। कारण, कश्मीरी हुक्मरानों से आजादी की उनकी मांग पूरी हो गई थी। खुशी के आलम में नहीं समझ पाए कि दिल्ली ने उन्हें विधानसभा न देकर नौकरशाहों की नीतियों और नीयत पर छोड़ दिया है। लद्दाख में विधानसभा नहीं है, इसलिए राजनीतिक दृष्टि से उसकी चिंता नहीं की जाती है।

दूसरी ओर आंदोलन शुरू होने के बीच केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश के मनाली और लद्दाख के कारगिल को जोड़ने वाली शिंकूला सुरंग के निर्माण की मंजूरी दी। अभी तक हिमाचल प्रदेश से अटल टनल के जरिए ही लद्दाख पहुंचा जा सकता है। श्रीनगर-लेह के बीच जोजिला पर भी सुरंग बनाई जानी है। जम्मू-कश्मीर में चल रहे विधानसभा चुनाव के बीच केंद्र ने लद्दाख में जांस्कार, द्रास, शाम, नुबरा और चांगथांग को नया जिला बनाने की घोषणा की है। लेह और कारगिल के अलावा जांस्कार और नुबरा विधानसभा सीटें थीं। कारगिल के सांकू और शकर चिक्तन को भी जिला बनाने की मांग तेज हो गई है। अपराध मुक्त लद्दाख की अर्थव्यवस्था का बुनियादी आधार पर्यटन है। चीन से सटे अरुणाचल प्रदेश को 1987 में राज्य बनाया गया था। 1972 में यह केंद्र शासित प्रदेश और इससे पहले असम का हिस्सा था। छठी अनुसूची का विषय असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम के जनजातीय क्षेत्रों का प्रशासन है। इसके तहत भूमि, रोजगार और संस्कृति की रक्षा प्रमुख है। स्वायत्त जिले भी बनाए जा सकते हैं। लद्दाख में सिक्किम जैसी विधानसभा गठित करने की मांग की जा रही है। 5,40,493 आबादी वाले सिक्किम में 32 सीटें हैं। इस समय लद्दाख की अनुमानित जनसंख्या 3.02 लाख है। 2019 में लद्दाख में बौद्ध अनुयायी 45.87 प्रतिशत और मुस्लिम आबादी 47 फीसदी थी। बौद्धों की बहुतायत लेह में है, जबकि कारगिल में शिया मुस्लिम ज्यादा हैं। कश्मीर में आतंकवाद बढ़ने पर केंद्र सरकार ने जितने भी वार्ताकार नियुक्त किए, उनका कार्यक्षेत्र मुख्यतः कश्मीर ही रहा। एनएन वोहरा को 2003 में जब केंद्रीय गृह सचिव के तौर पर 'मिशन कश्मीर' में लगाया गया तो उन्होंने जम्मू को तो इसमें शामिल कर लिया, लद्दाख को नजरअंदाज कर दिया। वोहरा 2008 में जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल बनाए गए थे।

लद्दाखवासी अपनी मांगें मनवाने के लिए जिस तरह से आंदोलित हैं, उससे लगता है कि भविष्य में कठोर फैसले ले सकते हैं। अनदेखी केंद्र की कठिनाई बढ़ा सकती है। लद्दाख के लोगों ने धर्मगुरुओं के मार्गदर्शन में कश्मीरी अलगाववादियों को ही दरकिनार नहीं किया, पाकिस्तान और चीन के मंसूबे नाकाम करने के लिए सुरक्षा बलों के कंधे से कंधे मिलाया। यही कारण है कि जम्मू-कश्मीर के लोगों को राज्य बहाली की जितनी बेचैनी है, लद्दाख के बाशिंदे उससे भी अधिक फिक्रमंद हैं। इस संदर्भ में पूर्व में सोनम वांगचुक ने एक उल्लेखनीय बयान दिया था। कहा था कि यहां (लद्दाख) क्या हो रहा है, क्या वही, जो चीन तिब्बत में कर रहा है। सवाल उठे कि यह अंतर्राष्ट्रीय साजिश है। कहा गया कि अलग राज्य बौद्धों के लिए गुलामी का सबब बनेगा। जम्मू विश्वविद्यालय के पूर्व डीन प्रो. हरिओम ने 'बुद्धिस्ट प्लेयिंग विद फायरः पॉलिटिकल हिस्ट्री ऑफ लद्दाख पोस्ट अगस्त 2019' में भी केंद्र शासित प्रदेश की आवश्यकता और अनिवार्यता बताई है। पूर्ण राज्य के विरोधी क्षेत्र की धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान के लिए स्वायत्तशासी पर्वतीय परिषद के सशक्तीकरण पर जोर देते हैं। स्वायत्तशासी परिषदें लेह और कारगिल जिलों में अस्तित्व में ही नहीं, सक्रिय भी हैं।

## प्रसंगवश

# हिन्दी-उर्दू और अंग्रेजी



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

अंग्रेजी को अंग्रेज लेकर आए और पूरे देश (पढ़ने-लिखने वाले लोगों) में फैला दिया, लेकिन अंग्रेजी देश के किसी भी हिस्से में सामान्य जन तक नहीं पहुंच पाई। वह शासकों की और भद्रजन की ही भाषा बनी रही। हिंदी खड़ी बोली का परिष्कृत रूप है, जो मुसलमानों के आगमन के साथ, उन्हीं के कारण उत्तर-मध्य भारत और भौगोलिक रूप से इस भूभाग से विच्छिन्न हैदराबाद दकन के एक बड़े इलाके में फैल गई।

इसके पहले विद्वानों के लिए संस्कृत और सामान्य जन के लिए अपभ्रंश थी, जो प्राकृत की अंतिम और हिंदी की पहली अवस्था थी। अलग-अलग जगहों पर प्राकृत के अलग-अलग रूप थे। प्राकृत के एक क्षेत्र विशेष के रूप को पालि कहते थे। तब तक पालि-प्राकृत की तरह अपभ्रंश में भी साहित्य लिखा जाने लगा था, जिससे उसका एक मानक रूप बन रहा था। हिन्दी के विकास और विस्तार में मुसलमानों का योगदान उनके राज्य विस्तार के कारण हुआ। उन्होंने दिल्ली-मेरठ के आसपास एक छोटे से इलाके में बोली जाने वाली प्राकृत के अंतिम रूप (अक्खड़-सी खड़ी बोली) को उठाया, उसे मांजा और उसमें अरबी, फारसी, तुर्की की संज्ञाएं फेंट दीं। इस तरह उसका एक शहरी, मानक रूप बन गया। उसे उन्होंने अपने शासनकाल में न केवल आज की विशाल हिंदी पट्टी में, बल्कि इस पट्टी से दूर और इससे असंपृक्त हैदराबाद दकन के एक बड़े भूक्षेत्र में जन-जन तक फैला दिया।

मुसलमान शासक न होते तो खड़ी बोली के मानक रूप हिंदी का निर्माण और विस्तार न होता। स्वतंत्र भारत में एक वृहत् राजभाषा विभाग है और केंद्र सरकार के सभी कार्यालयों तथा केंद्र के उपक्रमों में उसके कार्यालय और वेतनभोगी अधिकारियों की एक बड़ी फौज है। किंतु यह विभाग हिंदी को किसी ऐसे क्षेत्र के सामान्य-जन तक नहीं ले जा पाया, जहां वह मुस्लिम शासन काल में पहले से ही नहीं पहुंच गई थी। खुसरो के वक्त तक इस हिंदी का वह रूप स्थिर हो चुका था, जो आज तक कायम है। रहीम, रसखान वगैरह हिंदी के ही बड़े कद के रचनाकार थे। अवधी में लिखने वाले जायसी को फिलहाल छोड़ देते हैं। उर्दू का तब कहीं नामोनिशान नहीं था। यह तो 1780 के बाद फारसी लिपि में लिखी जाने वाली हिंदी में अरबी-फारसी की अतिरिक्त संज्ञाओं को कृत्रिम ढंग से घुसेड़कर एक नया नाम दे दिया गया-उर्दू। उर्दू वह बोली थी, जो मुसलमान सैनिक स्थानीय लोगों से काम चलाऊ संवाद के लिए इस्तेमाल करते थे। यानी खड़ी बोली। कालांतर में उसी का परिष्कृत रूप वह जबान बनी, जो दिल्ली किले की बेगमें बोलती थीं। तो उर्दू ए मुअल्ला का शाब्दिक अर्थ जो भी हो, व्यावहारिक अर्थ हुआ किले की बेगमों की जबान, जिसमें एक तहजीब थी, एक नफासत थी। 1780 के बाद मुअल्ला का पुछल्ला हटाकर किले की बेगमों की इसी जबान को उर्दू कहने लगे। इसी का प्रयोग मुस्लिम भद्रजन और उनके संपर्क में रहने वाले हिंदू भद्रजन आपसी बोलचाल में, साहित्य लेखन में और अपने अधीन बचे रह गए प्रशासन में भी करने लगे।

यह वह समय था जब अंग्रेजी राज्य के विस्तार के साथ मुस्लिम शासक वर्ग के भद्रजनों में ह्रासोन्मुख असुरक्षा का भाव और पहचान का संकट खड़ा हो गया था। सामान्य जन से पृथक, अपनी विशिष्ट पहचान बनाए रखने के लिए उन्होंने भाषा का एक भुरभुरा सहारा लिया और हिंदी का एक ऐसा रूप विकसित किया, जिसमें अरबी-फारसी की संज्ञाएं अधिक मात्रा में थीं और जिसे फारसी लिपि में लिखा जाता था।

कैसी विडंबना है कि कुछ ज्ञानी लोग आज मुसलमानों द्वारा संजोई और फैलाई गई हिंदी को हिंदुओं की और उसी की फारसी लिपि में लिखी जाने वाली एक शैली 'उर्दू' को मुसलमानों की भाषा मानते हैं। वह शैली क्या है? उसमें अरबी, फारसी की संज्ञाएं कुछ अधिक मात्रा में हैं। ये संज्ञाएं तो हिंदी में भी हैं और खूब हैं। इस कदर कि कोई आमफहम हिंदी बोलता है तो उर्दू वाले उसे उर्दू समझते हैं। जैसे कोई आमफहम उर्दू बोलता है तो हिंदी वाले उसे हिंदी समझते हैं। रहस्य यह है कि दोनों शैलियों में सारी की सारी क्रियाएं एक ही हैं। और बिना क्रिया भिन्न हुए कोई भी भाषा भिन्न नहीं हो सकती। आप कार्यालय जा सकते हैं, दफ्तर जा सकते हैं, ऑफिस भी जा सकते हैं, लेकिन कार्यालय और दफ्तर गो नहीं कर सकते। वह कोई भाषा नहीं होगी। 'आई गो टु माय दफ्तर/कार्यालय' अंग्रेजी हैं, इसलिए कि इसमें क्रियापद गो अंग्रेजी है। जैसे ही आप ऑफिस या दफ्तर या कार्यालय "जाएंगे" कहेंगे, वह भाषा हिंदी/उर्दू हो जाएगी।

# आपदाओं से लेना होगा सबक



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

आज प्रकृति जिस तरह से करवटें ले रही है उसे देखते हुए हमें एक समग्र एवं दूरगामी नीति बनाने की आवश्यकता है, ताकि हम भविष्य में प्रकृति के प्रकोप से बच पाएं।

भारत के अनेक राज्य हाल ही में गंभीर प्राकृतिक आपदाओं की गिरफ्त में जकड़े रहे। आपदाओं का यह कहर अभी रुका नहीं है, बल्कि हर दूसरे या तीसरे दिन इन आपदाओं से होने वाली क्षतियों की खबरें मिलती रहती हैं। प्रमुख राज्यों पर यदि दृष्टिपात किया जाए तो केरल के वायनाड जिले में हुए जबरदस्त भूस्खलन से सैकड़ों लोग काल के गाल में समा गए। न जाने कितने पेड़ उखड़ गए, कितने मकान और वाहन बह गए और कितनी सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं।

हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखंड में बादल फटने से जिस स्तर तक तबाही मची उसका अंदाजा लगा पाना भी नितांत मुश्किल है। खास बात यह है कि इन राज्यों में क्लाउडबर्स्ट की भयावह घटना एक बार ही नहीं, बल्कि अनेक बार घटित हुई, लिहाजा इससे होने वाला नुकसान भी एक बार में नहीं कई किस्तों में हुआ। बादल फटने की घटना जम्मू कश्मीर में भी घटित हुई। आपदाओं की इस श्रृंखला ने न जाने कितनी सड़कों, पुलों, पेड़-पौधों, इमारतों और कितनी जिंदगियों को लील लिया। प्रकृति का बढ़ता प्रकोप हमारे लिए गंभीर चिंता का विषय है, किंतु यह भी समझने की जरूरत है कि प्रकृति इतना भीषण कहर बेवजह नहीं बरपाती। प्रकृति हमें अपने अभिशाप के दायरे में तभी लेती है जब हम अहंकारवश अपनी सीमाएं लांघकर प्रकृति की शक्ति को चुनौती देने पर उतारू हो जाते हैं।

भारत के विभिन्न राज्यों में इन त्रासदियों का जिम्मेदार आखिरकार कौन है? कटुसत्य यही है कि इन सभी दुर्घटनाओं की नींव निर्मित करने में हमारा स्वार्थ, हमारी अतिमहत्वाकांक्षाएं एवं हमारी अंधी दौड़ शामिल है। प्रकृति ने ऐसी व्यवस्था कदापि नहीं बनाई थी कि किसी स्थान पर पलक झपकते ही सामान्य से पांच सौ प्रतिशत ज्यादा बारिश हो जाए। ये सभी असामान्य घटनाएं हमारे ही द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से तैयार की गई हैं। आज हम विकास पर केंद्रित हैं और विकास के पीछे पागलों की तरह दौड़े चले जा रहे हैं, लेकिन हम यह भूल रहे हैं कि जिन गतिविधियों को हम विकास की संज्ञा देते हैं, वे तो वस्तुतः विनाश की नींव पर आधारित हैं या कह सकते हैं कि विनाश का ही दूसरा रूप हैं। आज हमारे द्वारा विकास के जिस मॉडल को अपनाया जा रहा है, उसके अंतर्गत आने वाली गतिविधियों से पर्यावरण का संतुलन पूरी तरह बिगड़ता जा रहा है।

हमको समझना होगा कि कोई भी आपदा अचानक नहीं आती है। उसके उद्भव में एक लंबे समय तक सक्रिय रहे विभिन्न कारकों का योगदान होता है। ये कारक प्राकृतिक भी होते हैं एवं मानवजनित भी, किंतु बादल फटना एवं भूस्खलन जैसी आपदाओं के पीछे अप्रत्यक्ष रूप से मानवीय गतिविधियां ही जिम्मेदार हैं। विकास की दौड़ में मनुष्य ने उन सभी कृत्यों को अंजाम दिया, जिनकी वजह से वैश्विक तापमान में लगातार इजाफा होता गया और नतीजा यह है कि अतिशय वाष्पोत्सर्जन एवं उच्च तापमान की वजह से बादलों के लिए स्वयं को रोक पाना भी मुश्किल हो गया है। नतीजतन वे अनुकूल परिस्थितियां पाकर फट पड़ते हैं और भयंकर तबाही मचा देते हैं। पर्वतों पर विकास के नाम पर अनगिनत पेड़-पौधे एवं जंगल काट दिए गए, किंतु इस कटान से पहाड़ पर क्या असर पड़ेगा, शायद हमने इस पर विचार नहीं किया। पेड़ों के काटने से पहाड़ों की मिट्टी जिस शक्ति के साथ बंधी हुई थी, वह शिथिल पड़ चुकी है और नतीजा यह है कि पहाड़ों पर भूस्खलन की घटनाएं आरंभ हो चुकी हैं। पहाड़ों की मिट्टी को स्वयं प्रकृति ने ही वृक्षों का रूप लेकर बांधकर रखा है, लेकिन हम यह बात नहीं समझते और वृक्षों का अंधाधुंध कटान कर देते हैं। बदले में हमें प्रकृति के प्रकोप का भागी बनना पड़ता है।

हाल ही में ब्रिटिश कंपनी क्लाइमेट एक्स के शोधकर्ताओं के द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार, आने वाले दो दशकों में दुनिया के 50 विरासत स्थल खो जाएंगे, जिनमें से पांच भारत के हैं। भारत के इन स्थलों में सिक्किम का कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान, उड़ीसा का कोणार्क सूर्य मंदिर, राजस्थान का केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान, पश्चिम बंगाल का सुंदर वन राष्ट्रीय उद्यान और गोवा का चर्च एवं कॉन्वेंट शामिल है। शोध के अनुसार इन धरोहरों के विलुप्त होने की वजह जलवायु परिवर्तन से जनित भूस्खलन, बाढ़, तूफान एवं भीषण गर्मी जैसी आपदाओं को बताया गया है।

आज प्रकृति जिस तरह से करवटें ले रही है उसे देखते हुए हम एक समग्र एवं दूरगामी नीति बनाने की आवश्यकता है, ताकि हम भविष्य में प्रकृति के गंभीरतम प्रकोप से बच पाएं। यह प्रकृति का बदलता रुख ही है कि बारिश जैसी सामान्य एवं प्राकृतिक घटना आज हमारे लिए आफत का रूप बन चुकी है। यदि हमें अपने अस्तित्व को बचाना है तो हमें प्रकृति के अनुकूल रहना होगा।

## सोशल फोरम

# कैसे हुई काले धन की शुरुआत



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू मानव में देवत्व देखने के आदी थे। वह उनके साथ के नेतागण, अर्थशास्त्री, बुद्धिजीवी सभी यह मानते थे कि भारतीय मनुष्य देवता हैं और अपने स्वार्थ की परवाह किए बिना देश के लिए सब कुछ न्यौछावर कर देंगे। इस विश्वास का सबूत उन्होंने आयकर की दरों में दिया।

1960 तक शीर्ष धनियों और उद्योगपतियों की आमद पर आयकर की दर लगभग 88 प्रतिशत (प्रभावतः 97 प्रतिशत) थी यानी बहुत धनी लोग इतने देशभक्त माने गए थे कि अपने अर्जित 100 रुपये में 97 रुपये सरकार को देंगे और केवल 3 रुपये अपने पास रखेंगे। अहा, नेहरू जी से बड़ा समाजवादी और आदर्श नेता और कौन हो सकता है? यह देव-मानवतावादी सिलसिला 1973 तक चला। 1973-74 के बाद शिखर पर के धनियों की आय पर कर की दर प्रभावतः 77 प्रतिशत थी। मतलब कि शिखर के धनाढ्य लोग 100 में 23 रुपये अपने पास रखेंगे और 77 रुपये सरकार को दे देंगे। अहा, क्या गुलाबी दृष्टिकोण था। वर्ष 1985-87 में वीपी सिंह ने आयकर के चार स्लैब बनाए और शीर्ष स्लैब पर आयकर की दर को अधिकतम 50 प्रतिशत कर दिया। मानव को देवत्व से उतारकर मानव समझने की कोशिश शुरू हुई। सांस्कृतिक रूप से यह मानवीकरण मात्र पतन ही था।

यह माना गया कि आयकर की दर बहुत ज्यादा होने की वज़ह से टैक्स की चोरी होती है। यह दुखद है कि हमारे धनाढ्यों और उद्योगपतियों को देवदूत न समझकर 'कर-चोर' समझा गया, जो महामना पूंजीपति गांधीजी की बकरी तक को एयरकंडीशंड कमरे में रखने की उदारता दिखा सकते थे, उन्हें स्वार्थी, लोलुप, चरित्रहीन और दौलत का पुजारी कहा गया। यह भयंकर वैचारिक पतन था। धनाढ्यों के चरित्र पर शंका एक हृदयविदारक घटना थी। हाय, उन्हें स्वार्थी समझा गया। मनमोहन सिंह (1991-96) ने मानव को और नीचे गिराया और उन्हें स्वार्थी समझकर आयकर के मात्र तीन स्लैब बना दिए। आयकर की अधिकतम दर 40 प्रतिशत कर दी गई। पी. चिदंबरम और नीचे गिर गए। उन्होंने 1997-98 में आयकर की अधिकतम दर 30 प्रतिशत कर दी। अब तक हम और अधिक नीचे नहीं गए हैं।

-फेसबुक वॉल से

# क्या भारतेंदु हिंदू राष्ट्रवादी थे



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

भारतेंदु 19वीं सदी के भारत के सबसे बड़े साम्राज्यवाद-विरोधी थे। उन्होंने हंटर कमीशन की गवाही की शुरुआत अपनी इस पंक्ति से की थी, 'मैं हिंदी, संस्कृत और उर्दू कवि हूं'।

भारतेंदु हिंदू थे। वे वैष्णव थे, राधा-कृष्ण की युगल मूर्ति के उपासक थे, पर वे यह भी कहते थे, 'हिंदुओं का शास्त्र पंसारी की दुकान है'। उन्होंने धार्मिक पाखंड की आलोचना की, 'हिंदू चूरन इसका नाम, विलायत पूरन इसका काम।' वे ईश्वर चंद्र विद्यासागर के मित्र थे और विधवा पुनर्विवाह के समर्थक थे। वे जाति प्रथा के विरोधी थे, 'वैष्णव में हम जाति बुद्धि नहीं करेंगे।' वे विक्टोरिया की जय बोलने की रणनीति के साथ उसी कविता में यह भी कह सकते थे, 'ऐसो न चाहिए आपुके राज, प्रजा जन ज्यों मछरी बिनु पानी'।

वे 19 वीं सदी के भारत के सबसे बड़े साम्राज्यवाद-विरोधी थे। उन्होंने हंटर कमीशन की गवाही की शुरुआत अपनी इस पंक्ति से की थी, 'मैं हिंदी, संस्कृत और उर्दू कवि हूं'। वे बलिया वाले भाषण में हिंदू-मुस्लिम एकता की बात कहते हैं। 'इतिहास की बात' लेख में अकबर के राज्य की प्रशंसा करते हैं। भारतेंदु के साहित्य में ऐसे विचार ज्यादा हैं, जो 19 वीं सदी के नवजागरण, उदारवाद और समावेशी भारतीय राष्ट्रीयता को ध्वनित करते हैं, लेकिन पिछली सदी के 80 और 90 के दशक में अंग्रेजी परस्त एलीट समाजवैज्ञानिकों का एक ऐसा दल उभरा, जो भारतेंदु को हिंदू राष्ट्रवादी कहने लगा। उनमें पहला नाम सुधीर चंद्र है और दूसरा वसुधा डालमिया। हिंदी में भी कुछ लेखक इसी प्रभाव में भारतेंदु को खारिज करने पर तुले हुए थे। सुधीरचंद्र की भारतेंदु की अधपढ़ता पर आधारित अधकचरी स्थापना का जवाब देने के लिए ही मैंने 1986 में 'भारतेंदु और भारतीय नवजागरण' पर एक संपादित पुस्तक निकाली, जिसमें चंद्रबली सिंह से लेकर शिव कुमार मिश्र और कुंवरपाल सिंह के भिन्न कोण से लेख थे और मेरे भी विचार थे।

वसुधा डालमिया ने तो भारतेंदु को 'हिंदू परंपराओं के राष्ट्रीयकरण' के अभियान में संकुचित कर दिया। उन्होंने अपनी पुस्तक के कवर पर भारतेंदु का जो चित्र दिया, उसमें भारतेंदु अपनी प्रेमिका मल्लिका को गोद में लेकर बैठे हुए हैं। निश्चित रूप से पुस्तक के कवर पर ऐसा चित्र देने का उद्देश्य भारतेंदु को गौरव प्रदान करना नहीं था। इस तरह वे स्त्री को भी किस संकुचित नजरिए से देख रही थीं, कहना न होगा। भारतेंदु पर आक्रमण का यह सिलसिला प्रसाद और निराला तक जारी था, मानों वे सभी निरर्थक हैं और हिंदी के महान साहित्यकार अब जाकर इन आक्रमणकारियों के रूप में धरती पर अवतरित हुए हों।

मुख्य बात है, बीसवीं सदी के आखिरी दशक में भारत की समावेशी साहित्यिक परंपराओं का अंधकार अपने चरम पर था और देश की सांप्रदायिक शक्तियों को बढ़ाने में ऐसे अंधबुद्धिवादियों के लेखन का एक प्रमुख योगदान है। इन्होंने एक बड़े मानवीय और सेकुलर आंदोलन को एकदम कोने में कर दिया और खुद भी अकेले तथा विच्छिन हो गए।

आज पिछली गलतियों से सीखकर अंधबुद्धिवाद को त्यागने और समावेशी आलोचनात्मकता को अपनाने की जरूरत है। 19 वीं सदी ने हमें 'क्रिटिकल थिंकिंग' के लिए फिर से प्रेरित किया, हमें इतना तो उसका आभार मानना ही चाहिए।

# बैंक जमाराशियों में गिरावट चिंतनीय



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

देश के प्रमुख वित्तीय अखबारों ने सार्वजनिक बैंकों में जमा राशियों में वृद्धि की गिरावट की खबर को प्रमुखता से छापा है। फिक्की आईबीए बैंकिंग सम्मेलन में भारतीय बैंक संघ के के अध्यक्ष श्री एमवी राव ने इस बात पर प्रकाश डाला कि म्युचल फंड उच्च रिटर्न प्रदान कर रहे हैं, क्योंकि वो बैंकों के समान विनियामक प्रतिबंधों के अधीन नहीं है। इससे निवेशकों की प्राथमिकताओं में बदलाव आया है, जिससे बैंकों के लिए जमा जुटाने में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त बनाए रखना मुश्किल हो गया है।

23 अगस्त की समाप्त समीक्षाधीन पखवाड़े में सभी अनुसूचित बैंकों की जमा वृद्धि में गिरावट देखी गई है। बैंकिंग एक विशेष व्यवसाय होने से स्थाई ग्राहक संबंध से पनपता है। खासकर उस मद में जहां ग्राहक अपने जीवनभर की कमाई किसी भरोसे पर छोड़ देता हो, जमाकर्ताओं के बीच आमने-सामने की बातचीत की आवश्यकता होती है, जो प्रौद्योगिकी के माध्यम से फेसलेस होकर नहीं हो सकती। आमतौर पर जमा डेस्क पर अधिकांशतः क्लर्क होते हैं, जो सीधे संवाद स्थापित करते हैं। इनकी संख्या कम होने से जमा संग्रहण में और संबद्ध सेवाओं में प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

एक और प्रमुख कारण जो लो कास्ट जमाओं को लेकर बताया गया है कि 2011 से बचत खातों में विनियमन होने से अलग-अलगबैंकों की बचत खातों की ब्याज दरें अलग-अलग है। इस विनियमन को वापस लेने और भारतीय रिजर्व बैंक को दर तय करने की जरूरत है। बचत खातों पर जुर्माना, खासकर न्यूनतम शेष राशि के नियम का पालन न करने के कारण होता है। वो ग्राहक को अनुशासित करने की बजाय बैंकों में गैर ब्याज आय बढ़ाने के उद्देश्य से लगाया जा रहा है, उसे भी कम करने की जरूरत है। इस गिरावट पर इंडियन बैंक एसोसिएशन और भारतीय रिजर्व बैंक को ध्यान देने और तुरंत ठोस उपाय करने की जरूरत है।

# पुलिस ने साढ़े सात वर्षों में ढेर किए यादवों से ज्यादा ब्राह्मण अपराधी

## मुख्यालय से जारी हुए एनकाउंटर के आंकड़े हो रहे वायरल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सुल्तानपुर डकैती कांड में सहअभियुक्त मंगेश यादव के एनकाउंटर के बाद प्रदेश में मचा सियासी बवाल उस समय थम गया, जब पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी एनकाउंटर के जातीय और धार्मिक आंकड़े सोशल मीडिया में वायरल होने लगे। आंकड़ों में सामने आया कि एनकाउंटर में यादवों से अधिक क्षत्रिय अपराधी ढेर हुए और मुस्लिमों से तीन गुना अधिक हिंदू अपराधियों का एनकाउंटर किया गया। यही नहीं एससी के सापेक्ष सवर्ण अपराधियों पर अधिक कार्रवाई की गई है।

बता दें कि मंगेश यादव के एनकाउंटर के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एसटीएफ पर जाति देखकर एनकाउंटर करने का आरोप लगाया था। इस दौरान उन्होंने इसे सियासी मुद्दा बनाने की भी कोशिश करते हुए एक्स पर लगातार दो-दो पोस्ट भी किए थे। उधर, इस मुद्दे को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने भी प्रदेश सरकार को घेरा था। अभी इस मुद्दे पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल ही रहा था कि पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी आंकड़ा वायरल होने लगा। हालांकि आंकड़ा जारी करने वाले अधिकारियों ने स्वयं बयान नहीं दिया। मुख्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 2017 से मंगेश यादव के एनकाउंटर तक कुल 207 अपराधियों को ढेर किया गया। इन अपराधियों में मुस्लिम अपराधियों की संख्या मात्र 67 है। जबकि हिंदू अपराधियों की संख्या 140 है। यही नहीं अगर हिंदू अपराधियों में जातीय आधार पर अवलोकन किया जाए तो सर्वाधिक संख्या ब्राम्हण अपराधियों की है। यानी 20 ब्राम्हण अपराधी ढेर किए गए। इसके बाद 18 क्षत्रिय अपराधी ढेर किए गए। 17 जाट-गुर्जर अपराधी ढेर हुए जबकि यादव अपराधी जो कि सर्वाधिक चर्चा के विषय हैं उनकी संख्या 16 है। यानी क्षत्रिय अपराधियों से दो कम हैं। दलित अपराधियों की संख्या 14, एसटी अपराधी 03, सिख 02 हैं अन्य ओबीसी 08 हैं जबकि अन्य जातियों के 42 अपराधी मुठभेड़ में ढेर हुए हैं।

**207** अपराधियों का किया गया साढ़े सात वर्ष में एनकाउंटर

**67** मुस्लिम अपराधी बने पुलिस का निशाना

**140** हिंदू अपराधियों को पुलिस ने किया ढेर

**08** अपराधी ओबीसी वर्ग के मारे गए

**16** यादव जाति के अपराधियों का पुलिस ने किया एनकाउंटर

### गोलियों का सामना भी करती है पुलिसः डीजीपी

सोमवार को महानगर स्थित एक कार्यक्रम के दौरान मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि पुलिस गोलियों का सामना भी करती है। किसी एक जाति अथवा धर्म विशेष को लक्ष्य करना पुलिस का कार्य नहीं है, बल्कि अपराध देखकर पुलिस कार्रवाई करती है।

## मंगेश मुठभेड़ सुनियोजित हत्या : अजय राय

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि सुल्तानपुर सर्राफा लूटकांड के आरोपी मंगेश यादव का मुठभेड़ में मारा जाना एक सुनिश्चित हत्या है, इस मामले में हाईकोर्ट के सेवारत न्यायाधीश से न्यायिक जांच कराई जाए। उन्होंने सोमवार को जौनपुर पहुंचकर पीड़ित परिजनों से मुलाकात की और न्याय का भरोसा दिलाया।

उन्होंने कहा कि सारी परिस्थितियां मुठभेड़ के फर्जी होने की ओर इशारा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि घटना के मुख्य आरोपी विनय सिंह को एसटीएफ और पुलिस की नाक की नीचे से न्यायालय में आत्मसमर्पण कराया गया और बाकी आरोपियों को भी पैर में गोली मारकर गिरफ्तार किया गया। इससे एक बात और चर्चा में है कि कहीं मंगेश का मुठभेड़ उसके पिछड़े वर्ग से होने की वजह से तो नहीं किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक नदीम जावेद, प्रदेश कांग्रेस कोषाध्यक्ष शिव पांडेय, प्रदेश महासचिव प्रभारी संगठन अनिल यादव भी मौजूद रहे।



मंगेश के परिजन को ढांढस बंधाते कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष।

### उठे सवाल

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने सवाल उठाते हुए का कि जो व्यक्ति इतने संगीन अपराध में लिप्त होगा, क्या वह बेखबर अपने घर पर सोयेगा? पुलिस दो सितंबर की देर रात मंगेश यादव को उसके घर से पुलिस उठाती है और दो दिन बाद का मुठभेड़ दिखाती है। मंगेश के परिजनों के इस बयान के बाद पूरी पुलिसिया कहानी फेल हो गई है। लूट का अब तक केवल 10 प्रतिशत माल ही बरामद हुआ है, सवाल ये है कि बाकी माल कहां है?

## सपा और भाजपा चोर-चोर मौसेरे भाई : मायावती

**अमृत विचार, लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने सुल्तानपुर मुठभेड़ पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा व सपा 'चोर-चोर मौसेरे भाई' हैं। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये कहा कि घटना के बाद से सपा व भाजपा के जरिये एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं। अपराध, अपराधी व जाति के नाम पर जबरदस्ती की राजनीति की जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की तरह ही सपा सरकार के कार्यकाल में कानून-व्यवस्था का बुरा हाल था। अनुसूचित वर्ग, अन्य पिछड़े वर्ग गरीबों, व्यापारियों आदि को सपा के गुंडे-माफिया दिन-दहाड़े लूटते व मारते-पीटते थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वास्तव में कानून का राज बसपा सरकार के कार्यकाल में था। कोई फर्जी मुठभेड़ भी नहीं हुई। उन्होंने कहा कि भाजपा व सपा के कानूनी राज के नाटक से सभी सजग रहें।



मायावती

### राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से शिकायत, जांच की मांग उठाई

**बदायूं :** मंगेश यादव के पुलिस मुठभेड़ में हुई मौत का मामला राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग पहुंच गया है। कांग्रेस के प्रदेश सचिव अजीत सिंह यादव ने मुठभेड़ को फर्जी बताते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को शिकायत भेजी है। शिकायत में उन्होंने कहा कि पुलिस मंगेश यादव को उसके गांव अगरौरा से 2 सितंबर को देर रात पकड़ कर ले गई थी। इसकी गवाही उसकी बहन प्रिंसी यादव और मां ने दी है। यूपीएसटीएफ ने 5 सितम्बर को सुबह 5 बजे मिश्रपुर पुरैना के पास उसके मुठभेड़ करने की बात कही है जबकि मंगेश यादव 2 सितंबर से ही पुलिस कस्टडी में था। उन्होंने शिकायत में फर्जी एनकाउंटर करने वाले एसटीएफ सीओ डीके शाही और पूरी टीम पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। शिकायत में आयोग से योगी सरकार में 2017 से अब तक पुलिस मुठभेड़ में हुई सभी मौतों की स्वतंत्र जांच की मांग की गई है। आयोग यह जांच करे कि पुलिस मुठभेड़ के मामलों में सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का पालन हुआ या नहीं।

## एक नजर

### 647 युवाओं को मुख्यमंत्री योगी आज देंगे नियुक्ति पत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को लोकभवन में 647 युवाओं को वन रक्षक व वन्य जीव रक्षक पद पर नियुक्ति पत्र देंगे। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निकाली गई भर्ती में मानचित्रकार पद पर 37 और वन रक्षक/वन्य जीव रक्षक पद पर 534 युवाओं की नियुक्ति की गई है। इसी पद पर 10 सितंबर को 647 अन्य युवाओं को भी नियुक्ति पत्र दिया जाएगा, यानी वन रक्षक और वन्य जीव रक्षक के पद पर कुल 1181 युवाओं की भर्ती हो जाएगी। क्षेत्रीय वन अधिकारी के पद पर 217 युवाओं को सरकारी नौकरी मिली।

### गोवंशों को पहनाई जाएगी रेडियम युक्त पट्टिका

**अमृत विचार,लखनऊ :** पशुपालकों एवं किसानों के गोवंश मुख्य मार्ग पर नहीं घूम सकेंगे। राष्ट्रीय राज्यमार्ग व अन्य राज्यमार्गों के समीपवर्ती ग्रामों में पशुपालकों एवं किसानों के गोवंश को रेडियमयुक्त पट्टी डाली जायेगी। पशुधन विकास मंत्री सोमवार को विधान भवन स्थित कार्यालय में गौ आश्रय स्थलों की मौजूद स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने राज्य मार्गो पर छुट्टा जानवरों की रोकथाम के लिए अधिकारियों को आवश्यक एवं व्यवहारिक कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

# सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में पैरवी पर सीधे नजर रखेगा न्याय विभाग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ प्रमुख सचिव न्याय विभाग ने भेजा शासनादेश, वादों की हर सप्ताह देनी होगी जानकारी

**अमृत विचार :** सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में चल रहे ऐसे सभी मुकदमों पर अब सीधे न्याय विभाग नजर रखेगा, जहां शासन से प्रभावी पैरवी की जरूरत होगी। न्याय विभाग के प्रमुख सचिव ने सभी एसीएस, प्रमुख सचिव और सचिवों को शासनादेश जारी करते हुए कहा है कि शासन के सभी विभागों को अतिमहत्वपूर्ण संवेदनशील वादों की हर सप्ताह जानकारी देनी होगी।

यह शासनादेश मुख्यमंत्री कार्यालय के सबसे बड़े अधिकारी एसीएस एसपी गोयल के 2 सितंबर के पत्र के बाद न्याय विभाग से सोमवार को जारी किया है। न्याय विभाग के प्रमुख सचिव विनोद सिंह रावत ने संबंधित पत्र के पांच बिंदुओं पर अनुपालन सुनिश्चित को कहा है। मुख्यमंत्री के एसीएस ने इसकी पूरी पत्रावली भी 15 दिन में तलब की है। निर्देश में कहा गया है कि शासन स्तर पर अतिमहत्वपूर्ण संवेदनशील वादों की पैरवी जिसमें शासन पर सीधे प्रभाव पड़ता हो, उसकी सूचना विभागों के नोडल अधिकारी के माध्यम से हर सप्ताह न्याय विभाग को उपलब्ध कराएं। यदि कोई मामला शासन पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है तो उसकी सूचना तत्काल न्याय विभाग देने में कोई विलंब बर्दाश्त नहीं होगा।

### अयोध्या में राम मंदिर के पास बनेगी 65.05 करोड़ से आधुनिक पार्किंग

**अमृत विचार , लखनऊ :** अयोध्या में श्री राम मंदिर के पास 65.05 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक सुविधाओं से युक्त भव्य पार्किंग बनेगी। शासन के प्रस्ताव पर राज्यपाल ने इसकी स्वीकृति दे दी है। इसी के साथ धर्मार्थ कार्य विभाग ने पहली किश्त के रूप में 22.76 करोड़ रुपये जारी कर दी है।

### नर्सिंग छात्रों का स्टेट मेडिकल फैकल्टी में कराना होगा पंजीकरण

**अमृत विचार,लखनऊ :** नर्सिंग कॉलेज व पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्रों में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को स्टेट मेडिकल फैकल्टी की वेबसाइट में ऑन लाइन इनरोलमेंट कराना होगा। इसके लिए उप्र.स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने 30 सितंबर तक वेबसाइट खोली है। फैकल्टी के सचिव डॉ.आलोक कुमार ने सभी संस्थानों के प्रधानाचार्या और निदेशक को प्रथम वर्ष के छात्रों के इनरोलमेंट कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि निर्धारित मानकों के तहत ही छात्रों के इनरोलमेंट स्वीकार किए जाएंगे। हर छात्र की 31 दिसंबर 2024 को कम से कम 17 आयु पूर्ण होना जरूरी है।

## सरकारी कर्मियों की हाजिरी में नहीं हो सकेगा खेल

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इन दिनों डिजिटल हाजिरी सिस्टम को और विकसित किया जा रहा है। फेशियल रिकग्नीशन बेस्ड मोबाइल ऐप के विकसित हो जाने से सरकारी कर्मियों की हाजिरी में 'खेल' नहीं हो सकेगा। उनकी समयबद्धता और ड्यूटी के घंटे भी सुनिश्चित होंगे। एआई बेस्ड मोबाइल ऐप को यूपीडेस्को (उप्र. सिस्टम कॉर्पोरेशन लिमिटेड) विकसित कर रहा है। पहला महत्वपूर्ण ट्रायल प्रयागराज महाकुंभ में लिया जाएगा। इसके बाद इसका प्रयोग हर सरकारी कार्यालय में भी करने की तैयारी है।

बीते दिनों शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग में जब इसे लागू किया गया तो संबधित कर्मियों ने विरोध भी जताया था। हालांकि, राज्य सरकार की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का सहारा लेने के पीछे मंशा एक-एक सरकारी कर्मचारियों का रियल टाइम एसेसमेंट करने की भी है।

## सपा विधायक के घर में फंदा लगाकर कामवाली ने जान दी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ आठ वर्ष से कर रही थी कार्य कारण पता नहीं, साथ रहने वाली युवती से पुलिस कर रही पूछताछ

**अमृत विचार :** भदोही में सपा विधायक जाहिद जमाल बेग के घर पर संदिग्ध परिस्थितियों में 18 वर्षीय युवती ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली।

आत्महत्या करने वाली युवती नाजिया विधायक जाहिद जमाल बेग के घर पर ही रहती है और घरेलू कार्य करती है। नाजिया का परिवार शहर में ही मामदेवपुर स्थित कांशीराम आवास में रहता है। घटना की सूचना पर सीओ सिटी अजय कुमार चौहान मौके पर पहुंचे और शव उतरवाया। इस दौरान उन्होंने पूछताछ भी की। मृतका नाजिया के साथ एक और युवती रहती है, उससे भी पूछताछ की। उधर, घटना की फोरेंसिक जांच के लिए टीम भेजी गई है, जबकि पोस्टमार्टम के लिए दो डाक्टरों को लगाया गया है। विधायक जाहिद बेग ने बताया कि नाजिया विगत आठ वर्षों से उनके घर रहते हुए घरेलू कार्य करती है। घटना क्यों हुई, कैसे हुई इसके लिए वह स्वयं भी जानकारी हासिल कर रहे हैं।

## धर्म दर्शन

# ब्रज की अधीश्वरी राधा रानी

ब्रज की अधीश्वरी राधाजी के पृथ्वी पर अवतरण की अनेक कल्पना रम्य एक दूसरे की विरोधी कथाएं हमारे पौराणिक साहित्य में विद्यमान हैं। आदिपुराण के अनुसार श्रीहरि विष्णु ने पृथ्वी पर अवतार लेने से पहले अपने परिवार के अंतरंग सदस्यों एवं देवताओं को पृथ्वी पर अवतार लेने का निर्देश दिया था। इस आदेश के अनुपालन में राधा का धरावतरण हुआ। ब्रह्म वैवर्त पुराण (2/49/35/42 तथा नारद पुराण (2/81) के अनुसार गोकुल में दैत्य वृषभानु के अवतार गोप राज वृषभानु गोप की पत्नी कलावती के गर्भ से राधा ने पृथ्वी पर अवतार लिया था। इसके विपरीत पद्मपुराण (7) के अनुसार दक्ष के लिए धरती को स्वच्छ करते समय भूमि कन्या के रूप में मिली राधा का पालन पोषण अपनी पुत्री के समान ही मानकर किया था। ब्रह्मवैवर्त ही अन्यत्र इनका जन्म कृष्ण के वामअंक से अंकित करता है (2/12/16)।

नारद पुराण के अनुसार कृष्ण की अनन्य सखी राधा ने उनको विरजा नामक गोपी के साथ घोर एकांत में एक साथ देख लिया था। क्रोधित राधा इसकी शिकायत करने विष्णु जी के पास गई, किंतु राधा को क्रोधित देख विष्णु जी लुप्त हो गए। इसके विरजा दुबारा कृष्ण के साथ एकांत में देख राधा अपना आपा खो बैठीं। कुपित हो वह बिना सोचे-विचारे श्री हरिविष्णुजी की निंदा करने लगीं। इस पर अत्यंत उग्र हो सुदामा ने राधा को शाप दे दिया- 'तुमको मानव योनि में जन्म लेकर कृष्ण से दीर्घावधि तक विरह दुःख भोगना होगा (नारद पुराण 2/81)। इसका समर्थन ब्रह्मवैवर्त पुराण,2/49) भी करता है। इस पर सुदामा से अत्यंत अप्रसन्न राधा ने सुदामा



को एक लंबी अवधि तक के लिए दानवयोनि में जन्म लेने का शाप दे दिया (देवी भागवत, 2/19)। राधा के शाप के कारण सुदामा को शंखचूड़ असुर के रूप में जन्म ले समुद्र तल में निवास करना पड़ा (ब्रह्मवैवर्त पु., 2/49/34)। सुदामा की प्रार्थना पर कृष्ण ने शाप की अवधि मात्र सौ वर्षों तक कर दी। स्मरणीय है कि सुदामा की मुक्ति के लिए स्वयं श्रीकृष्ण को अपने अनन्य भक्त को मारने के स्थान पर भगवान शिव के हाथों, शंखचूड़ का वध कराना पड़ा था।

आदिपुराण (अध्याय-11) के अनुसार श्री राधा का विवाह उनके अनन्य प्रेमी श्रीकृष्ण के साथ, वैशाख शुक्ल, तृतीया के दिन रोहिणी नक्षत्र में हुआ था, किंतु ब्रह्म वैवर्त (2/49/37) सहित अन्य पुराण राधा का विवाह रायण नामक गोप से बताते हैं। किन्हीं पुराणों में आयु में कृष्ण से 8 वर्षों अधिक बड़ी राधा के पति को नंद गोप की साली तथा कृष्ण की मामी बताते हैं तो कुछ उनकी अनन्य विरहिणी प्रेमिका। ब्रह्मवैवर्त ही कहीं दोनों को एक दूसरे की उपासक बता कहीं राधा को प्राथमिकता दें 'राधा-कृष्ण' का जयनाद करता हैं तो कहीं 'कृष्ण-राधा'। प्रथम पक्ष की संख्या अधिक है (ब्रह्मवैर्त,2/48/12-13;2/49-59)।




डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत, पुलिस महानिरीक्षक

# वाचस्पति

अथर्ववेद के प्रथम मंत्र के ऋषि अथर्वा व देवता वाचस्पति हैं। वाक्वाणी से अभिव्यक्ति होती है। परब्रह्म में तो अव्यक्त रूप से सभी कुछ समाहित रहता है। जब वह ब्रह्म अव्यक्त को अभिव्यक्त करता है तो उस व्यक्त करने वाले ब्रह्म को ही वाचस्पति कहा जाता है, जिसने इस विश्व को प्रकट किया, उसी से किसी विशिष्ट उपलब्धि के लिए प्रार्थना किया जाना भी समीचीन है। त्रिसप्त की त्रिधा सृष्टि में तीन लोक, तीन गुण, तीन आयाम, त्रिदेव आदि सभी आते हैं। इसके साथ सप्त आवरण, सप्त धातु, सप्त व्याहृतियां, परमाणु के सात प्रकोष्ठ (आर्बिट) आदि भी आते हैं। इन सभी के योग-भेद (म्यूटेशन कांबिनेशन) अनंत बन जाते हैं। उन्हें केवल प्रकटकर्ता वाचस्पति ही भली प्रकार जानते हैं।

हमें इस संसार में रहते हुए इन सभी के साथ समुचित वर्ताव करना होगा। इसलिए अथर्ववेद के प्रथम मंत्र में इन्हीं वाचस्पति से प्रार्थना की गई है कि वे उन सब के व्यक्त स्थूल-सूक्ष्म सहयोगों के बल हमें भी प्रदान करें। ऋषि कहते हैं कि ये जो त्रिसप्त (तीन एवं सात के संयोग) विश्व के सभी रूपों को धारण करके सब ओर संव्याप्त और गतिशील हैं, हे वाचस्पते! आप उनके शरीरस्थ बल को आज हमें प्रदान करें। हे वाचस्पते! आप दिव्य ज्ञान से युक्त होकर बारंबार हमारे समक्ष आएं,आप हमें प्रफुल्लित करें। प्राप्त ज्ञान हम में स्थिर रहे। हे देव! धनुष की चढ़ी हुई प्रत्यंचा से खींचे हुए दोनों छोरों के समान दैवीय ज्ञान धारण करने में समर्थ मेधा-बुद्धि एवं वांछित साधन सामग्री आप हमें प्रदान करें। प्राप्त बुद्धि और वैभव हममें पूरी तरह स्थिर रहे। (ज्ञान की प्राप्ति और धारण करने की सामर्थ्य- यह दो क्षमताएं धनुष के दो सिरों की तरह हैं। एक साथ प्रयास पूर्वक बल लगाकर बाण की तरह ज्ञान का वांछित प्रयोग किया जा सकता है)। हे वाकपति! आप हमें अपने पास बुलाएं। इस निमित्त हम आपका आवाहन करते हैं। हमें सदैव आपका सान्निध्य प्राप्त हो। हम कभी भी ज्ञान से विमुख न हों।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

## वर्ग पहेली-187

**बाएं से दाएं**

1.1. कपड़े की गठरी 2. बंडल, गठरी, बुगचा।
5.1. (पुराण) दुर्गा या चंडी का एक नाम 2. अनंत मूल, सारिवा।
7.1. लगाना, पोतना 2. वह वस्तु जो लगाई जाए, लेप, उबटन 3. घमंड, अभिमान, अहंकार 4. संबंध, लगाव।
8. रोक, निषेध।
10. किसी वस्तु का भाव, दर, मूल्य।
11.1. शैव संप्रदाय की एक शाखा 2. उक्त शाखा का अनुयायी 3. भैरव या शक्ति के उपासक, एक प्रकार के तांत्रिक जो अपने हाथ में कपाल या मनुष्य की खोपड़ी लिए रहते हैं 4. बंगाल में रहने वाली एक पुरानी वर्ण संकर जाति।

**ऊपर से नीचे**

1.1. बासी 2. खाने की वस्तु जो ख़राब हो चुकी हो 3. सूखी।
2.1. स्त्री, औरत 2. स्त्री के लिए प्रयुक्त आदरसूचक शब्द।
3. एक पदवाला, एक चरण वाला (छंद या पद्य)।
4.1. दमन करना 2. नष्ट करना, मिटाना 3. आग लगाना 4. प्रकाशमान करना, चमकाना।
6. जांघ, जंघा।
7.1. पश्चिमी गोलार्ध का एकमात्र उपमहाद्वीप जो उत्तरी और दक्षिणी दो भागों में बंटा है 2. उत्तरी अमरीका का वह देश जो युनाइटेड स्टेट्स ऑव अमरीका के नाम से जाना जाता है।
9.1 तोड़ने-फोड़ने

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | ■ | ■ | 2 |
| | ■ | ■ | 3 | ■ | |
| ■ | 4 | ■ | 5 | 6 | |
| 7 | | | | | ■ |
| 8 | | ■ | | ■ | 9 |
| | ■ | ■ | ■ | 10 | |
| 11 | | | | ■ | |

### वर्ग पहेली-186 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 घु | ■ | ■ | 2 ऐ | ■ | ■ |
| प | ■ | 3 खं | ड | 4 ब | रा |
| ■ | 5 सौ | ■ | 6 व | टी | ■ |
| ■ | र | ■ | टो | ■ | 7 पु |
| 8 रा | ज | प | रि | वा | र |
| ■ | ग | ■ | य | ■ | वा |
| 9 पा | त | ■ | ल | ■ | ई |

## सुडोकू-100

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 5 | | 4 | | | | 7 |
| | | 4 | 5 | | | | 3 | |
| 8 | | | 2 | 9 | | | | 1 |
| 4 | | | | | 3 | | 9 | |
| 1 | 8 | | | | | | 2 | 4 |
| | 6 | | 4 | | | | | 3 |
| 7 | | | | 2 | 5 | | | 9 |
| | 2 | | | | 1 | 6 | | |
| 3 | | | | 6 | | 8 | 7 | |

### सुडोकू-99 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 7 | 1 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 6 | 1 | 9 | 4 | 3 | 2 | 7 | 5 | 8 |
| 5 | 4 | 3 | 6 | 7 | 8 | 1 | 2 | 9 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 4 | 1 | 8 | 3 | 7 |
| 1 | 8 | 7 | 2 | 9 | 3 | 5 | 4 | 6 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 5 |
| 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 सितंबर मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-सप्तमी 23.11 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**मेष** – आज स्वार्थी प्रवृत्ति के लोगों से दूर रहें। बजट की कमी के कारण आपके काम कुछ अवरुद्ध हो सकते हैं। सिरदर्द और तनाव के कारण दिन खराब हो सकता है। आपको अपना व्यवहार नम्र रखना चाहिए।

**वृष** – आज परिवार में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। नया व्यवसाय आप शुरू करने का विचार बना सकते हैं। घर में साज-सजावट की योजना बनाएंगे हैं। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। परिजनों के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं।

**मिथुन** – आज शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। व्यापार में आपको काफी अच्छा लाभ मिलेगा। आपकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। मित्रों की सलाह आपके काम आएगी।

**कर्क** – आज विवाहेतर संबंधों से बचे अन्यथा प्रतिष्ठा में आंच आ सकती है। मधुमेह के रोगियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। अपने काम की गुणवत्ता पर ध्यान दें। बॉस आपसे अचानक किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर जानकारी ले सकते हैं।

**सिंह** – आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें। सहकर्मी आपकी सफलता से ईर्ष्या करेंगे। अधिकारी वर्ग का विश्वास आपके ऊपर बढ़ेगा। परिवार में सुख और शांति का वातावरण रहेगा।

**कन्या** – आज महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी। माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश मिल सकता है। व्यापार में तरक्की होने से उत्साहित रहेंगे। दांपत्य जीवन में सामंजस्य बेहतरीन रहेगा।

**तुला** – आज आप वर्तमान स्थिति को लेकर कुछ असंतुष्ट हो सकते हैं। प्रेम संबंधों में परेशानी होने की आशंका है। पैतृक संपत्ति के मामले सुलझ सकते हैं। आपके काम की गति कुछ धीमी रहेगी। नौकरी सहकर्मी आपके प्रति सम्मान की भावना रखेंगे।

**वृश्चिक** – आज नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो आपको अच्छे मौके मिल सकते हैं। गूढ़ विषयों का अध्ययन करेंगे। जीवनसाथी आपको कुछ उपहार दे सकते हैं। ससुराल पक्ष में कोई आयोजन हो सकता है। आपको कुछ नया सीखने का अवसर मिलेगा।

**धनु** – आज आपका किसी के साथ झगड़ा हो सकता है। क्रोध के कारण दांपत्य संबंधों में कड़वाहट आ सकती है। पुरानी नकारात्मक बातें आपके वर्तमान पर हावी हो सकती है। अच्छे लोगों और शांत चित्त के लोगों के साथ समय बिताएं।

**मकर** – आज कारोबार में वृद्धि हो सकती है। आपका स्वास्थ्य भी काफी अच्छा रहेगा। शुभ कार्यों पर आप काफी धन खर्च करेंगे। आपकी मन:स्थिति मजबूत रहेगी। सभी काम आराम से समय पर हो जाएंगे। ज्यादा सोच-विचार में अपना समय बर्बाद न करें।

**कुंभ** – आज महत्वपूर्ण लोगों के साथ गंभीर मुद्दों पर विचार-विमर्श कर सकते हैं। जॉब में इच्छानुसार स्थानांतरण हो सकता है। वैवाहिक जीवन सुखमय रहने वाला है। आप कुछ नया शुरू करने का प्रयास करेंगे। उलझे हुए मामलों को अपने पक्ष में कर लेंगे।

**मीन** – आज कार्यक्षेत्र में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं। धैर्यपूर्वक लिए गए निर्णयों से लाभ मिलेगा। अधूरे कार्यों को पूरा करने का दबाव रहेगा। घर के बुजुर्गों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अनुराधा 20.04 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
आखिरी गुलाम – सुबह : 09.00
राज तिलक – शाम : 06.00

**Sony Pix**
मैकेनिक – सुबह : 11.12
गॉडजिला – रात : 09.00

**&pictures**
अंतिम – सुबह : 11.06
ये साली आशिकी – रात : 08.00

**Zee Cinema**
जय सिम्हा – सुबह : 10.05
वेधा – रात : 08.00

**Colors Cineplex**
पुलिस वाला गुंडा 2 – सुबह : 11.34
सत्यभामा – रात : 08.02

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी पिक्स पर रात : 09.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पप्पू काफी देर से अपने मैरिज सर्टिफिकेट को देख रहा था।
उसकी पत्नी बोली- इतनी देर से इसे क्यों घूर रहे हो?
पप्पू - इसकी एक्सपायरी डेट ढूंढ रहा हूं।
उसके बाद पत्नी ने पप्पू की एक्सपायरी जैसी हालत कर दी।

मिंटू- भाई मुझे हाथ देखना आता है।
चिंटू- अच्छा मेरा देख जरा।
मिंटू- तुम्हारी हस्तरेखा बताती है कि तुम्हारे घर के नीचे बहुत धन है।
चिंटू- ठीक कहा आपने, मेरे घर के नीचे बैंक की ब्रांच है।

# लक्ष्य कम, आवेदन अधिक, कैसे लगें नलकूप

राजेश सिंह, हमीरपुर

- गतवर्ष के भी 148 किसानों के आवेदन लंबित
- 317 बोरिंग लक्ष्य के सापेक्ष 500 से अधिक आए आवेदन



**अमृत विचार।** शासन की ओर से मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना में निजी नलकूपों में गहरी व मध्यम बोरिंगों का मिला लक्ष्य आवेदनों के मुकाबले बहुत कम पड़ रहा है। देखा जाए तो गत वर्ष के लक्ष्य की तुलना में इस वर्ष मात्र 15 बोरिंग अधिक हैं। जिले को मिले 317 बोरिंगों के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 500 से अधिक किसान निजी नलकूप लगवाने के लिए आवेदन कर चुके हैं।

आवेदनों की अधिकता के चलते किसानों को नलकूप लगवाने का सपना साकार नहीं हो पा रहा है। जिसके चलते हजारों बीघे असिंचित जमीनों में सिंचाई की सुविधा मुहैया नहीं हो सकेगी। किसानों ने शासन से लक्ष्य बढ़ाए जाने की मांग की है। जिले को मुख्यमंत्री सिंचाई योजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष में कुल 317 बोरिंगों का लक्ष्य मिला है। जिसमें 159 गहरी व 152 मध्यम बोरिंग शामिल हैं। जिसके सापेक्ष 500 से अधिक आवेदन हुए हैं। वहीं वर्ष 2023-24 में कुल 302 बोरिंगों का लक्ष्य मिला था। जिसमें 155 गहरी व 147 मध्यम बोरिंगों की जानी थी। जिसके सापेक्ष 450 आवेदन आए थे। देखा जाए तो अभी पिछले वर्ष के लंबित 148 आवेदनों को पहले मौका मिलना चाहिए। इसके बाद जो लक्ष्य बचेगा उन्हीं में नए किसानों के खेतों में नलकूपों की बोरिंग हो सकेंगी।

### अनुदान के लिए ये है पात्रता

लघु सिंचाई विभाग दो प्रकार की बोरिंग करवाता है। जिसमें गहरी बोरिंग की गहराई 61 मीटर से लेकर 90 मीटर तक की जाती है। इसमें सभी श्रेणी के किसान पात्र हैं। किसान को बोरिंग के लिए विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना पड़ता है। जिसके लिए किसान को खसरा, खतौनी, नजरी नक्शा, आधार कार्ड, किसान पंजीयन, दो फोटो व 100 रुपये के स्टाम्प में नोटरी कराकर देना होता है। शासन गहरी बोरिंग, जल वितरण प्रणाली, बिजली अनुदान सहित कुल 3.47 लाख रुपये का अनुदान किसान को देती है। इसी प्रकार मध्यम बोरिंग में कुल 2.57 लाख का अनुदान मिलता है। यह 31 से 60 मीटर तक गहरी होती है।

### समय से न हुई बोरिंग तो जमीन पड़ जाएगी परती

पत्योरा निवासी युवा किसान संदीप सिंह ने बताया कि बोरिंग कराने की जानकारी करने आए थे। पता चला कि लक्ष्य पूरा हो गया है। कहा उनका पुराना नलकूप ग्रेविल फेंक रहा है। जो कभी भी नलकूप ठप हो सकता है। समय से बोरिंग न हुई तो सैकड़ों बीघे जमीन परती पड़ जाएगी।

### बढ़ाया जाए लक्ष्य

कुरारा ब्लाक के जखेला गांव निवासी किसान ऊषा सिंह ने बताया कि उन्हें भी गहरी बोरिंग करानी थी, लेकिन विभाग से जानकारी मिली कि लक्ष्य से अधिक आवेदन हो चुके हैं। कहा उनके खेतों के पास सैकड़ों हेक्टेयर भूमि असिंचित है। शासन को लक्ष्य बढ़ाना चाहिए।

> लक्ष्य के सापेक्ष करीब 200 आवेदन अधिक आ चुके हैं। वहीं पिछले वर्ष के करीब 148 आवेदन लंबित हैं। ऐसे में अब किसानों को नए आवेदन नहीं हो पा रहे हैं। शासन लक्ष्य बढ़ाता है तो सभी किसानों को योजना का लाभ दिया जाएगा।
>
> **शशि भूषण सिंह, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई**

## सड़क हादसों में 2 लोग घायल

**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र में हुए 2 सड़क हादसों में 1 छात्रा सहित दो लोग घायल हो गए। रतवा गांव निवासी लल्लू यादव की पुत्री अंशिका (17) स्कूल की छुट्टी हो जाने के बाद रतवा आ रही थी। तभी नरायच गांव के पास हाईवे पर किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिर गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं नगर निवासी रवि (20) पुत्र रज्जन ई रिक्शा लेकर बड़े चौराहा की ओर जा रहा था। तभी रिक्शा का संतुलन बिगड़ जाने पर सरकारी अस्पताल के पास खंभे से टकरा गई। ई-रिक्शा सड़क पर पलट गया। जिससे वह घायल हो गया।

## क्षतिग्रस्त कुंडौरा मार्ग मरम्मत कराने की मांग

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन, बाले - 25 साल पहले हुआ था डामरीकरण

**अमृत विचार।** ब्लॉक सुमेरपुर के सिकरी गांव के ग्रामीणों ने कुंडौरा मार्ग बनवाए जाने को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया है। बताया इस मार्ग की डामरीकरण करीब 25 वर्ष पूर्व हुआ था। सिकरी निवासी वीरेंद्र पाल, रमाशंकर, जमुनादास, संजय दीक्षित, मदनपाल, संजय सिंह, देवेंद्र पाल, प्रीति पाल, दिनेश, नंदकिशोर, शिवम, अभिषेक, संजय धुरिया, अवनीश विपिन, विवेक, कमलेश, लक्ष्मी नारायण, बलवीर सिंह प्रीतम कुशवाहा, प्रतीक कुमार, अमित कुमार ने बताया कि जनपद मुख्यालय से 15 किमी दूर राठ मार्ग के पूर्व में स्थित राजस्व ग्राम सिकरी (ग्राम पंचायत उजनेड़ी) से कुंडौरा मार्ग की लंबाई करीब तीन किमी है। इस मार्ग में ग्राम सिकरी से कुंडौरा की ओर जाने पर गांव के बाहर से महिला नाला बहता है। जिसमें हर मौसम में पानी बहता रहता है। इस नाले में पुलिया बनी है। जिसके किनारे बरसात में मिट्टी कट जाती है। जिससे मार्ग में पानी और कीचड़ भरा रहता है। उनके गांव की आबादी करीब 1500 है। ग्रामीणों ने बताया कि सिकरी कुंडौरा मार्ग का डामरीकरण करीब 25 वर्ष पूर्व हुआ था। परन्तु लंबे समय से मरम्मत कार्य नहीं हुआ है।

# 20 हजार की रिश्वत लेते पीडब्ल्यूडी का अवर अभियंता रंगेहाथ गिरफ्तार

## विजिलेंस टीम ने की कार्रवाई, ठेकेदार से सिक्योरिटी निकलवाने के एवज में ली रिश्वत

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



इंजीनियर को गिरफ्तार कर ले जाती विजिलेंस टीम। अमृत विचार

- कार्रवाई से अभियंताओं व कर्मियों में मचा हड़कंप, बांदा से आई थी 12 सदस्यीय टीम

**अमृत विचार।** नगर पंचायत सुमेरपुर से संबद्ध लोक निर्माण विभाग खंड 2 के अवर अभियंता को बांदा से आई 12 सदस्यीय एंटी करप्शन टीम ने ठेकेदार से 20 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोच लिया। ठेकेदार की तहरीर पर सदर कोतवाली में एफआईआर दर्ज की गई है। टीम जेई को अपने साथ बांदा ले गई है।

सुमेरपुर निवासी नगर पंचायत के ठेकेदार प्रवीन कुमार पुत्र स्वर्गीय छेदीलाल ने 2022-23 में विकास कार्य कराए थे, जिसका भुगतान हो चुका था। इसकी सिक्योरिटी निकाले जाने को लेकर ठेकेदार कई दिनों से अवर अभियंता रमेश कुमार गुप्ता पुत्र स्वर्गीय कन्हैया लाल गुप्ता संप्रति अभियंता खंड 2 लोक निर्माण विभाग हमीरपुर के चक्कर लगा रहा था। ठेकेदार ने बताया कि 29 अगस्त को उसने नगर पंचायत के ईओ से शिकायत की थी। तीन सितंबर को पंचायत के लिपिक ने आख्या में सिक्योरिटी निकासी को लेकर लोक निर्माण विभाग खंड संख्या २ में कार्यरत अवर अभियंता रमेश गुप्ता की रिपोर्ट मांगी। तब से वह लगातार अवर अभियंता के संपर्क में था। उसकी दो लाख रुपये की सिक्योरिटी के एवज में जेई ने 20 हजार रुपये की मांग की थी। बगैर कमीशन लिए रिपोर्ट लगाने को तैयार नहीं था। छह सितंबर को उसने इसकी शिकायत एंटी करप्शन टीम बांदा से की थी। इसके बाद टीम ने कमीशन खोर अवर अभियंता को दबोचने का तानाबाना बुना। सोमवार दोपहर एक बजे पीडबल्यूडी दफ्तर पहुंची टीम ने जेई को 20 हजार रुपये रिश्वत लेते दबोच लिया।

### एफआईआर दर्ज होते ही बांदा ले गई टीम

विजिलेंस टीम के प्रभारी निरीक्षक श्याम बाबू के नेतृत्व में निरीक्षक साबिर अली, निरीक्षक ओमप्रकाश, सिपाही शिवप्रकाश शर्मा, देवेन्द्र प्रताप सिंह, सचिन कुमार चौरसिया, अजय कुमार सैनी, चन्द्रपाल सिंह, नितिन कंचन, अभिषेक सिंह, सुंदर रैकवार व शारदा प्रसाद यादव आदि सिपाहियों के साथ यहां रिश्वतखोरी में जेई को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। टीम प्रभारी श्याम बाबू ने बताया कि विजिलेंस टीम के प्रभारी निरीक्षक श्याम बाबू ने सोमवार को शाम बताया कि ठेकेदार की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है। सदर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

## हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग

**हमीरपुर।** महिला शिक्षामित्र के पति की हत्या के दो माह बाद भी शेष दो आरोपियों की गिरफ्तारी ना होने से आहत पीड़िता शिक्षामित्र ने सोमवार को एसपी को पत्र सौंप अप्रिय घटना की आशंका जताई है।

बिवांर थाना क्षेत्र के अतरार प्राथमिक विद्यालय बालक की शिक्षामित्र अर्चना सिंह ने एसपी को दिए पत्र में बताया कि बीते 9 जुलाई को उनके पति संजय सिंह को साजिश के तहत गांव के ही दत्ता तिवारी अपने घर ले गया। जहां प्रमोद सिंह व उसके भाई इंद्रजीत सिंह ने जी भर कर दारू पार्टी की। इसके बाद नशे की हालत में उन्हें स्कूल की तरफ ले गए। जिसे उनके देवर प्रदीप सिंह ने देख कर उनसे घर चलने की बात कही तभी उक्त लोगों ने खुद घर पहुंचाने की बात कह कर वहां से टहला दिया। इसके बाद उनके पति को स्कूल के अंदर ले जाकर धारदार हथियार से हत्या कर दी थी। मामले में पुलिस ने एक आरोपी प्रमोद सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बताया कि घटना के दो माह बीत जाने के बावजूद भी शेष दो आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से उन्हें आए दिन धमकियां मिल रहीं है।

## ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से युवक की दबकर मौत

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- पनवाड़ी मार्ग पर बसेला गांव के पास हुई घटना
- 1 घायल, उरई मेडिकल कॉलेज रेफर




**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में बसेला गांव के पास रविवार रात तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली सड़क पर अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार एक अन्य युवक को सीएचसी से उरई मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

जनपद महोबा के दिदवारा गांव निवासी अमर सिंह (30) पुत्र लक्ष्मण सिंह अपने साथी प्रवेंद्र पुत्र हरी सिंह के साथ ट्रैक्टर में अनाज भरकर गल्ला मंडी राठ आ रहे थे। तभी कोतवाली के बसेला गांव के पास सड़क पर अचानक एक कुत्ता आ गया। जिसे बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें अमर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई।

जबकि उसका साथी प्रवेंद्र घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए सीएचसी भेजा गया। जहां से उसे मेडिकल कालेज उरई रेफर किया गया है। परिजनों ने बताया कि अमर सिंह खेती-बाड़ी कर परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक अपने पीछे पत्नी पूजा, मां सोमवती और 7 वर्षीय पुत्र आरुद्ध को रोता बिलखता छोड़ गया है। परिजनों ने शव का बिना पोस्टमार्टम कराए अंतिम संस्कार कर दिया। सीएचसी के अधीक्षक डॉ. अखिलेश ने बताया कि परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया है। वह उसे घर ले गए और वहां ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया।

### बाइक सवार दूधिया नीलगाय से टकराया, मौत



संजय।

**मौदहा (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के भवानी गांव निवासी दूधिया प्रतिदिन की तरह बीती देर शाम गांव से बाइक में दूध लेकर जा रहा युवक सड़क में नीलगाय से टकरा गया। गंभीर हालत में परिजनों ने युवक को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने देखते ही युवक को मृत घोषित कर दिया। कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। भवानी गांव निवासी संजय (24) पुत्र ओमना दूध बेचने का काम करता था। दैनिक क्रिया के अनुसार शाम 7:00 बजे भवानी गांव से दूध लेकर कस्बा दूध बेचने के लिए जाते समय भवानी गहबरा के बीच नदी के रपटा के पास अचानक नीलगाय बीच सड़क में आ गई। जिससे उसकी बाइक टकरा गई। जिससे बाइक सवार सड़क पर गिर गंभीर रूप से घायल हो गया। वहां से निकल रहे राहगीरों ने ग्रामीणों को सूचना देकर बताया। आनन-फानन परिजनों ने कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई अजय ने बताया वह तीन भाई एक बहन में सबसे बड़ा था। दूध बेचकर परिवार का भरण पोषण कर रहा था। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं कोतवाल राम आश्रय सरोज ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया है।

## गृह कलह के चलते दंपति ने खाया जहर, पत्नी की मौत

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- पति की हालत गंभीर, मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप

**अमृत विचार।** खाना बनाने को लेकर हुए विवाद के बाद दंपति ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर दोनों को परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान पत्नी की मौत हो गई। जबकि पति की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने कानपुर रेफर कर दिया। मृतका के मायके वालों ने पति पर पुत्री को जहर खिलाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

नगर के डिग्गी रमेड़ी डांडा मोहल्ला निवासी दीपू निषाद (35) अपनी पत्नी के पत्नी कुसमा (35) के साथ माता पिता से अलग रहता है। रविवार को दोपहर में खाना बनाने को लेकर पति पत्नी का विवाद हो गया। पति के घर के बाहर जाने के बाद कुसमा ने घर में रखी सल्फास की गोलियां खा ली। कुछ देर बाद दीपू के घर पहुंचने पर देखा पत्नी द्वारा सल्फास की गोलियां खाने की जानकारी हुई। जिस पर उसने भी वहीं गोलियां खा ली। कुछ समय बाद परिजनों को घटना की जानकारी हुई तो आनन फानन दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान कुसमा की मौत हो गई। वहीं दीपू की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे कानपुर रेफर कर दिया। दीपू की मां भागवती ने बताया कि बहू बेटा अलग मकान में रहते है। सूचना पर पहुंचे कुसमा के पिता लल्लू व मां पनवरिया ने अपने दामाद दीपू पर आए दिन मारपीट करने का आरोप लगाया। घटना के दिन भी बेटी को जमकर मारापीटा और बाद में जहर खिलाकर हत्या कर दी। बताया कि दीपू की यह दूसरी शादी थी। सदर कोतवाली प्रभारी डीके मिश्रा ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया है।

## पूर्व सचिव पर दुकानों के आवंटन में अनियमितता का आरोप

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** नवीन गल्ला मंडी की दुकानों के आवंटन में हिस्सा लेने आए संभागीय उप निदेशक मंडी परिषद को कोरम पूरा न होने पर दुकानों का आवंटन रोकना पड़ा। वहीं पूर्व सचिव द्वारा सुपर मार्केट की दुकान संख्या 13 एवं 14 का आवंटन बहुओं को किए जाने का व्यापारियों ने आरोप लगा विरोध किया। डीडीए मंडी परिषद ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। नवीन गल्ला मंडी की रिक्त दुकानों की नीलामी 9 सितंबर को की जानी थी। दुकानों की नीलामी में हिस्सा लेने उपनिदेशक मंडी परिषद झांसी शिवकुमार राघव मंडी पहुंचे थे। लेकिन कोरम पूरा न होने के कारण दुकानों की नीलामी को स्थगित कर दिया गया। इस मौके पर मंडी के व्यापारी विमल साहू, उषा मिश्रा, राघव, रेखा गुप्ता, विकास कुमार आदि ने डीडीए को शिकायती पत्र सौंपकर पूर्व सचिव द्वारा अपनी बहुओं के नाम दुकान संख्या 13 एवं 14 आवंटित करके बगैर प्रीमियम जमा किए कब्जा करने का आरोप लगाया।



स्थान पाने वाले छात्र को पुरस्कृत करते प्रधानाचार्य।



प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्रों के साथ शिक्षक। अमृत विचार

# स्पर्द्धा में विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- सरस्वती विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने मारी बाजी

**अमृत विचार।** विद्या भारती की ओर से संकुल स्तरीय खेलकूद एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज हमीरपुर में सात जुलाई को संपादित हुईं। जिसमें जनपद के सभी विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने सहभागिता की। इस प्रतियोगिता में नगर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के 20 छात्र छात्राओं की सहभागिता रही। जिसमें विद्यालय के 10 छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बाल वर्ग अंडर 14 में 400 मीटर, 200 मीटर व 100 मीटर की दौड़ में आरुषि सिंह ने प्रथम स्थान, 100 मीटर की दौड़ में काव्या ने द्वितीय व 200 मीटर की दौड़ में तृतीय स्थान, 400 मीटर की दौड़ में आरुष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तरुण वर्ग अंडर 17 की दौड़ में 3000 मीटर की दौड़ में धीरन ने प्रथम, 600 मीटर की दौड़ में दीपक ने प्रथम, 200 व 100 मीटर की दौड़ में अभिमान सिंह ने प्रथम स्थान, 800 मीटर की दौड़ में रोहित ने द्वितीय स्थान, 600 मीटर की दौड़ में देवांश ने द्वितीय स्थान, 100 मीटर की दौड़ में गौरव शुक्ला व रोहित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर 17 लंबी कूद में युवराज ने प्रथम स्थान एवं लंकेश व साक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर 17 गोला फेंक में अभिषेक ने प्रथम व साक्षी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्र छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन में विद्यालय के आचार्य धीरेन्द्र प्रताप सिंह व रामनरेश कौशल का विशेष योगदान रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य भारत सिंह ने सोमवार को आयोजित वन्दना में सभी प्रतिभागी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर बधाई दी। प्रतियोगिता की तैयारी कराने वाले दोनों आचार्यों को बधाई दी।

## सार-संक्षेप

### पत्नी को मारपीट कर घर से निकाला

**बिवांर (हमीरपुर)।** जुआं खेलने व शराब पीने से मना कर रही महिला के साथ पति ने मारपीट कर रात में घर से बाहर निकाल दिया। सुबह कुल्हाड़ी लेकर उसे मारने दौड़ा। महिला ने फोन से पुलिस को जानकारी दी तो उसके पति गिरफ्तार कर थाना लाई है। थानाक्षेत्र के सायर गांव की महिला अखिलेश कुमारी ने पति श्रीपाल प्रजापति की शिकायत की। यूपी 112 नंबर पुलिस ने पति को पकड़ लिया। पुलिस ने मारपीट में पति का चालान किया है। इधर महिला उसे जेल भेजने की जिद पर अड़ी है।

### स्वयं सहायता समूह के 60 हजार रुपये पति ने खर्च कर डाले

**बिवांर (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के महेरा गांव निवासी अफसाना पत्नी आदिल ने तहरीर देते हुए बताया कि वह स्वयं सहायता समूह से जुड़ी है। पति ने उसके समूह से संबंधित 60 हजार रुपये निकाल कर खर्च कर लिए हैं। पति शराब पीने का लती है। महिला के रुपये मांगने पर अभद्रता कर मारपीट करता है। जबकि रुपया जमा करने के लिए बैंक कर्मी दबाव डाल रहे हैं। पति रुपया नहीं जमा कर रहा है। उसे घर से बाहर निकाल देने पर आहत होकर वह तीन दिन पहले अपने मायके बांधुर बुजुर्ग आ गई है। अपने पिता के साथ आई महिला ने पति के खिलाफ थाना में तहरीर दी है।

### नशे में बड़े भाई ने छोटे भाई को मारा चाकू

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** कस्बे के वार्ड संख्या 10 में शराब के नशे में धुत बड़े भाई ने छोटे भाई को चाकू मार कर लहूलुहान कर दिया। सबसे छोटे भाई ने बचाव करके घायल को अस्पताल पहुंचाया। कस्बे के वार्ड संख्या 10 के निवासी कैलाश ने शराब के नशे में धुत होकर अपने से छोटे भाई चंद्रप्रकाश (24) वर्ष को चाकू मार कर लहूलुहान कर दिया। सबसे छोटे भाई ने दोनों बड़े भाइयों के मध्य बीचबचाव करके घायल को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया है।

### करंट की चपेट में आकर युवक झुलसा

**कुरारा (हमीरपुर)।** जखेला गांव निवासी रंजीत (22) पुत्र भारत सोमवार की सुबह 8 बजे घर में बिजली बोर्ड से नीचे पड़ी केबिल में पैर पड़ जाने से करंट के चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलसकर घायल हो गया। परिवार जन स्थानीय सीएचसी उपचार के लिए लेकर आऐ जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत नाजुक देखकर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।


### युवक ने लगाई फांसी, भर्ती

**राठ(हमीरपुर)।** जराखर गांव निवासी युवक जयसिंह पुत्र रामस्वरूप ने अपने मकान के कमरे में रस्सी के फंदे से फांसी लगाकर अपनी जान देने का प्रयास किया। परिजनों ने जय सिंह को फांसी के फंदे पर लटका हुआ देखा तो उनके होश उड़ गए और आनन फानन में उसे फांसी के फंदे से नीचे उतारकर कस्बे की सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद नजदीकी मेडिकल कॉलेज रेफर किया।

धर्म-कर्म | जलबिहार मंच पर चल रही श्रीराम कथा

# बाल लीलाओं को सुन वशीभूत हुए श्रोता

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)



रामकथा सुनाते धीरेंद्राचार्य।

- कथा सुनने बड़ी संख्या में पहुंच रहे भक्त

**अमृत विचार।** मेला जल विहार मंच पर चल रही श्रीराम कथा के तीसरे दिन हनुमत द्वार चित्रकूट से पधारे जगतगुरु धीरेंद्राचार्य महाराज ने प्रभु श्रीराम की बाललीला का बखान किया। राम कथा में बताया कि प्रभु श्रीराम का जन्म अवध नरेश राजा दशरथ के यहां हुआ। श्रीराम के सभी अंग अत्यंत सुडौल और सुंदर थे। उनको देखते ही मन लुभा जाता था। राजा दशरथ और रानी कौशल्या के प्रेम में वशीभूत होकर श्रीराम पवित्र बाल लीला करते थे। कहा कि एक बार माता कौशल्या ने श्रीराम को स्नान और शृंगार करा कर झूला पर सुला दिया और स्वयं स्नान कर अपने कुलदेव की पूजा कर नैवेद्य भोग लगाकर पाक गृह गईं। जब वह लौटकर पूजा स्थल पर आईं तो देखा कि देवता को चढ़ाए गए नैवेद्य से शिशु रूपी प्रभु राम भोजन कर रहे हैं।

जब उन्होंने झूला पर जाकर देखा तो वहां भी उन्होंने श्रीराम को झूले पर सोते हुआ पाया। इस तरह पूजा स्थल और झूला के पास उन्होंने कई चक्कर लगाए और दोनों जगह पर उन्होंने श्रीराम को पाया। इस दृश्य को देखकर कौशल्या डरकर कांपने लगीं। माता की अवस्था देख श्रीराम ने उन्हें अपना अद्भुत रूप दिखाया। उन्होंने दिखलाया कि उनके एक एक रोम में करोड़ों ब्रह्मांड लगे हुए हैं। प्रभु का विराट रूप देखकर कौशल्या माता प्रफुल्लित हो गई और आंखें मूंदकर प्रभु के चरणों पर गिर पड़ी। प्रभु श्रीराम ने माता को बहुत समझाया और कहा कि हे माता यह बात आप किसी से ना कहेंगी। कथा के दौरान आस्थावानों की खूब भीड़ उमड़ी। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष केजी अग्रवाल, महामंत्री डॉ.राम गोपाल गुप्ता, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता, रमेश सर्राफ, रविन्द्र अग्रवाल, राकेश मिश्रा, प्रमोद तोमर, शिवशरण सोनी, पंकज सोनी, श्रीप्रकाश बुधौलिया सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते प्रभारी मंत्री मनोहर लाल। अमृत विचार

# भाजपा सदस्यता अभियान में मंत्री ने जोड़े 200 सदस्य

संवाददाता,कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बा के वार्ड नंबर 7 के भुइयारानी मंदिर में भाजपा द्वारा सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसके मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री मनोहर लाल रहे। उन्होंने दो सौ सदस्य बनाए। कस्बा के वार्ड नंबर 7 के भुइयारानी मंदिर प्रांगण में सोमवार को भाजपा द्वारा सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसके मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री मनोहर लाल रहे। घर-घर जाकर दो सौ सदस्य बनाए। बताया सदस्य बनने के लिए टोल फ्री नंबर के माध्यम से भी आप सदस्य बन सकते है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद - राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक: 970 / न0पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 /2024–25/ दिनांक: 04/09/2024

सूचना प्रकाशन
(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | भवन सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती नाहिद पत्नी अय्यूब अली | श्रीमती फैमीदा खातून पत्नी मुहम्मद इलियास | बुधौलियाना –1 | 14 | 162 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद, राठ – हमीरपुर

## एक नजर

### मानसिक कमजोर किशोरी से दुष्कर्म का आरोप

**चित्रकूट।** कर्वी कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने उसकी मानसिक कमजोर बहन के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाकर कोतवाली प्रभारी से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। महिला ने बताया कि 9 सितंबर को उसकी बहन घर में अकेली थी तभी आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया।

### पेंशन अदालत 1 को

**चित्रकूट।** 1 अक्टूबर को मंडलायुक्त की अध्यक्षता में पेंशन अदालत लगेगी। यह जानकारी वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह ने दी।

### गुरुवार को होगा मानचित्र समाधान दिवस

**चित्रकूट।** सचिव चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण राजेश प्रसाद ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा माह के प्रत्येक गुरुवार को मानचित्र समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। आयोजन अपराह्न एक बजे से पांच बजे तक प्राधिकरण कार्यालय में किया जाएगा।

# रंग लाई मुहिम, बदहाल रास्तों के सुधरने की बंधी उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** लगातार स्कूल जाने वाले रास्तों की बदहाली और अन्य दिक्कतों पर जिम्मेदारों को जगाने की 'अमृत विचार' की मुहिम रंग लाई। आला अफसरों ने अधीनस्थों से स्कूलों के बदहाल रास्तों को लेकर जानकारी तलब की है।

गौरतलब है कि 'अमृत विचार' समय-समय पर लोगों की समस्याओं को उठाता रहा है। गांवों और खासकर गांव-मजरों के स्कूलों में बच्चों को होने वाली दिक्कतों पर कई समाचार प्रकाशित किए गए। इनका असर भी दिखने लगा है। मऊ ब्लाक के खंड शिक्षाधिकारी ने इस संबंध में बीडीओ को पत्र लिखकर जानकारी दी है कि ब्लाक के 33 गांवों में विद्यालय पहुंच मार्ग को पक्का कराया जाना है। सिर्फ एक ब्लाक में इतने स्कूलों के लिए अभी तक कच्चा मार्ग होना दर्शाता है, जिम्मेदारों ने इस ओर कितनी उपेक्षा और लापरवाही बरती और बदहाल मार्ग से कैसे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

**ये हैं मऊ के स्कूल:** मऊ के जिन स्कूलों में संपर्क मार्ग पक्का कराए जाने की संस्तुति की गई है, उनमें उच्च प्राथमिक विद्यालय और प्राथमिक विद्यालय मिश्र का डेरा के अलावा किटहना, मऊ-2, मैदाना, गेरुहा, सेसा, कटिया, बरमबाबा का पुरवा, कलारनपुरवा, गुझा का डेरा, भेडिया का डेरा, भौंटी का पुरवा, खोहर, लेसही, अहीर का पुरवा, अतरी मजरा, बोझ फार्म, ओबरी, करौंदी खुर्द, चन्नाढ़, चौगलिया, चंदेलपुर, गवई खुर्द, चकमवई राधा के प्राथमिक विद्यालय, छिपिहा, चकोर, मटियारा का पुरवा, तुरगवां, ओबरी के उच्च प्राथमिक विद्यालय और खंडेहवा का कंपोजिट विद्यालय शामिल हैं।



सिरावल के स्कूल को लेकर 21 अगस्त को प्रकाशित खबर। अमृत विचार


रामनगर के बेलरी गांव की हालत बयां करती 25 अगस्त को छपी खबर।



स्कूलों को जाने वाले बदहाल रास्तों को बताती 7 अगस्त को प्रकाशित खबर



9 सितंबर को छपी एडवापुरवा मजरे के स्कूल जाने वाले रास्ते की हालत संबंधी खबर। अमृत विचार



11 सितंबर को छपी खबर, जब जिलाधिकारी ने किया था मुआयना। अमृत विचार

### बनने लगी सिरावल स्कूल की बाउंड्री

- **रामनगर (चित्रकूट)।** 21 अगस्त को 'पहली बारिश में भरभरा पड़ी स्कूल की बाउंड्री' शीर्षक से 'अमृत विचार' ने राजकीय हाईस्कूल सिरावल का समाचार प्रकाशित किया था। चर्चा है कि जिला पंचायत स्तर पर कार्यदायी संस्था को इस संबंध में कड़ी फटकार लगी थी। अब इस स्कूल की टूटी बाउंड्री बननी शुरू हो गई है। प्रधानाध्यापिका डा. मोनिका यादव ने 'अमृत विचार' को बधाई दी और साथ ही कहा कि अगर पूरी बाउंड्री पिलर के सहारे बनाई जाती तो ठीक रहता।

### 'अमृत विचार' की मुहिम सराहनीय : बीईओ

- बीईओ रामनगर एनपी सिंह ने परिषदीय विद्यालयों में रास्ते की समस्या को लेकर चलाई गई मुहिम को सराहा। कहा कि जनसरोकार के मुद्दे उठाने में इस अखबार की भूमिका बड़ी सराहनीय रही है। ऐसी खबरों से कभी कभी शासन प्रसासन को भी जानकारी मिलती है। बताया कि विगत दिनों से रामनगर क्षेत्र के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों की समस्या पर खबरें प्रकाशित हुई थीं, जिनमें जवाब मांगा गया था। हमने अपने स्तर से बिंदुवार आख्या भी भेज दी है। उन्होंने कहा कि वह अखबार के माध्यम से कहना चाहते हैं कि गांव-मजरों के सभी परिषदीय विद्यालयों तक बच्चों को आने जाने के लिए कम से कम सड़क तो होनी ही चाहिए। छोटी सड़क हो तो उसे ग्राम पंचायत स्तर से और यदि बड़ी हो तो उसे जिला पंचायत स्तर से बनवाने की पहल हर हाल में होनी चाहिए।
- जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय बेसिक शिक्षक संघ अखिलेश पांडेय ने कहा कि 'अमृत विचार' की पहल से कम से कम जिले के जिम्मेदारों को एहसास तो हुआ कि किन चुनौतियों से जूझकर नौनिहाल अपना भविष्य संवारने स्कूल तक पहुंच रहे हैं। भला शिक्षक की विवशता तो कोई समझना ही नहीं चाहता है। तमाम ऐसे स्कूल हैं जहां इससे कम दुर्दशा नहीं है। विद्यालयवार नाम मंगवाया जाए और उन्हें चिह्नित कर किसी जिम्मेदार अधिकारी से स्थलीय निरीक्षण कराकर बनाने की कवायद जिला प्रशासन को करनी चाहिए।

# किसानों ने किया विरोध प्रदर्शन, ब्लाक घेरा

## समस्याओं को लेकर उदासीनता का लगाया आरोप, ट्रैक्टर लेकर पहुंचे और गेट पर कर दिए खड़े

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** अधिकारियों पर समस्याओं को लेकर उदासीनता का आरोप लगाते हुए किसानों ने भारतीय किसान यूनियन जिला इकाई की अगुवाई में ब्लाक परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। कार्यालय का घेराव कर किसानों ने द्वार पर ट्रैक्टर-बैलगाड़ी खड़ी कर दी। बाद में अधिकारियों के पहुंचने पर और एक सप्ताह में समस्याओं के निराकरण का आश्वासन मिलने के बाद किसान माने।

प्रदर्शन की अगुवाई तहसील अध्यक्ष राजकिशोर सिंह और ब्लॉक अध्यक्ष जसवंत सिंह चौहान ने की। अध्यक्षता मंडल उपाध्यक्ष रामकरण सिंह ने की। किसान जब तक दुखी किसान रहेगा, धरती पर तूफान रहेगा आदि नारे लगा रहे थे। किसानों के बीच पहुंचे खंड विकास अधिकारी पहाड़ी, तहसीलदार राजापुर के साथ चकबंदी, वन और विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ एसओ रीता सिंह ने किसानों से बातचीत की। जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि लगभग दो घंटे की बातचीत के बाद एक हफ्ते में समस्याओं के निस्तारण का लिखित समझौता हुआ और आंदोलन स्थगित किया गया। किसानों ने बताया कि यह सिर्फ आंदोलन स्थगन है। समस्याओं का समाधान न हुआ तो फिर किया जाएगा। इस मौके पर अर्जुन सिंह, सिद्धार्थ विक्रम सिंह, रमेश फौजी, उदयनारायण सिंह, गीतेश पांडेय, रामभजन मिश्रा, पंकज, राजनारायण, भोला सिंह, जितेंद्र यादव, रामजस यादव, पिंटू गौतम, सुखदेव पाल आदि भाकियू पदाधिकारी और किसान मौजूद रहे।


द्वार पर खड़ी कर दी बैलगाड़ी। अमृत विचार



किसानों को अफसरों ने दिया आश्वासन। अमृत विचार


ट्रैक्टर लेकर ब्लाक कार्यालय पहुंचे किसान। अमृत विचार

### बताईं किसानों की समस्याएं

- जिलाध्यक्ष राम सिंह ने किसानों की समस्याएं बताईं। कहा कि समय रहते जिला प्रशासन समस्याओं पर निदान करे। बछरन, गनीवां, प्रसिद्धपुर, अर्जुनपुर, रमपुरिया आदि दर्जनों गांवों की फसलों को अन्ना मवेशी, बंदर व नीलगाय चट कर रही हैं। बिजली विभाग पर जताया आक्रोश किसानों ने बिजली विभाग पर तानाशाही का आरोप लगाया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बकटा बुजुर्ग में बिजली विभाग के उत्पीड़न से परेशान होकर एक किसान ने फांसी लगा ली। भाकियू किसान की मौत पर बिजली विभाग के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराएगा। साथ ही परिवार को मुआवजा दिलाने का काम करेगा। ब्लॉक अध्यक्ष जसवंत सिंह ने बताया कि 12 सितंबर को इसके लिए प्रतिनिधि मंडल पहाड़ी थाने पहुंचेगा।

### कई विभागों के खिलाफ होगा आंदोलन

- जिलाध्यक्ष ने बताया कि 20 सितंबर को वन विभाग कार्यालय कर्वी का घेराव किया जाएगा। ब्लॉक मंत्री जयनारायण सिंह ने कहा कि चकबंदी विभाग के खिलाफ आंदोलन की तैयारी की जा रही है। किसानों के चक एक गांव से दूसरे गांव में दिए जा रहे हैं।

# 15 हजार के इनामी समेत 2 आरोपी गिरफ्तार

**राजापुर (चित्रकूट)।** पुलिस टीम ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित 15 हजार रुपये के इनामी को गिरफ्तार किया। इससे तमंचा- कारतूस बरामद किया गया। इसी एक्ट में वांछित एक अन्य आरोपी को भी दबोचा गया।

प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने वांछित राजेश रैदास पुत्र कुक्कू निवासी चर हाल मुकाम राजापुर को तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। यह लंबे समय से फरार चल रहा था। गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक ने 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

पुलिस टीम में एसआई कन्हैयाबख्श सिंह, आरक्षी प्रकाश मिश्रा और अजय मिश्रा शामिल रहे। उधर, पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित दिलीप सिंह पुत्र स्व. जगजीत सिंह निवासी मऊ थाना मरका (बांदा) को भी गिरफ्तार किया। इससे तमंचा-कारतूस भी बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार, दिलीप काफी दिनों से फरार चल रहा था।

आरोपी की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में एसओ के साथ एसआई सिद्धनाथ राय, अखिलेश सिंह, मुख्य आरक्षी अतीक और आरक्षी चंदन मौजूद रहे।


कार्यक्रम की जानकारी देते श्रीकृष्ण भक्त मंडल परिवार के सदस्य। अमृत विचार

# 14 को निकलेगी जल विहार शोभायात्रा, तैयारियां जोरों पर

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- इस साल है आयोजन की 50वीं वर्षगांठ

**अमृत विचार।** श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्रीकृष्ण भक्त मंडल परिवार के तत्वाधान में इस साल भी जल विहार शोभायात्रा निकाली जाएगी। सोमवार को मंडल परिवार के श्रीकृष्ण भक्त मंडल परिवार के अध्यक्ष नारायण दत्त त्रिपाठी ने इसकी रूपरेखा बताई।

उन्होंने बताया कि यह श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम की पचासवीं वर्षगांठ है। इसे धूमधाम से आयोजित करने की तैयारियां जोरों पर हैं। बताया कि 14 सितंबर को जल विहार शोभायात्रा निकाली जाएगी और 15 को श्रीकृष्ण के दिव्य विग्रह का तुलादान का दर्शन होगा। 16 सितंबर को महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा। बताया कि पहले दिन मंडप पूजन, श्री ठाकुर जी का महाभिषेक, श्रृंगार आरती एवं राजभोग होगा। मध्याह्न 12 बजे जल विहार शोभायात्रा का रामघाट के लिए प्रस्थान होगा। अपराह्न तीन बजे से श्री ठाकुरजी का जलविहार कार्यक्रम है। उन्होंने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में समय से पहुंचने का अनुरोध किया। इस मौके पर कुलदीप मिश्रा, गुड्डन मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# दुष्कर्म के दोषी को दस वर्ष का कठोर कारावास

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- 7 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया

**अमृत विचार।** दुष्कर्म में दोषी व्यक्ति को कोर्ट ने दस वर्ष के कठोर कारावास की सजा दी है। उसपर सात हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

तीन जनवरी 20 को रैपुरा थाने में एक ग्रामीण ने आरोपी पर नाबालिग बेटी से दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तत्कालीन उप निरीक्षक कृपाशंकर मिश्र ने मामले की विवेचना की थी। 27 फरवरी को न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया था। सोमवार को न्यायालय विशेष न्यायाधीश पाक्सो अपर सत्र न्यायाधीश रेनू मिश्रा ने दोषी अंगद पुत्र साहब निवासी लोखरी को दस वर्ष के कठोर कारावास की सजा दी। कोर्ट ने दोषी को सात हजार रुपये का अर्थदंड भी दिया। प्रभारी निरीक्षक श्यामप्रताप पटेल की गहन पैरवी, विशेष लोक अभियोजक पाक्सो तेज प्रताप सिंह की प्रभावी बहस के फलस्वरूप दोषी को सजा मिल सकी।

# आनंद बने इंडस्ट्रीज एसो. के जिलाध्यक्ष

**चित्रकूट।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष आनंद पटेल को उत्तर प्रदेश इंडस्ट्रीज एसोसिएशन चित्रकूट का अध्यक्ष बनाया गया है। आनंद को इस जिम्मेदारी मिलने से कार्यकर्ता और व्यापारियों ने खुशी जताई। आनंद ने बताया कि चित्रकूट में निवेश करने वाले सभी उद्योगपतियों की समस्याओं का समाधान कराया जाएगा केंद्र व प्रदेश सरकारों की सभी योजनाओं का लाभ उद्यमियों को मिले, इसका प्रयास रहेगा।


आनंद पटेल।

# स्कूल के पास है शराब की दुकान, हटवाने की मांग

संवाददाता, भरतकूप (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** अकबरपुर ब निवासियों ने टिटिहरा रोड पर देशी शराब की दुकान को हटाने की गुहार लगाई है। इस संबंध में इन लोगों ने जिलाधिकारी को पत्र भेजा है। बताया है कि जिस जगह पर यह दुकान है, उससे कुछ ही दूरी पर स्कूल भी है।

ग्रामीणों ने बताया कि उनके मुहल्ले में दर्जनों परिवार रहते हैं। एक स्कूल भी शराब की दुकान से कुछ ही दूरी पर है। दुकान पर अराजक तत्व शराब पीकर उपद्रव करते हैं। इससे बच्चों पर बुरा असर पड़ता है।

बताया कि पहले भी इस संबंध में शिकायत की गई थी और आबकारी निरीक्षक ने मनमर्जी से जांच रिपोर्ट बना दी। ग्रामीणों राहुल, रमेश चंद्र, रामसनेही कोल, गोरेलाल, चुन्नू गुप्ता, संतोष कुमार, विनीत कुमार, रामकरन, विनोद कुमार आदि ने जिलाधिकारी से रिपोर्ट की सत्यता की जांच किसी सक्षम अधिकारी से कराने और देशी शराब की दुकान दूसरी जगह स्थानांतरित करने की मांग की है।



हाथरस में हुई जनरथ बस और डाला के बीच हुई दुर्घटना के बाद चित्रकूट की यातायात पुलिस भी लगातार अभियान चला रही है। ट्रैफिक चौराहे में ट्रैक्टर ट्राली में बैठे ग्रामीणों को देख पुलिस ने रोका। ट्रैक्टर का चालान किया गया और दोबारा ऐसा न करने की नसीहत भी दी गई। यातायात प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। ● अमृत विचार

**समापन** आधुनिक जीवन में ऋषि परंपरा विषय पर संगोष्ठी

# आधुनिक संदर्भ में आज भी प्रासंगिक है ऋषि परंपरा

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में सोमवार को आधुनिक जीवन में ऋषि परंपरा विषय पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन हो गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि आधुनिक संदर्भ में भी ऋषि परंपरा प्रासंगिक है।

ऋषि पंचमी पर हुई तीन दिवसीय गोष्ठी के समापन सत्र कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से की गई। डा. रामबहादुर दुबे ने ऋषि दृष्टि में नारी सशक्तिकरण विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने ऋषि परंपरा में निहित नारी के शक्तिस्वरूपा एवं व्यापक व्यक्तित्व का वर्णन किया। डा. दिनेश यादव ने भारतीय ज्ञानप्रणाली को समृद्ध करने में ऋषि परंपरा की भूमिका को स्पष्ट किया। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय लखनऊ के डा. सुरेश प्रकाश सिंह ने ऋषि शिक्षा के संदर्भ में पर्यावरण संरक्षण की बातें बताईं। डा. माधव गोपाल ने जीवन मूल्यों के संदर्भ में ऋषि परंपरा की प्रासंगिकता को रखा। तकनीकी सत्र में डा. नीरज तिवारी, डा. राहुल कुमार मिश्र, अनिरुद्ध नारायण शुक्ला, डा. अमित कुमार आदि ने विचार रखे। प्रो. गजेंद्र शर्मा ने बताया कि ऋषि परंपरा और भारतीय संस्कृति के संवाहक के रूप में प्राचीन भारतीय ज्ञान को देखने की आवश्यकता है।

प्रो. हरेंद्र नाथ झा, प्रो. सुरेश पांडेय आदि ने भी ऋषि परंपरा पर विचार रखे। कार्यक्रम में डा. राममोहन मिश्र, अनिल द्विवेदी, मोहिनी अरोड़ा, महेंद्र कुमार उपाध्याय, विनोद कुमार मिश्र, गुलाब धर, अमित अग्निहोत्री, निहार रंजन मिश्र और डा. किरण त्रिपाठी के साथ संयोजक डा. शशिकांत त्रिपाठी, सह संयोजिका डा. प्रमिला मिश्रा, गरिमा मिश्रा, सुधीर कुमार व डा. आनंद कुमार मौजूद रहे।



संगोष्ठी में आए विद्वानों का किया गया सम्मान। अमृत विचार

### रामायण के प्रसंगों का किया उल्लेख

- महर्षि पाणिनि विश्वविद्यालय उज्जैन के वरिष्ठ आचार्य डा. तुलसीदास परौहा ने ऋषि परंपरा के प्राचीन महत्व को बताया। उन्होंने रामायण के विभिन्न प्रसंगों का उल्लेख किया। प्रो. मदन मोहन पाठक ने वेद, वेदांगों का उल्लेख करते हुए वर्तमान भारत को विकसित करने में ऋषि परंपरा के महत्व को बताया।

### भारतीय ज्ञान केंद्र की स्थापना की जाएगी

- कुलपति प्रो. शिशिर कुमार पांडेय ने जगद्गुरु रामभद्राचार्य को इस युग का ऋषि परंपरा का सर्वश्रेष्ठ व्यक्तित्व बताया। उन्होंने बताया कि इस विश्वविद्यालय में ऋषि परंपरा का पालन करते हुए राज्य सरकार एवं अन्य संस्थाओं के सहयोग से भारतीय ज्ञान केंद्र की स्थापना भी की जाएगी।

### परिषदीय स्कूलों के 207 बच्चों को मिलेंगे उपकरण

**चित्रकूट।** बेसिक शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा अभियान के तहत सोमवार को चित्रकूट इंटर कालेज परिसर में परिषदीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं के लिए दिव्यांग उपकरण मापन शिविर लगा। एलिम्को टीम ने 207 बच्चों को उपकरण के लिए पात्र पाया। शिविर का उद्घाटन प्रधानाचार्य डा. रणवीर सिंह चौहान ने किया। बीएसए बीके शर्मा ने बताया कि इसमें परिषदीय विद्यालयों में पंजीकृत 281 दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया था। टीम की ओर से श्रवण दिव्यांग, दृष्टि बाधित, अस्थि दिव्यांग, मानसिक मंद एवं बहु दिव्यांगता वाले छात्र-छात्राओं को एएफओ, छोटी ट्राई साइकिल, बड़ी ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, सीपी चेयर, रोलेटर, सुनने की मशीन दी जाएगी। 23 नवंबर को उपकरण दिए जाएंगे। बीएसए ने अभिभावकों से अपील की वे अपने बच्चों को इस तिथि को लेकर शिविर में पहुंचें।

**कार्यालयः ग्राम पंचायत-परसौंजा, विकासखण्ड-चित्रकूटधाम कर्वी, चित्रकूट**

पत्रांक : मेमो/पं0वि0/पंद्र0वित्त/मनरेगा/टेन्डर नोटिस/2024-25 दिनांक : 09.09.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा/राज्य वित्त / पन्द्रहवां वित्त योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत-परसौंजा द्वारा कराये जाने वाले निम्नलिखित कार्यो पर प्रयुक्त होने वाली सामाग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा व्यापार कर/आयकर में पंजीकृत फर्मो / सप्लायरों से दिनांक 12.09.2024 को अपरान्ह 2.00 बजे तक निम्न विवरण के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। जो उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे ग्राम पंचायत में तैनात निर्माण समिति द्वारा उपस्थित निविदा दाताओं के साथ खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री 10.09.2024 से 12.09.2024 को अपरान्ह 1.00 बजे तक ग्राम पंचायत से निविदा प्रपत्र मूल्य की अदायगी कर क्रय किये जा सकते हैं।

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत | कार्य का नाम | प्राक्कलन की धनराशि (लाख रू0 में) | 2% धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा मूल्य (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परसौंजा | ग्रा0पं0 परसौंजा में सेवक के घर से अभिलाष के घर तक इंटरलाकिंग खडंजा एवं के0सी0 ड्रेन निर्माण कार्य | 393278 | 7865 | 500.00 |
| 2 | परसौंजा | ग्रा0पं0 परसौंजा में सी0सी0 रोड से विनोद अनु0 जाति के घर तक इंटरलाकिंग खडंजा एवं के0सी0 ड्रेन निर्माण कार्य | 269246 | 5384 | 500.00 |
| 3 | परसौंजा | ग्रा0पं0 परसौंजा में रामप्रताप अनु0 जाति के घर से चौबा अनु0 जाति के घर तक इंटरलाकिंग खडंजा एवं नाली निर्माण कार्य | 316518 | 6330 | 500.00 |

निविदा शर्ते :- नोट- निविदा से सम्बन्धित शर्ते ग्राम पंचायत के कार्यालय के पटल पर देखी जा सकती है।

प्रधान परसौंजा ग्रा0पं0अ0 परसौंजा

# भ्रष्टाचार और समस्याओं को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर किसान

## किसान बोले, जिलाधिकारी को अवगत कराई थी समस्या, नहीं हुआ कोई समाधान

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** जिले में फैले भ्रष्टाचार, किसानों पर हो रहे अत्याचार और उनकी समस्याओं के समाधान को लेकर सोमवार से कलेक्ट्रेट परिसर में भारतीय हलधर किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में किसान अनिश्चित कालीन धरने पर बैठ गए।

धरने में यूनियन द्वारा पूर्व में जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में दर्ज की गई शिकायतों को लेकर एक बार फिर आवाज बुलंद करते हुए निराकरण कराए जाने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी गई कि जब तक समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता तब तक धरना जारी रहेगा। धरने के पहले दिन जिले की तहसील चरखारी कुलपहाड़ के अलावा ब्लाक कबरई पनवाड़ी के सैकड़ों किसानों ने शिरकत की और अपनी समस्याओं के बावत यूनियन को ज्ञापन सौंपते हुए धरने में शामिल हुए। किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष जनक सिंह परिहार ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में किसानों पर हो रहे अत्याचार के बाद भी प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। कहा कि किसान हर साल कभी प्राकृति की मार से तो कहीं कर्ज के बोझ से बर्बाद हो जाता है। किसान चारो तरफ से समस्याओं और मुसीबतों से घिरा हुआ है, जिससे किसानों की कमर टूट गई है। उन्होंने कहा कि अब किसान एकजुट होने लगा है और ठान ली है कि भ्रष्ट अधिकारियों के समक्ष आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे और इस भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेकेंगे।



कलेक्ट्रेट परिसर में धरने पर बैठे भारतीय हलधर किसान यूनियन के पदाधिकारी।

अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन में किसानों द्वारा पूर्व में डीएम को सौंपे गए ज्ञापन की समस्याओं के बावत बताया कि पीएससी अजनर केंद्र में हुए करोड़ों के घोटाले की जांच में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई। चकरोडों गोचर की जमीन, नवीन परती की जमीनों पर दबंगों ने कब्जा कर लिया, जो आज तक हटाया नहीं गया। किसान सम्मन निधि और किसान फसल बीमा में हुई धांधली में दोषियों पर कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। प्रधानमंत्री फसल बीमा में हुये घोटाले की न तो जांच की गई और न ही दलालों पर एफआईआर दर्ज कराई है।

ज्ञापन में बताया कि ग्राम पिपरामाफ में फर्जी पट्टे किए गए, लाखों रुपये लेकर भूमि नाम पर दर्ज की गई। अभी तक चकबंदी प्रक्रिया को पूर्ण नहीं किया गया सहित तमाम समस्याओं का निराकरण कराए जाने की मांग उठाई गई है। अनिश्चितकालीन धरना के पहले दिन जिला प्रमुख महासचिव शंतराम त्रिपाठी, जिला मीडिया प्रभारी प्रमोद तिवारी, राकेश यादव, शिशुपाल सिंह परिहार, दीपक त्रिपाठी, वीरबहादुर सिंह, प्रेमचंद तिवारी, राजेंद्र सिंह परिहार के अलावा ग्राम मानकी सतारी के साथ साथ अन्य ग्रामों के किसान मौजूद रहे।

## 3 दिन तक बरसात वज्रपात की चेतावनी

**महोबा।** जिले में 10 सितम्बर से 12 सितम्बर तक भारी बरसात और वज्रपाल होने की मौसम विभाग द्वारा चेतावनी जारी की गई है, जिसको लेकर अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश ने जन समान्य को बारिश खराब मौसम आकाशीय बिजली, वज्रपात की घटनाएं घटित होने की संभावनाओं को देखते हुए एडवाइजरी जारी की गई साथ ही वज्रपात से बचने के लिए अपने अपने मोबाइल पर दामिनी एप एवं सचेत एप को गूलग प्ले स्टोर से डाउनलोड करने का आहवान किया है।

अपर जिलाधिकारी ने जनसामान्य से अपील करते हुए कहा है कि खराब मौसम में आकाशीय बिजली गिरने, वज्रपात की घटनाएं घटित होने की संभावनाएं काफी बढ़ जाती हैं, जिससे जनहानि एवं पशु हानि व मकान क्षति तथा व्यक्ति के घायल होने की घटनाएं प्रायः होती हैं। ऐसे में यह आवश्यक है कि आकाशीय बिजली से बचने के उपायों को अपनाया जाय ताकि वज्रपात से जनहानि की संभावनाएं कम हो सके। मोबाइल में दामिनी एप एवं सचेत एप डाउनलोड करने की बात कही। जिससे वज्रपात की पूर्व सूचना मिल सके और वज्रपात से बचा जा सके।


फीता काटते मंडलायुक्त चित्रकूट धाम बांदा बालकृष्ण त्रिपाठी।


कार्यक्रम के बाद पौधरोपण करते अतिथि। अमृत विचार

# चरखारी में दिया जाएगा चयनित लेखपालों को 1 वर्ष का प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता महोबा

- **कमिश्नर ने मंडलीय लेखपाल ट्रेनिंग सेंटर का फीता काटकर शुरू कराई कक्षाएं**

**अमृत विचार।** मंडलीय लेखपाल ट्रेनिंग सेंटर चरखारी में लेखपाल भर्ती परीक्षा में चयनित लेखपालों को एक वर्षीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का मंडलायुक्त चित्रकूट धाम बांदा बालकृष्ण त्रिपाठी ने फीता काटकर किया। इस मौके पर चित्रकूट धाम मंडल के नवचयनित लेखपालों को प्रशिक्षण दिए जाने के बावत जानकारी दी। लेखपाल ट्रेनिंग सेंटर में मंडल के तमाम चयनित लेखपाल प्रशिक्षण लेने के लिए चरखारी पहुंचे।

कमिश्नर ने बताया कि नवनियुक्त लेखपालों को उत्तर प्रदेश लेखपाल सेवा नियमावली 2006 के प्रावधानो में प्रशिक्षण दिया जाना है, जिसमे राजस्व परिषद के आदेशनुसार 6 माह का क्लास रूम और 6 माह का फील्ड का प्रशिक्षण देना है। इस अवसर पर मंडलायुक्त ने राजस्व कार्यों के महत्व के संबंध में जानकारी दी और कहा कि आने वाला समय ऑनलाइन कार्य का है, इसलिए कम समय में स्मार्ट वर्क कैसे करें, इसके बारे में भी बताया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम के उपरांत मंडलायुक्त ने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के मौके पर जिलाधिकारी ममृदुल चौधरी ने कहा कि चरखारी में बहुत पुराना लेखपाल ट्रेनिंग सेंटर है, जहां पर बांदा चित्रकूट और हमीरपुर महोबा जिले के लेखपाल भर्ती परीक्षा में चयनित लेखपालों को प्रशिक्षण दिया जाता है। अब चरखारी में लेखपाल ट्रेनिंग सेंटर की नई इमारत बनकर तैयार की गई है, जहां पर नवनियुक्त लेखपालों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश, उपजिलाधिकारी चरखारी डा0 प्रदीप कुमार, उपजिलाधिकारी सदर जितेंद्र कुमार, प्रधानाचार्य विद्यालय पुष्पक, नायब तहसीलदार चरखारी एवं उप प्रधानाचार्य विद्यालय पीयूष साहू आदि मौजूद रहे।



शिक्षकों को प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक। अमृत विचार

# शिक्षकों को बताई विद्यार्थियों को पढ़ाने की विधियां

कार्यालय संवाददाता महोबा

- **एसके महाविद्यालय में निपुण भारत मिशन के तहत 4 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू**

**अमृत विचार।** निपुण भारत मिशन के तहत प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक तथा शिक्षा मित्रों का चार दिवसीय ब्लॉक स्तरीय आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता (एफएलएन) प्रशिक्षण सोमवार को जैतपुर के एसके महाविद्यालय में बीईओ अंकित सिंह के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ।

प्रशिक्षण में विभिन्न विद्यालयों के एक सैकड़ा शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। संदर्भदाता ने प्रशिक्षण लेने वाले टीचरों को तीन से नौ वर्ष के बच्चों को पढ़ाने की विभिन्न विधियां से रुबरू कराया।प्रशिक्षण दौरान जैतपुर ब्लॉक के बीइओ अंकित सिंह ने कहा कि भारत सरकार की ओर से समूचे देश में निपुण भारत मिशन अभियान चलाया जा रहा है। आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता (एफएलएन) भारत सरकार की नई शिक्षा निति का एक हिस्सा है। इसे निपुण योजना के अंतर्गत लागू किया गया है और इसमें तीन वर्ष से लेकर नौ वर्ष के बच्चों का समग्र विकास करना है। बच्चो के स्किल डेवलपमेंट के ऊपर काम करना इसका उद्देश्य है। उन्होंने बताया प्रथम फेरा में 50-50 शिक्षक, शिक्षिकाओं के दो बैच बनाए गए है और प्रत्येक बैच को चार दिन तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। एक बैच का प्रशिक्षण समाप्त होने के बाद दूसरा बैच का प्रशिक्षण प्रारंभ होगा और जैतपुर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालयों के समस्त अध्यापकों अध्यापिकाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण देने वाले संदर्भदाता शहजादे तनवीर खान, रामकिशोर चतुर्वेदी, शब्बीर मंसूरी, ओमप्रकाश, डा. रमाकांत पटैरिया ने प्रशिक्षण प्रदान करने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं को तीन से नौ वर्ष के बच्चों को पढ़ाने की विभिन्न विधियां बताई। संदर्भदाताओं ने विद्यालय में बच्चों को दैनिक जीवन के साथ जोड़कर पढ़ाना, बच्चों को खेल, कहानियों, तुकबंदी,गतिविधियों, स्थानीय कला, शिल्प और संगीत के माध्यम से पढ़ाने आदि विभिन्न तरीके बताए। इस दौरान उमेश पाठक, दिनेश नायक, अवधेश कुमार, रितेश तिवारी सहित विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षिकाएं और शिक्षामित्र मौजूद रहे।

## सरकारी भूमि से कब्जे हटाने की मांग

**महोबा।** तहसील कुलपहाड़ क्षेत्र में ग्राम पंचायत की सरकारी भूमि पर दबंगों द्वारा धड़ल्ले से अवैध कब्जे किए जा रहे है। इस बावत ग्रामीणों द्वारा कई बार तहसीलदार कुलपहाड़ को सरकारी भूमि से अवैध कब्जे हटाए जाने के लिए प्रार्थना पत्र दिए गए, लेकिन आज तक कब्जे नहीं हटाए गए। उल्टा अधिकारियों की उदासीनता के चलते अवैध कब्जे औ बढ़ गए हैं।

अम्बिकेश तिवारी सहित तमाम ग्रामीणों ने चार साल के अंदर चार बार तहसीलदार कुलपहाड़ को ग्राम पंचायत की भूमि पर अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत की गई, लेकिन अधिकारियों ने अवैध कब्जे हटाना तो दूर अब तक जांच तक नहीं कराई है जिससे अवैध कब्जे और बढ़ते जा रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अधिकारियों की लचर कार्यप्रणाली के चलते दबंगों के हौसले बुलंद है।

# झांसी-मानिकपुर नई रेल लाइन पर दौड़ने लगीं ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** झांसी-मानिकपुर और खैरार जक्शन से भीमसेन तक 411 किमी लंबी रेल लाइन पर पटरी बिछने का कार्य युद्धस्तर पर शुरू हो गया है, जिससे अब रेल लाइन का दोहरीकरण हो जाने से बुंदेलखंड के लोगों को झांसी, कानपुर, मानिकपुर, प्रयागराज आने जाने में एक से दो घंटे का समय कम लगेगा। साथ ही दूसरी रेल के इंतजार में सिंगल ट्रैक होने के कारण एक दूसरी रेल के आने जाने के इंतजार में खड़ी रहने वाली ट्रेनों को निजात मिलेगी। झांसी मानिकपुर रेल लाइन पर करीब 50 किमी तक टुकड़ों में दोहरीकरण का कार्य पूरा हो जाने से ट्रेनें भी दौड़ने लगी है। रेलवे ट्रैक के दोहरीकरण के लिए केंद्र सरकार द्वारा पूर्व में स्वतीकृत की गई धनराशि से कार्य भी तेज गति से चल रहा है।

रेल लाइन पर कार्य कराने के लिए अलग अलग हिस्सों में कई निर्माण एजेंसियों को काम सौंपा गया था, पहले चरण में रेल ट्रैक की साइड पर मिट्टी डालकर ऊंचाई का काम पूरा होने के बाद, मिट्टी को लेविलिंग भी करा दिया जाने के बाद ट्रैक बिछाने का काम शुरु करा दिया गया है, जबकि रेलवे ट्रैक पर बनने वाले छोटे छोटे पुलों का निर्माण कार्य भी युद्ध स्तर पर चल रहा है, कई छोटे छोटे पुल और पुलियां बनकर तैयार भी हो गई हैं, जहां पर मिट्टी की लेवलिंग और कुटाई का पूरा काम हो जाने के बाद पटरियां भी बिछा दी गई है। झांसी मानिकपुर रेल लाइन पर पटरी बिछाए जाने से क्षेत्र वासियों में खासी खुशी दिखाई दे रही है।


दोहरीकरण के तहत चलता काम। अमृत विचार

- **दोहरीकरण के तहत अलग अलग हिस्से में करीब 50 किमी का काम हुआ पूरा**

ब्रिटिश हुकूमत के दौरान मानिकपुर से झांसी और खैरार जंकशन से भीमसेन तक रेल लाइन बिछाई गई थी। आजादी के 77 साल बाद आज भी सिंगल ट्रैक पर ट्रेनें दौड़ रही हैं, जिससे रेल मार्गों पर यात्रा करते समय बुंदेलों को ट्रेनों की क्रासिंग के समय घंटो एक दूसरी ट्रेन आने के इंतजार में खड़ा रहना पड़ता है, जिससे यात्रियों का सात घंटे का सफर नौ से दस घंटे में पूरा होता है। लगभग सात साल पहले मोदी सराकार ने बुंदेलखंड की सिंगल रेल लाइनों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए झांसी से मानिकपुर तक और खैरार जंकशन से भीमसेन तक दोहरीकरण का कार्य कराए जाने की घोषणा की थी, इसके बाद दोहरीकरण के लिए धनराशि भी स्वीकृत कर दी थी। धनराशि स्वीकृत होने के बाद लगभग आधा दर्जन निर्माण एजेंसियों ने टेंडर प्रक्रिया पूरी करने के बाद अलग अलग हिस्सों का काम लेने के बाद पहले मिट्टी और छोटी छोटी पुलियों का काम करने के बाद अब पटरी बिछाने का कार्य तेज कर दिया है जिससे पचास किमी0 अलग अलग हिस्सों में पटरी बिछाने का कार्य पूरा हो गया है और नई पटरियों पर ट्रेने भी दौड़ने लगी है।

### 2026 तक पूरा हो जाएगा काम

मार्च 2026 तक झांसी मानिकपुर रेल लाइन के दोहरीकरण कार्य और खैरार जंकशन से भीमसेन कानपुर तक 411 किमी0 रेल लाइन का दोहरीकरण कार्य पूरी कराए जाने की समय सीमा निर्धारित कर दी गई है, जिससे कार्यदायी संस्थान तेजी से काम कराने में जुटी है, हालांकि सबसे ज्यादा दिक्कत केन नदी, बेतवा, धसान, यमुना नदी के पुलो के निर्माण में आ रही है। हालांकि कार्यदायी संस्था सबसे पहले माइनर पुलो के निर्माण में जुटा हुआ है, इसके बाद मेजर पुल पांच इंर्पोटेंट पुलों का निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। वहीं दूसरी तरफ छोटे पुलो के निर्माण कार्य पूरा होने के बाद ट्रैक बिछाने का कार्य भी आरम्भ कर दिया जाएगा, जिसको लेकर निर्माण एजेंसियां दिन रात मिट्टी का कार्य पूरा होने के बाद छोटे छोटे पुलों का निर्माण कराने मे जुटी हुई हैं।

# जाम लगाने पर सपा सांसद के बेटे पर एफआईआर

संवाददाता पनवाड़ी महोबा

- **सांसद ने आवाज को दबाने के लिए साजिश रचने का लगाया आरोप**

**अमृत विचार।** पनवाड़ी स्योढी मार्ग पर ट्रकों के ओवर लोडिंग चलने से बर्बाद हो रही सड़कों से बढ़ रही दिक्कत के विरोध में ग्रामीणों के साथ मिलकर चक्का जाम करने के विरोध में सपा सांसद के पुत्र अमित नारायण राजपूत के खिलाफ पुलिस ने बालू माफियाओं की तहरीर पर थाना पनवाड़ी में मुकदमा दर्ज करा दिया है। हमीरपुर महोबा सांसद अजेंद्र सिंह राजपूत ने जनता की आवाज को दबाने के लिए एक बालू माफिया से एक फर्जी मुकदमा दर्ज कराया है।

गौरतलब है कि सपा सांसद के पुत्र अमित नारायण उर्फ मानवेंद्र सिंह और सपा नेता सुरजीत यादव द्वारा शनिवार की शाम स्योड़ी तिराहा के पास ओवरलोडिंग और अवैध खनन के विरोध में अपने समर्थकों और ग्रामीणों के साथ प्रदर्शन करते हुए अधिकारियों को अवगत कराया गया था कि नगराघाट चौकी अंतर्गत स्योड़ी, सिलालपुरा, वराना, नगारा, गौनगुड़ा में निजी भूमि के पट्टों पर एलएनटी मशीनों सें खनन हो रहा हैं और ओवरलोड वाहन भी निकल रहे है। ओवरलोड वाहन निकलने की वजह सें ग्रामीणों व छात्र-छात्राओं को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

इसी बात को लेकर सपा नेता तथा स्थानीय पुलिस की नोकझोक भी हो गई थी। सात सितम्बर की रात को लगाए गए जाम के विरोध में पुलिस ने सांसद के बेटे और एक सपा नेता पर मुकदमा दर्ज लिया है। इससे सपाईयों के साथ साथ ग्रामीणों में खासा गुस्सा है। दर्ज हुए मुकदमे के संबंध में जब सपा सांसद अजेंद्र राजपूत से बात की गई तो उनका कहना है कि 7 सितम्बर को हुई घटना से आक्रोशित होकर स्थानीय प्रशासन एवं बालू माफियाओं ने मिली भगत करके साजिश रचकर एक व्यक्ति को मोहरा बनाकर जो स्वयं बालू का कारोबार करता है। उससे स्थानीय थाने में तहरीर दिलवाकर मुकदमा दर्ज कराया है, ताकि अनैतिक दबाव बनाकर उठ रही आवाज को दबाया जा सके। आगे सपा सांसद ने कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध खनन होने नही दिया जाएगा। आगे कहा कि उक्त घटना के संबंध में गृह सचिव को पत्राचार करके अवगत कराया जाएगा।

## महिला अधिवक्ता की हत्या के विरोध में महिला सुरक्षा फाउंडेशन ने सौंपा ज्ञापन

**महोबा।** कासगंज में महिला अधिवक्ता की हुई हत्या का मामला ठंडा होने का नाम नहीं ले रहा है। पहले अधिवक्ताओं द्वारा जुलूस प्रदर्शन और ज्ञापन देकर विरोध जताने के बाद अब महिला सुरक्षा फाउंडेशन एवं चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा महिला अधिवक्ता की हत्या के विरोध में सोमवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी सदर को सौंपा गया। एसडीएम ने महिला सुरक्षा फाउंडेशन को मुख्यमंत्री तक ज्ञापन पहुंचाने का आश्वासन दिया।

उत्तर प्रदेश के कासगंज में हुई महिला अधिवक्ता मोहिनी तोमर की हत्या के विरोध में अब महिला सुरक्षा फाउंडेशन एवं चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा भी विरोध प्रदर्शन करने के बाद उपजिलाधिकारी सदर को सौंपा गया। एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में बताया कि महिला अधिवक्ता के हमलावरों को तत्काल गिरफ्तार कर फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कर सजा दिलाने की मांग की है। महिलाओं तथा महिला अधिकताओं की सुरक्षा समेत 4 सूत्री मांगों का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौप गया है।

**परेशानी** सहायक संभागीय परिवहन विभाग का मामला

# 20 किमी दूर हो रहा वाहनों का फिटनेस, रोष

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** सहायक सम्भागीय परिवहन विभाग में वाहनों की फिटनेस के नाम पर 20 किमी दूर यूपी एमपी की सरहद के समीप स्थित कस्बा श्रीनगर में वाहन मालिकों को बुलाया जाता है जिससे वाहन संचालकों का आने जाने में समय बर्बाद होने के साथ साथ वाहनों का डीजल पेट्रोल अतिरिक्त खर्च हो रहा है। इससे वाहन चालकों में एआरटीओ विभाग के प्रति खासा गुस्सा है। स्थिति यह है कि एआरटीओ के रहमो करम पर दूसरे प्रांतों से आने वाले ट्रक डंफर नियम विरुद्ध तरीके से जिले में धडल्ले से दौड़ रहे हैं।

गौरतलब है कि एआरटीओ विभाग में कर्मचारियों की कमी होने के बाद भी बाहरी लोगों को लगाकर उन्हें अच्छा खासा महीने का पैसा दिया जाता है। एआरटीओ विभाग के पास यह पैसा कहां से आता है इसका जवाब किसी के पास नहीं है। कुछ माह पहले जिलाधिकारी ने एआरटीओ विभाग में की गई चेकिंग दौरान अवैध तरीके से काम कर रहे तमाम कर्मचारी इधर उधर भाग खड़े हुए। जिसका जिलाधिकारी ने बाहरी लोगों को किसी भी तरह का काम न करने के निर्देश दिए थे जिससे कुछ समय तक तो डीएम के खौफ से अस्थाई कर्मचारी एआरटीओ कार्यालय के आसपास नजर नहीं आए। धीरे धीरे मामला शांत होने के बाद एक बार फिर से एआरटीओ कार्यालय में चहल पहल बढ़ गई है। बाहरी लोगों ने कार्यालय में बैठकर बाकायदा सरकारी कर्मचारियों की तरह काम करना शुरु कर दिया है। इन कर्मचारियों को न तो सरकार से पगार मिलती और न ही इन्हें कोई इंक्रीमेंट और सुविधा दी जाती है बावजूद इससे बाहरी लोग धड़ल्ले से कर्मचारी बनकर एआरटीओ कार्यालय में काम कर रहे हैं। इतना सब होने के बाद भी जिले के आला अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं।



एआटीओ विभाग कार्यालय महोबा। अमृत विचार

> जिला मुख्यालय से 18 किमी दूर श्रीनगर कस्बे में वाहनों की फिटनेस के लिए साइड बनाई गई है। साइड बनाने में लाखों रुपये व्यय किए हैं। इस साइड में भारी मैदान होने के कारण एक साथ तमाम वाहनों के आ जाने पर उनकी एक एक करके फिटनेस की जाती है। एआरटीओ कार्यालय व इसके आस पास वाहनों की फिटनेस के लिए कोई जगह नहीं है। वाहन संचालकों की सुविधा के हिसाब से वहां पर फिटनेस साइड तैयार की गई है।
>
> -दयाशंकर, एआरटीओ महोबा

## एएनएम के बेटे ने सरकारी आवास में लगाई फांसी, मौत

**सरीला(हमीरपुर)।** सीएचसी में तैनात एएनएम के 30 वर्षीय बेटे ने सरकारी आवास में फांसी लगाकर जान दे दी है। आत्महत्या का कारण अधिक नशा करना बताया जा रहा है। जनपद औरैया के ब्रह्म नगर निवासी सुनीता सेंगर खेड़ा शिलाजीत गांव में एएनएम सेंटर में तैनात है। वह कस्बे की सीएचसी के सरकारी आवास में रहती है। उनके साथ उनका बेटा अभिषेक (30), पत्नी रुचि व बेटा अद्विक (2) के साथ रहता था। दो दिन पहले उसकी पत्नी बेटे के साथ मायके चली गई थी। सोमवार को अंदर से कमरे बंद करके अभिषेक ने खुद को बंद कर लिया था। उसको आवाज देने के बाद भी कमरा नहीं खोला तो छत पर चढ़कर झज्जे में जाकर कमरे के दरवाजे से देखा तो अभिषेक फांसी के फंदे पर लटका था। सूचना पर पहुंचे पुलिस चौकी प्रभारी दिनेश प्रसाद मौर्य ने बताया कि आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# वृद्धों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) सिजहरी और राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगर महोबा के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को वृद्धाश्रम महोबा में वृद्धावस्था स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जहां पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर और राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय सिजहरी के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 विकास कुमार द्वारा वृद्धाश्रम में उपस्थित सभी वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उचित परामर्श दिया गया।

बड़ी चंद्रिका देवी मंदिर के समीप बुढापे में अपने अपने घरों से बेघर हुए तमाम वृद्धों का हालचाल लेने आयुष्मान और आयुर्वेदिक चिकित्सालय की टीम पहुंची इसके बाद वृद्धजनों का स्वास्थ्य प्रशिक्षण कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और मुफ्त में दवा भी वितरित की गई साथ ही वृद्धों को खानपान के बावत भी सलाह दी गई कि वृद्धावस्था में शाम को भोजन में क्या लेना है क्या नहीं इसकी भी जानकारी दी गई। अपने बीच चिकित्सकों को पाकर वृद्ध महिला पुरुष खासे खुश नजर आए।


वृद्ध का स्वास्थ्य परीक्षण करते डॉक्टर। अमृत विचार

- **वृद्धाश्रम में मौजूद वृद्धों को मुफ्त दवा वितरित करने के साथ प्रतिदिन व्यायाम करने की दी सलाह**

इस मौके पर फार्मासिस्ट अनिल कुमार, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगर महोबा के सहयोग से औषधियों का वितरण राजेश कुमार तथा जितेन्द्र कुमार द्वारा किया गया। शिविर के मौके पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक अमित देवरिय, योग वेलनेस सेंटर सिजहरी के योग प्रशिक्षक सचिन गुप्ता द्वारा रोगियों को आवश्यकतानुसार आसन प्राणायाम बताकर योगोपचार भी किया गया। व्यायाम प्रशिक्षक ने बताया कि नियमित योग करने से तमाम बीमारियां दूर रहती हैं, इसलिए थोड़ा समय निकालकर सुबह नियमित योग करें। चिकित्सा शिविर को सफल बनाने में वृद्धाश्रम मैनेजर देवेन्द्र शुक्ला तथा समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# 6 लाख से अधिक राशनकार्ड सदस्यों के ई- केवाईसी बाकी

संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** जिले के राशन कार्ड धारकों का ई-केवाईसी कराया जा रहा है । लेकिन अभी आधा काम ही निपट पाया है । जबकि ई- केवाईसी सभी के लिए जरूरी है । पूर्ति विभाग के मुताबिक बांदा में कुल तीन लाख 59 हजार राशनकार्ड में 13 लाख 80 हजार यूनिट (सदस्य) हैं, लेकिन अभी सात लाख 32 हजार यूनिटों का ही ई- केवाईसी हो पाया है ।

जिले के राशनकार्ड धारक परिवारों को सरकार हर माह राशन देती है। जिले में 728 कोटे (उचित दर) की दुकाने हैं, जिनमें निर्धारित शेड्यूल के अनुसार कार्डधारकों को कोटेदार राशन वितरित करते हैं । कोटे की दुकानों में ही राशनकार्ड धारकों का ई केवाईसी किया जा रहा है, लेकिन अभी तक शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा नहीं हो पाया है 1 पूर्ति विभाग के जो आंकड़े हैं उसमें अभी करीब-करीब आधा काम बाकी बताया जा रहा है।



● जिले के 3 लाख 59 हजार राशनकार्डों में 13 लाख 80 हजार हैं सदस्य

**बोले अधिकारी**

जिले के सभी उचित दर विक्रेताओं को ई-केवाईसी का शेष कार्य जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए गए हैं, साथ ही जिन कार्ड धारकों का अभी ई केवाईसी होना है, कोटे की दुकानों में जाकर जरूर करा लें ।

-उबैदुर्रहमान खान, जिला पूर्ति अधिकारी, बांदा

जिले में कुल तीन लाख 59 हजार राशनकार्ड हैं इनमें कुल 13 लाख 59 हजार यूनिट जुडी हैं । बताते चले शासन के निर्देश पर सभी का ई- केवाईसी कराया जाना है । विभागीय जानकारी के मुताबिक इसी साल जून माह से ई केवाईसी का कार्य शुरू हुआ था और अब तक सात लाख 32 हजार कार्ड धारक सदस्यों की ई केवाईसी हो पाई है और अभी भी छह लाख 48 हजार सदस्यों का ई केवाईसी होना है 1 हालांकि विभाग का दावा है की राशन वितरण पूरा होने के बाद ई केवाईसी शुरू हो जाता है जल्द ही शेष कार्य पूरा करा लिया जाएगा 1

### 26 सितंबर से फिर शुरू होगी ई-केवाईसी

■ **बांदा।** कोटे की दुकानों में जब राशन वितरण होता है उस समय ई- केवाईसी बंद रहती है, वितरण पूरा होने के बाद फिर ई- केवाईसी होती है। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि इस महीने यानि सितंबर में 25 जून तक वितरण चलेगा उसके अगले दिन अर्थात 26 सितंबर से फिर ई-केवाईसी शुरू हो जाएगी। जिन कार्ड धारक सदस्यों ने अभी तक ई- केवाईसी नहीं कराया, इस महीने के अंत तक उसे करा लें।

### इस महीने गरीबों का मुंह मीठा करा रही सरकार

■ बांदा । सरकार इस महीने लाल राशन कार्ड धारकों का मुंह मीठा करा रही है। सभी को चीनी का वितरण किया जा रहा। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया की जिले में 48 हजार 348 लाल राशन कार्ड हैं, इस महीने सभी को शासन के दिशा निर्देशों के तहत चीनी वितरित कराई जा रही है। बताया की प्रति कार्ड तीन किलो चीनी अनुमन्य है।

# हैंडवास-डे पर बताया स्वच्छता का महत्व

संवाददाता कोंच

**अमृत विचार।** तहसील कोंच के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्थानीय प्राथमिक विद्यालय और उच्च प्राथमिक विद्यालय में (हाथ धुलाई) दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करना था, विशेषकर हाथों की सफाई के संबंध में, जो बीमारियों से बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के प्रधानाध्यापक द्वारा की गई, जिन्होंने बच्चों को हाथ धोने के सही तरीके और इसके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों के बारे में जानकारी दी। इसके बाद, शिक्षकों ने छात्रों को हाथ धोने की 6 चरणों की प्रक्रिया को व्यावहारिक रूप से सिखाया। सभी छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ हाथ धोने की प्रक्रिया में भाग लिया और यह संकल्प लिया कि वे रोजाना अपने हाथों को स्वच्छ रखेंगे। इस अवसर पर विद्यालय की ओर से स्वच्छता और सफाई को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापक ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा, स्वच्छता को अपनाने से हम न केवल बीमारियों से बच सकते हैं, बल्कि अपने समाज को भी स्वस्थ बना सकते हैं। इस अवसर पर सभी शिक्षकगण और छात्र उपस्थित थे, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।



विद्यालय में हाथ धोतीं छात्राएं। अमृत विचार

## एक नजर

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**उरई।** कालपी कोतवाली क्षेत्र में मोती नगर के समीप एक होटल के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार युवक की मौत हो गई। कानपुर देहात के गांधी नगर निवासी रवि पुत्र कंजा सोमवार को अपने घर से बाइक पर सवार होकर पारीछा झांसी जाने के लिये निकला था। जैसे ही वह कालपी के मोती नगर के समीप एक होटल के पास पंहुचा। तभी उसकी बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह हाइवे किनारे बाइक सहित गिरकर घायल हो गया। राहगीरों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची डायल 112 नम्बर पुलिस कर्मियों ने घायल युवक को गाड़ी में रखकर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पंहुचाया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### प्रधान जागरूक रहें

**माधौगढ़।** कोतवाली में प्रधानों के साथ मीटिंग कर नए कोतवाल पप्पू सिंह ने कहा कि सिफारिश की बजाय प्रधान सीधी बात करें। उन्होंने प्रधानों से कहा कि वह अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर कोशिश करें कि मामले गांव स्तर पर निपट जाएं, ताकि गांव के आम आदमी को कोतवाली और न्यायालय के जंजाल में न फंसना पड़े। उन्होंने प्रधानों से जागरूक नागरिक और समाजसेवी की भूमिका में आने की सलाह दी। ताकि उनकी बदौलत समाज में बदलाव आ सके। उन्होंने छेड़छाड़ की घटनाओं को लेकर कहां की समाज में शिक्षा और जागरूकता का अभाव होना इसका मुख्य कारण है। जिसके लिए वह गांव-गांव और स्कूलों में जाकर महिलाओं और बेटी मोबाइल समाज के लोगो को जागरूक करेगें। उन्होंने सबके सहयोग से थाने को आदर्श थाना बनाने का संकल्प भी लिया। इसके अलावा उन्होंने भरोसा दिलाया कि उनके और स्टाफ़ के द्वारा फरियादियों से मित्रवत व्यवहार ही होगा। इस दौरान समस्त गांव के प्रधान मौजूद रहे।

### सड़क दुर्घटना में पिता की मौत पर पुत्र ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**कालपी।** पिछले सप्ताह कदौरा-जोल्हूपुर मोड़ हाइवे में सड़क दुर्घटना में वृद्ध की मौत की घटना को लेकर पीड़ित पुत्र के द्वारा कालपी कोतवाली में सीएनजी ऑटो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। रामकुमार पुत्र शंकर निवासी ग्राम परासन ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 2 सितंबर को उसके पिता शंकर कदौरा से अपने घर परासन जाने के लिए सीएनजी ऑटो में बैठकर जा रहे थे। चालक ने लापरवाही से चलाते हुए दूसरे अज्ञात ऑटो में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में मेरा पिता गम्भीर रूप से घायल हो गए। बाद में मौत हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

# सीटें बढ़ाए जाने को लेकर छात्रों ने किया प्रदर्शन, प्राचार्य कक्ष में ताला लगाया

## पंडित जेएन महाविद्यालय में उप्र. स्टूडेंट यूनियन के बैनर तले उठाई मांग

संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश स्टूडेंट यूनियन के बैनर तले सोमवार को पंडित जेएन महाविद्यालय में सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शन कर दो सेक्शन सीटें बढ़ाए जाने की मांग की। छात्रों ने कहा कि महाविद्यालय में दो सेक्शन सीटें बढ़ाई जाएं। अन्यथा छात्र-छात्राएं आंदोलन को आगे बढ़ाएंगे। छात्रों ने आक्रोश जाहिर करते हुए प्राचार्य कक्ष में ताला जड़ दिया। पुलिस ने विद्यार्थियों को काफी देर तक समझाया तब सभी छात्र-छात्राएं शांत हुए।

उत्तर प्रदेश स्टूडेंट यूनियन के बैनर तले छात्र नेता शैलेंद्र कुमार वर्मा एवं बाबूराम निषाद, दीपक गुप्ता के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने धरना दिया। पंडित जवाहरलाल नेहरू डिग्री कालेज परिसर के बाहर बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मुकेश पांडेय का प्रतीकात्मक पुतला दहन दिया। छात्राओं ने आक्रोश जताते हुए विरोध में नारे लगाए। इसके बाद महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य के कार्यालय पहुंचकर सैकड़ों की संख्या में छात्राओं ने कार्यालय का घेराव किया। कार्य बंद करवाकर प्राचार्य कक्ष में ताला जड़ दिया। दो दिन के अंदर दो सेक्शन सीट बढ़ाए जाने की मांग करते हुए बड़े आंदोलन की चेतावनी दी। कहा कि महाविद्यालय का मानक सीट बढ़ोत्तरी के लिए पूरा है। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के छात्र नेता लव सिन्हा ने कहा कि प्रवेश सीट अगर नहीं बढ़ाई गई तो झांसी में कुलपति कार्यालय का घेराव करेंगे। बुंदेलखंड अति पिछड़ा क्षेत्र है, जहां कम शिक्षण शुल्क लगता है। ऐसे महाविद्यालय में से पंडित जेएन एक मात्र एडड महाविद्यालय है। मौके पर बाबूराम निषाद, दीपक, योगेंद्र, रचित पंडित, जय सिंह, सिद्धांत सिंह, प्रदीप वर्मा, भूपेंद्र यादव, हरिओम सिंह, दिव्यांश, शिवम सेंगर, खुशी, रिचा, महिमा ,निकिता, सुहानी, शिवानी एवं नैंसी इत्यादि छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं। आंदोलन का समर्थन छात्र संघर्ष समिति व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने भी किया।



पंडित जेएन महाविद्यालय के सामने विरोध-प्रदर्शन करते छात्र -छात्राएं। अमृत विचार

● कुलपति का प्रतीकात्मक पुतला फूंका, सौंपा ज्ञापन

# सीबीडब्ल्यूटीएफ एसो. के प्रदेश अध्यक्ष बने डा.मनोज

संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** सरकारी, गैरसरकारी अस्पतालों, नर्सिंग होमों और पैथालाजी आदि से निकलने वाले खतरनाक बायो मेडिकल कचरे को निस्तारित करने के लिए मोहनपुरवा में स्थापित कॉमन बायोमेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट फैसेलिटी संयत्र के संचालक डा.मनोज कुमार शिवहरे को समूचे प्रदेश के संयत्र संचालकों का नेतृत्व करने का अवसर मिला है। डा.शिवहरे को हाल ही में बायो मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट फैसेलिटी (सीबीडब्ल्यूटीएफ) के संचालकों की बैठक में प्रदेश का अध्यक्ष चुन लिया गया है। उन्होंने संगठन से मिली जिम्मेदारी पर खरा उतरने का भरोसा दिलाते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। सीबीडब्लूटीएफ एसोसिएशन की आवश्यक बैठक में प्रदेश भर के संयत्र संचालकों ने प्रतिभाग किया और बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण के व्यवसाय को सुचारू रूप से चलाने के मुद्दे पर विचार विमर्श किया। संगठन की नई कार्यकारिणी के निर्वाचन पर भी चर्चा हुई। जिसके बाद बामदेव स्मार्ट साल्यूशंस बांदा के निदेशक डा.मनोज कुमार शिवहरे को सर्वसम्मति से एसोसिएशन का अध्यक्ष चुन लिया गया। जबकि नितिन गुप्ता प्रयागराज सचिव, सचिन सनातनी वाराणसी उपाध्यक्ष, विजय यादव मुरादाबाद संयुक्त सचिव, रज्जू भइया सीतापुर कोषाध्यक्ष, संजय गर्ग गाजियाबाद ऑडिटर चुने गए। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में विनय राय गाजीपुर, जीतेंद्र शर्मा आगरा, नुमानी खान सुल्तानपुर आदि मौजूद थे।



डा.मनोज का स्वागत करते लोग।

### यमुना का फिर बढ़ा जलस्तर

**कालपी।** एक बार फिर यमुना का जलस्तर बढ़ना शुरू हो गया है।

लगभग दो वर्ष से यमुना में बाढ़ कोई खास नहीं रही है जिससे नदी की तलहटी में बसे लोगों ने काफी राहत महसूस की है और उनके घर में खरीफ की फसले भी पहुंची थी लेकिन इसबार वर्षा अधिक होने के चलते इस क्षेत्र के किसान आशंकित है कि इसबार बाढ़ का पानी उनका सब कुछ डुबो तो नहीं देगा लेकिन कई दौर के बाद भी नदी का जलस्तर इतना नहीं हुआ कि किसानों का नुकसान हो। जिसके चलते किसान अब अपनी फसलों के घर पहुंचने के लिए आश्वस्त थे लेकिन सोमवार से नदी का जलस्तर फिर बढ़ना शुरू हो गया है । केन्द्रीय जल आयोग के जिम्मेदार रूपेश कुमार के अनुसार मध्य प्रदेश और राजस्थान में हो रही बरसात के चलते यमुना में पानी बढ़ना शुरू हुआ है जो अभी और तेज रफ्तार पकड़ेगा हालांकि यह कितना बढ़ेगा इसका जवाब अभी उनके पास नहीं है पर उन्होंने 24 घण्टे में जलस्तर 2 मीटर बढ़ने का दावा किया है।



जालौन कोतवाली का निरीक्षण करते सीओ शैलेंद्र कुमार बाजपेयी। अमृत विचार

## महिला अपराधों को गंभीरता से लें

**जालौन।** कोतवाली में साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखें। लंबित विवेचनाओं का गुण, दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करें। शोहदों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करें। यह निर्देश सीओ ने कोतवाली के त्रैमासिक निरीक्षण के दौरान अधीनस्थों को दिए।

सीओ शैलेंद्र कुमार बाजपेयी ने सोमवार को कोतवाली का त्रैमासिक निरीक्षण किया। सबसे पहले उन्होंने आरक्षी आवास एवं मैस का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने साफ सफाई व्यवस्था को सुधारने के निर्देश दिए। मालखाने में निरीक्षण कर शस्त्रों की साफ सफाई को देखा जिससे वह संतुष्ट दिखे। इसके बाद उन्होंने दस्तावेजों का निरीक्षण किया। जिसमें आवश्यक सुधार एवं रखरखाव को ढंग से रखने पर जोर दिया। अंत में उन्होंने अधीनस्थों के साथ बैठक में निर्देश देकर कहा कि महिला अपराधों को गंभीरता से लिया गए। इस ओर किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाए। इसके अलावा शोहदों के खिलाफ भी अभियान चलाएं। यदि कोई शोहदा किसी युवती को परेशान करता है तो तत्काल उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। जेल से छूटे और आदतन अपराधियों पर कड़ी नजर रखें। यदि कोई संदिग्ध गतिविधि में लिप्त पाए जाते हैं तो तत्काल कार्रवाई करें। इस मौके पर कोतवाल वीरेंद्र कुमार, एसआई ओंमकार सिंह आदि मौजूद रहे।

## भाभी की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

**उरई।** न्यायालय में 18 माह चले ट्रायल के बाद भाभी के हत्यारोपी देवर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही 50 हजार का अर्थदंड लगाया गया है।

शासकीय अधिवक्ता मोतीलाल पाल ने बताया कि नदीगांव थाना क्षेत्र के कुरचोली निवासी सतीश शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 8 जनवरी 2023 को उसकी पत्नी पूजा शुगर की दवा लेने ग्वालियर जाना चाहती थी। उसने छोटे भाई अविनाश के साथ जाने की बात कही और अविनाश के साथ निकल गई। बताया कि अविनाश ने उसकी पत्नी पूजा शर्मा की धारदार हथियार से हत्या कर शव खेत में फेंक दिया। उसकी लड़किया घटना वाले दिन खेत पर भाजी लेने जा रही थीं, तो उन्होंने खेत की ओर जाने वाली कच्ची रास्ता के बगल में सड़क किनारे मां को गंभीर रूप से घायल पड़ा देखा। जिसने इशारे से बेटियो को बुलाया और इसके बाद उसकी मौत हो गई। बेटियों ने चाचा अविनाश को मौके से भागते देखा था। पुलिस ने अविनाश के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम शिवकुमार की अदालत में करीब 18 माह चले ट्रायल के बाद सोमवार को सजा सुनाई गई।

इंडियन बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) Indian Bank (A Govt. of India Undertaking) ई-नीलामी

इलाहाबाद ALLAHABAD

अंचल कार्यालय : तिंदवारी रोड, सेंट मैरी स्कूल के पास बाँदा उत्तर प्रदेश- 210001

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस (नियम 8(6) का परन्तुक देखें)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस आम लोगों को तथा विशेष रुप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/ प्रभारित है, का प्रतिकात्मक (सांकेतिक) कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी इंडियन बैंक द्वारा लिया गया है, '' जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित सम्पत्तियों ऋणियों एवं प्रत्याभूति दाताओं से बकाया धनराशि की वसूली हेतु दिनांक 25.09.2024 को बेचा जायेगा। विस्तृत विवरण निम्नलिखित है:

| क्र सं. | ऋणी/खाताधारक का नाम / शाखा का नाम | जमानतकर्ता का नाम / सम्पत्ति मालिक/ बन्धककर्ता का नाम | बैंक की दावा राशि / सम्पत्ति पर भार | सम्पत्ति का विवरण (सेल डीड के आनुसार) /आई डी.संख्या | रिजर्व प्राइस / धरोहर धनराशि / वृद्धि वाली राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **ऋणी:** श्री बृजेंद्र सिंह पुत्र गजेंद्र सिंह **बंधककर्ता एवं जमानतकर्ता:** श्रीमती सुधा सिंह पत्नी गजेंद्र सिंह, **दोनो पता:** आर.के. पुरम कॉलोनी, कलेक्टर गंज, फतेहपुर शाखा: आबूनगर फतेहपुर मो. 7408673153 | **श्रीमती सुधा सिंह पत्नी गजेंद्र सिंह, पता: आर.के. पुरम कॉलोनी, कलेक्टर गंज, फतेहपुर** | रू. **13,46,141.00** तिथि **12.10.2022** तक ब्याज, लागत अन्य शुल्क एवं खर्चे दिनांक **13.10.2022** से / ज्ञात नहीं | एक आवासीय मकान गाटा संख्या 3020, राजस्व ग्राम कस्बा फतेहपुर दक्षिण से जाना जाता है जो मोहल्ला गढ़ीवा सिटी फतेहपुर परगना तहसील एवं जिला फतेहपुर पर स्थित है। क्षेत्रफल: 85 वर्ग मीटर चौहद्दी: पूर्व: 20 फिट कच्चा रास्ता, पश्चिम: वेंडर द्वारा माली को बेचा प्लॉट, जिसने भवन निर्मिाण किया, उत्तर: वेंडर द्वारा आर.के. श्रीवास्तव को बेचा गया प्लॉट, जिसने भवन निर्मिाण किया, दक्षिण: वेंडर द्वारा संतोष बाजपेयी को बेचा गया प्लॉट, जिसने भवन निर्मिाण किया, सम्पत्ति आईडी सं.: IDIB3292370849 | रू. 20.31 लाख / रू. 2.031 लाख / रू. 10,000.00 |
| 2. | **ऋणी :** मेसर्स फेमस पॉइंट 2, व्यावसायिक पता: आईटीआई रोड, दक्षिण गौतम नगर, फतेहपुर प्रो. अंकित वर्मा पुत्र राम बली वर्मा, **जमानतकर्ता एवं बंधककर्ता:** सुशीला देवी पत्नी राम बली **पता:** गंगा नगर, फतेहपुर उ.प्र. शाखा: आबूनगर फतेहपुर मो. 7408673153 | **सुशीला देवी पत्नी राम बली , पता: गंगा नगर, फतेहपुर उ.प्र.** | रू. **14,05,253.00** तिथि **09.01.2023** तक ब्याज, लागत अन्य शुल्क एवं खर्चे दिनांक **10.01.2023** से / ज्ञात नहीं | एक आवासीय प्लॉट जो स्थित है महर्षि विद्या मंदिर स्कूल के पीछे गाटा संख्या 1425 एम, ग्राम-कस्बा फतेहपुर उत्तर परगना तहसील एवं जिला फतेहपुर और जो सुशीला देवी पत्नी राम बली के नाम पर है। क्षेत्रफल: 186 वर्ग मीटर चौहद्दी: पूर्व: 15 फिट कच्चा रास्ता, पश्चिम: प्रेमलता श्रीवास्तव का प्लॉट, उत्तर: प्लॉट सं. 90 (वेंडर), दक्षिण: प्लॉट सं. 87 (वेंडर) सम्पत्ति आईडी सं.: IDIB3278731862 | रू. 20.10 लाख / रू. 2.01 लाख / रू. 10,000.00 |
| 3. | **ऋणी एवं बंधककर्ता:** श्री संजय कुमार पुत्र विजय किशोर गुप्ता एवं **ऋणी:** श्री पुष्पराज पुत्र विजय किशोर गुप्ता **दोनो पता:** जेल रोड, तांबेश्वर नगर परगना हबीबपुर फतेहपुर शाखा: आबूनगर फतेहपुर मो. 7408673153 | **श्री संजय कुमार पुत्र विजय किशोर गुप्ता पता: जेल रोड, तांबेश्वर नगर परगना हबीबपुर फतेहपुर** | रू. **23,52,948.00** तिथि **23.11.2022** तक ब्याज, लागत अन्य शुल्क एवं खर्चे दिनांक **24.11.2022** से / ज्ञात नहीं | एक आवासीय प्लॉट जो भाग है, गाटा संख्या 115 का, मोहल्ला हबीबपुर, परगना तहसील एवं जिला फतेहपुर पर स्थित है। और जो श्री संजय कुमार पुत्र विजय किशोर के नाम पर है। चौहद्दी: पूर्व: 20 फिट रास्ता, पश्चिम: कल्लू सिंह का प्लॉट, उत्तर: परशुराम वर्मा का प्लॉट, दक्षिण: भोला बाजपेई का प्लॉट सम्पत्ति आईडी सं.: IDIB3155311600 | रू. 19.68 लाख / रू. 1.97 लाख / रू. 10,000.00 |

QR Code (प्रत्येक संपत्ति हेतु): Bank Website www.indianbank.in | E-Auction Website | Document | Property Location | Video of Property | Photo of Property

ई.एम.डी. राशि जमा करने की अंतिम तारीख 24.09.2024 अपरान्ह 05.00 तक एवं नीलामी की तारीख व समय - 25.09.2024 पर्वान्ह: 10.00 बजे से अपरान्ह 04.00 तक असीमित विस्तार के साथ 10 मिनट अन्तराल पर बोली वृद्धि राशि उपरोक्त अनुसार

इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों से अनुरोध है कि वे अपने मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी का उपयोग करके ऑनलाइन पोर्टल (https://www-ebkray-in) पर पंजीकरण करें। इसके अलावा, अपना eKYC पूरा करने के बाद, इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को दिनांक 24.09.2024, शाम 5 बजे तक ईएमडी रुशि अपने - ई-वॉलेट में स्थानांतरित करनी होगी। पजीकरण, eKYC और वॉलेट में ईएमडी का हस्तांतरण नीलामी से पहले ही पूरा किया जाना चाहिए।

ई-नीलामी के लिए प्लेटफॉर्म (https://www-ebkray-in) हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रदान किया जाएगा। लिमिटेड, (सम्पर्क: 8291220220, ईमेल आईडी:- support-ebkray@psballiance.com)- इच्छुक बोलीदाताओं /खरीदारों को ई-नीलामी सेवा प्रदाता की वेबसाइट https://www.ebkray.in पर ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेना आवश्यक है।

कारपोरेट ऑफिस: अव्वई शनमुगम सलई रॉयलपट्टाह चेन्नई - 600014

दिनांक : 10.09.2024 स्थान : बाँदा प्राधिकृत अधिकारी इंडियन बैंक

संरक्षण की दरकार | कालपी विधायक बोले, ऐतिहासिक मंदिर का सुंदरीकरण कराया जाएगा

# गणेश मंदिर को पर्यटन विभाग में शामिल कराएंगे

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** ऐतिहासिक एवं पौराणिक मराठा कालीन कालपी का सिद्ध विनायक एवं गणेश का मंदिर बुंदेलखंड का ही नहीं पूरे हिंदुस्तान का प्रसिद्ध मंदिर है। लेकिन रख-रखाव के अभाव में धीरे-धीरे खंडहर में तब्दील हो रहा है। स्थानीय विधायक विनोद चतुर्वेदी ने इस ऐतिहासिक गणेश मंदिर को पर्यटन विभाग में शामिल कराने के प्रयास तेज कर दिए हैं।

1531 ईस्वी में महाराष्ट्र के प्रसिद्ध मोरय यहां आए और सिद्धिविनायक की प्रतिमा बनाकर 7 वर्षों तक तपस्या की। सन 1637 में संत समर्थ रामदास स्वामी कालपी आए और इस गणेशजी की प्रतिमा का पूजन अर्चन कर साधना की। सन 1729 ईस्वी में श्रीमंत बाजीराव पेशवा प्रथम कालपी में मुगलों से युद्ध करने के लिए आय एवं गणेशजी की प्रतिमा की स्थापना करके मुगलों से युद्ध लड़ा। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई ने सन 1858 में अंग्रेजों से युद्ध करते हुए कालपी पहुंची तो यहां पर उन्होंने आदि गणेशजी के दर्शन कर कालपी में आसरा लिया। यहां उनकी भेंट उनके गुरु एवं तात्या टोपे से हुई।

युद्ध में जाने से एक दिन पूर्व रात में उन्हें अपने सपने में भी गणेश जी के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ इसके पश्चात उन्होंने इस मंदिर में श्री सिद्धि गणेश जी की मूर्ति की स्थापना की तथा कालपी से अंग्रेजों को मुक्ति दिलाई।




जानकारी देते विधायक विनोद चतुर्वेदी। अमृत विचार

● विधायक विनोद चतुर्वेदी पहुंचे मंदिर, बोले -मराठा कालीन है सिद्ध विनायक मंदिर

इस गणेश मंदिर में तीन गणेश जी की प्रतिमाएं दाहिना वर्ती है तथा सिद्धि गणेश एवं आदि गणेश की प्रतिमा एक ही आसान पर विराजमान हैं। इस ऐतिहासिक एवं पौराणिक मंदिर को पुनः निर्माण करने का वीडा स्थानीय विधायक विनोद चतुर्वेदी ने उठाते हुए मंदिर में पहुंचकर मंदिर के पुजारी अनिल कानहरे एवं नगर के तमाम बुद्धिजीवियों के साथ बैठकर उसका पुनर्निर्माण कराए जाने की रणनीति बनाई। विधायक विनोद चतुर्वेदी ने आश्वासन दिया की इस पौराणिक एवं ऐतिहासिक मंदिर को पर्यटन विभाग में शामिल करवाया जाएगा ताकि इसका सुंदरीकरण कराया जा सके।

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूंदड़ा 2625-2650 आर.आर.21 2725-2750 गेहूंफारम 2850-2900 जौ 2300-2400 ज्वार 2000-4000 बाजरा 2250-2300 मकाई 2400-2500 दलहन (प्रति क्वि.) चना 7300-7400 अरहर 8500-9000 मसूर 5500-5600 मटर 3600-3700 उड़दहरा 11500-12000 उड़दकाला 7500-8500 मूंग 7500-8000 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 15400-15500 अरहरस्पेशल 12200-12300 चनादाल 9000-9100 मटरदाल 4575-4675 मसूरमलका 7150-7200 मसूरदाल 7350-7400 उड़ददाल 9000-13800 उड़द धोवा 10000- 12800 मूंगदाल 8500-9700 मूंग धोवा 9500-11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800-4000 बासमती न.1. 10500-11000 सेला 3000-4000 बासमती न02. 7000-8000 आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1500-1600 मैदा 1600-1630 सूजी 1620-1650 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1500-1530 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5500-5600 अलसी 4500-4600 अण्डी 4600-4700 तिल्ली 11000- 11500 मूंगफलीदाना षिवपुरी 9500- 11200 बटाली 8800-11000 सेहुआं 4000-4500 तेल (प्रित क्वि.) सरसोंकोल्हू 13200-13300 अलसी 10500-10600 अण्डी 12800-13000 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1580-1596 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2550-2600 अलसी 5100-5200 अण्डी 1400-1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1605-1606 मयूर 1605-1606 मंगलौरलडडूल 4900-4950 देशीभेली 4600-4700 शक्करदाना (प्रति क्वि.) एम.30. 4100-4160

## सर्राफा

कानपुर

| | |
| --- | --- |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 83800 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 73150 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54525-54725 |

# सेबी से बचने को एफपीआई ने किया एसएटी का रुख

### बीओ का खुलासे के नियमों से बचने को निवेशकों ने चुना कानूनी विकल्प

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सेबी के समक्ष अंतिम लाभकारी स्वामित्व (बीओ) का खुलासा संबंधी नियमों का पालन करने से बचने के लिए कुछ विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने (एफपीआई) कानूनी विकल्प चुना है। मानदंडों का पालन करने की समयसीमा सोमवार को समाप्त हो रही है।

मॉरीशस स्थित दो एफपीआई एलटीएस इन्वेस्टमेंट फंड और लोटस ग्लोबल इन्वेस्टमेंट ने विदेशी निवेशकों के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के नए मानदंडों का पालन करने से तत्काल राहत पाने के लिए कथित तौर पर प्रतिभूति अपीलीय अधिकरण (एसएटी) का रुख किया है। अमेरिकी निवेश एवं शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की अदाणी समूह पर जनवरी 2023 में जारी रिपोर्ट में इन दो एफपीआई का जिक्र था। इन दो एफपीआई ने एसएटी से अनुरोध किया है कि वह भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को इन नियमों का पालन करने के लिए और समय देने का निर्देश दे।


### आगामी तिमाहियों में एफडीआई प्रवाह में तेजी की उम्मीद



**नई दिल्ली।** अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा नीतिगत दर में कटौती की संभावना, अमेरिकी में वृद्धि दर हल्की रहने तथा दूसरी तरफ भारत में अनुकूल आर्थिक परिदृश्य के साथ यहां प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में तेजी आने की उम्मीद है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश इस साल अप्रैल-जून के दौरान 47.8% बढ़कर 16.17 अरब डॉलर रहा है। पिछले एक दशक में निवेश स्रोत बदल गये हैं और इसमें विविधता आई है। पूंजी नए उभरते क्षेत्रों से आ रही है। डेलॉयट इंडिया की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा कि आठ साल पहले की तुलना में, बिजली, निर्माण, स्वास्थ्य सेवा, रसायन और गैर-पारंपरिक ऊर्जा क्षेत्र अब आकर्षक निवेश स्थल बन गये हैं।

# पीई से समझें कंपनी के शेयर की स्थिति...

पीई रेशियो (प्राइस-टू-अर्निंग रेशियो) एक वित्तीय अनुपात है जो कंपनी के शेयर की कीमत को प्रति शेयर की आमदनी (ईपीएस) से विभाजित करता है। यह निवेशकों को कंपनी के शेयर की मूल्यवत्ता को समझने में मदद करता है। यह रेशियो निवेशकों को यह संकेत देता है कि कंपनी के शेयर की कीमत उसकी आमदनी की तुलना में कितनी अधिक या कम है। सामान्यत: पीई रेशियो 15-20 के बीच होता है, लेकिन यह विभिन्न उद्योगों और बाजार स्थितियों के आधार पर भिन्न हो सकता है। पीई रेशियो के आधार पर निवेश करते समय, अन्य वित्तीय संकेतकों और कंपनी के भविष्य की संभावनाओं का भी मूल्यांकन करना महत्वपूर्ण है। आइये इसके बारे में जाने...




**इसे कैसे देखे**

**वित्तीय रिपोर्ट्स :** कंपनियों की वित्तीय रिपोर्ट्स और उनकी वेबसाइट्स पर पीई रेशियो की जानकारी अक्सर मिलती है।

**वित्तीय समाचार और वेबसाइट्स :** कई वित्तीय समाचार और डेटाबेस जैसे कि याहू फाइनेंस, गूगल फाइनेंस पर भी पीई रेशियो मिल सकता है।

**स्टॉक ब्रोकर्स और निवेश सलाहकार :** ये भी आपको कंपनी का पीई रेशियो और अन्य वित्तीय जानकारी उपलब्ध कराते हैं।

**लाभ :** पीई रेशियो निवेशकों को यह समझने में मदद करता है कि कंपनी के शेयर की कीमत उसकी आमदनी की तुलना में कितनी अधिक या कम है। उच्च पीई का मतलब है कि शेयर की कीमत अधिक है, जो वृद्धि का संकेत है। निम्न पीई का मतलब है कि शेयर की कीमत कम है, जो निवेश का अच्छा समय है यदि कंपनी की संभावनाएं अच्छी हैं।

**मानक:** पीई सामान्य या स्वस्थ सीमा विभिन्न उद्योगों के अनुसार बदलती है। तकनीकी और फिनटेक कंपनियों के लिए पीई उच्च हो सकता है जबकि परंपरागत औद्योगिक क्षेत्रों के लिए यह कम हो सकता है। सामान्यत: एक औसत पीई 15-20 के बीच होता है, लेकिन यह उद्योग और बाजार की स्थितियों पर निर्भर करता है।

**कितना हो की करें निवेश**

**तुलना :** निवेश से पहले, समान कंपनियों के पीई देखें। इससे पता चलेगा कि कंपनी का रेशियो बाजार के मुकाबले कैसा है।

**विकास की संभावनाएं :** उच्च पीई का मतलब होता है कि बाजार कंपनी की वृद्धि की उम्मीद कर रहा है। आप कंपनी की वित्तीय स्थिति, प्रतिस्पर्धा और संभावनाओं का विश्लेषण करें।

**प्रत्याशित लाभ :** उचित निवेश निर्णय लेने को कंपनी की संभावनाओं, वित्तीय स्थिति और अन्य फैक्टरों पर विचार करें।

याद रखें कि पीई अकेला निर्णय लेने का सही आधार नहीं है। अन्य वित्तीय संकेतकों का भी विश्लेषण करना महत्वपूर्ण है।

# मत्स्य पालन के 51 हजार से ज्यादा केसीसी लंबित

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**



- 30 सितंबर तक पट्टाधारकों को बांटना है ऋण, समय कम
- खराब प्रगति पर शासन ने जताई नाराजगी, लाभार्थी वंचित

अमृत विचार : प्रदेश में किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) से मत्स्य पालन बढ़ाने की योजना पर बैंकों ने पानी फेर दिया है। जिलों पर ऋण लेकर मत्स्य पालन करने के लिए तालाब पट्टा धारकों द्वारा किए गए 51 हजार से ज्यादा आवेदन बैंक शाखाओं पर लंबित हैं। जो समय रहते स्वीकृति न होने से हजारों लाभार्थी मत्स्य पालन करने से वंचित हैं। जबकि मत्स्य पालकों को केसीसी के आच्छादित करने की यह केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। 30 सितंबर तक ऋण वितरण करके लक्ष्य की पूर्ति करना है। जो कम समय रहते सभी आवेदन स्वीकृत करना मुश्किल है। लापरवाही का कारण केसीसी पर ऋण फंसने के डर से वितरण न करना है। जबकि वितरण वितरण का लक्ष्य बैंकों द्वारा निर्धारित किया गया था। इससे खराब स्थिति केसीसी पर पशुपालन करने की है।

### मत्स्य विभाग ने सत्यापित किए थे आवेदन

केसीसी पर ऋण के लिए पट्टाधारकों द्वारा किए गए आवेदन मत्स्य विभाग द्वारा सत्यापित करके जमा कराए गए थे। इस वजह से किसी तरह की कमी की संभावना नहीं है। इसके बाद भी सत्यापित आवेदन स्वीकृत नहीं किए गए और समय निकल गया। इस पर शासन ने नाराजगी जताई है और निदेशालय से समीक्षा करके आवेदन स्वीकृत करने के लिए सभी जिलाधिकारी को पत्र भेजकर अवगत कराया गया है। साथ ही स्टेट लेवल बैंकर्स कमिटी एवं महानिदेशक संस्थागत वित्त को प्रगति रिपोर्ट भेजी है।

### 1.30 लाख में 5185 आवेदन स्वीकृत

वित्तीय वर्ष में 30 सितंबर तक 1.30 लाख केसीसी पर ऋण वितरण करने का लक्ष्य है। 21 अगस्त तक 59,677 आवेदन किए गए। इसमें 2,884 आवेदन निरस्त किए गए और 5185 स्वीकृत हो पाए। जबकि 51,608 आवेदन लंबित रहे।

## इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्रमोशन स्कीम को बढ़ाया जाएगा: भारी उद्योग मंत्री

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने सोमवार को कहा कि इलेक्ट्रिक दोपहिया तथा तिपहिया वाहनों को प्रोत्साहन देने वाली इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्रमोशन योजना 2024 को फेम-3 को अंतिम रूप दिए जाने तक बढ़ाया जाएगा। ऑटोमोटिव कम्पोनेंट्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (एसीएमए) के वार्षिक सत्र में भारी उद्योग मंत्री कुमारस्वामी ने कहा कि (हाइब्रिड एवं) इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने व विनिर्माण (फेम) से जुड़ी योजना के तीसरे चरण को अंतिम रूप देने में कुछ और समय लगेगा।

# औद्योगिक श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 2.15% हुई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- अखिल भारतीय सीपीआई-आईडब्ल्यू 1.3 अंक बढ़कर 142.7 अंक पर पहुंचा, जून में 141.4 अंक था

औद्योगिक श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति इस साल जुलाई में घटकर 2.15 प्रतिशत रह गई। श्रम मंत्रालय से जारी बयान में कहा गया कि जुलाई, 2024 के लिए अखिल भारतीय सीपीआई-आईडब्ल्यू (औद्योगिक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक) 1.3 अंक बढ़कर 142.7 अंक पर पहुंच गया। यह जून, 2024 में 141.4 अंक था।

बयान में कहा गया कि मुद्रास्फीति जुलाई, 2023 में 7.54 प्रतिशत की तुलना में जुलाई, 2024 में घटकर 2.15 प्रतिशत रह गई। इसी तरह जून, 2024 में मुद्रास्फीति 3.67 प्रतिशत रही, जो जून, 2023 में 5.57 प्रतिशत थी। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के तहत आने वाला श्रम ब्यूरो देश के 88 औद्योगिक रूप से महत्वपूर्ण केंद्रों के 317 बाजारों से जुटाई गई खुदरा कीमतों के आधार पर हर महीने औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक तैयार करता है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### निवेश के नाम पर करोड़ों की ठगी में दो गिरफ्तार

**नोएडा।** एसटीएफ ने शेयर बाजार कारोबार में निवेश के नाम पर करोड़ों की ठगी के आरोप में गिरोह के सगरना समेत दो लोगों को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ (नोएडा इकाई) के एसपी राजकुमार मिश्रा ने बताया कि गाजियाबाद के वसुंधरा के सेक्टर-पांच में मोहन मिकिंन्स सोसाइटी के फ्लैट से दो लोगों को गिरफ्तार किया। उनकी पहचान बागपत निवासी विनोद धामा और रविंद्र उर्फ नवाब के रूप में हुई है। दोनों ने उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और हैदराबाद के 500 से अधिक लोगों से 70 करोड़ से ज्यादा की ठगी की है।

### मध्यप्रदेश में चिकित्सक सहित आठ लोग डूबे

**विदिशा/खंडवा।** मध्यप्रदेश के विदिशा, सीहोर और खंडवा जिलों में अलग-अलग घटनाओं में विशेष सशस्त्र बल (एसएएफ) के एक जवान और चिकित्सक सहित आठ लोग डूब गए। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि विदिशा जिले में बेतवा नदी के विभिन्न घाटपर पांच लोग डूब गए, सीहोर के दिगंबर झरने में एक चिकित्सक और खंडवा में अग्नि नदी में दो युवती डूब गईं।

### राहुल राज की फांसी की सजा बरकरार

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने बीटेक की छात्रा से दुष्कर्म और हत्या के जुर्म में राहुल राज को बेल देने से इनकार करते हुए फांसी की सजा को बरकरार रखा है। कोर्ट ने उसकी याचिका रद कर दी। राहुल को रांची सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने फांसी की सजा दी थी, जिसके खिलाफ उसने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। न्यायाधीश आनंद सेन और गौतम चौधरी सुनवाई की।

# मणिपुर राजभवन पर छात्रों ने किया पथराव, 20 घायल

### ड्रोन, मिसाइल हमलों के खिलाफ मुख्यमंत्री को छह सूत्री मांगपत्र सौंपा, छात्रों की पुलिस से झड़प

- सुरक्षाबलों ने छात्रों को रोका, आंसू गैस के गोले और रबर बुलेट दागे

मणिपुर में हाल में हुए ड्रोन और मिसाइल हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर इंफाल में स्कूल-कॉलेज के हजारों छात्रों ने सोमवार को मुख्यमंत्री सचिवालय और राजभवन के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रों ने पत्थरबाजी शुरू कर दी। इस दौरान वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों में भगदड़ मच गई।

पुलिस और सुरक्षाबलों ने छात्रों को बैरिकेड लगाकर रोका और कई राउंड आंसू गैस के गोले और रबर बुलेट दागे। इसमें 20 से ज्यादा छात्र घायल हो गए।



राज्य में हिंसा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्रों को रोकते सुरक्षाकर्मी।

छात्र राज्य में बढ़ी हिंसक घटनाओं को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। इसमें स्थानीय लोग भी हैं। रविवार को किशमपट के टिडिम रोड पर 3 किलोमीटर तक मार्च निकालने के बाद प्रदर्शनकारी राजभवन और मुख्यमंत्री आवास तक पहुंच गए। यह राज्यपाल और मुख्यमंत्री को ज्ञापन देना चाहते थे। सोमवार को सुरक्षाबलों ने ज्ञापन की मांग पूरी कर दी, इसके बाद भी छात्र प्रदर्शन करते रहे। छात्रों का कहना है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती तब तक वे यहां से जाएंगे नहीं, जिस पर उनकी सुरक्षाबलों से झड़प शुरू हो गई।

मणिपुर में पिछले दिनों ड्रोन से विस्फोटक गिराने और मिसाइल दागने की घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई थी और दस लोग घायल हो गए थे। छात्रों ने प्राधिकारियों के स्थिति से निपटने में कथित तौर पर नाकाम रहने को लेकर निराशा व्यक्त की। उन्होंने मणिपुर जिंदाबाद, सभी अक्षम विधायक इस्तीफा दें और राज्य सरकार को एकीकृत कमान सौंपें जैसे नारे लगाए। बाद में छात्रों ने मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और राज्यपाल एल आचार्य से मुलाकात की। छात्रों ने बताया कि उन्होंने हिंसा पर काबू पाने में नाकाम पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और सुरक्षा सलाहकार को पद से हटाने समेत छह मांगें रखी हैं।

### मणिपुर के मुख्यमंत्री को बर्खास्त किया जाए: खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मणिपुर में हिंसा की ताजा घटनाओं को लेकर सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को तत्काल बर्खास्त किया जाना चाहिए। इंफाल वेस्ट जिले के कौत्रुक गांव में रिमोट नियंत्रित ड्रोन का इस्तेमाल करके गत एक सितंबर को हमला किया गया था जिसमें दो लोगों की मौत हो गई थी तथा नौ अन्य घायल हो गए थे। इससे अगले दिन तीन किलोमीटर दूर सेंजाम चिरांग में फिर से ड्रोन का इस्तेमाल किया गया और इस हमले में तीन लोग घायल हुए।

# मुस्लिम युवाओं को क्रिप्टो करेंसी से आईएस में भर्ती की हुई साजिश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**रामेश्वरम कैफे विस्फोट**

- एनआईए ने चार लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया

एनआईए ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे विस्फोट में चार आरोपियों के खिलाफ सोमवार को आरोपपत्र दाखिल किया। एनआईए ने कहा कि मुसाविर हुसैन शाजिब, अब्दुल मतीन अहमद ताहा, माज मुनीर अहमद और मुजम्मिल शरीफ न्यायिक हिरासत में हैं। ताहा और शाजिब को उनके आका ने क्रिप्टो करेंसी से धन दिया था, जिससे मुस्लिम युवाओ को आईएस में भर्ती करने और आतंकी घटनाओं को अंजाम देने की योजना थी।

आरोपियों ने धन का इस्तेमाल बेंगलुरु में हिंसा की कई घटनाओं के लिए किया था। इनमें 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन, बेंगलुरु के मल्लेश्वरम स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय पर विफल आईईडी हमला भी है, जिसके बाद दो प्रमुख आरोपियों ने रामेश्वरम कैफे विस्फोट की योजना बनाई थी। आरोपपत्र बेंगलुरु की विशेष एनआईए अदालत में दाखिल किया गया। इस साल एक मार्च को बेंगलुरु के ब्रुकफील्ड स्थित रामेश्वरम कैफे में हुए आईईडी विस्फोट में नौ लोग घायल हो गए थे। एनआईए को जांच से पता चला कि शाजिब ने बम रखा था। शाजिब और ताहा अल-हिंद मॉड्यूल का भंडाफोड़ होने के बाद से फरार थे, जिनको पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया गया था।

# कांग्रेस करे फैसला, नहीं तो सभी 90 उम्मीदवारों की कर देंगे घोषणा : आप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आप की हरियाणा इकाई के प्रमुख सुशील गुप्ता ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस पांच अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए उसके साथ गठबंधन को अंतिम रूप देने में विफल रहती है तो पार्टी आज शाम तक सभी 90 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर देगी।

गुप्ता ने कहा कि आप सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ने को तैयार है। गठबंधन के संबंध पर उन्होंने कहा कि हम शाम तक 90 सीटों पर उम्मीदवारों की सूची जारी करेंगे। आप जितनी सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है उनकी संख्या को लेकर दोनों पार्टियों में बातचीत अटकी हुई है। पार्टी 10 सीटों की मांग कर रही है, जबकि कांग्रेस पांच सीटों की पेशकश कर रही है।

### आप ने हरियाणा चुनाव के लिए 20 उम्मीदवारों की घोषणा की

**नई दिल्ली।** आप ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए 20 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की, जिससे कांग्रेस के साथ गठबंधन के लिए वार्ता में बाधा पैदा होने का संकेत मिलता है। आप नेता अनुराग ढांडा को कलायत से और इंदु शर्मा को भिवानी से मैदान में उतारा है। विकास नेहरा को महम से और बिजेंद्र हुड्डा को रोहतक से मैदान में उतारा गया है। आप कितनी सीट पर चुनाव पर लड़ेगी, इसको लेकर बातचीत अटक गई है।

# कोर्ट ने जरूरी दस्तावेज नहीं होने पर जताई चिंता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**चिकित्सक से दरिंदगी**

- सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को जांच पर 17 तक नई रिपोर्ट जमा करने का दिया निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता में प्रशिक्षु महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या की घटना के मामले में पोस्टमार्टम के लिए जरूरी दस्तावेज नहीं होने पर सोमवार को चिंता जताई। साथ ही पीठ ने सीबीआई से इसकी जांच करने को कहा।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि चालान के इस्तेमाल का कोई उल्लेख नहीं है। उन्होंने सीबीआई और पश्चिम बंगाल सरकार से जवाब मांगा। पीठ ने कहा कि जब शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सौंपा गया था तो इसका चालान कहां है? पीठ में न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी हैं। सीबीआई की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को सूचित किया कि चालान उनके रिकॉर्ड का हिस्सा नहीं है। पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पीठ से कहा कि उन्हें तत्काल दस्तावेज नहीं मिल पाया है और वह इस बारे में बाद में अदालत को बताएंगे। न्यायालय ने प्राथमिकी दर्ज होने में कोलकाता पुलिस की ओर से की गई कम से कम 14 घंटे की देरी पर भी सवाल उठाया। न्यायालय ने सीबीआई को जांच पर 17 सितंबर तक नई रिपोर्ट देने का निर्देश दिया।

### केंद्र की साजिश में वामपंथी दल शामिल हैं : ममता



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को आरोप लगाया कि कोलकाता में चिकित्सक से हुई घटना जन आक्रोश को लेकर केंद्र साजिश रच रहा है। उन्होंने दावा किया कि इसमें कुछ वामपंथी दल भी हैं। राज्य सचिवालय नबान्न में प्रशासनिक समीक्षा बैठक में ममता ने यह भी दावा किया कि उन्होंने मृतक चिकित्सक के माता-पिता को कभी पैसों की पेशकश नहीं की। उन्होंने लोगों से दुर्गा पूजा नजदीक होने पर उत्सवों की ओर लौटने का अनुरोध किया।

## दर्शन व आरोपियों की न्यायिक हिरासत 12 तक बढ़ी

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की अदालत ने रेणुकास्वामी हत्या मामले में आरोपी कन्नड़ अभिनेता दर्शन थुगुदीपा के साथ उनकी महिला मित्र पवित्रा गौड़ा और अन्य की न्यायिक हिरासत की अवधि 12 सितंबर तक बढ़ा दी है। दर्शन और पवित्रा समेत सभी 17 आरोपियों को सोमवार को उनकी न्यायिक हिरासत अवधि समाप्त होने पर राज्य की विभिन्न जेलों से वीडियो कांफ्रेंस के जरिए 24वें अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया।

## आईआईटी गुवाहाटी के छात्रावास में मृत मिला उत्तर प्रदेश का छात्र

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के छात्रावास के कमरे में सोमवार को कंप्यूटर विज्ञान का छात्र मृत मिला। पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश निवासी छात्र का शव ब्रह्मपुत्र छात्रावास के उसके कमरे में मिला। वह कंप्यूटर विज्ञान में तीसरे वर्ष का छात्र था।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस साल गुवाहाटी आईआईटी में किसी छात्र की मौत की यह चौथी घटना है। नौ अगस्त को एक छात्रा का शव कमरे में फंदे से लटका मिला था। प्रवक्ता ने कहा कि गुवाहाटी आईआईटी को बेहद दुख के साथ सूचना देनी पड़ रही है कि हमारे समुदाय के एक छात्र की मौत हो गई है। हम इस कठिन समय में छात्र के परिवार, दोस्तों और प्रियजनों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं।

# 23 अक्टूबर को केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करेगा हाईकोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका को 23 अक्टूबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया, जिसमें उन्होंने धनशोधन मामले की जांच में ईडी से जारी समन को चुनौती दी है। सुनवाई टालते हुए न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और अमित शर्मा की पीठ ने कहा कि ईडी के जवाब पर केजरीवाल का प्रत्युत्तर रिकॉर्ड पर नहीं है। केजरीवाल के वकील ने कहा कि प्रत्युत्तर दायर हुआ है, हो सकता है कि कोर्ट के रिकॉर्ड में न हो।

**आबकारी घोटाला मामला**

### अमानतुल्लाह को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने आप विधायक अमानतुल्लाह खान को धन शोधन के मामले में सोमवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। विशेष न्यायाधीश राकेश स्याल ने मामले की सुनवाई की।

## मोदी ने पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन का किया आग्रह

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया है। पद्म पुरस्कारों के नामांकन की अंतिम तिथि 15 सितंबर है और प्रधानमंत्री ने उससे पहले लोगों से यह आग्रह किया है। मोदी ने समाज में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले जमीनी स्तर के नायकों को पहचानने के महत्व पर जोर दिया। नामांकन प्रक्रिया के पारदर्शी और भागीदारीपूर्ण दृष्टिकोण पर जोर देते हुए उन्होंने प्राप्त नामांकन की संख्या पर प्रसन्नता व्यक्त की है और अधिक लोगों से आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों के लिए योग्य उम्मीदवारों को नामांकित करने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री ने एक्स कहा कि पिछले दशक में, हमने अनगिनत जमीनी स्तर के नायकों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया है।

# जेल में बंद आरोपी दूसरे आपराधिक मामले में अग्रिम जमानत का हकदार है : न्यायालय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- तीन न्यायधीशों की पीठ ने की सुनवाई, बोले- गिरफ्तारी के बाद जमानत का आवेदन एकमात्र उपाय

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि किसी मामले में हिरासत में बंद आरोपी दूसरे मामले में यदि गिरफ्तार नहीं हुआ है तो वह अग्रिम जमानत पाने का हकदार है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ उस कानूनी प्रश्न पर सुनवाई कर रही थी कि क्या जेल में बंद आरोपी को किसी अन्य आपराधिक मामले में गिरफ्तारी पूर्व जमानत के लिए अर्जी देने का अधिकार है?

न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कहा कि एक आरोपी तब तक अग्रिम जमानत पाने का हकदार है जब तक उसे उस अपराध के संबंध में गिरफ्तार नहीं किया गया है और यदि उसे उस मामले में भी गिरफ्तार किया गया है तो नियमित जमानत के लिए आवेदन करना एकमात्र उपाय है। यह फैसला 2023 में दाखिल धनराज अश्वनी की याचिका पर आया है जिसमें यह सवाल उठाया गया था। पीठ ने कहा कि ऐसा कोई स्पष्ट प्रतिबंध नहीं है जो किसी आरोपी को किसी अन्य अपराध के संबंध में हिरासत में होने पर अग्रिम जमानत देने के लिए सत्र या उच्च न्यायालय को रोकता है। किसी मामले में हिरासत में होने का प्रभाव किसी दूसरे मामले में गिरफ्तारी की आशंका को दूर करने पर नहीं पड़ता है।

# गिलेस्पी ने दी पीसीबी को सलाह, बोले- कप्तानों को जल्दबाजी में बर्खास्त न करें

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान के सीमित ओवरों और टेस्ट टीम के मुख्य कोच गैरी कर्स्टन और जेसन गिलेस्पी ने देश के क्रिकेट बोर्ड को सभी प्रारूपों में हालिया खराब प्रदर्शन के बाद जल्दबाजी में कप्तान नहीं बदलने की सलाह दी है।

भारत में 2023 में खेले गए एकदिवसीय विश्व कप के राउंड रॉबिन दौर से बाहर होने के बाद बाबर आजम को सीमित ओवरों की कप्तानी से बर्खास्त कर दिया गया था। उनकी जगह लेने वाले शाहीन शाह अफरीदी



- गैरी कर्स्टन और जेसन ने बोर्ड से कहा- टीम की बेहतरी के लिए कप्तानी में चाहते हैं निरंतरता

को एक खराब श्रृंखला के बाद हटा दिया गया था। इसी तरह टेस्ट में बाबर के इस्तीफा देने के बाद, शान मसूद को कप्तान बनाया था।

पीसीबी के एक सूत्र ने बताया कि मसूद और बाबर की बर्खास्तगी के बारे में हालिया मीडिया अटकलें कयास से ज्यादा कुछ नहीं हैं। कप्तानों को बदलने पर कोई चर्चा नहीं हुई है क्योंकि पीसीबी अध्यक्ष नकवी ने यह फैसला दोनों कोच और चयनकर्ताओं पर छोड़ा है। कर्स्टन और गिलेस्पी बहुत स्पष्ट है कि शान और बाबर दोनों को उनकी नेतृत्व क्षमता का आकलन करने से पहले उचित समय दिए जाने की जरूरत है। दोनों कोच कप्तानी में निरंतरता चाहते हैं और उन्होंने यह बात बता दी है।

# पंत सर्वकालिक महान खिलाड़ी बनने की राह पर : गांगुली



कोलकाता, एजेंसी

भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का मानना है कि ऋषभ पंत टेस्ट क्रिकेट में सर्वकालिक महान खिलाड़ी बनने की राह पर हैं, लेकिन साथ ही उन्हें छोटे प्रारूपों में अपने प्रदर्शन में सुधार करने की जरूरत है। दिसंबर 2022 में कार दुर्घटना में चोटिल होने के बाद पंत को रविवार को पहली बार भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है और पूरी उम्मीद है कि बांग्लादेश के खिलाफ 19 सितंबर से चेन्नई में शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच के लिए उन्हें अंतिम एकादश में शामिल



- भारत के पूर्व कप्तान सौरव बोले- भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे का इंतजार कर रहा हूं, वहां होगी भारतीय टीम की असली परीक्षा

किया जाएगा। पंत ने इस साल के शुरू में सीमित ओवरों के प्रारूप में वापसी की थी और इनमें अच्छा प्रदर्शन किया था।

गांगुली ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा मैं ऋषभ पंत को भारत के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट बल्लेबाजों में से एक मानता हूं। उनकी टेस्ट क्रिकेट में वापसी से मैं हैरान नहीं हूं। वह भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में खेलते रहेंगे। अगर वह इसी तरह प्रदर्शन करता रहा तो टेस्ट क्रिकेट के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में शामिल हो जाएगा। मेरा मानना है कि उसे छोटे प्रारूपों में बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। वह प्रतिभाशाली है और मुझे यकीन है कि वह जल्द ही ऐसा करने में सफल रहेगा। मोहम्मद शमी को टखने के ऑपरेशन के कारण टीम में शामिल नहीं किया गया लेकिन गांगुली को विश्वास है कि यह तेज गेंदबाज इस साल के आखिर में होने वाले ऑस्ट्रेलियाई दौरे से पहले पूरी तरह फिट हो जाएगा। मैं जानता हूं कि मोहम्मद शमी चोटिल होने के कारण टीम में शामिल नहीं है लेकिन वह जल्द ही वापसी करेगा क्योंकि भारत को ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है। भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे का इंतजार कर रहा हूं। टीम की वहां असली परीक्षा होगी।

## खेल डायरी

### गीली आउटफील्ड के कारण पहले दिन का खेल रद्द

न्यूजीलैंड-अफगानिस्तान टेस्ट



**ग्रेटर नोएडा।** न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान के बीच एकमात्र टेस्ट के शुरुआती दिन सोमवार को यहां गीली आउटफील्ड के कारण खेल संभव नहीं हो सका। मैच अधिकारियों ने दिन भर कई बार निरीक्षण किया लेकिन परिस्थितियां खिलाड़ियों के मैदान में उतरने के लिए उपयुक्त नहीं थीं। सोमवार को बारिश नहीं हुई लेकिन आधुनिक ड्रेनेज (जल निकासी) व्यवस्था के अभाव के कारण पिछले सप्ताह भारी बारिश से मैदान प्रभावित हुआ। पूरे सप्ताह बारिश और तूफान के पूर्वानुमान के कारण यह देखना होगा कि टेस्ट मैच खराब मौसम से कितना प्रभावित होता है। अफगानिस्तान को 2017 में टेस्ट दर्जा मिला है और न्यूजीलैंड के खिलाफ यह उनका पहला टेस्ट मैच है। अफगानिस्तान ने अब तक 10 टेस्ट मैच खेले हैं। उसे बांग्लादेश, श्रीलंका और आयरलैंड के खिलाफ अपनी पिछली तीन टेस्ट मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। न्यूजीलैंड के लिए यह इस साल मार्च के बाद पहला टेस्ट मैच है।

### वैशाली के लिए ग्लोबल शतरंज आनंद से सीखने का मौका

**लंदन।** भारतीय ग्रैंड मास्टर आर वैशाली तीन से 12 अक्टूबर तक यहां होने वाले ग्लोबल शतरंज लीग में पहली बार भाग लेने को लेकर काफी उत्साहित हैं क्योंकि इसमें उन्हें अपनी टीम के साथी और दिग्गज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद से कुछ नया सीखने को मिलेगा। वैशाली को इस प्रतियोगिता में पांच बार के विश्व चैंपियन आनंद के साथ गैंजेज ग्रैंडमास्टर्स की टीम में रखा गया है जबकि उनके भाई आर प्रज्ञाननंदा नार्वे के मैगनस कार्लसन के साथ अल्पाइन एसजी पाइपर्स की टीम में शामिल हैं। वैशाली ने कहा मैं उस टीम में हूं जिसमें विशी (आनंद) सर हैं। उनके साथ खेलना मेरे लिए विशेष होगा। इस तरह के टूर्नामेंट से निश्चित तौर पर खिलाड़ियों को अपने खेल में सुधार करने में मदद मिलेगी। यह मेरे लिए कुछ नया सीखने का शानदार मौका होगा।

### पाकिस्तानी खिलाड़ियों को मिला वीजा

**लाहौर।** भारतीय उच्चायोग से वीजा मिलने के बाद पाकिस्तान का 12 सदस्यीय दल दक्षिण एशियाई एथलेटिक्स महासंघ (सैफ) जूनियर चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए सोमवार को चेन्नई के लिए रवाना हो गए। एक अधिकारी ने पुष्टि की कि शनिवार को वीजा मिलने के बाद एथलीट और अधिकारी चेन्नई के लिए रवाना हो गए हैं। अधिकारी ने कहा पाकिस्तान का दल वाघा सीमा के रास्ते रवाना हो गया है, जहां से वे अमृतसर जाएंगे और वहां से विमान से चेन्नई पहुंचेंगे जहां दक्षिण एशियाई जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप आयोजित की जा रही है। बाद में इस प्रतियोगिता के आयोजक भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने कहा कि पाकिस्तानी दल वाघा सीमा पर पहुंच गया है। एएफआई ने टीम की तस्वीर के साथ ट्वीट किया पाकिस्तान की जूनियर एथलेटिक्स टीम और अधिकारी आज अमृतसर में वाघा सीमा पर पहुंच गए हैं। सैफ जूनियर चैंपियनशिप 11 से 13 तक चेन्नई में आयोजित की जाएगी।

### दक्षिण अफ्रीका ने श्रृंखलाओं के लिए घोषित की टीम

**केपटाउन।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की मेजबानी में दक्षिण अफ्रीका ने अफगानिस्तान और आयरलैंड के साथ होने वाली एकदिवसीय और टी-20 श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा की है। दक्षिण अफ्रीका के सफेद गेंद के प्रमुख कोच रॉब वाल्टर ने टीम की घोषणा करते हुए कहा कि ऑलराउंडर एंडिले सिमेलेने को पहली बार टीम में शामिल किया गया है। टी-20 खेल चुके ऑलराउंडर जेसन स्मिथ और स्पिनर नकबा पीटर एकदिवसीय टीम में पर्दापण करेंगे। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार तेम्बा बावुमा अफगानिस्तान और आयरलैंड दोनों सीरीज के लिए एकदिवसीय टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि एडेन मारक्रम टी-20 टीम की अगुआई करेंगे। अफगानिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय टीम में तेम्बा बावुमा (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, नंद्रे बर्गर, डी जोर्जी, फोर्टुइन, हेंड्रिक्स, एडेन मारक्रम, मुल्डर, लुंगी एन्गिडी, फेहलुकवेओ, नकाबा पीटर, एंडिले, स्मिथ, ट्रिस्टन स्टब्स, काइल वेरिन और लिजाद विलियम्स शामिल हैं।

# भारत ने ध्वस्त किया जापान का डिफेंस

## एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम ने जापान को 5-1 से हराकर हासिल की लगातार दूसरी जीत

- पिछले चरण की उपविजेता टीम मलेशिया से कल भिड़ेगी भारतीय टीम 17 सितंबर को खेला जाएगा फाइनल

हुलुनबुइर (चीन), एजेंसी



एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट के लीग मैच में जापान के खिलाफ गोल दागने के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। ● एजेंसी

सुखजीत सिंह के दो गोल की मदद से गत चैंपियन भारत ने सोमवार को यहां पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट के लीग मैच में जापान को 5-1 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। सुखजीत ने दूसरे और 60वें मिनट में गोल किए जबकि अभिषेक (तीसरे), संजय (17वें) और उत्तम सिंह (54वें) अन्य गोल करने वाले भारतीय खिलाड़ी रहे।

मात्सुमोतो काजुमासा ने 41वें मिनट में जापान के लिए एक गोल किया। रविवार को अपने शुरुआती राउंड-रॉबिन लीग मैच में चीन को 3-0 से हराने वाली चार बार की चैंपियन भारतीय टीम को दो पेनल्टी कॉर्नर मिले जबकि जापान की टीम ने पांच पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। भारत ने मैच के दूसरे मिनट में ही सुखजीत के शानदार मैदानी गोल की बदौलत बढ़त हासिल कर ली। सर्कल के दाईं ओर खड़े संजय ने क्रॉस किया जिसे सुखजीत ने तेजी से डिफ्लेक्ट कर दिया। भारत ने अगले मिनट में बढ़त दोगुनी कर दी जब अभिषेक ने कई जापानी डिफेंडरों को चकमा देते हुए गोलकीपर को हैरान करके गोल कर दिया। दूसरे क्वार्टर में भी यही आक्रामक सिलसिला जारी रहा जब संजय ने 17वें मिनट में शानदार पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। हाफ टाइम तक 3-0 की बढ़त के साथ भारत अच्छी स्थिति में था।

टूर्नामेंट के पिछले चरण में तीसरे स्थान पर रहने वाली जापानी टीम ने 21वें मिनट में पेनलटी कॉर्नर हासिल करने के लिए हमले तेज किए, लेकिन जापान के ड्रैग फ्लिकर भारतीयों के सामने नाकाम रहे। भारतीय टीम ने तेजी से जवाबी हमला किया और इस दौरान जुगराज सिंह ने फ्री हिट हासिल की, पर इसका कोई फायदा नहीं मिला। दूसरे क्वार्टर में एक गोल से भारत ने दबदबा बनाये रखा। इस दौरान उन्होंने 11 बार सर्कल में प्रवेश किया और गोल पर तीन शॉट लगाए। हाफ-टाइम ब्रेक के बाद भारत ने फुर्ती बनाए रखने की कोशिश की। फिर जापान के लिए 41वें मिनट में काजुमासा ने मैदानी गोल कर दिया। भारत के लिए चौथे गोल का श्रेय जर्मनप्रीत सिंह के अच्छे स्टिक वर्क को जाता है जिन्होंने बेहतरीन मैदानी गोल करने में उत्तम सिंह की मदद की। फिर अभिषेक की सहायता से सुखजीत ने 60वें मिनट में अपने नाम एक और गोल किया।

मैच के नायक अभिषेक ने कहा आज पूरी टीम ने प्रयास किया और हमने बेसिक्स पर ध्यान दिया। हमने अच्छा आक्रमण किया और सुनिश्चित किया कि हम गोल पर ध्यान लगाए रहें। हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम बुधवार को पिछले चरण की उपविजेता टीम मलेशिया से भिड़ेगी। मंगलवार को आराम का दिन है। छह टीमों के बीच राउंड-रॉबिन लीग के बाद शीर्ष चार टीमें 16 सितंबर को खेले जाने वाले सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। फाइनल 17 सितंबर को होगा।

# रोनाल्डो के रिकॉर्ड 132वें गोल से जीती पुर्तगाल टीम

**लंदन।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने फिर से साबित किया कि वह 39 वर्ष के होने के बावजूद पुर्तगाल के लिए क्यों महत्वपूर्ण हैं। इस स्टार स्ट्राइकर ने मध्यांतर के बाद स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर कदम रखा और 88वें मिनट में निर्णायक गोल किया।

इससे पुर्तगाल ने नेशन्स कप फुटबॉल टूर्नामेंट में स्कॉटलैंड को 2-1 से हराया। पांच बार वर्ष के विश्व में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए रोनाल्डो का यह अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में 132वां गोल था जो विश्व रिकॉर्ड है। रोनाल्डो यूरोपीय चैंपियनशिप के पांच मैच में गोल नहीं कर पाए थे लेकिन पुर्तगाल के कोच रॉबर्ट मार्टिनेज ने इस दिग्गज खिलाड़ी पर भरोसा बनाए रखा और उनका यह फैसला सही साबित हो रहा है। गुरुवार को क्रोएशिया पर 2-1 की जीत में भी रोनाल्डो ने अहम भूमिका निभाई थी। इस मैच में उन्होंने क्लब और देश की तरफ से कुल मिलाकर अपने करियर का 900वां गोल किया था।

### 100वां अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने पर होगा हैरी केन का सम्मान

**लंदन।** इंग्लैंड के फुटबॉल टीम कप्तान हैरी केन को मंगलवार को वेम्बली में फिनलैंड के खिलाफ नेशंस लीग मैच से पहले अपने देश के लिए 100वां मैच खेलने के अवसर पर सोने की टोपी प्रदान की जाएगी। इंग्लैंड की टीम मंगलवार को फिनलैंड के खिलाफ खेलेगी। बायर्न म्यूनिख का यह दिग्गज स्ट्राइकर इस मुकाबले में 100 मैच खेलने वाला इंग्लैंड का 10वां खिलाड़ी बनेगा। वह 2014 में वेन रूनी के बाद इस उपलब्धि को हासिल करने वाले देश के पहले खिलाड़ी होंगे। केन के नाम इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा 66 अंतर्राष्ट्रीय गोल करने का रिकॉर्ड है।

# भारतीय टीम ने जीते सात स्वर्ण सहित 21 पदक : एनआरएआई

नई दिल्ली, एजेंसी

बधिर निशानेबाजी विश्व कप



भारतीय राष्ट्रीय राइफल महासंघ (एनआरएआई) ने सोमवार को बताया कि भारत ने जर्मनी के हनोवर में दूसरी विश्व बधिर निशानेबाजी चैंपियनशिप में सात स्वर्ण सहित 21 पदक जीतकर तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। रविवार को समाप्त हुए टूर्नामेंट में भारत ने सात रजत और इतने ही कांस्य पदक भी जीते।

एनआरएआई की एक विज्ञप्ति के अनुसार, यूक्रेन सात स्वर्ण, पांच रजत और छह कांस्य के साथ दूसरे स्थान पर और मेजबान जर्मनी दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। स्पर्धा के आखिरी दिन माहित संधू ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) में स्वर्ण पदक जीता। अभिनव देशवाल ने पुरुषों की 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि चेतन हनमंत सपकाल ने इसी स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। भारतीय टीम में 13 निशानेबाज शामिल थे जिन्होंने चैंपियनशिप की 16 में से 15 स्पर्धाओं में भाग लिया।

# सिनर के सिर सजा अमेरिकी ओपन का ताज

न्यूयॉर्क, एजेंसी



अमेरिकी ओपन जीतने बाद ट्रॉफी को चुमते यानिक सिनर। ● एजेंसी

- सिनर ने अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को हराया, लंबा हुआ अमेरिका का इंतजार

पिछले दिनों डोपिंग मामले में दोष मुक्त होने वाले दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को सीधे सेटों में हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष एकल का खिताब जीता। सिनर ने आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए फाइनल में 12वीं वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज के खिलाफ अपने बेसलाइन के खेल का शानदार नमूना पेश किया और 6-3, 6-4, 7-5 से जीत दर्ज करके अमेरिका का वर्ष के इस अंतिम ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में पुरुष एकल का खिताब जीतने का पिछले 21 वर्षों से चला आ रहा इंतजार बढ़ा दिया।

इटली के 23 वर्षीय सिनर ने कहा मेरे लिए यह ट्रॉफी काफी मायने रखती है क्योंकि मेरे करियर का पिछला कुछ समय काफी मुश्किल भरा था। सिनर के करियर का यह दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब है। उन्होंने इस साल के शुरू में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भी पुरुष एकल की ट्रॉफी जीती थी। फ्रिट्ज के पास अमेरिका का इंतजार खत्म करने का मौका था लेकिन फाइनल में उनकी सिनर के सामने एक नहीं चली जिससे दर्शक काफी मायूस हुए। एंडी रोडिक अमेरिका के आखिरी खिलाड़ी थे जिन्होंने अमेरिकी ओपन में पुरुष एकल का खिताब जीता था। उन्होंने 2003 में यहां ट्रॉफी जीती थी। फ्रिट्ज पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में खेल रहे थे। वह 2009 के बाद किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले अमेरिका के पहले पुरुष खिलाड़ी थे। उनसे पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में पहुंचने वाले आखिरी खिलाड़ी भी रोडिक थे जो 2009 में विंबलडन में रोजर फेडरर से हार गए थे।

## बॉलीवुड हलचल

# दक्षिण भारतीय फिल्मों में दिखाई जाती हैं जड़ों से जुड़ी कहानियां : तमन्ना



**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री तमन्ना भाटिया का कहना है कि दक्षिण भारतीय फिल्मों में जड़ों से जुड़ी कहानियां दिखाई जाती हैं, इसलिये उन्हें वैश्विक स्तर पर लोकप्रियता हासिल हो रही है। तमन्नया भाटिया दक्षिण भारतीय फिल्मों के साथ ही बॉलीवुड फिल्मों में भी सक्रिय हैं। तमन्ना भाटिया ने दक्षिण भारतीय फिल्म और बॉलीवुड की फिल्मों के बीच अंतर बताया है। तमन्ना भाटिया का मानना है कि दक्षिण भारतीय फिल्मों में जड़ों से जुड़ी कहानियां दिखाई जाती हैं और यही वजह है कि उन्हें वैश्विक स्तर पर लोकप्रियता हासिल हो रही है और फिल्में डबिंग वगैरह के जरिए लोगों तक पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि दक्षिण भारतीय फिल्मों में केवल वही बात कहने की कोशिश की जा रही है, जिसे वे अच्छे से जानते हैं। दक्षिण की फिल्मों में वहां की भौगोलिक स्थिति के बारे में खूब बात होती हैं।

# स्त्री-2 ने तोड़ा गदर-2 का रिकार्ड



**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की जोड़ी वाली फिल्म स्त्री 2 ने फिल्म गदर 2 का रिकार्ड तोड़ते दिया है और यह फिल्म हिंदी में सबसे अधिक कमाई करने वाली चौथी फिल्म बन गई है। फिल्म स्त्री 2 वर्ष 2018 में रिलीज सुपरहिट फिल्म स्त्री का सीक्वल है। फिल्म स्त्री 2 में श्रद्धा कपूर, राज कुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना, तमन्ना भाटिया, अभिषेक बनर्जी जैसे कलाकार हैं।अमर कौशिक के निर्देशन में बनी फिल्म स्त्री 2, हर दिन बॉक्स ऑफिस पर सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। स्त्री 2 ने बॉक्स ऑफिस पर चौथे वीकेंड में एक और बड़ा रिकॉर्ड बनाया। इस फिल्म ने गदर 2 के लाइफटाइम कलेक्शन को पीछे छोड़ते हुए भारत में अब तक की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन गई। सनी देओल की फिल्म गदर 2 ने 525 .7 करोड़ रुपये की कमाई की थी। ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, स्त्री 2 ने अपने 25वें दिन इस आंकड़े को पार करते हुए कुल 527 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। भारतीय बाजार में नेट कमाई के मामले में शाहरूख खान की फिल्म जवान 640 करोड़ रूपये की कमाई के साथ पहले नंबर पर रहे। दूसरे नंबर पर रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल है जिसने 553 करोड़ की कमाई की। तीसरे नंबर पर शाहरूख की हीं फिल्म पठान है, जिसने नेट 543 करोड़ की कमाई की है। फिल्म स्त्री 2 का निर्माण दिनेश विजान ने मैडॉक फिल्म्स और जियो स्टूडियोज की ज्योति देशपांडे के साथ मिलकर किया है।

# फिल्म कन्नप्पा की टीम ने जारी किया पोस्टर



**मुंबई।** बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार के 57वें जन्मदिन के मौके पर कन्नप्पा की टीम ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके किरदार का एक मनमोहक पोस्टर भी साझा किया। अक्षय जल्द ही तेलुगु फिल्म कन्नप्पा में भगवान शिव की भूमिका निभाते नजर आएंगे। इस फिल्म में विष्णु मांचू मुख्य भूमिका में हैं। कन्नप्पा फिल्म के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर पोस्ट में लिखा गया @अक्षय कुमार को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं! इस फिल्म में भगवान शिव का आपका चित्रण आपके अटूट समर्पण का प्रमाण है। टीम #कन्नप्पा आपको आज और हमेशा खुश रहने की कामना करती है। पोस्टर में अक्षय का चेहरा सामने नहीं आया है, लेकिन पवित्र रुद्राक्ष माला से सजी उनकी भुजाओं ने प्रशंसकों का उत्साह दोगुना कर दिया। कन्नप्पा का निर्देशन मुकेश कुमार सिंह द्वारा किया गया है और फिल्म मांचू के बैनर एवीए एंटरटेनमेंट और 24 फ्रेम्स फैक्ट्री द्वारा निर्मित है। इस फिल्म में प्रीति मुकुंदन, मोहनलाल, मोहन बाबू, आर सरथकुमार, ब्रह्मानंदम, मधु और मुकेश ऋषि भी हैं। इसे तेलुगु, तमिल, मलयालम, कन्नड़, सहित हिंदी और अंग्रेजी भाषा में रिलीज किया जाएगा। कन्नप्पा एक पौराणिक कल्पना है। रिलीज डेट का अभी खुलासा नहीं किया गया है।

# नेगेटिव बातों से खुद को दूर बनाए रखती हैं अनन्या पांडे

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे का कहना है कि वह नेगेटिव बातों से खुद को दूर रखती है। बॉलीवुड अभिनेता चंकी पांडे की बेटी की इन दिनों अपनी वेबसीरीज कॉल मी बे को लेकर चर्चा में है। अनन्या ने बताया कि वह नेगेटिव बातों से खुद को दूर रखती हैं। अनन्या पांडे ने कहा, मैं अच्छे काम पर फोकस कर रही हूं, लोगों को जो कहना है कहते रहें, मुझपर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। हर किसी का एक नजरिया होता है, जजमेंट होता है। लोग हर तरह की बातें करते हैं। मैंने भी समय के साथ कई चीजें सीखी हैं। मैं फालतू के जजमेंट्स पर ध्यान नहीं देती। आप कितना भी कुछ कर लो, लोग कुछ न कुछ नेगेटिव ढूंढ ही लेंगे इसलिए बेहतर है कि आप अपने काम पर फोकस करो।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### कुवैत के तेल मंत्री इमाद अतीकी बर्खास्त

**दोहा।** कुवैत के अमीर (बादशाह) मिशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबाह ने उप प्रधानमंत्री एवं तेल मंत्री इमाद अतीकी को बर्खास्त कर दिया है। सरकारी समाचार एजेंसी (केयूएनए) ने रविवार को अमीर के आदेश का हवाला देते हुए यह रिपोर्ट दी। एक अन्य आदेश के माध्यम से अमीर ने वित्त मंत्री एवं आर्थिक मामलों की मंत्री नूरा फासम को उनके मौजूदा कर्तव्यों के अलावा कार्यवाहक तेल मंत्री के रूप में नियुक्त किया।

### विज्ञापन को लेकर गूगल पर एक और मुकदमा

**एलेक्जेंड्रिया।** गूगल के सर्च इंजन को एक न्यायाधीश द्वारा अवैध एकाधिकार वाला बताए जाने के करीब एक महीने बाद प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी को उसकी विज्ञापन तकनीक को लेकर एक और मुकदमे का सामना करना पड़ रहा है। न्याय विभाग और राज्यों का तर्क है कि गूगल ने ऑनलाइन प्रकाशकों को विज्ञापनदाताओं से मिलाने वाली तकनीक पर एकाधिकार बनाया है और उसे कायम रखा है।

### वियतनाम में तूफान से मरने वालों की संख्या 59 हुई

**हनोई।** उत्तरी वियतनाम में तूफान के कारण हुई अधिक बारिश के चलते सोमवार को बाढ़ आ गई, जिसमें एक पुल टूट गया और एक बस बह गई। सरकारी मीडिया के अनुसार दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश में इस प्राकृतिक आपदा में 59 लोगों की जान जा चुकी है। वियतनाम में शनिवार को आये तूफान में नौ लोगों की मौत हो गई और इसके परिणामस्वरूप आई बाढ़ और भूस्खलन के दौरान 50 अन्य लोगों की जान जा चुकी है। उत्तरी वियतनाम में कई नदियों का जल स्तर ख़तरनाक स्तर पर है।

### जयपुर साहित्य उत्सव का ह्यूस्टन में समापन

**ह्यूस्टन।** जयपुर साहित्य उत्सव (जेएलएफ) के सातवें संस्करण का ह्यूस्टन में भव्य आयोजन किया गया जिसमें तीन दिन तक प्रभावी बातचीत, दमदार प्रस्तुतियों और विचारों का उत्सव मनाया गया। विश्व स्तर पर प्रसिद्ध इस साहित्योत्सव में अनेक अंतर्राष्ट्रीय स्तर के लेखकों, विचारकों और स्थानीय रचनाकारों ने भाग लिया। साहित्यकारों ने नारीवाद, जलवायु परिवर्तन, साहित्य की सर्जनात्मक शक्ति और व्यक्तिगत और वैश्विक विमर्श के बीच के अंतरसंबंध जैसे सामयिक मुद्दों पर नए दृष्टिकोण प्रस्तुत किए।

### फंड जारी करने में देरी पर आईएमएफ की आलोचना

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) पर देश में पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट के सत्ता में आने के बाद जानबूझकर फंड जारी करने में देरी करने का आरोप लगाते हुए संगठन की आलोचना की तथा उसकी मंशा पर सवाल उठाए। डार ने पाकिस्तानी ओवरसीज फाउंडेशन की ओर से लंदन में आयोजित एक रक्षा कार्यक्रम में कहा कि आईएमएफ ने सभी समीक्षाएं पूरी होने के बावजूद जानबूझकर फंड का वितरण नहीं किया है।

# इजराइल की सीरिया में भीषण गोलीबारी, 14 लोगों की मौत

दमिश्क, एजेंसी

● 40 से अधिक घायल, वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र को भी बनाया निशाना

इजराइल ने रविवार देर रात सीरिया के कई इलाकों में हमले किए जिसमें 14 लोगों की मौत हो गई जबकि 40 से अधिक लोग घायल हो गए। सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी सना ने बताया कि रविवार देर रात मध्य सीरिया के कई इलाकों में इजराइली हमले हुए, जिसके बाद हमास प्रांत में एक राजमार्ग क्षतिग्रस्त हो गया और आग लग गई, जिसके बाद सोमवार सुबह दमकलकर्मी आग पर काबू करने के लिए जूझते दिखे।

पश्चिमी हमास प्रांत के मस्याफ नेशनल हॉस्पिटल द्वारा दी गई शुरुआती रिपोर्ट के अनुसार मरने वालों की संख्या चार थी। अस्पताल प्रमुख फैसल हैदर के हवाले से 'सना' ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि मरने वालों की संख्या 14 हो गई है जबकि 40 अन्य घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ब्रिटेन से संचालित युद्ध निगरानी संस्था 'सीरियन ऑब्सर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स' की रिपोर्ट के अनुसार एक हमले में मस्याफ में एक वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र और उन अन्य स्थलों को निशाना बनाया गया जहां ईरानी मिलीशिया और विशेषज्ञ सीरिया में हथियार विकसित करने के लिए ठहरे थे।

स्थानीय मीडिया ने तटीय शहर टार्टस के आसपास भी हमले की सूचना दी। इजराइल की सेना की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। इजराइल ने हाल के वर्षों में युद्धग्रस्त सीरिया के सरकारी नियंत्रण वाले हिस्सों में सैकड़ों हमले किए हैं, लेकिन उसने कभी इन हमलों को स्वीकार नहीं किया है।

# अवसाद, चिंता, अकेलापन खत्म कर रहे जीने की चाहत

दस सितंबर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य आत्महत्या के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इसके प्रति लोगों को संवेदनशील बनाना है। आत्महत्या एक गंभीर मानसिक स्वास्थ्य समस्या है, जो विश्वभर में एक बड़ी चुनौती बन गई है। हर साल लाखों लोग इसके शिकार होते हैं, जिसमें युवा पीढ़ी अधिक प्रभावित होती है। आत्महत्या के पीछे कई कारण हो सकते हैं, जिनमें अवसाद, चिंता, अकेलापन और सामाजिक दबाव शामिल हैं। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि हम आत्महत्या के बारे में खुलकर बात करें और इसके प्रति जागरूकता बढ़ाएं। हमें उन लोगों की मदद करनी चाहिए जो आत्महत्या के विचारों से जूझ रहे हैं और उन्हें मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच प्रदान करनी चाहिए। आत्महत्या रोकथाम दिवस पर हमें आत्महत्या के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसके प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने का संकल्प लेना चाहिए। हमें मिलकर आत्महत्या को रोकने के लिए काम करना चाहिए और एक सुरक्षित और संवेदनशील समाज बनाना चाहिए।

### विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस



### किशोरों में बढ़ रही आत्महत्या की प्रवृति

किशोर आत्महत्या के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, और इसके पीछे मानसिक तनाव, चिंता और अवसाद जैसी समस्याएं कुछ प्रमुख कारण हैं। स्कूल-कॉलेज की पढ़ाई का तनाव, एग्जाम का प्रेशर, जॉब की टेंशन, शर्मिंदगी और तरह-तरह की नकारात्मक भावनाओं से टीन एजर्स काफी घिरे रहते हैं। जब उनके मन में नकारात्मकता बहुत अधिक बढ़ जाती है और वे स्थिति से लड़ नहीं पाते हैं तो वे आत्महत्या जैसी कदम उठाते हैं। आत्महत्या को रोकने के लिए समय पर मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का उपयोग करना और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का इलाज करना आवश्यक है। लोगों के बीच समय बिताना, गेम्स खेलना, म्यूजिक सुनना, खानपान अच्छा रखना और एक्सरसाइज, योग और मेडिटेशन करना कुछ उपाय हैं जो मदद कर सकते हैं।

### मोबाइल और टीवी संस्कृति का भी प्रभाव

मोबाइल और टीवी पर दिखाए जाने वाले कार्यक्रमों में अक्सर नकारात्मक संदेश और हिंसा दिखाई जाती है, जो युवाओं को नकारात्मक विचारों की ओर धकेल सकती है। मोबाइल और टीवी के अधिक उपयोग से युवा अकेलापन महसूस कर सकते हैं, जो उन्हें आत्महत्या की ओर धकेल सकता है।

### कई कारक हैं जिम्मेदार

- मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं : अवसाद, चिंता, और अन्य मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं आत्महत्या के प्रमुख कारक हो सकती हैं।
- जीवन की परिस्थितियां : जीवन की कठिन परिस्थितियां, जैसे कि आर्थिक समस्याएं, रिश्तों में समस्याएं और सामाजिक अलगाव आत्महत्या के कारक हो सकते हैं।
- दुर्व्यवहार और हिंसा : शारीरिक, मानसिक या यौन दुर्व्यवहार भी आत्महत्या के कारक हो सकते हैं।
- नशीली दवाओं का सेवन : नशीली दवाओं का सेवन आत्महत्या के जोखिम को बढ़ा सकता है।
- पारिवारिक इतिहास : अगर परिवार में पहले आत्महत्या की घटनाएं हुई हैं तो इसका जोखिम बढ़ सकता है।
- अकेलापन और सामाजिक अलगाव : अकेलापन और सामाजिक अलगाव आत्महत्या के कारक हो सकते हैं।
- चिकित्सा समस्याएं : कुछ चिकित्सा समस्याएं, जैसे कि गंभीर दर्द या असाध्य बीमारी, आत्महत्या की कारक हो सकती हैं।

# भारत-यूएई में चार समझौते

## रणनीतिक संबंधों को लेकर प्रधानमंत्री मोदी और शेख खालिद के बीच हुई वार्ता

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अबू धाबी के वली अहद (युवराज) शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ व्यापक वार्ता की तथा दोनों देशों ने समग्र रणनीतिक संबंधों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए ऊर्जा सहयोग बढ़ाने के लिए सोमवार को चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडीएनओसी) और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के बीच दीर्घकालिक एलएनजी आपूर्ति के लिए एक समझौता और एडीएनओसी और इंडिया स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लिमिटेड (आईएसपीआरएल) के बीच समझौता चार समझौतों में शामिल हैं। अमीरात परमाणु ऊर्जा कंपनी (ईएनईसी) और न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) ने भी बाराकाह परमाणु ऊर्जा संयंत्र के संचालन और रखरखाव के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। चौथा समझौता अबू धाबी तटवर्ती ब्लॉक-वन के लिए ऊर्जा भारत और एडीएनओसी के बीच उत्पादन रियायत समझौता है। भारत में फूड पार्क स्थापित करने के लिए गुजरात सरकार और अबू धाबी डेवलपमेंट होल्डिंग कंपनी पीजेएससी के बीच एक अलग समझौता किया गया।



अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद के साथ नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में एक बैठक के दौरान बातचीत करते प्रधानमंत्री मोदी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा कि मोदी और युवराज अल नाहयान ने रणनीतिक साझेदारी को व्यापक बनाने के उद्देश्य से भारत और यूएई के बीच बहुआयामी संबंधों पर चर्चा की। उन्होंने 'एक्स' पर कहा कि भारत-यूएई संबंधों में शानदार प्रगति हो रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अबू धाबी के युवराज शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की। जायसवाल ने कहा कि दोनों नेताओं ने बहुआयामी भारत-यूएई संबंधों और नए एवं उभरते क्षेत्रों में व्यापक रणनीतिक साझेदारी को व्यापक बनाने के अवसरों पर चर्चा की। नाहयान अपनी दो दिवसीय भारत यात्रा के तहत रविवार को नई दिल्ली पहुंचे। मोदी से बातचीत के बाद शाह ने राजघाट जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। जायसवाल ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि उनकी शिक्षाएं हमें प्रेरित करती रहती हैं। हम यूएई के साथ अपनी दोस्ती को मजबूत कर रहे हैं। समझा जाता है कि अपनी बातचीत के दौरान मोदी और अल नाहयान ने गाजा में स्थिति सहित वैश्विक चुनौतियों पर भी विचार-विमर्श किया।

### भारत-यूएई के संबंधों में कुछ वर्षो में आई प्रगाढ़ता

भारत-यूएई संबंधों में पिछले कुछ वर्षों में काफी प्रगाढ़ता आई है। अगस्त 2015 में मोदी की यूएई की ऐतिहासिक यात्रा के बाद, दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया था। दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार के लिए भारतीय रुपये और दिरहम (संयुक्त अरब अमीरात की मुद्रा) के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए फरवरी 2022 में एक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) और जुलाई 2023 में एक स्थानीय मुद्रा निपटान (एलसीएस) प्रणाली पर हस्ताक्षर किए। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2022-23 में लगभग 85 अरब अमेरिकी अमरीकी डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के साथ दोनों देश एक-दूसरे के शीर्ष व्यापारिक साझेदारों में से हैं। 2022-23 में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के मामले में भी यूएई, भारत में शीर्ष चार निवेशकों में शामिल है।

# पाकिस्तानी बलों से संघर्ष में आठ तालिबान मारे गए

**इस्लामाबाद।** अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के पास सीमावर्ती क्षेत्र में पाकिस्तान के सुरक्षा बलों के साथ भीषण झड़प में आठ अफगान तालिबान मारे गए हैं जिनमें दो प्रमुख कमांडर शामिल हैं।

प्रांत के खुर्रम सीमावर्ती जिले में सप्ताहांत में सामने आई घटना में अफगान तालिबान के 16 जवान घायल भी हो गए हैं। अफगान पक्ष ने शनिवार सुबह पाक-अफगान सीमा पर पलोसिन इलाके में भारी हथियारों से पाकिस्तानी चौकी पर हमला किया था।

### पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में हुआ विस्फोट, छह घायल

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम से जुड़े कार्यकर्ताओं को ले जा रहे एक वाहन को निशाना बनाकर किए गए बम विस्फोट में तीन पुलिसकर्मियों सहित छह लोग घायल हो गए।

घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया और उनकी हालत स्थिर बताई गई है। पुलिस की टुकड़ियां विस्फोट स्थल पर पहुंचीं।

# सेना-नौसेना के अभियानों के लिए संयुक्त सिद्धांत जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने समुद्र और जमीन पर सेना और नौसेना के संयुक्त अभियानों के संचालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए इसके लिए संयुक्त सिद्धांत यानी 'एम्फीबियस डोक्टराइन' जारी कर दिया। जनरल चौहान ने सोमवार को यहां चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी (सीओएससी) की बैठक के दौरान इस तरह के अभियानों के संचालन के लिए संयुक्त सिद्धांत जारी किया।

यह एक प्रमुख प्रकाशन है जो मौजूदा जटिल सैन्य माहौल में संचालन के लिए कमांडरों को मार्गदर्शन प्रदान करेगा। यह क्षमता सशस्त्र बलों को युद्ध और शांतिकाल दोनों में हिंद महासागर क्षेत्र में विभिन्न अभियान चलाने का अधिकार देती है। ये अभियान मल्टी-डोमेन ऑपरेशन का एक महत्वपूर्ण घटक हैं और सशस्त्र बलों के बीच सामंजस्य तथा एकीकरण का सबसे अच्छा उदाहरण हैं। साइबरस्पेस संचालन के लिए संयुक्त सिद्धांत के बाद जमीन और समुद्र दोनों में कार्रवाई के लिए जारी किया जाने वाला यह दूसरा संयुक्त सिद्धांत है।

### सुखोई-30 के इंजन के लिए 26,000 करोड़ का अनुबंध

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र की एयरोस्पेस कंपनी 'हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड' (एचएएल) के साथ सुखोई-30एमकेआई विमान के लिए 240 एयरो-इंजन की खरीद के वास्ते 26,000 करोड़ रुपये का समझौता सोमवार को किया। एयरो-इंजन का निर्माण एचएएल के कोरापुट डिवीजन द्वारा किया जाएगा। उम्मीद है कि यह सुखोई-30 बेड़े की परिचालन क्षमता को बनाए रखने के लिए भारतीय वायु सेना की जरूरत को पूरा करेगा। रक्षा मंत्रालय ने सुखोई-30 एमकेआई विमान के लिए 240 एल-31एफपी एयरो इंजन के वास्ते एचएएल के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। उसमें कहा गया है कि यह अनुबंध 26 हजार करोड़ रुपये का है। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी की उपस्थिति में मंत्रालय और एचएएल के वरिष्ठ अधिकारियों ने अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।

# भारत-जापान वित्तीय सहयोग बढ़ाने पर सहमत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और जापान ने वित्तीय सहयोग बढ़ाने और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर सहमति जताई है। वित्त मंत्रालय की ओर से सोमवार जारी आधिकारिक बयान के मुताबिक, टोक्यो में आयोजित 'दूसरे भारत-जापान वित्त संवाद' में दोनों देशों ने वित्तीय संबंधों की मजबूती पर चर्चा की। इस दौरान दोनों देशों ने एक-दूसरे की वृहद-आर्थिक स्थिति पर अपनी राय से भी अवगत कराया। इस बैठक में भारत और जापान ने अन्य देशों में सहयोग, द्विपक्षीय सहयोग और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की। प्रतिभागियों ने विनियमन एवं निगरानी, वित्तीय डिजिटलीकरण और दोनों देशों में अन्य नीतिगत पहल सहित वित्तीय क्षेत्र के मुद्दों पर विचार साझा किए।

# यूट्यूब पर वीडियो देख की सर्जरी, किशोर की मौत

छपरा, एजेंसी

● आरोपी झोलाछाप को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बिहार के सारण जिले में एक 'झोलाछाप' द्वारा यूट्यूब वीडियो देखकर पित्ताशय से पथरी निकालने की सर्जरी किए जाने के बाद एक किशोर की मौत हो गई। सारण के पुलिस अधीक्षक (एसपी) कुमार आशीष ने सोमवार को बताया कि आरोपी चिकित्सक अजीत कुमार पुरी को रविवार रात गोपालगंज जिले से गिरफ्तार कर लिया गया।

मृतक किशोर की पहचान सारण जिले के भुआलपुर गांव के निवासी गोलू उर्फ कृष्ण कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि परिजनों के अनुसार, गोलू को कुछ समय से पेट दर्द की शिकायत थी, जिसके बाद शुक्रवार को उसे सारण के धर्मबागी बाजार स्थित एक निजी क्लीनिक में ले गए। जिला पुलिस ने कहा कि गोलू को भर्ती करने के बाद झोलाछाप ने पित्ताशय की सर्जरी करने का फैसला किया... और उसकी टीम के सदस्यों ने यूट्यूब पर वीडियो देखकर सर्जरी की। सर्जरी के बाद गोलू की हालत बिगड़ गई। परिजनों का आरोप है कि झोलाछाप ने यूट्यूब पर वीडियो देखकर सर्जरी की। गोलू के दादा प्रह्लाद प्रसाद ने कहा कि चिकित्सक ने मुझे डीजल लाने के लिए भेजा था, जब मैं वापस आया, तो देखा कि पुरी यूट्यूब पर एक वीडियो देखकर मेरे पोते का ऑपरेशन कर रहा था।

# मस्क 2027 तक बन सकते हैं विश्व के पहले ट्रिलियनेयर

**वाशिंगटन।** अमेरिकी उद्यमी एलन मस्क वर्ष 2027 तक एक ट्रिलियन (10 खरब) से अधिक की संपत्ति अर्जित कर विश्व के पहले ट्रिलियनेयर बन सकते हैं। ब्रिटेन के अखबार द गार्डियन ने इंफॉर्मा कनेक्ट एकेडमी के एक पेपर का हवाला से यह जानकारी दी है। मस्क की संपत्ति सालाना औसतन 110 प्रतिशत बढ़ रही है, जिसके आधार पर यह पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 'फोर्ब्स' के अनुसार 81.2 अरब डॉलर की संपत्ति वाले भारतीय अरबपति गौतम अडाणी 2028 में दूसरे ट्रिलियनेयर बन सकते हैं।



# सब मेड इन चाइना, इसलिए बेरोजगारी

वाशिंगटन, एजेंसी

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भारत में उत्पादन पर ध्यान केंद्रित किए जाने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा है कि वैश्विक उत्पादन में चीन का प्रभुत्व है इसलिए वह बेरोजगारी का सामना नहीं कर रहा है जबकि भारत और अमेरिका समेत पश्चिमी देश बेरोजगारी की समस्या से जूझ रहे हैं। रविवार को डलास में टेक्सास विश्वविद्यालय में छात्रों के साथ बातचीत के दौरान, गांधी ने कहा कि भारत में कौशल की कोई कमी नहीं है और अगर देश उत्पादन के लिए खुद को तैयार करना शुरू कर दे तो वह चीन से प्रतिस्पर्धा कर सकता है। उन्होंने शिक्षा प्रणाली पर वैचारिक कब्जे का जिक्र करते हुए व्यावसायिक प्रशिक्षण को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

### राहुल गांधी कोई पप्पू नहीं हैं : सैम पित्रोदा

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सैम पित्रोदा ने कहा है कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी कोई पप्पू नहीं हैं और भारतीय जनता पार्टी जो प्रचार करती है उसके विपरीत वह उच्च शिक्षित, पढ़े-गुने और रणनीतिकार हैं। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पित्रोदा ने रविवार को डलास में टेक्सास विवि में छात्रों को पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष का परिचय देते हुए यह टिप्पणी की।



### संघ के विपरीत, विचारों की बहुलता को मानती है कांग्रेस

राहुल ने सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर निशाना साधा और कहा कि जहां उनका मानना है कि भारत एक विचार है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस का मानना है कि भारत विचारों की बहुलता वाला देश है। डलास में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा, कि हमारा मानना है कि हर किसी को सपने देखने की अनुमति दी जानी चाहिए।

### राहुल भारतीय लोकतंत्र के लिए काला धब्बा : भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने राहुल गांधी पर अमेरिका में उनकी ताजा टिप्पणी को लेकर तीखा हमला बोला और उन्हें भारतीय लोकतंत्र के लिए 'काला धब्बा' करार दिया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने राहुल गांधी पर विदेश में भारतीय लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया।

# खाड़ी देशों से मजबूत होंगे भारत के रिश्ते

रियाद, एजेंसी

● विदेश मंत्री जयशंकर ने छह देशों के विदेश मंत्रियों से की द्विपक्षीय चर्चा

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को खाड़ी देशों के अपने समकक्षों के साथ बैठकें कीं। इस दौरान उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की समीक्षा की तथा उन्हें और अधिक गहरा करने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया। जयशंकर भारत-खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के विदेश मंत्रियों की पहली बैठक में शामिल होने के लिए तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में रविवार को सऊदी अरब की राजधानी पहुंचे।

जयशंकर ने सोमवार को कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान बिन जासिम अल सानी से मुलाकात की जो विदेश मंत्री का प्रभार भी संभाल रहे हैं। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान बिन जासिम अल सानी से भारत-कतर के द्विपक्षीय रिश्तों को आगे बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया। जयशंकर ने सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान अल सऊद के साथ द्विपक्षीय बैठक की और द्विपक्षीय रिश्तों में प्रगति पर चर्चा की। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान से वैश्विक एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण साझा किए। जयशंकर ने रियाद में ओमान के विदेश मंत्री बद्र अलबुसईदी से द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी पर बात की। उन्होंने बहरीन के विदेश मंत्री अब्दुल लतीफ बिन राशिल अल जयानी से भी मुलाकात की। विदेश मंत्री ने कुवैत के विदेश मंत्री अब्दुल्ला अली अल-याहया और रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से भी मुलाकात की।



कतर के विदेश मंत्री मुहम्मद बिन अब्दुल रहमान से मुलाकात करते जयशंकर।

# बांग्लादेश को 1 लाख अमेरिकी डॉलर देगा सिंगापुर

**सिंगापुर।** सिंगापुर ने रविवार को पूर्वी बांग्लादेश में भीषण बाढ़ के बाद सिंगापुर रेड क्रॉस (एसआरसी) के सार्वजनिक धन जुटाने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए 1,00,000 अमेरिकी डॉलर देने का वादा किया है। सिंगापुर के विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह योगदान मानवीय राहत प्रयासों और प्रभावित समुदायों की तत्काल जरूरतों को समर्थन प्रदान करेगा।

पांच सितंबर को एसआरसी ने बांग्लादेश में आपातकालीन कार्यों के लिए 50,000 अमेरिकी डॉलर देने का वादा किया था, जिससे बांग्लादेश रेड क्रिसेंट सोसाइटी के माध्यम से प्रभावित समुदायों को राहत प्रदान की जा सके। एसआरसी ने कहा कि वह स्थिति पर नजर रखने के लिए रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट सोसाइटीज के संपर्क में है।

**खगोल विज्ञान** पृथ्वी से 124 प्रकाश वर्ष दूर है यह ग्रह, जीवन की भी संभावना

# बाहरी ग्रह में छिपा हुआ है एक गहरा महासागर

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** पानी वाले ग्रह की तलाश में एक गहरे महासागर वाले बाहरी ग्रह का पता चला है। यह ग्रह हमसे 124 प्रकाश वर्ष दूर है। संभव है कि इसमें जीवन भी मौजूद हो। इसे के2-18 बी मिनी-नेप्च्यून एक्सोप्लैनेट नाम दिया गया है।

नासा के वेब स्पेस टेलीस्कोप से इसका पता चला है। वैज्ञानिकों का मानना है कि इसका वायुमंडल हाइड्रोजन का है, जिसके नीचे गहरा वैश्विक महासागर हो सकता है। इस एक्सोप्लैनेट में अणु डाइमिथाइल सल्फाइड जीवन के संभावित बायोसिग्नेचर की मौजूदगी की संभावना भी जताई है, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हुई है। नए अध्ययन के अनुसार अधिक पानी के कारण इसे सूपर अर्थ कहा जा सकता है।



बाहरी ग्रह की प्रतीकात्मक तस्वीर।

वैज्ञानिकों का कहना है कि तरल पानी हमारे सौर मंडल समेत अन्य ग्रह प्रणालियों में प्रचुर मात्रा में है और अधिकांश पानी ग्रहों की सतह के बजाय उनके अंदर हो सकता है। नवीन तकनीक से किसी भी ग्रह पर जल की मात्रा का पता लगाने में सक्षम हो चुके हैं। स्विट्जरलैंड के ईटीएच ज्यूरिख, कैरोलिन डोर्न व न्यू जर्सी के प्रिंसटन विश्वविद्यालय के हैयांग लुओ व जी डेंग ने यह शोध किया है। शोध नेचर एस्ट्रोनॉमी में प्रकाशित हुआ है।

के2-18 बी मिनी-नेप्च्यून एक्सोप्लैनेट पृथ्वी की तरह चट्टानी हैं, लेकिन पृथ्वी से बड़ा ग्रह है। गौरतलब है हाल के वर्षों में हुई ग्रहों की खोज एहसास दिलाती है कि ग्रह जितना हमने सोचते थे उससे कहीं अधिक जटिल हैं। कई ग्रह अपने तारों के बेहद करीब हैं। दूर स्थित ग्रहों की तुलना में निकट स्थित ग्रहों का पता लगाना आसान होता है। उनमें से कई ग्रह इतने गर्म हैं कि उनकी सतहें पिघली हुई हैं।

### दूसरे ग्रहों तक जल्द पहुंचने का तरीका ढूंढना होगा

इसमें दो राय नहीं कि दूसरे ग्रहों की खोज खबर आसान होने लगी है और उनकी विस्तृत जानकारी भी हमें मिलने लगी है। मगर सबसे बड़ी चुनौती तक उन तक पहुचना है। अरबो खरबो किमी से भी अधिक दूरी पर ग्रहों का भरा पूरा संसार है। संभव है कि दूर के उन ग्रहों में जीवन मौजूद हो। मगर वहां तक जल्द कैसे पहुचा जाय।